फाल्गुन कृष्ण पक्ष, द्वादशी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 7 मार्च 2024
वर्ष 5, अंक 110, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

शनि व बृहस्पति के उपग्रहों पर मिल सकता है जीवन 16

देवरा-भाग 1 में जाह्नवी कपूर का नया लुक 15

किसानों का दिल्ली कूच, चौकसी बढ़ी

नई दिल्ली, एजेंसी

- दिल्ली पुलिस ने राजधानी की सीमाओं पर तेज की जांच

किसानों के विरोध-प्रदर्शन और दिल्ली कूच के मद्देनजर दिल्ली की सीमाओं पर बुधवार को यातायात प्रभावित हुआ। बड़ी संख्या में सुरक्षाकर्मियों की तैनाती की वजह से दिल्ली-हरियाणा के सिंघु बॉर्डर और दिल्ली-नोएडा सीमा पर वाहनों की लंबी-लंबी कतारें देखी गयीं। पुलिस ने सीमाओं और शहर के अन्य हिस्सों में अवरोधक लगाए हैं और मध्य दिल्ली की ओर जाने वाली सड़कों पर जांच तेज कर दी है। दिल्ली पुलिस के मुताबिक, पुलिस बल टिकरी, सिंघु और गाजीपुर सीमाओं के साथ-साथ रेलवे, मेट्रो स्टेशनों और बस अड्डों पर कड़ी निगरानी रख रहा है। एक अधिकारी ने बताया हमने तीनों सीमाओं पर सुरक्षा बढ़ा दी है। हालांकि हमने कोई सीमा या मार्ग को बंद नहीं किया है लेकिन वाहनों की जांच की जाएगी।

पुलिस उपायुक्त (बाहरी दिल्ली) जिमी चिराम ने बताया कि दिल्ली-हरियाणा सीमा पर बल पहले से ही तैनात है। उन्होंने कहा कि किसानों के दिल्ली कूच के आह्वान के मद्देनजर हम स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि सिंघु और टिकरी सीमाओं पर अस्थायी रूप से लगाए गए अवरोधकों को वाहनों की आवाजाही के लिए हटा दिया गया है। हालांकि पुलिस और अर्धसैनिक बलों के जवान अभी भी तैनात हैं। रेलवे, मेट्रो स्टेशनों और बस अड्डों पर अतिरिक्त पुलिस व अर्धसैनिक बलों को तैनात किया गया है।

10 मार्च को देशव्यापी रेल रोको आंदोलन

किसान आंदोलन का नेतृत्व कर रहे दो प्रमुख संगठन किसान मजदूर मोर्चा और संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) ने रविवार को देश भर के किसानों से बुधवार को दिल्ली पहुंचने का आह्वान किया था। किसान नेता सरवन सिंह पंधेर और जगजीत सिंह डल्लेवाल ने यह आह्वान किया था।

परीक्षा से एक दिन पहले मिल गया था पेपर, सात गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

उप्र. पुलिस भर्ती परीक्षा

- पेपर लीक मामले में एसटीएफ ने छह को मेरठ जबकि एक को दिल्ली से दबोचा
- प्रश्न पत्र और आंसर शीट बरामद, अभ्यर्थियों के 26 एडमिट कार्ड, ब्लैंक चेक भी मिले

अमृत विचार : यूपी एसटीएफ ने वायुसेना के पूर्व कर्मचारी समेत उप्र. पुलिस की भर्ती परीक्षा में सेंधमारी करने वाले सॉल्वर गैंग के सात सदस्यों को गिरफ्तार किया है। बुधवार को मेरठ से पकड़े गए छह आरोपियों के पास से मोबाइल से पेपर लीक करने के सबूत मिले हैं। वहीं, नोयडा से पकड़ा गया वायुसेना में रह चुका एक आरोपी प्रमोद पाठक भी उप्र. समेत अन्य राज्यों की विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की भर्ती में सेंध लगाने वाले गिरोह का सदस्य है। इसके पास से भी वायुसेना का जाली आईडी कार्ड, अभ्यर्थियों के 26 एडमिट कार्ड, 38 हस्ताक्षरित ब्लैंक चेक, चार बैंक की चेक बुक, आरक्षी भर्ती के प्रश्न पत्र से संबंधित कागजात बरामद हुए हैं।

सभी आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है। एसटीएफ ने मंगलवार रात मेरठ हाईवे से पेपर लीक करने वाले जिन छह आरोपियों को गिरफ्तार किया, उनके पास से बरामद मोबाइल व लैपटॉप से पेपर लीक से जुड़ीं कई जानकारियां मिलीं। परीक्षा से एक दिन पहले ही इन्हें व्हाट्सएप पर पेपर मिल गया था। आरोपी पूछताछ में पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर कई बड़े राज खोल सकते हैं। इस गैंग में कुल 14 सदस्य बताए जा रहे हैं। फरार आठ आरोपियों की भी तलाश तेज कर दी गई है।

आरोपियों की पहचान दीपू उर्फ दीपक पुत्र दिनेश निवासी दुपहिया रोड पठानपुरा, बिट्टू पुत्र दयाराम निवासी अलीपुर थाना सरधना, प्रवीण पुत्र ओमपाल सिंह निवासी नगलाताशी, रोहित उर्फ ललित पुत्र विनोद कुमार निवासी गोलाबढ़ थाना टीपी नगर, नवीन पुत्र सुलेख चंद ओर साहिल पुत्र अमरनाथ निवासी शोभापुर थाना कंकरखेड़ा के रूप में हुई है।

प्रमोद पाठक वायुसेना से हुआ था बर्खास्त, प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक कराता था

पूर्व वायुसेना कर्मचारी प्रमोद पाठक दिल्ली के मुखर्जीनगर से गिरफ्तार आरोपी और कई अन्य के साथ मिलकर प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक करने का काम करता था। इसके कुछ साथी पहले भी गिरफ्तार हो चुके हैं। जिनसे पूछताछ के बाद इसका नाम सामने आया था। प्रमोद पाठक (40) जामिया मिल्लिया इस्लामिया से ग्रेजुएट है। 2009 में वह एयरमैन के पद पर भर्ती हुआ था और 2022 तक खड़गपुर पश्चिम बंगाल, श्रीनगर व भारतीय वायु सेना के दिल्ली मुख्यालय पर तैनात रहा। नौकरी के दौरान ही उसने 2017 में अलीगढ़ में सेना में भर्ती के लिए फिजिकल ट्रेनिंग सेंटर खोला था। 2018 में मित्र मोनू के साथ मिलकर वायुसेना, नेवी, कोस्ट गार्ड, दिल्ली पुलिस, एसएससी जीडी व उप्र की विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में धांधली कराने का गैंग चलाने लगे। सूचना पर वायुसेना के अधिकारियों जांच कराई। जिसके बाद 18 अगस्त, 2022 में प्रमोद को वायुसेना से बर्खास्त कर दिया गया।

प्रधानमंत्री ने कहा-गुनहगारों को बचाने में लगी पश्चिम बंगाल की ममता सरकार

संदेशखालि का ज्वार बंगाल में फूटेगा

महिलाओं पर अत्याचार ने किया शर्मसार, टीएमसी का होगा सफाया : मोदी

बारासात (पश्चिम बंगाल), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि संदेशखालि में नारी शक्ति पर अत्याचार का घोर पाप हुआ है और इससे हर किसी का सिर शर्म से झुक गया है। आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेतृत्व वाली सरकार राज्य की महिलाओं के गुनाहगारों को बचाने के लिए पूरी शक्ति लगा रही है जबकि उसे हाईकोर्ट से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक में झटका लगा है। राज्य सरकार के इस व्यवहार से बंगाल की महिलाएं... देश की महिलाएं आक्रोश में हैं। नारी शक्ति के आक्रोश का यह ज्वार संदेशखालि तक ही सीमित नहीं रहने वाला है, बल्कि यह पूरे बंगाल तक जाएगा और पूरे राज्य में टीएमसी को खत्म कर देगा। संदेशखालि में तृणमूल कांग्रेस के निलंबित नेता शाहजहां शेख और उनके साथियों पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न और जमीन हड़पने के आरोप हैं।

प्रधानमंत्री ने बुधवार को उत्तर 24 परगना जिले के मुख्यालय बारासात में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की ओर से आयोजित 'नारी शक्ति वंदन अभिनंदन' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए तृणमूल कांग्रेस पर निशाना साधा, कहा कि 'संदेशखालि का ज्वार' पूरे पश्चिम बंगाल में फूटेगा, जहां 'नारी शक्ति' लोकसभा चुनावों में राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी को हराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

मोदी ने तृणमूल कांग्रेस सरकार पर राज्य में महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के बजाय तुष्टीकरण की राजनीति को प्राथमिकता देने का आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया कि तुष्टीकरण और तोलाबाजों के दबाव में काम करने वाली टीएमसी सरकार कभी भी बहन-बेटियों को सुरक्षा नहीं दे सकती है। वहीं दूसरी तरफ केंद्र की सरकार है जिसने बलात्कार जैसे संगीन अपराध के लिए फांसी की सजा तक की व्यवस्था की है। लेकिन यहां नारी पर अत्याचार का घोर पाप हुआ है।

पानी के भीतर देश की पहली मेट्रो का किया लोकार्पण

कोलकाता। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कोलकाता मेट्रो के एस्प्लेनेड-हावड़ा मैदान खंड का लोकार्पण किया। यह खंड देश में पहली बार पानी के अंदर बने परिवहन सुरंग के माध्यम से हुगली नदी के नीचे से होकर गुजरता है। लोकार्पण कार्यक्रम के बाद प्रधानमंत्री ने स्कूल के छात्रों के साथ एस्प्लेनेड से हावड़ा मैदान तक मेट्रो की यात्रा की। यह सुरंग देश की उन्नत अभियांत्रिकी क्षमताओं का साक्ष्य है। प्रधानमंत्री के साथ राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी भी मौजूद थे। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी इस कार्यक्रम में शामिल नहीं हुईं। अधिकारियों ने बताया कि 4.8 किलोमीटर लंबा हावड़ा मैदान-एस्प्लेनेड खंड ईस्ट वेस्ट कॉरिडोर का हिस्सा है और इसका निर्माण 4,960 करोड़ रुपये की लागत से 14 अप्रैल 2009 को शुरू हुआ था।

ईडी को अवमानना याचिका की अनुमति

कोलकाता। कलकत्ता हाईकोर्ट ने पश्चिम बंगाल पुलिस द्वारा तृणमूल कांग्रेस के निलंबित नेता शाहजहां शेख की हिरासत सीबीआई को नहीं सौंपे जाने के मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को पश्चिम बंगाल सरकार के खिलाफ अवमानना याचिका दायर करने की बुधवार को अनुमति दी। ईडी की ओर से पेश डिप्टी सॉलीसिटर जनरल धीरज त्रिवेदी ने अवमानना याचिका दाखिल करने की अनुमति देने का अनुरोध किया था।

सीबीआई को सीआईडी ने शाहजहां शेख की हिरासत सौंपी

कोलकाता। पश्चिम बंगाल सीआईडी ने संदेशखालि में प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारियों पर हमले के मामले में मुख्य आरोपी शाहजहां शेख की हिरासत अंततः बुधवार शाम को सीबीआई को सौंप दी। सीआईडी ने यह कदम कलकत्ता हाईकोर्ट द्वारा उसे केंद्रीय एजेंसी को सौंपने के लिए लगातार दो दिन दिए निर्देश के बाद उठाया। हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिया कि वह संदेशखालि में ईडी टीम पर हमले की जांच को सीबीआई को स्थानांतरित करने और मुख्य आरोपी शाहजहां शेख को सौंपने के उसके मंगलवार के आदेश को तुरंत लागू करे। सीबीआई टीम अपराह्न चार बजे से पहले ही भवानी भवन पहुंच गई। लेकिन सीआईडी ने शाहजहां को शाम 6:48 बजे केंद्रीय एजेंसी को सौंपा।

चुनाव आयोग की सलाह संभलकर बोलें राहुल

नई दिल्ली, एजेंसी

- प्रधानमंत्री के लिए पनौती और जेबकतरा जैसी टिप्पणी के प्रति किया आगाह

निर्वाचन आयोग ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लिए 'पनौती' और 'जेबकतरा' संबंधी बयानों के मद्देनजर कांग्रेस नेता राहुल गांधी को अपने सार्वजनिक बयानों में अधिक सावधानी बरतने और सतर्क रहने को कहा है। सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। पिछले साल दिसंबर में दिल्ली उच्च न्यायालय के निर्देश पर कार्रवाई करते हुए आयोग ने गांधी से कहा कि वह स्टार प्रचारकों और राजनीतिक नेताओं के लिए जारी हालिया परामर्श का सही तरीके से पालन करें। एक मार्च को जारी परामर्श में आयोग ने चेतावनी दी थी कि दलों, उम्मीदवारों और स्टार प्रचारकों को आदर्श आचार संहिता के किसी भी उल्लंघन के लिए सिर्फ 'नैतिक निंदा' के बजाय कड़ी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। इसमें यह भी कहा गया है कि जिन स्टार प्रचारकों और उम्मीदवारों को पूर्व में नोटिस मिल चुके हैं, उन्हें बार-बार आचार संहिता का उल्लंघन करने पर कड़ी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा।

कांग्रेस नेता की ओर से प्रधानमंत्री के लिए 'पनौती' और 'जेबकतरा' जैसे शब्दों का इस्तेमाल किए जाने पर आयोग ने पिछले साल गांधी को नोटिस जारी किया था। दिल्ली उच्च न्यायालय ने 21 दिसंबर को आयोग से इन टिप्पणियों के लिए गांधी को जारी किए गए नोटिस पर फैसला करने के लिए भी कहा था, जिसमें कहा गया था कि नवंबर 2023 में दिए गए एक भाषण के दौरान कांग्रेस नेता द्वारा दिया गया बयान 'अरुचिकर' (नॉट इन गुड टेस्ट) था। सूत्रों ने बताया कि अदालत के निर्देश को देखते हुए आयोग ने राहुल गांधी से भविष्य में उनसे सार्वजनिक बयानों में अधिक सावधान रहने को कहा है। आयोग ने राहुल गांधी को निर्देश दिया है कि वे सभी दलों स्टार प्रचारकों और उम्मीदवारों के लिए 1 मार्च जारी परामर्श पर गंभीरता से ध्यान दें।

एक नजर

कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक आज

नई दिल्ली। कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) की गुरुवार को बैठक होगी जिसमें लोकसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों के नाम पर मुहर लगेगी। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा कि लोकसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों के नाम पर विचार-विमर्श करने और निर्णय लेने को सीईसी की पहली बैठक 7 मार्च को शाम 6 बजे होगी। बैठक में राज्य कमेटी द्वारा भेजे नामों पर मुहर लगाई जाती है। बैठक में करीब 100 लोकसभा सीटों के लिए उम्मीदवारों के नामों पर विचार होगा और प्रत्याशियों की पहली सूची कुछ दिनों के भीतर जारी हो सकती है।

18 हजार रुपये को लेकर आधी रात में हुआ बवाल, पत्नी ने पति की जान ली

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- हरूनगला में वारदात, आंगनबाड़ी कार्यकत्री है पत्नी, एकाउंटेंट था पति
- पुलिस ने गिरफ्तार किया, बहनोई पर साजिश करने का आरोप

अमृत विचार : हरूनगला में आंगनबाड़ी कार्यकत्री पूनम ने मंगलवार आधी रात के बाद तमंचे से सीने में गोली मारकर अपने पति नरेंद्र कुमार की हत्या कर दी। दोनों के बीच 18 हजार रुपये को लेकर विवाद हुआ था। पुलिस ने पूनम को तमंचा समेत गिरफ्तार कर लिया है। नरेंद्र के पिता की ओर से पूनम और साजिश रचने के आरोप में उसके बहनोई ओमप्रकाश के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

भुता के गांव मिर्जापुर निवासी नरेंद्र के पिता रामकृष्ण के मुताबिक उनका बेटा एक निजी फर्म में एकाउंटेंट था। मंगलवार रात करीब पौने दो बजे उसने उन्हें फोन करके बताया कि पूनम ने उसके 18 हजार रुपये चुरा लिए हैं। वापस मांगने पर झगड़ा कर रही है। इस पर उन्होंने सुबह आने की बात कहकर उसे सो जाने को कहा। इसी बीच नरेंद्र ने उनसे कहा कि पूनम तमंचा ले आई है, फिर उसका फोन बंद हो गया। इसके बाद उन्होंने रात को कई बार कॉल की लेकिन फोन रिसीव नहीं हुआ। रामकृष्ण ने बताया कि नरेंद्र के मकान से कुछ दूरी पर ही रहे उनके दूसरे बेटे सुरेंद्र की पत्नी सुमंगला ने तड़के करीब चार बजे छोटे बेटे भूपेंद्र को फोन करके बताया कि पूनम ने नरेंद्र को गोली मार दी है और उसके मकान पर पुलिस आई है।

> मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। आरोपी महिला को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।
> – अमित पांडेय, इंस्पेक्टर बारादरी

पूर्व सांसद धनंजय सिंह को सात साल की सजा, जुर्माना

- अपहरण, रंगदारी मांगने के मामले में पाए गए थे दोषी

जौनपुर। जौनपुर की एमपी-एमएलए विशेष कोर्ट ने अपहरण और रंगदारी मांगने के मामले में बुधवार को बाहुबली पूर्व सांसद धनंजय सिंह और उनके एक सहयोगी को सात-सात साल की कैद और जुर्माने की सजा सुनाई। जिला शासकीय अधिवक्ता सतीश पांडेय ने बताया कि 10 मई 2020 को नमामि गंगे के परियोजना प्रबंधक के अपहरण, रंगदारी मांगने, षड्यंत्र रचने तथा अपशब्द कहने और धमकी देने के मामले में विशेष एमपी-एमएलए अदालत के न्यायाधीश शरद कुमार त्रिपाठी ने पूर्व सांसद धनंजय सिंह और उनके सहयोगी संतोष विक्रम को मंगलवार को दोषी ठहराया था। बुधवार को उन्हें सात-सात साल की कैद और 75-75 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। यह सजा के बाद धनंजय अब चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य हो गए हैं। सजा का ऐलान होते ही न्यायालय परिसर में जमा धनंजय सिंह के तमाम समर्थक मायूस हो गए।

नेताओं-नौकरशाहों ने जन विश्वास को कचरे में डाल दिया : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

कॉर्बेट में अवैध निर्माण मामला

- उत्तराखंड के पूर्व वन मंत्री और पूर्व वन अधिकारी को न्यायालय की फटकार

उच्चतम न्यायालय ने उत्तराखंड के जिम कॉर्बेट बाघ अभयारण्य में अवैध निर्माण और पेड़ों की कटाई को मंजूरी देने के लिए राज्य के पूर्व वन मंत्री एवं कांग्रेस नेता हरक सिंह रावत तथा पूर्व मंडल वन अधिकारी किशन चंद को बुधवार को कड़ी फटकार लगाई।

न्यायमूर्ति बीआर. गवई की अगुवाई वाली पीठ ने कहा कि यह वह मामला है जहां नौकरशाहों और नेताओं ने जन विश्वास के सिद्धांत को कचरे के डिब्बे में डाल दिया है। उच्चतम न्यायालय ने मामले की जांच कर रही सीबीआई को तीन माह में स्थिति रिपोर्ट सौंपने के आदेश दिए। पीठ ने कहा, रावत और चंद ने कानून की घोर अवहेलना की और पर्यटन को बढ़ावा देने की आड़ में व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए इमारतें बनाने के वास्ते बड़े पैमाने पर पेड़ों की कटाई में संलिप्त रहे। शीर्ष अदालत ने कहा कि वह कानूनी प्रावधानों को पूरी तरह ताक पर रख देने की रावत और चंद की धृष्टता से चकित है। कोर्ट ने एक समिति भी गठित की है, ताकि यह तय किया जा सके कि देश के राष्ट्रीय उद्यानों के सीमांत क्षेत्रों अथवा बफर क्षेत्रों में बाघ सफारी की अनुमति दी जा सकती है या नहीं।

गैंगरेप मामला : किशोरियों के बाद पिता ने भी फांसी लगाई

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

- भाई ने कहा- समझौते के लिए धमका रहे थे गैंगरेप के आरोपी

अमृत विचार : घाटमपुर के एक ईंट भट्ठे में पिछले हफ्ते गैंगरेप के बाद दुष्कर्म का वीडियो बनाने के मामले में आत्महत्या करने वाली दो किशोरियों में से एक के पिता ने आरोपी पक्ष से मिल रही धमकियों के बाद बुधवार को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उनके बेटे ने आरोप लगाया कि गैंगरेप के आरोपी समझौते के लिए धमकी दे रहे थे।

थाना घाटमपुर के बरौली गांव के ईंट भट्ठे में परिवार के साथ मजदूरी करने वाली दो नाबालिग चचेरी बहनों के साथ भट्ठे के ठेकेदार रामस्वरूप, उसके पुत्र रज्जू और भांजे संजू ने सामूहिक दुष्कर्म किया था। दुष्कर्म की वीडियो और फोटो खींच कर उन्हें ब्लैकमेल कर रहे थे। जिससे आहत दोनों किशोरियों ने 29 फरवरी को ईंट भट्ठे के निकट पेड़ पर एक साथ फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। किशोरी के भाई का आरोप है कि आरोपी और ईंट भट्ठा संचालक मामला रफा-दफा करने को लेकर दबाव डाल रहे थे, लेकिन कांग्रेस महिला विंग ने मामले को ट्वीट कर दिया। जिस पर पुलिस ने तीनों आरोपियों रामस्वरूप, रज्जू और संजू को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

सेंसेक्स और निफ्टी बढ़कर नए शिखर पर

मुंबई। स्थानीय शेयर बाजार बुधवार को शुरुआती गिरावट से उबरते हुए लाभ में रहे और दोनों मानक सूचकांक बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गए। यूरोपीय बाजारों में तेजी के बीच बैंक और चुनिंदा आईटी शेयरों में लिवाली से बाजार में मजबूती आई। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 408.86 अंक यानी 0.55 प्रतिशत उछलकर नए रिकॉर्ड स्तर 74,085.99 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 474.14 अंक तक चढ़ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 117.75 अंक यानी 0.53 प्रतिशत मजबूत होकर नए शिखर 22,474.05 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 140.9 अंक तक चढ़ गया था।

कारगर व्यवस्था | ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती विश्वविद्यालय के छात्रों ने फसलों की निगरानी के लिए बनाई डिवाइस

अल्ट्रासोनिक-इंफ्रारेड तरंगें करेंगी पशुओं से फसल की सुरक्षा

जीशान कदीर, लखनऊ

अमृत विचार : अब जानवरों से घबराने की जरूरत नहीं, भाषा विश्वविद्यालय का तैयार पेटेंट फसलों की न सिर्फ निगरानी करेगा, बल्कि उसको नुकसान से भी बचाएगा। विवि प्रशासन का दावा है कि देश में तैयार पहला पेटेंट जानवरों को नुकसान पहुंचाए बिना खदेड़ने की क्षमता रखता है।

ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती विश्वविद्यालय (भाषा) के कुलपति प्रोफेसर नरेन्द्र बहादुर सिंह बताते हैं कि उप्र में किसानों की जितनी समस्या उपज को लेकर है, उससे कहीं अधिक उसे बचाने की। इसके लिए विवि की इंजीनियरिंग संकाय की डॉ. ममता शुक्ला द्वारा पेटेंट तैयार किया गया है। इसमें बॉयोटेक्नॉलाजी कंप्यूटर साइंस ग्रुप के छात्रों की टीम भी शामिल है। डॉ. ममता बताती हैं कि सोलर और बैट्री पर आधारित डिवाइस खेतों में लगते ही फसलों की निगरानी करेगी। इसका संपर्क किसान के मोबाइल से होगा। जैसे ही कोई जानवर अथवा कीट (नीलगाय, खरगोश, चूहा, पतिंगा) खेतों में घुसेगा, डिवाइस का सेंसर ऑन हो जाएगा। ऐसे में मोबाइल भी अलर्ट करने लगेगा। किसान द्वारा मोबाइल से एक क्लिक करते ही डिवाइस के सहारे अल्ट्रासोनिक वेव्स और इंफ्रा रेड किरणें निकलने लगेंगी। चंद लम्हों में जानवर अथवा कीट इतना परेशान हो जाएगा कि उसे खेत छोड़ना ही पड़ेगा। डॉ. ममता बताती हैं कि केन्द्र सरकार की अनुमति से डिजाइन पेटेंट तैयार हो गया है, जल्द ही ये बाजार में आकर किसानों को लाभ देगा।

डिवाइस को दिया गया ए वन एग्रीकल्चर का स्वरूप

भाषा विवि की टीम द्वारा तैयार डिवाइस को ए वन एग्रीकल्चर का स्वरूप दिया गया है। डॉ. ममता बताती हैं कि अभी इसका स्वरूप प्रोटो टाइप (छोटा) है, लेकिन खपत के हिसाब से इसे विस्तार देने की भी तैयारी है।

फसलों को नुकसान से बचाने को इनोवेशन का कराया पेटेंट

नुकसान पहुंचाने वाले दो मिनट में होंगे खेत से बाहर

तैयार डिवाइस से निकलने वाली अल्ट्रासोनिक और इंफ्रा रेड तरंगों से किसी भी जानवर अथवा कीट- पतंगे को शारीरिक नुकसान नहीं पहुंचेगा। ये तरंगे मानसिक तौर पर बेचैन करेंगी। जिससे फसलों को नुकसान पहुंचाने वाले पशु, कीट दो मिनट के भीतर ही खेत से बाहर होंगे।

70 से 80 फीसदी तक क्षति पहुंचाते हैं कीट और जंतु

धान की फसल में 40 से 50 फीसद तक नुकसान कीटों द्वारा किया जाता है। गोदाम में 17 से 20 फीसद तक अनाज चूहों द्वारा नष्ट किये जाते रहे हैं। फल चूषक कीट एवं फल मक्खी द्वारा 70 से 80 फसल तक फसलों का नुकसान होता है। पक्षियों द्वारा ज्वार, बाजरा, रागी करीब 70 फीसद तक नष्ट की जाती है।

शहर में आज

- तीन दिवसीय रोवर्स-रेंजर्स समागम का समापन बरेली कॉलेज में दोपहर 12 बजे।
- बरेली कॉलेज में नाथ महोत्सव शाम 5 बजे।
- अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर सम्मान समारोह ब्रह्माकुमारी आश्रम पर दोपहर 3 बजे।
- पुराने रोडवेज बस स्टैंड पर श्रमिक समाज कल्याण द्वारा आपातकालीन बैठक सुबह 11 बजे।
- जिला पंचायत कार्यालय में जिला पंचायत के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं का शिलान्यास दोपहर 12 बजे।

शिकमी किराएदार : पिता की दुकान बेटे के नाम कराने का खर्च लाखों में

नगर निगम के नए नियम-कायदों पर भड़के दुकानदार, बोले- प्रजातंत्र में भी तानाशाही दिखा रहे हैं अफसर-नेता

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- अपनी आय बढ़ाने के लिए दुकानदारों पर भारी बोझ डालने का आरोप
- अपनी जिम्मेदारी नहीं निभाता निगम, कभी दुकान की मरम्मत नहीं कराई

अमृत विचार : नगर निगम के नए नियम-कायदों की मार शिकमी किराएदारों पर भी पड़ेगी। पिता की प्रॉपर्टी बेटे के नाम करने में लाखों खर्च होंगे। दुकानदारों का कहना है कि नगर निगम का पूरा तंत्र तानाशाही से काम कर रहा है। वारिसान और शिकमी दुकानदारों के लिए पॉलिसी बना दी है लेकिन उनसे एक बार राय तक नहीं ली। अपनी जिम्मेदारी का यह हाल है कि हर महीने किराया लेने के बावजूद आज तक दुकानों की मरम्मत तक नहीं कराई है।

शिकमी किराएदारों और विरासत के ट्रांसफर के बनाए गए नियमों पर भारी गुस्सा है। दुकानदारों का कहना है कि नगर महापालिका और नगर निगम बने 50 साल से ज्यादा का समय हो चुका है। यह दुकानें उस समय की हैं। इन बरसों में नगर निगम ने दुकानों की मरम्मत या रंगाई पुताई नहीं कराई है। दुकानदार खुद मरम्मत और पुताई कराते हैं। उन्होंने बताया कि दुकान का किराया ढाई हजार रुपये है। अब नए नियम के तहत डीएम सर्किल रेट से किराया तय किया जा रहा है। सर्किल रेट दुकानें बेचने के समय लगता है जो किराएदारों पर लागू किया जा रहा है।

दुकानदारों ने कहा कि नगर निगम की गलत नीतियों की वजह से आज तक थाना प्रेमनगर के सामने बनी दुकानें किराए पर नहीं उठ पाई है। मजबूरन नगर निगम को उनमें जोनल ऑफिस चलाना पड़ रहा है, फिर भी कई दुकानें खाली हैं। बताया, कुछ पार्षद भी उनके पास आकर नगर निगम के बनाए नियमों के अनुसार काम करने की सलाह दे रहे हैं। लेकिन यह नहीं बता पा रहे हैं कि एक जैसी मार्केट और एक जैसी दुकान का किराया अलग-अलग क्यों निर्धारित किया गया है।

कुतुबखाना रोड की दुकानें ए श्रेणी, किराया दो से ढाई हजार रुपये तक

– दुकानदारों ने बताया कि पिता की मृत्यु के बाद बेटे के नाम दुकान होनी है। नए नियम के अनुसार कुतुबखाना रोड की दुकानें ए श्रेणी की मानी गई है। यहां का किराया अब तक दो से ढाई हजार रुपये तक है। नए नियम में किराया डीएम सर्किल रेट का सौ फीसदी किराया और दुकान अपने नाम कराने पर तय किराए का 75 फीसदी प्रीमियम तय किया गया है जो कम से कम 6 लाख रुपये बैठ रहा है। दुकानदारों ने बताया कि सर्किल रेट के अनुसार किराया होने पर ढाई हजार किराए वाली दुकान का किराया 25 हजार बैठ रहा है। बी श्रेणी में सर्किल रेट का 50 और सी श्रेणी में 25 फीसदी किराया लगेगा।

जनप्रतिनिधियों के रवैये से भी आहत हैं दुकानदार

कुतुबखाना मुख्य मार्ग पर ही सैकड़ों दुकानें हैं। इनमें ज्यादातर दुकानदार जनप्रतिनिधियों के रवैये से आहत हैं। उनका कहना है कि पार्षद को इसलिए जनता चुनती है कि वह अफसरों के उत्पीड़न से जनता से राहत दिलाएंगे। लेकिन यहां तो जनप्रतिनिधि भी अफसरों की भाषा बोल रहे हैं। दुकानदारों का कहना है कि चंद लोगों को राहत देने के लिए बड़े वर्ग को दिक्कत में डालने वाली योजना को लागू करने से पहले प्रभावित होने वाले लोगों की राय भी जाननी चाहिए।

एक नजर

दिन में धूप खिली तो शाम को हुई बूंदाबांदी

बरेली, अमृत विचार : जिले में बुधवार को एक बार फिर मौसम में बदलाव देखा गया। दिन में तेज धूप खिली लेकिन शाम को अचानक घने बादल छा गए और बूंदाबादी हुई। तेज हवाएं चलने से ठंड का अहसास हुआ। इस दौरान अधिकतम तापमान सामान्य से पांच डिग्री कम 22.4 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान चार डिग्री कम 10 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया।

बुधवार शाम को अचानक मौसम बदलने से किसानों की चिंता बढ़ गई, जबकि मौसम विभाग की ओर से कोई अलर्ट भी जारी नहीं किया गया था। आंचलिक मौसम केंद्र के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक डॉ. अतुल कुमार सिंह ने बताया कि आने वाले दिनों में मौसम साफ रहेगा, हालांकि हवाओं की गति 12-14 किलोमीटर प्रति घंटा रहने से लोगों को हल्की ठंड लगेगी। सप्ताह भर अधिकतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 12 डिग्री सेल्सियस रहने का पूर्वानुमान है।

रेल प्रशासन वाराणसी के लिए चलाएगा होली स्पेशल

बरेली, अमृत विचार : रेल प्रशासन ने होली स्पेशल ट्रेन चलाने का एलान किया गया है। एक जोड़ी ट्रेन श्री वैष्णोदेवी कटरा स्टेशन से वाराणसी तक चलाई जाएगी। ट्रेन संख्या 01654 श्री वैष्णो देवी कटरा स्टेशन से 24 और 31 मार्च को चलाई जाएगी जो अगले दिन बरेली जंक्शन पर 14:44 बजे पहुंचेगी। वहीं ट्रेन संख्या 01653 वाराणसी स्टेशन से 26 मार्च और 2 अप्रैल को चलाई जाएगी जो शाम को 15:40 बजे बरेली जंक्शन पहुंचेगी।

समाजवादी पार्टी: चुनाव से पहले कार्यकर्ता सम्मेलन में हुआ मारपीट का रिहर्सल

विधानसभा क्षेत्र महासचिव ने कहा- जिलाध्यक्ष ने हाथ उठाया तो मैंने भी मारा थप्पड़

संवाददाता बरेली/आंवला

गर्मागर्मी के बाद लाठी लिए कार्यकर्ता।

- खाने की प्लेट फेंकी तो खराब हुए नेताओं के कपड़े कमरे में लगे सीसीटीवी के प्लग टूटे
- दोनों पक्षों के बीच जमकर हुई गालीगलौज, नेताओं ने किया मारपीट होने से इन्कार

शिवचरन कश्यप। ● अमृत विचार

डॉ.भपेंद्र सिंह। ● अमृत विचार

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव से पहले आंवला में सपा के कार्यकर्ता सम्मेलन के दौरान जिलाध्यक्ष शिवचरन कश्यप और विधानसभा क्षेत्र के महासचिव भूपेंद्र सिंह के बीच आपसी गर्मागर्मी के बाद यह नौबत आई कि नेताओं के बीच खाने की प्लेटें फेंक दी गईं। भूपेंद्र का कहना है कि जिलाध्यक्ष ने उन पर हाथ उठाया तो उन्होंने भी उन्हें थप्पड़ मार दिया। हालांकि जिलाध्यक्ष समेत पार्टी के कई और नेता भी मारपीट होने की बात से इन्कार कर रहे हैं।

आंवला के एक बरातघर में बुधवार को कार्यकर्ता सम्मेलन चल रहा था। कई कार्यकर्ताओं ने इस दौरान अपनी बात रखी। कुछ का अंदाज तीखा भी था। आंवला नगर पालिका अध्यक्ष सय्यद आबिद अली के वायरल हुए उस वीडियो पर भी चर्चा हुई जिसमें वह भाजपा प्रत्याशी की तारीफ करते दिखे थे। कहा जा रहा है कि इसी बीच विधानसभा क्षेत्र के महासचिव भूपेंद्र सिंह जिलाध्यक्ष शिवचरन कश्यप के बारे में कोई टिप्पणी की। इस पर जिलाध्यक्ष ने नाराजगी जताते हुए उन्हें टोक दिया। इससे माहौल गर्म हो गया। सम्मेलन के बाद पार्टी के नेता बरातघर के एक छोटे कमरे में खाना खाने के लिए बैठे। भूपेंद्र सिंह के मुताबिक कार्यक्रम का समय 12 बजे का था, लेकिन जिलाध्यक्ष करीब पौने तीन बजे पहुंचे थे। उन्हें गाली भी दे रहे थे।

उन्हें बुरा लगा तो वह पार्टी प्रत्याशी नीरज मौर्य और पूर्व सांसद वीरपाल सिंह यादव के सामने ही जिलाध्यक्ष को समझाने की कोशिश करने लगे। इसी बीच विवाद बढ़ गया। जिलाध्यक्ष ने उन पर हाथ उठाया तो उन्होंने भी थप्पड़ से इसका जवाब दिया। जिलाध्यक्ष ने खाने की प्लेट उनके सिर पर मार दी। खाने से भरी प्लेट फेंकने से कई नेताओं के कपड़े तक खराब हो गए। कहा जा रहा है कि दोनों नेताओं की इस भिड़ंत के दौरान कमरे में लगे सीसीटीवी कैमरे की डीबीआर के प्लग तक टूट गए। दोनों नेताओं को अलग-अलग करने के लिए एक को कमरे में अटैच शौचालय में बंद किया गया, जिलाध्यक्ष को चेयरमैन के घर भेज दिया गया। इसी दौरान जिलाध्यक्ष के समर्थक डंडे ले आए और भूपेंद्र को कमरे से बाहर निकालने के लिए कहने लगे। फिर दोनों ओर से गालीगलौज हुई। कार्यक्रम में सपा प्रत्याशी नीरज मौर्य, पूर्व राज्यसभा सदस्य वीरपाल सिंह, पूर्व विधायक आरके शर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष अगम मौर्य, पूर्व जिलाध्यक्ष शुभलेश यादव, जिलाध्यक्ष शिवचरनकश्यप समेत तमाम पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद थे।

> मारपीट की बात पूरी तरह गलत है। ऐसा कुछ नहीं हुआ है। भूपेंद्र सिंह काफी समय से भाजपा प्रत्याशी के संपर्क में है। कई बार स्पष्टीकरण मांगने पर भी संतोषजनक जवाब नहीं दिया तो बुधवार को उन्हें पदमुक्त कर पार्टी से निकाल दिया है। सम्मेलन में बड़े नेता भी मौजूद थे। कोई विवाद नहीं हुआ।
> – **शिवचरन कश्यप**, जिलाध्यक्ष सपा

> मीटिंग बढ़िया हुई थी। कुछ तीखे सवाल-जवाब हुए थे तो गर्मागर्मी हो गई थी। बीचबचाव कर मामला शांत करा दिया गया था। मारपीट जैसा कुछ नहीं हुआ।
> – **सय्यद आबिद**, चेयरमैन आंवला

> मेरे सामने कुछ नहीं हुआ। मैं कार्यक्रम के बाद चला गया था। वैसे भी प्रत्याशी तो कमजोर होता है। संगठन के व्यक्ति को अपनी बात बतानी चाहिए। विधानसभा महासचिव से रात में बात की तो उन्होंने कहा कि सुबह मिलकर अपनी बात कहेंगे।
> – **नीरज मौर्य**, आंवला से सपा प्रत्याशी

हरूनगला और किला में हजारों पर भारी पड़ा बिजली संकट

- सुबह 11 से शाम चार बजे तक गुल रही बिजली
- सुरेश शर्मा नगर, बानखाना और चौधरी तालाब में भी कटौती

बरेली, अमृत विचार : किला और हरुनगला उपकेंद्र से जुड़े करीब 15 हजार से अधिक घरों में बुधवार को बिजली गुल रही। सुबह 11 से शाम चार बजे तक बिजली कटौती से लोग परेशान हो गए। वहीं सुरेश शर्मा नगर, बानखाना और चौधरी तालाब के इलाके भी में भी बिजली आपूर्ति बाधित रही।

मरम्मत कार्य के नाम पर रोजाना बिजली कटौती की जा रही है। बुधवार को हरुनगला के बाईपास फीडर से जुड़े तुला शेरपुर, सुरेश शर्मा नगर, विष्णु धाम कॉलोनी, लोक निर्माण विहार, राजकीय छात्रावास, शक्तिनगर में सुबह 11 से शाम 4 बजे तक कटौती की गई। किला उपकेंद्र के सिटी फीडर पर मरम्मत कार्य की वजह से सुबह 11 से शाम 4 बजे अलखनाथ, केला बाग, मोतीलाल बजरिया, जटवारा, गढ़ी चौकी, स्टेट बैंक कॉलोनी, सुरखा, बानखाना, चौधरी तालाब में आपूर्ति बंद रही। उपकेंद्र सीबीगंज में भी अनुरक्षण काम कराने के नाम पर बिजली कटौती की गई। अधीक्षण अभियंता अंबा प्रसाद ने बताया कि अनुरक्षण का काम अंतिम चरण में है। उसके बाद गर्मी में उपभोक्ताओं को बेहतर बिजली आपूर्ति दी जाएगी।

नॉथ कॉरिडोर: सड़क खोदने से कटी केबल 1.25 लाख जुर्माना

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बिना अनुमति पीडब्लूडी की प्राइवेट एजेंसी कर रही थी खुदाई

अमृत विचार : नाथ कॉरिडोर के तहत सड़क निर्माण के दौरान बुधवार दोपहर रेलवे की बिना अनुमति के जेसीबी से खोदाई शुरू कर दी गई। इससे रेलवे के टेलीकॉम विभाग की कई ओएफसी केबल कट गईं। आरपीएफ, इंजीनियरिंग और टेलीकॉम की टीमों ने मौके पर पहुंचकर काम रुकवाया और काम कर रहे कर्मचारियों को भी आरपीएफ की टीम थाने ले आई। जिसके बाद लोकनिर्माण विभाग के कर्मचारी भी मौके पर पहुंच गए। रेलवे ने कार्यदायी संस्था पर एक लाख 25 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) को चौपुला से तपेश्वरनाथ मंदिर तक नाथ कॉरिडोर के तहत सड़क का निर्माण कराना है। यह काम प्राइवेट एजेंसी को दिया गया है। बुधवार दोपहर सुभाषनगर पुलिया के पास रेलवे की जमीन पर सड़क को चौड़ा करने के लिए प्राइवेट एजेंसी की लेबर ने जेसीबी चलाना शुरू कर दी। जिसमें रेलवे के टेलीकॉम विभाग की ओएफसी केबलें कट गईं। खोदाई की सूचना एजेंसी ने रेलवे के किसी विभाग को नहीं दी थी। देर रात आरपीएफ और टेलीकॉम विभाग के अधिकारियों ने संयुक्त रिपोर्ट मंडलीय अधिकारियों को भेज दी। साथ ही रेलवे की तरफ से एजेंसी पर एक लाख 25 हजार का जुर्माना लगाया गया है। यह जुर्माना एजेंसी को वाणिज्य विभाग में जमा करना पड़ेगा। सहायक मंडल सुरक्षा आयुक्त त्रिलोक सिंह रावत ने बताया कि पूरे मामले की जानकारी है, कोई आपराधिक हस्तक्षेप नहीं था। नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है।

नहीं पता था रेलवे की जमीन पर कर रहे काम

उधर लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों का कहना है कि प्राइवेट एजेंसी को काम सौंपा गया है। विभाग ने सड़क खोदने की अनुमति नगर निगम से थी। प्रांतीय खंड के अधिशासी अभियंता नारायण सिंह ने बताया कि इस बात की जानकारी नहीं थी कि यह क्षेत्र रेलवे की हद में आता है। इसलिए रेल प्रशासन से अनुमति नहीं ली गई थी। बताया जा रहा है कि सड़क चौड़ीकरण की जद में रेलवे स्कूल भी आएगा। ऐसे में रेलवे के अधिकारी पहले ही स्पष्ट कर चुके हैं कि रेलवे स्कूल को शिफ्ट करने पर विचार किया जा रहा है। वहीं एनआरएमयू के शाखा सचिव राजेश दुबे ने बताया कि रेलवे स्कूल को लेकर मंडलीय अधिकारियों से वार्ता करेंगे।

जिले के दो सौ से ज्यादा गांवों में मनरेगा के काम ठप

अनुपम सिंह, बरेली

- प्रधानों-रोजगार सेवकों के विवाद में नहीं मिल रहा काम
- कई गांवों में साल भर से नहीं हुआ काम,अफसर निश्चिंत

अमृत विचार : जिले के दो सौ से ज्यादा गांवों में मनरेगा के तहत साल में सौ दिन के रोजगार की गारंटी प्रधानों और रोजगार सेवकों की रार में एक तरफ रखी रह गई है। इन गांवों में साल-साल भर से मनरेगा के काम ठप पड़े हुए हैं, इस वजह से श्रमिकों को भी रोजगार नहीं मिल पा रहा है।

उपायुक्त श्रम रोजगार के कार्यालय के अनुसार इन दो सौ गांवों में प्रधानों और रोजगार सेवकों के बीच आपसी तालमेल न होने की वजह से लंबे समय से मनरेगा के काम रुके हुए हैं। इनमें से किसी गांव के प्रधान अफसरों के दफ्तरों के रोजगार सेवक पर कार्रवाई के लिए चक्कर काट रहे हैं तो कहीं रोजगार सेवक प्रधान की शिकायत लिए घूम रहा है। अधिकारियों से जनप्रतिनिधियों तक ऐसी शिकायतों की भरमार है। इस वजह से मनरेगा के तहत श्रमिकों को रोजगार नहीं दिया जा पा रहा है। इन गांवों में मनरेगा के तहत कई काम प्रस्तावित हैं लेकिन उनके शुरू होने की नौबत ही नहीं आ रही है। अधिकारियों का कहना है कि विवाद के पीछे गांव की राजनीति है। इसका कोई तोड़ नहीं निकल पा रहा है। डीसी मनरेगा मो. हसीब अंसारी ने बताया कि ऐसे मामले संज्ञान में आने पर उसका निस्तारण कराया जा रहा है।

केस-1 : मीरगंज ब्लॉक की सेमरिया ग्राम पंचायत की प्रधान मीरा देवी और रोजगार सेवक आशीष के बीच विवाद है। इस वजह से एक साल से ग्राम पंचायत में मनरेगा के काम ठप हैं। श्रमिकों को भी रोजगार नहीं मिल पाया है।

केस-2 : भदपुरा ब्लॉक की ग्राम पंचायत चौखंडी में प्रधान और रोजगार सेवक प्रदीप के बीच नहीं बन रही थी। इस गांव में भी लंबे समय से मनरेगा के काम ठप पड़े हैं और श्रमिकों को रोजगार नहीं मिल पाया है। अफसरों ने यहां भी जल्द काम शुरू होने की उम्मीद जताई है।

रोज पांच हजार श्रमिकों का रोजगार प्रभावित

मनरेगा के अफसरों के अनुसार एक गांव में औसतन रोज 25 श्रमिकों को रोजगार मिलता है। दो सौ गांवों में काम रुके होने के कारण हर दिन पांच हजार से ज्यादा श्रमिकों का रोजगार प्रभावित हो रहा है। प्रधान और रोजगार सेवकों के बीच विवाद की वजह से श्रमिकों के हाथों में काम नहीं आ रहा है।

बरेली कॉलेज ग्राउंड में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की ओर से आयोजित नाथ महोत्सव में शिव की झांकी। ● अमृत विचार

रिश्वतखोरी के आरोपी एसडीओ अभियंता संघ के नेता, इसलिए टल रही कार्रवाई

बरेली, अमृत विचार : रिश्वत लेने के मामले में नामजद शाहदाना उपकेंद्र के एसडीओ गौरव शर्मा पर अभी तक कार्रवाई नहीं हुई है। इसकी वजह उनके अभियंता संघ के क्षेत्रीय सचिव होना बताया जा रहा है जबकि अभियंता संघ के पदाधिकारी भी मुख्य अभियंता से मिलकर एसडीओ पर कार्रवाई की बात कह चुके हैं। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद से एसडीओ फरार हैं। पिछले महीने एंटी करप्शन ने शाहदाना उपकेंद्र पर 20 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए संविदा कर्मचारी अरविंद कुमार को गिरफ्तार किया था। संविदा कर्मचारी के बयान के आधार पर शाहदाना एसडीओ गौरव शर्मा को भी मुकदमे में नामजद किया गया है। कुतुबखाना उपकेंद्र पर तैनाती के दौरान भी उनकी तमाम शिकायतें अधिकारियों के पास पहुंच रही थी, लेकिन तब भी कोई कार्रवाई नहीं की।

The Ano Rectal Clinic
अत्याधुनिक विधि द्वारा
गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)

Video Recto Scope
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा
बवासीर (Piles)
भगन्दर (Fistula)
एवं गुदाद्वार में होने वाली
अन्य बीमारियों का उचित* इलाज

क्लीनिक का पता
एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ
7388913338
8005423919
www.anorectalclinic.com

शिव इन्टरप्राईजेज
फोम एण्ड प्लाई

गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका
हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

छुट्टा पशुओं पर फिर आपस में भिड़े किसान, एक लहूलुहान

थाने से पुलिस ने लौटाया, न रिपोर्ट लिखी न कार्रवाई की, दोनों गांवों के किसानों के बीच तनाव

संवाददाता, बिशारतगंज

अमृत विचार : छुट्टा गोवंशीय पशुओं को एक-दूसरे के खेत में हांकने के विवाद ने मंगलवार रात इतना तूल पकड़ा कि गांव धीरपुर और सिसौना के किसान आमने-सामने आ गए। लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से एक किसान को लहूलुहान कर दिया गया। घायल किसान ने परिजनों के साथ रात में ही थाने आकर तहरीर दी लेकिन पुलिस ने न रिपोर्ट दर्ज की न कोई कार्रवाई की।

घायल जमुना प्रसाद।

धीरपुर गांव में रहने वाले जमुना प्रसाद दिवाकर की ओर से पुलिस को दिए प्रार्थनापत्र के मुताबिक मंगलवार शाम करीब सात बजे वह गेहूं की फसल की रखवाली कर रहे थे। इसी बीच पड़ोसी गांव सिसौना के कुछ किसानों ने छुट्टा गोवंशीय पशुओं के एक झुंड को उनके खेत की ओर हांक दिया। उन्होंने इसका उसने विरोध किया तो उन्होंने उन पर लाठी -डंडों और धारदार हथियार से हमला कर दिया। इस हमले में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। शोरशराबा सुनकर पहुंचे आसपास के किसानों ने उन्हें बचाया।

जमुना प्रसाद का आरोप है कि परिजनों के साथ रात में ही उन्होंने थाना बिशारतगज जाकर पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया लेकिन पुलिस ने उन्हें सुबह आने की बात कहकर लौटा दिया। सुबह दोबारा थाने पहुंचे तो पुलिस ने खुद जख्मों पर पट्टी कराने की बात कहकर लौटा दिया। उन्होंने इसके बाद खुद अपना इलाज कराया। उन्होंने कहा है कि पुलिस के कार्रवाई न करने से बड़ा बवाल होने की आशंका बनी हुई है। इस मामले में हल्का इंचार्ज एसआई विपिन शुक्ला ने बताया कि मामला आपसी झगड़े का है। छुट्टा पशुओं को खेतों में हांकने की बात गलत है। उन्होंने अभी प्रार्थना पत्र देखा नहीं है।

पुलिस की लापरवाही से हुए संघर्ष में हो चुकी है एक किसान की हत्या

दिसंबर 2023 में पुलिस की लापरवाही से गोवंशीय पशुओं को एक-दूसरे के खेतों में खदेड़ने को लेकर हुए विवाद के बाद एक किसान की हत्या की जा चुकी है। यह घटना बिशारतगंज थाना क्षेत्र के गांव खजुहाई और थाना सुभाषनगर के फतेहपुर के किसानों के बीच हुई थी। इसमें फतेहपुर गांव के नन्हे की मौके पर ही मौत हो गई थी।

मौलाना तौकीर पर किसने नहीं होने दी कार्रवाई राजेश का एक सवालिया तीर कई निशानों पर

कहा- शासन और हाईकोर्ट के आदेश पर भी कार्रवाई न करने के लिए मौजूदा अफसर भी जिम्मेदार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : गंभीर आरोपों के दर्जन भर से ज्यादा आपराधिक केस होने के बाद भी मौलाना तौकीर रजा के खिलाफ कार्रवाई न होने देने का जिम्मेदार कौन है, बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में भाजपा के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष राजेश अग्रवाल की ओर से चलाया गया इस सवाल का तीर कई निशानों पर जाकर लगा। अपनी ही पार्टी सत्ता में होने के बावजूद राजेश ने सीधा आरोप लगाया कि शासन और हाईकोर्ट के आदेश के बाद भी तौकीर के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने कहा कि इससे साफ है कि सिर्फ तत्कालीन अधिकारी ही नहीं, मौजूदा अधिकारी भी तौकीर को बचाने के लिए जिम्मेदार हैं।

मंगलवार को ही कोर्ट ने तौकीर रजा को शहर में हुए 2010 के दंगे का मास्टर माइंड मानते हुए तलब करने का आदेश जारी किया था। इसके बाद बुधवार को वरिष्ठ भाजपा नेता राजेश अग्रवाल ने अपने आवास पर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कई गंभीर सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि तौकीर रजा खां के खिलाफ वर्ष 2000 के पहले तक के मामले लंबित हैं। खुद उन्होंने तौकीर के खिलाफ 12-14 आपराधिक केसों का ब्योरा जुटाया है। बड़ा सवाल यह है कि इतने केस होने के बावजूद तौकीर पर कोई कार्रवाई न होने देने के लिए जिम्मेदार कौन है।

- बोले- मेरे पास तौकीर के खिलाफ 12-14 आपराधिक केसों का ब्योरा
- थाना प्रेमनगर में पड़ा रहा गिरफ्तारी वारंट, फिर भी नहीं हुई कार्रवाई

महंत ने लगाया था भाजपा नेता पर ही संरक्षण देने का आरोप

कुछ ही दिन पहले शहर के साईं धाम मंदिर के महंत सुशील पाठक ने भी मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर पिछले दिनों शहामतगंज में हुए बवाल के बाद तौकीर रजा खां के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। महंत ने अपने इस पत्र में तौकीर पर शहर में फिर दंगा कराने की कोशिश का आरोप लगाते हुए यह भी कहा था कि एक भाजपा नेता की ओर से ही मौलाना तौकीर को संरक्षण दिया जा रहा है।

बोले- सरकार की नहीं सुनी जाती तो पैदा होते हैं सुल्ताना जैसे लोग, अब मिलेगी निजात

राजेश अग्रवाल ने नाम लिए बगैर मौलाना तौकीर की तुलना सुल्ताना जैसे लोगों से की। कहा, दुर्भाग्य है कि विश्वप्रसिद्ध कुल का व्यक्ति धर्म की आड़ में समाज को जलाने की बात कहता है। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के लिए अपशब्दों के साथ घर आने पर मारने की बात बोलता है। बोले, प्रकृति न्याय करती है। इसके बाद भी उस पर कार्रवाई नहीं की गई तो कोर्ट ने स्वत: संज्ञान लिया। इस एक्शन से समाज को ऐसे लोगों से निजात मिलेगी। राजेश ने कहा कि सरकार के निर्देशों का पालन न होने से ही सुल्ताना जैसे लोग पैदा होते हैं। अफसरों को यह कहकर निशाने पर लिया कि ये दो-चार साल ही रहेंगे। जलना तो हमें और आपको है। इसीलिए वह चाहते हैं कि दोषियों को बख्शा न जाए। तौकीर की तरफ इशारा करते हुए कहा कि जब समाज में बुराइयां बढ़ जाती हैं तो भगत सिंह जैसे लोग पैदा होते हैं।

राजेश अग्रवाल ने कहा कि शहर में हुए दंगों की विभीषिका लोग आज भी नहीं भूले हैं। दंगाइयों के हौसले इतने बुलंद थे कि तत्कालीन डीआईजी तक को घेर लिया गया था। उन्होंने कहा कि थाना प्रेमनगर में तौकीर का गिरफ्तारी वारंट पड़ा रहा लेकिन इसके बावजूद कार्रवाई नहीं की गई। बोले, वह शांति की स्थापना के लिए प्रयास कर रहे हैं। दोषियों पर कार्रवाई जरूर होगी। राजेश ने कहा कि उनके पास डीजीपी का फोन आया था। वह कहेंगे तो पूरा रिकॉर्ड भी दिखा देंगे।

कानूनी विशेषज्ञों की राय- अब क्या होगा

जेल जा सकते हैं, हाईकोर्ट दे सकता है राहत

बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष अरविंद कुमार के मुताबिक विचारण से अगर अदालत को अब तक के आदेश से पता चलता है कि आरोपी के खिलाफ जो साक्ष्य आया है, उससे उसे सजा हो सकती है तो आईपीसी की धारा 319 के तहत उसे तलब किया जाना सही है। अगर साक्ष्य सजा के लिए पर्याप्त नहीं हैं तो अदालत का आदेश गलत है। सुप्रीम कोर्ट लगातार यह बात कह रहा है। अब मौलाना तौकीर अगर समन पर अगर कोर्ट में हाजिर होते हैं तो जेल जाएंगे और फिर जमानत कराएंगे। हालांकि हाईकोर्ट से राहत मिल सकती है। मौजूदा आदेश पर स्टे हो सकता है।

नहीं पड़ेगी दोबारा जमानत की जरूरत

वरिष्ठ अधिवक्ता फौजदारी अनिल कुमार भटनागर का कहना है कि उनके मत से इस मामले में मौलाना तौकीर पहले जमानत करा चुके हैं। कोर्ट ने समन भेजकर उन्हें ट्रायल फेस करने के लिए बुलाया है और उसमें यह नहीं लिखा है कि जेल भेजे जाएंगे। सभी गवाह फिर कोर्ट में पेश होंगे। अगर तौकीर जमानत करा चुके हैं तो दोबारा जमानत कराने की जरूरत नहीं होगी। कोर्ट में सह अभियुक्तों के साथ नए सिरे से विचारण होगा।

आईपीसी 319: अपराध के दोषी प्रतीत होने वाले के विरुद्ध कार्यवाही के प्रावधान

- किसी अपराध के विचारण के दौरान साक्ष्य से यह प्रतीत होता है कि किसी व्यक्ति ने, जो अभियुक्त नही है, कोई ऐसा अपराध किया है जिसके लिए उसका अभियुक्त के साथ विचारण किया जा सकता है, वहां कोर्ट उसके विरुद्ध कार्यवाही कर सकता है।
- जहां ऐसा व्यक्ति न्यायालय में हाजिर नहीं है, वहां उसे मामले की परिस्थितियों की अपेक्षानुसार गिरफ्तार या समन किया जा सकता है।
- कोई व्यक्ति जो गिरफ्तार या समन न किए जाने पर भी कोर्ट में हाजिर है, ऐसे में न्यायालय उस अपराध के लिए, जिसका उसके द्वारा किया जाना प्रतीत होता है, विचारण के लिए निरुद्ध किया जा सकता है।
- जहां न्यायालय किसी व्यक्ति के विरुद्ध उपधारा 1 के अधीन कार्यवाही करता है वहां- (क) उस व्यक्ति के बारे में कार्यवाही फिर शुरू की जाएगी और गवाहों को फिर सुना जाएगा। (ख) खंड क के उपबंधों के अधीन रहते हुए, मामले में ऐसे कार्यवाही की जा सकती है, मानो वह व्यक्ति उस समय अभियुक्त व्यक्ति था, जब न्यायालय ने अपराध का संज्ञान लिया था, जिस पर विचारण शुरू किया था।

तो क्या अब बदलेंगे बरेली में राजनीति के समीकरण

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- धार्मिक मुद्दों पर सियासी नेतृत्व कर कई दलों को प्रभावित करते रहे हैं मौलाना तौकीर

अमृत विचार : आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा पर 2010 के दंगे के केस में भले ही अदालत ने शिकंजा कसा है लेकिन इसका बड़ा असर लोकसभा चुनाव की राजनीति पर पड़ना तय हो गया है। ज्ञानवापी के मुद्दे पर पिछले दिनों तौकीर जेल भरो से चुनावी अभियान की शुरुआत करने के बाद तौकीर ने तीसरा मोर्चा बनाकर चुनाव में उतरने का एलान किया था लेकिन अब इसके ठंडे पड़ने के आसार पैदा हो गए हैं। 11 मार्च को उन्हें अदालत में पेशी का हुक्म मिला है, इस कानूनी पेच से निपटना उनके लिए ज्यादा बड़ी चुनौती बन गया है।

धार्मिक विवादों पर तीखी और भड़काऊ प्रतिक्रिया देने से राजनीति की शुरुआत कर इत्तेहाद-ए-मिल्लत कौंसिल नाम की पार्टी बनाने वाले मौलाना तौकीर करीब दो दशक से सियासत में सक्रिय हैं। इस बीच कई लोकसभा और विधानसभा चुनावों में आईएमसी ने अपने प्रत्याशी भी उतारे हैं। हालांकि भोजीपुरा सीट से विधानसभा चुनाव में एकमात्र जीत उनकी पार्टी की एकमात्र उपलब्धि रही है। यह अलग बात है कि कोई और चुनाव न जीतने के बावजूद हजारों मुस्लिम वोटरों का रुख तय करने की क्षमता के चलते दूसरी पार्टियों का कुछ भला कुछ बुरा करते रहे हैं। इस तरह प्रभावित होने वाले दलों में भाजपा भी शामिल रही है।

इस लोकसभा चुनाव में मौलाना तौकीर अपनी इस क्षमता का कोई इस्तेमाल कर पाते, उससे पहले ही उनके ऊपर कोर्ट का फंदा पड़ गया है। माना जा रहा है कि ज्ञानवापी प्रकरण में नौ फरवरी को जेल भरो का एलान करने के बाद मौलाना के कई पासे उल्टे पड़ गए। हजारों की भीड़ इकट्ठी करके उत्तेजक प्रदर्शन करने से ज्यादा मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के लिए अपशब्दों का प्रयोग करने पर वह घिर गए। संभवतः तौकीर भी भांप गए कि उनसे क्या चूक हो गई है लेकिन तीर कमान से निकल चुका था। नौ फरवरी के बाद उन्होंने ज्ञानवापी मुद्दे पर एक शब्द नहीं बोला। इस बीच आशंकाएं जताई जाती रहीं कि पुलिस तौकीर पर कोई कार्रवाई करेगी। पुलिस ने तो कार्रवाई नहीं की लेकिन कोर्ट में चल रहे दंगे के केस में वह फंस गए। इत्तफाक की बात यह है कि इसी सब घटनाक्रम के बीच बरेली में राजनीतिक समीकरण बदलने के भी संकेत मिलने लगे। भाजपा का कोई और नेता तो तौकीर प्रकरण पर नहीं बोला लेकिन पार्टी के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष राजेश अग्रवाल ने मुखरता के साथ दावा किया था कि तौकीर पर कार्रवाई होगी और शासन में इसकी योजना बनाई जा रही है। इस बीच मौलाना तौकीर के खिलाफ कार्रवाई की लगातार गैरभाजपाई संगठनों की ओर से मांग किए जाने से यह भी संकेत मिलता रहा कि इस प्रकरण में अंदर ही अंदर काफी कुछ चल रहा है।

अब बदल सकती है मुस्लिम राजनीति भी

बरेली सुन्नी मुसलमानों का विश्वप्रसिद्ध मरकज है। चुनावों में मुसलमानों का रुख चाहे जो रहता हो लेकिन उनकी दिशा तय करने की कोशिशें यहां से की जाती रही हैं। दरगाह आला हजरत तो काफी समय से सियासी मुद्दों पर कुछ बोलने से बचती रही है लेकिन मौलाना तौकीर सीधे तौर पर मुस्लिम राजनीति का प्रतिनिधित्व करते रहे हैं। बरेली से ही राजनीति पर टीका-टिप्पणी करने के मामले में दूसरा नाम मौलाना शहाबुद्दीन का है जिनके निशाने पर काफी समय से गैरभाजपाई दल हैं। अब अनुमान लगाया जा रहा है कि बरेली की राजनीति में हाल-फिलहाल और बड़े बदलाव सामने आ सकते हैं।

मौलाना तौकीर के खिलाफ एक और गिरफ्तारी वारंट

बरेली, अमृत विचार : मौलाना तौकीर रजा के खिलाफ अदालत से एक और गिरफ्तारी वारंट जारी हुआ था जिस पर वह अब तक न हाजिर हुए हैं न गिरफ्तार किए गए हैं। यह मामला कोतवाली में वर्ष 2007 में दर्ज हुआ था जिसमें उन पर भड़काऊ बयान देने का आरोप था। उनके खिलाफ आईपीसी की धारा 115 और 153ए के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई थी। इसका विचारण निचली अदालत में चल रहा है। तौकीर रजा के लंबे समय बाद भी हाजिर न होने पर 15 फरवरी को कोर्ट ने गैर जमानती वारंट जारी किया था।

घरवालों ने किया समन लेने से इन्कार

दंगे के केस में मौलाना तौकीर को मास्टर माइंड मानते हुए कोर्ट में तलब किए जाने के बाद बुधवार को पुलिस उनके आवास पर समन तामील कराने पहुंची लेकिन समन तामील नहीं हो पाया। परिवार वालों ने तौकीर के दिल्ली में होने की बात कहते हुए समन लेने से इन्कार कर दिया। इंस्पेक्टर प्रेमनगर आशुतोष रघुवंशी ने बताया कि परिजनों के मुताबिक तौकीर दिल्ली में हैं। उनके लौटने पर समन तामील कराया जाएगा।

शासन ने मांगी रिपोर्ट

बरेली, अमृत विचार : कोर्ट में मौलाना तौकीर रजा को तलब किए जाने के बाद शासन भी सक्रिय हो गया है। शासन ने पुलिस प्रशासन से इस मामले में रिपोर्ट तलब की है। इसके बाद पुलिस ने पुरानी फाइलें खंगालनी शुरू कर दी हैं। हालांकि आईजी डॉ. राकेश सिंह और एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान ने शासन की ओर से रिपोर्ट मांगे जाने की जानकारी होने से इन्कार कर दिया।

सीबीगंज में आटा व्यापारी की हाईवे पर गोली मारकर हत्या

संवाददाता, बरेली/सीबीगंज

अमृत विचार : सीबीगंज क्षेत्र में आटा व्यापारी 52 वर्षीय रोशनलाल की गोली मारकर हत्या कर दी गई। रोशनलाल सुबह घर से निकले थे, शाम को उन्हें खून से लथपथ हाईवे किनारे मथुरापुर अड्डे के पास झाड़ियों में पड़ा पाया गया। अस्पताल ले जाने पर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

मथुरापुर निवासी रोशन लाल (52) गांव में ही आटे और तेल का मिनी प्लांट चलाते थे। वह बुधवार सुबह करीब सात बजे कुछ देर का काम बताकर घर से निकले थे। शाम तक नहीं लौटे तो बेटा राहुल परिजनों के साथ ढूंढने निकला। इस बीच जेलर बाग के सामने झाड़ियों में लोगों ने रोशनलाल को खून से लथपथ पड़ा देखा। राहुल को पता चला तो वह रोशनलाल को उठाकर शहर के एक निजी अस्पताल लाया लेकिन उनकी जान बचाई नहीं जा सकी।

पुलिस के मुताबिक रोशनलाल के सीने में नजदीक से गोली मारी गई है। उनके शरीर पर चोट के भी कई निशान मिले हैं। इससे आशंका है कि गोली मारने के पहले हत्यारे और रोशन लाल के बीच काफी संघर्ष हुआ। इंस्पेक्टर क्राइम उत्तम कुमार ने बताया कि घटना की गहनता से जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही घटना का सही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। पुलिस को रोशनलाल की हत्या में किसी करीबी के शामिल होने की आशंका है।

सड़क हादसा बताया तो अस्पताल ने किया भर्ती करने से इन्कार : झाड़ियों में पड़ा मिलने के बाद रोशनलाल को उनका बेटा उन्हें पहले एक निजी अस्पताल में लेकर पहुंचा। वहां उसने उन्हें सड़क हादसे में घायल होना बताया। डॉक्टरों ने सीने में गोली का निशान देखा तो भर्ती करने से साफ इन्कार कर दिया। इसके बाद वह उसे थाने ले गया जहां से पुलिस ने उन्हें जिला अस्पताल भेजा। डॉक्टरों ने यहां उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना स्थल पर एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान और एसपी सिटी राहुल भाटी ने जांच की।

घटनास्थल पर जांच करती पुलिस। ● अमृत विचार

मौके से बरामद हुआ जूता। गोली लगने के बाद जमीन पर गिरा खून। ● अमृत विचार

- हाईवे किनारे झाड़ियों में पड़ा मिला व्यापारी मौके पर मिला तमंचा और मोबाइल
- परिजनों ने अस्पताल में कराया भर्ती डॉक्टरों ने किया मृत घोषित

> रोशनलाल की हत्या की पुलिस जांच कर रही है। परिजनों की तरफ से कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर आगे कार्रवाई की जाएगी।
> - घुले सुशील चंद्रभान, एसएसपी

बाइक ठीक न करने पर 20 हजार जुर्माना

विधि संवाददाता, बरेली : उपभोक्ता की बुलेट बाइक ठीक न करने पर जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग अध्यक्ष दीपक कुमार त्रिपाठी और सदस्य दिनेश कुमार गुप्ता की पीठ ने सूरी सेल्स, प्रेमनगर और रॉयल इन फील्ड तमिलनाडु पर 20 हजार रुपये जुर्माना लगाया है। साथ ही बाइक को पार्ट्स सही कर ग्राहक को देने का भी आदेश दिया है। संजय वर्मा एडवोकेट ने बताया कि बुलेट बाइक में स्टार्ट होने में दिक्कत और झटके लेकर चलने की शिकायत लेकर उपभोक्ता आंवला निवासी योगेश 21 दफा एजेंसी पर पहुंचे मगर परेशानी ज्यों की त्यों बनी रही। वादी ने 2 मार्च 2020 को रॉयल इन फील्ड बाइक प्रेमनगर टीबरीनाथ काम्पलेक्स स्थित सूरी सेल्स से खरीदी थी।

गार्ड की बाइक में टक्कर मारकर छीनी राइफल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- डीडीपुरम के एक सर्राफ के यहां करते हैं नौकरी



अमृत विचार : इज्जतनगर रेलवे स्टेशन के पीछे बुधवार रात दो नकाबपोश बदमाशों ने सिक्योरिटी गार्ड की बाइक में टक्कर मारकर राइफल और नकदी छीन ली। गंभीर रूप से घायल गार्ड को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

प्रेमनगर के मोहल्ला बालाजी विहार निवासी उमाकांत शुक्ला डीडीपुरम में एक सर्राफ के शोरूम में गार्ड हैं। बुधवार रात 8.45 बजे ड्यूटी खत्म करके वह बाइक से घर लौट रहे थे। कुदेशिया पुल के पास इज्जतनगर रेलवे स्टेशन के पीछे एक बाइक पर आए दो नकाबपोश युवकों ने उन्हें सरिया मारकर गिरा दिया। इसके बाद जेब में रखी नकदी और लाइसेंसी राइफल छीन ली। शोर मचाने पर गोली मारने की धमकी देकर फरार हो गए। गंभीर रूप से घायल उमाकांत ने परिजनों को जानकारी दी। एसपी सिटी, सीओ प्रथम संदीप कुमार इज्जतनगर इंस्पेक्टर जयशंकर सिंह, प्रेमनगर इंस्पेक्टर आशुतोष रघुवंशी भी पहुंच गए। गंभीर रूप से घायल गार्ड को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

कुछ ही दूर खड़ी थी पीआरवी

बदमाशों ने जिस जगह वारदात की, उससे कुछ ही दूरी पर पीआरवी खड़ी थी। वहां से कुछ दूरी पर आरपीएफ की लाइन है। पुलिस अधिकारियों ने घटना का खुलासा करने के लिए एसओजी, इज्जतनगर पुलिस और प्रेमनगर पुलिस की टीमों को लगाया है।

> एसओजी, प्रेमनगर और इज्जतनगर पुलिस की टीमों को घटना का खुलासा करने के लिए लगाया गया है। आसपास के सीसीटीवी भी खंगाले जा रहे हैं।
> - संदीप कुमार, सीओ प्रथम

इफको के खिलाफ अब रिपोर्ट तैयार करने में देरी

एसडीएम के निर्देश पर बुधवार को नापजोख करने पहुंची थी तहसील की टीम

संवाददाता, बरेली/आंवला

- किसानों की जमीन इफको फैक्ट्री में होने की हुई है पुष्टि

अमृत विचार : तहसील प्रशासन पर इफको फैक्ट्री प्रबंधक का दबाव कहें या उसका राजनीतिक रसूख कि अभी तक पैमाइश के बाद रिपोर्ट तैयार नहीं की गई है। मंगलवार को पैमाइश के दौरान जांच टीम ने किसानों की जमीन इफको फैक्ट्री की चारदीवारी में होने की पुष्टि की, लेकिन टीम में शामिल अधिकारियों के हाथ जांच रिपोर्ट बनाने में कांप रहे हैं। वहीं एसडीएम का कहना है कि जब तक जांच रिपोर्ट नहीं मिलेगी तब तक कुछ नहीं कहा जा सकता है।

हाईकोर्ट के आदेश पर एसडीएम ने मंगलवार को नायब तहसीलदार राजकुमार सिन्हा को कानूनगो, लेखपाल आदि के साथ इफको में किसानों की जमीन की पैमाइश करने के लिए भेजा था। गांव नौगवां अहिरान के रामरहीस, रामदास, रामनिवास, रामवीर, धर्मवीर, भंवरपाल का आरोप था कि तत्कालीन तहसीलदार ने अक्टूबर 2022 में उनकी जमीन की पैमाइश कराई थी, जिसके आधार पर तत्कालीन एसडीएम वेदप्रकाश मिश्रा ने अपनी जांच रिपोर्ट एडीएम प्रशासन को भेजी जिसमें गाटा संख्या 234 की 0.089 हेक्टेयर भूमि इफको फैक्ट्री की चारदीवारी के अंदर मिली थी। इसके बाद किसान हाईकोर्ट चले गए।

खतौनियां हमारे पास, फिर कराएंगे नापजोख

आंवला के ओमशंकर सक्सेना ने बताया 2022 में तत्कालीन एसडीएम के निर्देश पर जमीन की पैमाइश कराई गई थी। इसकी रिपोर्ट उनके पास है। बुधवार को जांच टीम ने भी माना था किसानों के हिस्से की कुछ जमीन का हिस्सा इफको की चारदीवारी में है। नापजोख की रिपोर्ट एसडीएम को मिलने के बाद हम भी देखेंगे। यदि इसमें किसी भी तरह की गड़बड़ी मिली तो फिर से सर्वे कराने की मांग की जाएगी।

> किसानों की जमीन के नापजोख के लिए मंगलवार को टीम भेजी गई थी। पैमाइश का काम पूरा हो चुका है। इफको के पास किसानों की जमीन है या नहीं, इसकी जांच रिपोर्ट नहीं मिली है। रिपोर्ट आने के बाद ही वास्तविक्ता का पता चल सकेगा।
> - गोविंद मौर्य, एसडीएम आंवला

बिना ऑपरेशन गुर्दे की पथरी का इलाज होम्योपैथी द्वारा
सिन्कोना होम्योपैथिक सेन्टर

डा. ब्रजेश कुमार
होम्योपैथिक फिजीशियन
बी.एच.एम.एस.
(आगरा)
सम्पर्क करें :
9058575790
8077383286
- चर्म रोग (सोराइसिस, दाद, एक्जीमा, मस्से इत्यादि)
- बच्चों का रात में बिस्तर गीला कर देना
- बालों का झड़ना, गंजापन, बालों की सफेदी
- महिलाओं की माहवारी सम्बन्धित समस्याऐं ल्यूकोरिया आदि
- बवासीर, फिशर
- मानसिक रोग (डिप्रेशन)
- चेहरे के कील, मुहांसे
- मिर्गी
- माइग्रेन (आधे सिर का दर्द)
- ब्लड प्रेशर, शुगर
- सियाटिका का दर्द
- मानसिक दुर्बलता
- मोटापा
- पेट संबंधी रोग, जिगर के रोग
- साइनस
- टॉसिल का बढ़ जाना
- थायराइड
- जोड़ों का दर्द
- गुप्त रोग
पता :
116 बी-1, मॉडल टाउन, स्टेडियम रोड, (निकट संजय नगर पेट्रोल पम्प) बरेली
समय :
सोमवार से शनिवार
प्रातः 11 बजे से 4 बजे तक, शाम 6 बजे से रात 9 बजे तक
रविवार
12 बजे से 2 बजे तक

आयुर्वेदिक चिकित्सालय में पूरी हुई दवाओं की कमी

बरेली, अमृत विचार : एसआरएम राजकीय आयुर्वेदिक कॉलेज एवं चिकित्सालय में लम्बे समय से दवाओं की चल रही कमी पूरी कर ली गई है। प्रदेश सरकार का बजट जारी होने के बाद चिकित्सालय का भी बजट जारी हो गया जिससे दवाओं की कमी को पूरा किया गया है। इस समय अस्पताल में 60 चयनित दवाओं जिसमें चूर्ण, वटी, सीरप और तेल की कमी पूरी हो गयी है। इसी के साथ इंडियन मेडिकल फार्मास्युटिकल कॉरपोरेशन की ओर से भी कॉलेज को कई दवाएं मिली हैं। चिकित्सालय के मुख्य फार्मासिस्ट ने बताया इस समय लगभग सभी दवाएं पूरी हो चुकी हैं। दवाओं की उपलब्धता से मरीजों को राहत मिलेगी।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

ADITYA
डा० आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS DNB MNAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
Trust your eyes with us
भूतपूर्व सीनियर कंसल्टेंट-
शहीद भगत सिंह आई हॉस्पिटल, बरेली
TIME: 10:00 AM TO 5:00PM
8077344353
50000 से अधिक आँखों के आपरेशन का अनुभव

अब इस पते पर उपलब्ध हैं :- आँखों का अस्पताल
आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, शहीद भगत सिंह के बराबर, पीलीभीत बाई पास, बरेली

डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय
प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157

डा. सतेन्द्र शर्मा
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड बरेली सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
- प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) - गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) - गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSL) - पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
आयुष्मान योजना अन्तर्गत स्वास्थ्य लाभ मुफ्त
MIZAN E.N.T. & URO Care Centre
निकट आयरिश् लॉन पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
सुबह 10.30 से 11.30 तक शाम 7 से 8 बजे तक
8394838281, 9897838286
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर
स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
समय दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक
हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348


आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री मोतियाबिन्द व नाखूना के ऑपरेशन
TPA कैशलेस की सुविधा,
ECHS द्वारा मोतियाबिन्द की सुविधा
नेत्र सर्जन

डॉ. आफताब आलम
एम.बी.बी.एस., डी.ओ.एम.एस. (ए.एम.यू.)
रोहिलखंड रत्न व अचीवर अवार्ड से सम्मानित
मोतियाबिन्द के ऑपरेशन की शुरूआत
मात्र 2000/- रु. से
मिलने का समय-प्रातः 10 से 3 बजे तक, शाम : 6 से 8 बजे तक
डॉ. आफताब आई केयर मो. 9758934778
ऑर्थोडेन्ट क्लीनिक, निकट आकाश पुरम गेट, जगतपुर रोड, बरेली

डॉ. नितिन अग्रवाल
एम.डी. (गोल्ड मेडिलिस्ट), डी.एम. (कार्डियोलॉजी)
हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777
ECG+ECHO+TMT+HOLTER
हृदय रोग के लक्षण:- ♦ घबराहट ♦ छाती में दर्द या भारीपन ♦ सांस फूलना ♦ पैरों में सूजन ♦ हाई ब्लडप्रेशर ♦ हाई कोलेस्ट्रोल ♦ डाइबिटीज (शुगर) ♦ सीने या पेट में जलन या दर्द ♦ हार्ट अटैक ♦ हार्ट फेल
APPLE CARDIAC CARE
ए-3, एकता नगर, केयर अस्पताल के सामने, स्टेडियम रोड, बरेली। सम्पर्क करें:- 9458888448

डॉ. गयास अहमद
MBBS, DCH, DNB (Paediatric) NEW DELHI
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
भू.पू. चिकित्सक सर गंगाराम अस्पताल, नई दिल्ली

NEW BORN AND CHILD CARE CLINIC
1. मुंशी नगर गेट, डेलापीर मण्डी, पीलीभीत रोड, बरेली
समय – प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक, शाम 4 बजे से 8 बजे तक
सुविधायें :- ♦ वेन्टीलेटर/BIPAP/CPAP युक्त NICU/PICU की सुविधा, ♦ प्रीमेच्योर बच्चों के लिए सफेक्टेन्ट एवं विशेष देखभाल की सुविधा, ♦ नवजात निमोनिया व जन्मजात दौरे पड़ने का इलाज, ♦ पीलिया का इलाज, ♦ दिमागी बुखार, ♦ मलेरिया, डेंगू, टायफाइड का इलाज
HELP LINE - 7017920279, 8920198518

आज से शहर में कूड़ा नहीं उठाएंगे सफाईकर्मी

तीन दिन से नगर निगम परिसर में धरना दे रहे हैं कर्मचारी, पूर्व मेयर सुप्रिया ऐरन ने भी किया समर्थन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : सफाई कर्मचारियों ने अपनी मांगे नहीं माने जाने पर गुरुवार से सफाई कार्य बंद करने का एलान किया है। कर्मचारी नगर निगम परिसर में तीन दिन से धरना दे रहे हैं लेकिन अधिकारियों ने उनकी मांगों पर विचार नहीं किया। धरना स्थल पूर्व मेयर सुप्रिया ऐरन ने कर्मचारियों की मांग को जायज ठहराते हुए आंदोलन का समर्थन किया।

सफाई मजदूर संघ के महामंत्री राजेश कुमार ने कहा कि निगम प्रशासन सफाई कर्मचारियों का उत्पीड़न कर रहा है। रोजगार कार्यालय के जरिए कर्मचारियों का चयन करने के बजाए बाहरी संस्था के व्यक्तियों से सफाई कार्य कराया जा रहा है। ठेका एजेंसी निगम से कर्मचारियों के वेतन के रूप में 30 दिन का पैसा लेती है लेकिन कर्मचारियों को 26 दिन का ही पारिश्रमिक दिया जा रहा है। धरना स्थल पर सुप्रिया ऐरन ने कहा कि यह सरकार महिला और गरीबों की विरोधी है। चुनाव में इस सरकार को आपके वोटों से ही हटाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि उन्होंने अपने कार्यकाल में कभी सफाई कर्मचारियों को काम बंद नहीं करने दिया। धरना स्थल पर निगम कर्मचारी भी पूर्व मेयर की आवभगत में जुटे रहे। आंदोलन के दौरान राजेन्द्र समदर्शी, पंकज बाबू, मिशन पाल सिंह, देवदास चौहान, विजय कुमार, राजेश कुमार, महक सिंह सहित तमाम महिला सफाई कर्मी भी मौजूद रहीं।

सफाई कर्मचारियों के धरना-प्रदर्शन में पहुंचीं पूर्व मेयर सुप्रिया ऐरन।

- **सफाई मजदूर संघ के नेताओं ने कहा- निगम प्रशासन कर्मियों का कर रहा उत्पीड़न**

सफाईकर्मियों का समर्थन कर सुप्रिया ने सपा के पार्षदों को मुश्किल में डाला

बरेली ,अमृत विचार : प्रवीण सिंह ऐरन के सपा की ओर से लोकसभा चुनाव का प्रत्याशी घोषित होने के बाद पूर्व मेयर सुप्रिया ऐरन भी सक्रिय हो गई हैं। बुधवार को वह वार्डों में ठेके पर सफाई कराने का विरोध कर रहे सफाईकर्मियों के धरनास्थल पर पहुंच गईं और उन्हें समर्थन का एलान कर सपा के पार्षदों के लिए मुश्किल खड़ी कर दी। सपा पार्षद पहले ही बोर्ड में ठेके पर सफाई कराने के प्रस्ताव का समर्थन कर चुके हैं। दरअसल, नगर निगम में सपा पार्षदों की भूमिका ही विपक्ष की नहीं रह गई है। इसी कारण बोर्ड बैठक में उन्होंने भी वार्डों की सफाई निजी हाथों को सौपने का समर्थन किया था। इसकी वजह भी सफाई कर्मचारियों की ओर से साफ की जा चुकी है। उनका आरोप है कि वार्डों की सफाई निजी हाथों को देने से स्वार्थ पूरे होते हैं इसीलिए एक सुर से बोर्ड में उसका समर्थन किया गया है। उन्होंने यह भी खुलासा किया कि निजी वार्डों में कौन ठेकेदार कितना काम कराता है और किस-किस को कितना चढ़ावा देता है। इस सबसे बेखबर पूर्व मेयर सुप्रिया ऐरन ने बुधवार को सफाईकर्मियों के धरनास्थल पर भाजपा सरकार को पूंजीपतियों की सरकार बताते हुए कहा कि नगर निगम में भी भाजपा के ही मेयर और पार्षद हैं। इसलिए भाजपा का कोई नेता तो सफाईकर्मियों की मांगों का समर्थन करने से रहा लेकिन सपा पार्षद जरूर उनके साथ खड़े होंगे। उन्होंने सफाईकर्मियों से पूछा कि क्या कोई सपा पार्षद अब तक यहां नहीं आया। कर्मचारियों ने न आने की बात कही तो बोलीं, वह सपा पार्षदों से कहेंगी कि वह धरना सभा में आकर उनकी मांगों का समर्थन करे। उन्होंने कहा कि अब आचार संहिता लगने वाली है। बोर्ड बैठक अब नहीं होनी है। आचार संहिता में नगर आयुक्त को अधिकार है कि इस तरह के प्रस्ताव को लागू न होने दे। सपा पार्षदों को भी ऐसे तानाशाहीपूर्ण प्रस्तावों का पुरजोर विरोध करना चाहिए।

जनता दर्शन में पहुंचे दिव्यांग दंपती हाथों हाथ बना आयुष्मान कार्ड

बरेली, अमृत विचार : स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही की वजह से दिव्यांगों को परेशान होना पड़ रहा है। बुधवार को जिलाधिकारी रविंद्र कुमार के कार्यालय में जनता दर्शन में सुभाषनगर निवासी दिव्यांग विवेक गौड़ अपनी दिव्यांग पत्नी हिमेन वर्मा का आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए पहुंचे। उन्होंने एडीएम प्रशासन दिनेश को पत्र सौंपकर समस्या बताई। एडीएम ने सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह को दिव्यांग दंपती का आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए निर्देश दिए। इसके बाद कुछ ही देर में उनका आयुष्मान कार्ड बन गया। बताया गया कि प्रशासन के सहयोग से विवेक का पहले ही आयुष्मान कार्ड, अन्त्योदय राशन कार्ड बनवाया गया था। अब विवेक की पत्नी का आयुष्मान कार्ड बना है।

दिव्यांग विवेक से बातचीत करते एडीएम प्रशासन दिनेश।

हाथ लगते ही एलएचबी कोच में हो जाती है चेन पुलिंग, अफसर परेशान

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : एलएचबी कोच में चेन पुलिंग सिस्टम यात्रियों के लिए परेशानी का सबब बन गया है। रात में सोते समय यात्री का हाथ इस सिस्टम पर लग जाए तो चेन पुलिंग हो जाती है। महीने में ऐसी चार से पांच घटनाएं हो रही हैं। मंगलवार रात ऐसी घटना लखनऊ मेल में हुई। ट्रेन रुकी तो कंट्रोल से मेसेज पर आरपीएफ की टीम जांच को दौड़ी।

12229 लखनऊ मेल एक्सप्रेस दिल्ली को जा रही थी। कैंट और बरेली जंक्शन के बीच ट्रेन में चेन पुलिंग हो गई। कंट्रोल से मेसेज मिला तो चनहेटी और जंक्शन आरपीएफ की टीम जांच को पहुंची। कोच बी-1 में सिस्टम चेक किया गया। पता चला कि एक यात्री की सीट के ऊपर लगा सिस्टम दबने से चेन पुलिंग हुई है।

यात्री ने बताया कि उसने चेन पुलिंग नहीं की है। सोते समय चेन पुलिंग सिस्टम पर हाथ लग गया। तभी सिस्टम सक्रिय हो गया और ट्रेन रुक गई। यात्री को लिखित में इसका जवाब देना पड़ा। दरअसल, एलएचबी कोच में सामान्य कोचों की तरह चेन पुलिंग सिस्टम नहीं है। यहां ऊपर वाली बर्थ पर सिस्टम लगे हैं। उन पर कवर भी नहीं है। पुराने सिस्टम में चेन को पकड़कर खींचना पड़ता था। नए सिस्टम में हाथ लगने से दबने पर सिस्टम सक्रिय हो जाता है। हालांकि, इज्जतनगर रेल मंडल के जो एलएचबी कोच हैं, उनमें चेन पुलिंग सिस्टम पर प्लास्टिक कवर लगा दिए गए हैं।

- **रात में सोते समय सिस्टम पर यात्री का हाथ लगा तो लखनऊ मेल रुक गई, दौड़ी आरपीएफ**

फरीदपुर में बस अड्डा बंद, अफसरों का दावा- चलाई जा रही हैं बसें

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार: फरीदपुर में बस अड्डे का निर्माण पूरा होने के बाद भी अधिकारी उसका संचालन शुरू नहीं करा सके हैं। बस अड्डे का 1.83 करोड़ की लागत से निर्माण कार्य कराया गया है। वहीं इज्जतनगर में भी बस अड्डे का निर्माण कार्य अब फिर से रुक गया है, जबकि उसका निर्माण कार्य साल 2023 में पूरा कराना था।

फरीदपुर में बस अड्डा पिछले साल ही बनकर तैयार हो गया था। उसे हैंडओवर करने से पहले अधिकारियों ने निरीक्षण किया था तो उसमें कई कमी बताकर उसे ठीक कराने को कहा था। उसके बाद से ही अब तक बस अड्डे पर बसों का संचालन शुरू नहीं हो सका है। अभी फरीदपुर मेन रोड से ही होकर रोडवेज बसें गुजर जाती हैं। यात्रियों को भी सड़क पर खड़े होकर बसों का इंतजार करना पड़ता है। रोडवेज अधिकारियों का कहना है कि फरीदपुर में नए बस अड्डे से बसों का संचालन शुरू कर दिया गया है, जबकि बस अड्डे पर अभी तक स्टाफ को भी तैनात नहीं किया गया है। वहीं परिसर में भी आज तक रोडवेज बसों को खड़ा नहीं किया गया है। बस अड्डा परिसर में एक परिवार रहने लगा है।

इज्जतनगर में भी निर्माण कार्य में हो रही देरी : इज्जतनगर क्षेत्र के मिनी बाईपास रोड पर भी बस अड्डे का निर्माण 2022 में शुरू करा दिया गया था। निर्माण के लिए 16 करोड़ का बजट रखा गया था। जिसे 22 मार्च 2023 निर्माण कार्य पूरा कराने को कहा था, लेकिन बजट के अभाव में अभी काम पूरा नहीं हो सका है।

फरीदपुर में बस अड्डा बनकर हो चुका है तैयार। ● अमृत विचार

- **1.83 करोड़ की लागत से बना है बस अड्डा**

फरीदपुर में बनाए गए बस अड्डे में जो कमियां मिली थी। उन्हें पूरा कराकर बस अड्डे को शुरू करा दिया गया है। -**अरुण कुमार वाजपेई**, एआरएम रुहेलखंड।

256 कंडक्टरों का चयन होली में मिलेगी राहत

बरेली,अमृत विचार : बरेली रीजन में 256 कंडक्टरों का चयन किया गया है। इससे होली पर अधिक बसें चलाने में दिक्कत नहीं होगी। अधिकारी होली पर अस्सी बसें चलाने का दावा कर रहे हैं, ताकि यात्रियों को किसी प्रकार की दिक्कत न हो। पिछले दिनों परिवहन निगम मुख्यालय की तरफ से रोडवेज में संविदा परिचालकों के लिए भर्ती निकाली गई थी। टी एंड एम सर्विसेज कंसल्टिंग प्राइवेट लिमिटेड कंपनी ने संविदा पर 256 कंडेक्टरों का चयन किया है। अब सिर्फ कंडेक्टरों को 15 हजार रुपये का बैंक ड्राफ्ट और शैक्षिक अभिलेख जमा करने बाकी रह गए हैं। इसके बाद उन्हें नियुक्ति पत्र दिया जाएगा।

सपा को एक और झटका लगा देवेंद्र-महेंद्र भी भाजपा में शामिल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार: बसपा सरकार में दो बार बिथरी चैनपुर के ब्लॉक प्रमुख रहे देवेंद्र सिंह ने भी भाई महेंद्र सिंह के साथ सपा छोड़ दी है। उन्होंने बुधवार को लखनऊ में भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली। इससे पहले सपा के पूर्व जिला महासचिव सतेंद्र यादव ने भी पार्टी छोड़ दी थी।

बसपा के कद्दावर नेता रहे दिवंगत वीरेंद्र सिंह के छोटे भाई देवेंद्र 2000 में जिला पंचायत सदस्य, 2005 में ज्येष्ठ उप ब्लॉक प्रमुख, 2009 में डीसीबी के डायरेक्टर और 2010 में बिथरी के निर्विरोध ब्लॉक प्रमुख बने थे। उन्होंने 2006 में बसपा ज्वाइन की। महेंद्र सिंह ने कभी कोई चुनाव नहीं लड़ा। पत्नी नीरू पटेल जरूर 2000 से 2010 तक बिथरी की ब्लॉक प्रमुख, 2010 से 2015 तक जिला पंचायत अध्यक्ष रहीं। अब जिला पंचायत सदस्य है। लखनऊ में प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी और डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक की मौजूदगी में भाजपा में शामिल होने के बाद देवेंद्र सिंह ने कहा कि सपा का मूल ढांचा एक विशेष वर्ग पर अंकित है। भाजपा किसानों के हित में लगातार काम कर रही है।

- **लखनऊ में प्रदेश अध्यक्ष ने दोनों को ग्रहण कराई पार्टी की सदस्यता**

लखनऊ में समर्थकों के साथ देवेंद्र सिंह और महेंद्र सिंह। ● अमृत विचार

बाजार में रौनक | बेकरी वालों ने भी शुरू कर दीं तैयारियां, बाजार में पहुंचने लगे तमाम खाद्य उत्पाद

रमजान के लिए सेंवई, खजला और फेनी से भर गईं दुकानें

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : रमजान को लेकर बाजार में दुकानों पर सेंवई, खजला फेनी को रखना शुरू कर दिया गया है। अन्य बेकरी उत्पादों को भी तैयार किया जा रहा है। जिनकी रमजान में सबसे ज्यादा मांग रहती है।

कुतुबखाना स्थित बेकरी संचालकों के अनुसार रमजान में खजला, फेनी, खोया ब्रेड, सादी ब्रेड, शीरमाल आदि की मांग बढ़ जाती है। लिहाजा, अभी से तैयारी शुरू कर दी गई है। खासतौर तौर से बनारसी सेंवई इस बार बाजार की रौनक बढ़ाएंगी। सहरी में खजला फेनी के अलावा बहुत सारे लोग सेंवई भी खाते हैं। सैलानी में इफ्तार और सहरी में इस्तेमाल होने वाली खानपान की वस्तुओं से दुकानें सज चुकी हैं।

शहर में एक दुकान पर बिक्री के लिए सेंवई के साथ रखे अन्य खाद्य उत्पाद।

अरब की अजवा खजूर की ज्यादा मांग

रमजान में सऊदी अरब से आने वाली अजवा खजूर की सबसे अधिक मांग होती है। शहर में जगह-जगह बाजार में अजवा खजूर अभी से बिकने लगी है। इस खजूर का धार्मिक महत्व भी अधिक होता है। फिलहाल, अजवा खजूर 1200 रुपये प्रतिकिलो बाजार में बिक रही है। इसके अलावा कलमी, कीमिया गोल्ड, रॉयल क्राउन, बरारी, फर्द आदि किस्म की खजूरें बाजार में हैं। कलमी खजूर 700 रुपये प्रतिकिलो और बरारी 450 रुपये प्रतिकिलो के हिसाब से बिक रही है।

रमजान के महीने में खजूरों की बिक्री अधिक हो जाती है। अजवा खजूरों की डिमांड ज्यादा है। 300 रुपये प्रतिकिलो से लेकर 1200 रुपये प्रतिकिलो तक खजूरें बिक रही हैं। -**आजम**, दुकानदार।

खजला फेनी रमजान में सबसे ज्यादा बिकता है, इफ्तार से ज्यादा सहरी में बेकरी उत्पादों का इस्तेमाल होता है। खोया और सादी ब्रेड भी बननी शुरू हो गई हैं। -**मोहम्मद शोबी**, दुकानदार।

रमजान में बेकरी उत्पादों की मांग बढ़ जाती है, लिहाजा रमजान से सप्ताह भर पहले ही तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। -**मोबीन आजाद**, दुकानदार।

अभी रमजान में सप्ताह भर है, लेकिन बेकरी पर खजला फेनी तैयार कराना शुरू कर दिया है। इसके अलावा कई किस्म की ब्रेड तैयार करा रहे हैं। -**फहीम**, बेकरी संचालक।

सार संक्षेप

शिविर में 83 महादानियों ने किया रक्तदान

बरेली, अमृत विचार : नाथ महोत्सव के उपलक्ष्य में आईएमए ने बुधवार को रक्तदान शिविर आयोजित किया, जिसमें 83 लोगों ने रक्तदान किया। आईएमए भवन में लगे शिविर में 50 मरीजों को निशुल्क चिकित्सकीय परामर्श भी दिया गया। वहीं आवश्यक दवाओं का वितरण भी किया गया। आईएमए के अध्यक्ष डॉ. राजीव गोयल सचिव डॉ. गौरव गर्ग, कोषाध्यक्ष डॉ. निकुंज गोयल, डॉ. हिमांशु अग्रवाल, डॉ. विमल भारद्वाज, डॉ. विनोद पगरानी, डॉ. प्रमेन्द्र माहेश्वरी, डॉ. अंजू उप्पल, डॉ. जेपी सेठी, डॉ. पारुल प्रिया, सौरभ अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

फार्मेसी के छात्रों ने गार्डन में रोपे औषधीय पौधे

बरेली, अमृत विचार : बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के बीआईयू कॉलेज ऑफ फार्मेसी के छात्रों और शिक्षकों ने फार्मेसी शिक्षा के जनक प्रो. महादेव लाल श्रॉफ की जयंती पर कॉलेज कैंपस के मेडिसिनल गार्डन में 40 से 50 औषधीय पौधे रोपे। कार्यक्रम का संचालन करते हुए प्रो. डॉ. शैलेंद्र कुमार वर्मा ने प्रो. महादेव लाल श्रॉफ के जीवन और उनके द्वारा फार्मेसी क्षेत्र में किए गए कार्यों के संबंध में छात्रों को जानकारी दी। बताया कि उन्होंने देश के विभिन्न विश्वविद्यालय में फार्मेसी शिक्षा को प्रारंभ करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। प्रो. श्रॉफ फार्मेसी काउंसिल आफ इंडिया के प्रथम अध्यक्ष भी रहे। यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार डॉ. सुशील कुमार ठाकुर ने राष्ट्रीय नई शिक्षा नीति 2020 पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में प्रो. डॉ संजीव सैनी, एसोसिएट प्रो. पारस कुमार सहित शिक्षक कर्मचारी, बी फार्मा, डी फार्म एवं पैरामेडिकल के विद्यार्थी शामिल हुए। प्राचार्य डॉ. पुष्पेंद्र कन्नौजिया ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए छात्रों एवं फैकल्टी की सराहना की। इस अवसर पर यूनिवर्सिटी की कुलपति डॉ. लता अग्रवाल ने सभी को बधाई दी।

स्कूल प्रबंधन ने पेश की छात्रा के प्रति सहानुभूति की मिसाल

बरेली, अमृत विचार : बोर्ड परीक्षा से छात्र किसी भी दशा में वंचित न हों, इसके लिए स्कूल प्रबंधन भी हर संभव प्रयास कर रहे हैं। बुधवार को पुराना शहर स्थित जवाहर मेमोरियल बालिका इंटर कॉलेज में पहली पाली में हाईस्कूल की कला की परीक्षा थी। उपस्थिति के दौरान शिक्षकों को पता चला कि छात्रा आरजू नूर नहीं आई है। इसपर केंद्र व्यवस्थापिका यास्मीन परवीन ने तत्काल छात्रा के परिजनों से संपर्क किया। इस दौरान पता चला कि छात्रा निजी अस्पताल में भर्ती है। कुछ देर बाद परिजन अस्पताल से छात्रा को लेकर केंद्र पर पहुंचे। केंद्र व्यवस्थापिका, स्टेटिक मजिस्ट्रेट आदि अधिकारी छात्रा को उसके लिए बिछाई गई चारपाई तक ले आए। शाहिद, सबिहा अजीज, रश्मि, दिलशाद, शमीना परवीन, सुहाना परवीन, फरीद वारसी मौजूद रहे।

आवासीय खेलों के लिए चार खिलाड़ी चयनित

बरेली, अमृत विचार : खेल निदेशालय के निर्देश पर बुधवार को क्षेत्रीय खेल कार्यालय में आवासीय क्रीड़ा छात्रावासों में प्रवेश के लिए जनपद स्तरीय ट्रायल हुआ। इसमें क्रिकेट में दो और तीरंदाजी में दो खिलाड़ियों का चयन हुआ। इसके अलावा कबड्डी, बास्केटबॉल, एथलेक्टिस, बॉक्सिंग, जूडो और हैंडबॉल में खिलाड़ी अनुपस्थति रहे। तीरंदाजी में मंडल स्तरीय ट्रायल भी हुए। प्रतियोगिता में उपक्रीड़ा अधिकारी शमीम अहमद, कमलकिशोर, अविनाश कुमार, समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

आईवीआरआई में महिला नेतृत्व थीम पर पोस्टर प्रतियोगिता

बरेली, अमृत विचार : आईवीआरआई में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कृषि में महिला नेतृत्व थीम पर पोस्टर प्रतियोगिता हुई। भैषज्य एवं विष विज्ञान के व्याख्यान सभागार में हुई प्रतियोगिता में बीवीएससी और एएच, एमवीएससी और पीएचडी के सात छात्रों ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. मीमांशा शर्मा और डॉ. अनीशा ने किया। भैषज्य एवं विष विज्ञान विभाग की डॉ. शुभाश्री परिडा, पशु पोषण विभाग की डॉ. अंजू काला ने निर्णायक की भूमिका निभाई।

फर्जीवाड़े की जांच के लिए सात सदस्यीय समिति बनाई गेट से कैफे हटाने के लिए नगर आयुक्त को लिखा पत्र

शक: कॉलेज के पूर्वी गेट पर चल रहे कैफे से ही हुआ खेल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : बरेली कॉलेज में रुहेलखंड विश्वविद्यालय की मुख्य परीक्षा के प्राइवेट फार्म जमा करने के खेल की जांच के लिए प्राचार्य प्रो. ओपी राय ने प्रो. रीना अग्रवाल के नेतृत्व में सात सदस्यीय जांच समिति बनाई है। पूर्वी गेट से कैफे हटाने के लिए भी नगर आयुक्त को पत्र लिखा है।

प्राचार्य ने जांच समिति में प्रो. रीना अग्रवाल को समन्वयक, प्रो. आलोक खरे, प्रो. राजेंद्र सिंह, डॉ. दयाराम गंगवार, डॉ. ओमकार, ओएस पंकज अग्रवाल और मनोज सिंह को सदस्य बनाया है। कॉलेज में अब तक करीब 14 हजार परीक्षा फार्म जमा किए जा चुके हैं। मंगलवार को दो सौ और बुधवार को 120 फार्म भरे गए। दोनों दिनों में सौ-सौ फार्म पुराने भरे गए। वहीं कॉलेज ने वेबसाइट से मिलान शुरू कर दिया है, जिसमें अब तक कुछ ही फार्म गलत तरीके से जमा किए हुए मिले हैं। अब जांच समिति कॉलेज में अब तक जमा किए फार्म और विश्वविद्यालय में फारवर्ड किए गए फार्म की संख्या का मिलान किया जाएगा। जो फार्म गलत माने जाएंगे, उन छात्रों को परीक्षा देने से वंचित किया जाएगा।

बरेली कॉलेज के पूर्वी गेट पर बंद पड़े कैफे। ● अमृत विचार

कैफे वालों का आपस में हो चुका है झगड़ा

कॉलेज के पूर्वी गेट पर चल रहे साइबर कैफे से फर्जीवाड़े का खेल हुआ है। इससे पहले प्रवेश के दौरान भी खेल सामने आए थे। दो कैफे वाले आपस में झगड़ा भी कर चुके हैं। अब प्राचार्य प्रो. ओपी राय ने नगर आयुक्त को पत्र लिखकर दोनों कैफे को हटवाने को कहा है। इसकी कॉपी डीएम और एसएसपी को भी भेजी गई है। फिलहाल दोनों कैफे अभी बंद हैं।

छात्र को पुलिस ने भेजा जेल

बरेली कॉलेज में फर्जी तरीके से प्राइवेट फार्म जमा करने के मामले में पकड़े गए छात्र नितिन को पुलिस ने बुधवार को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस उसके साथी कैफे संचालक की तलाश कर रही है। पुलिस जानकारी जुटा रही है कि इस मामले में कैफे संचालक के अलावा और कितने लोगों के तार नितिन से जुड़े हैं।

फार्म पहले ही जमा हो गया था, विषय संशोधन में पकड़ा

कॉलेज सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार 4 मार्च को आकाश सिंह और पवन गौतम बरेली कॉलेज में फार्म जमा करने वाले काउंटर पर पहुंचे। उन्होंने कर्मचारी राजकुमार गुप्ता से कहा कि उसके फार्म में गलत विषय भर गए हैं, जिसे उसे परिवर्तित कराना है। उसने कमरा नंबर पांच के बारे में पूछा। इस पर उन्होंने रसीद दिखाने के लिए कहा तो शक हुआ। उन्होंने मनोज सिंह को सूचना दी। दोनों ने देखा कि रसीद पर कर्मचारी प्रवीन कुमार के हस्ताक्षर हैं। इस पर एजेंसी से पता किया गया कि क्या प्रवीन कुमार की आईडी चल रही है लेकिन कोई आईडी नहीं चल रही थी। यही नहीं प्रवीन कुमार कई महीने से ड्यूटी पर ही नहीं आ रहे हैं। इसके अलावा रसीद का रंग भी अलग था। इस पर प्राचार्य प्रो. ओपी राय और चीफ प्रॉक्टर को सूचना दी गई। दोनों छात्रों को ले जाया गया। यहां पर दोनों छात्रों ने बताया कि उनका फार्म नितिन ने जमा किया था। इस पर पंकज अग्रवाल ने फोन कर नितिन को बुलाया। इसके बाद उससे पूछताछ की गई तो उसने 10 से 12 फार्म जमा करने और इसके बदले में 50 रुपये फार्म मिलने के बारे में जानकारी दी। इसके बाद पुलिस को जानकारी दी। पुलिस पूछताछ में उसने बताया कि उसने विद्यार्थी परिषद के निखिल का नाम बताया। निखिल कॉलेज के पूर्वी गेट पर कैफे चला रहा था।

स्मार्टफोन वितरण की फर्जी सूचना वायरल

बरेली, अमृत विचार : बरेली कॉलेज में फर्जी तरीके से प्राइवेट परीक्षा फार्म जमा करने के बाद अब स्मार्टफोन वितरण की फर्जी सूचना वायरल हो गई, हालांकि इस सूचना पर किसी अधिकारी का नाम और हस्ताक्षर नहीं हैं। सूची देखकर छात्र इसके बारे में पता करने लगे। नोडल अधिकारी प्रो. राजेंद्र सिंह ने भी इसे फर्जी बताया है और कहा कि छात्र कॉलेज की वेबसाइट पर जारी सूचना को ही सही मानें। समाजवादी छात्र नेता रवि पंडित ने फर्जी पत्र वायरल होने की शिकायत प्रो. राजेंद्र सिंह से की। फर्जी पत्र में बीए और बीएससी अंतिम वर्ष के छात्रों के स्मार्टफोन 7, 9 और 11 मार्च को वितरण का कार्यक्रम लिखा हुआ था।

वेदों के जल और यज्ञ विज्ञान को जानने की जरूरत

बरेली, अमृत विचार : बिहारीपुर स्थित आर्यसमाज मंदिर में 141 वां वार्षिकोत्सव और ऋषिबोधोत्सव शुरू हो गया है। बुधवार को कार्यक्रम में आचार्य सुरेश जोशी ने कहा कि आकाश, वायु, जल, अग्नि और पृथ्वी, यह पांच तत्व परमात्मा ने जीव कल्याण के लिए बनाए हैं। सभी पदार्थों का लाभ मानव को प्राप्त हो सके, इसके लिए वेदों में यज्ञ विज्ञान का वर्णन है। वैदिक यज्ञों में प्रतिदिन आचमन से जल विज्ञान को बताया जाता है।

अंग्रेजी दवाओं पर प्रतिवर्ष लगभग 70 हजार करोड़ रुपये राष्ट्र का स्वास्थ्य के नाम पर खर्च होता है। यदि हम वेदों के जल विज्ञान के साथ यज्ञ विज्ञान का प्रयोग करना सीख जाएं तब इस धन का सदुपयोग राष्ट्र निर्माण के लिए किया जा सकता है।

प्रधान सुशील अग्रवाल ने कहा कि वेदों में वर्णित जल, अग्नि और वायु विज्ञान विषय पर आर्य समाज मंदिर में 10 मार्च तक वैदिक विद्वान विचार रखेंगे। योग गुरु मीना, आचार्य ओंकार, आदेश रस्तोगी आदि मौजूद रहे।

रुविवि के छात्रावास में सुविधाएं न मिलने पर छात्रों ने किया प्रदर्शन

रुहेलखंड विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन में विरोध प्रदर्शन करते छात्र।

बरेली, अमृत विचार : रुहेलखंड विश्वविद्यालय के पीजी एवं शोध छात्रावास के छात्रों ने बुधवार को प्रशासनिक भवन में विरोध प्रदर्शन किया। छात्रों ने आरोप लगाया कि छात्रावास में सुविधाएं नहीं मिल रही हैं। छात्रों ने कुलपति प्रो. केपी सिंह से समस्याओं के समाधान की मांग की है। छात्रों का कहना है कि चार महीने से वार्डन से कुर्सी के लिए कहा गया लेकिन अभी तक नहीं आईं। एक भी वाटर कूलर सही नहीं है। दो वाटर कूलरों की मांग की गई जो पूरी नहीं हुई। खराब पानी पीने से छात्र बीमार हो रहे हैं। वार्डन का छात्रों से व्यवहार भी ठीक नहीं है। छात्रावास की सुरक्षा भी सही नहीं है। आए दिन बाहरी छात्र प्रवेश कर जाते हैं।

ऑनलाइन कार्यों के का प्राथमिक शिक्षक संघ करेगा विरोध

बरेली, अमृत विचार : शिक्षकों पर ऑनलाइन कार्यों के लिए लगातार दबाव बनाने से यूपी प्राथमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारियों में रोष है। बुधवार को जिलाध्यक्ष नरेश गंगवार ने बताया कि शिक्षकों को पहले ही कई ऑनलाइन कार्यों की जिम्मेदारी दी गई है। अब अनावश्यक रूप से टेबलेट के माध्यम से ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज कराने का दबाव बनाया जा रहा है। शिक्षकों पर शिक्षा के अलावा कई अन्य कार्य भी आए दिन उन्हें सौंप दिया जाते हैं। शिक्षकों को सिम और इंटरनेट सुविधा या मद भी नहीं दिया गया है। बताया कि गुरुवार को विशाल प्रदर्शन कर बीएसए को ज्ञापन सौंपा जाएगा। मांडलिक मंत्री केसी पटेल ने बताया कि सरकार ने शिक्षकों की समस्याएं निपटाने की जगह बढ़ाने का कार्य किया है।

मुख्यमंत्री ने दिया था नकलमुक्त परीक्षा कराने का निर्देश, अफसरों ने पानी फेरा

कार्यालय संवाददाता,बरेली

- कोई कार्रवाई नहीं हुई, विद्यार्थियों से लिखवा लिए शपथपत्र
- सारांश कॉलेज के खिलाफ खुद डीआईओएस ने बनाई थी रिपोर्ट

अमृत विचार : आंवला के एक परीक्षा केंद्र पर नकल के आरोप लगाने के बाद केंद्र व्यवस्थापक पर कार्रवाई के नाम पर सिर्फ खानापूरी की गई, जबकि डीआईओएस की जांच रिपोर्ट में हार्ड ड्राइव से डाटा डिलीट होने और आदेश पंजिका में दो फरवरी का अंतिम आदेश पाए जाने सहित कई गंभीर कमियां पाई गई थीं। आरोप है कि दो दिन में ही केंद्र व्यवस्थापक ने विद्यार्थियों से शपथ पत्र लिखवा लिए।

29 फरवरी को आंवला के सेंधा स्थित सारांश उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में नकल कराने का आरोप लगा था। अमृत विचार ने मामले को प्रमुखता से उठाया था। प्रकरण में केंद्र व्यवस्थापक को केंद्र से सिर्फ हटाने की कार्रवाई की गई थी। वहीं, स्कूल के केंद्र व्यवस्थापक सारांश गुप्ता ने आरोपों को निराधार बताते हुए डीआईओएस के सामने अपना पक्ष रखा था। आरोप है कि केंद्र पर कक्ष निरीक्षक छात्राओं को बोल - बोल कर नकल करा रही थीं। इसका छात्रों ने विरोध कर उन्हें भी बताने कहा। कक्षा में नकल की शिकायत प्रधानाचार्य सारांश गुप्ता से करने पहुंचे छात्रों को पीटने का आरोप लगा था। मामले की शिकायत एसडीएम आंवला से की गई थी। शिकायत के दो दिन बाद ही सारांश गुप्ता ने बताया कि छात्रों का शपथ पत्र बनवा लिया है। जिसमें छात्रों ने दूसरे के कहने पर शिकायत करने की बात की है।

स्टेटिक मजिस्ट्रेट की जांच पर जेडी करेंगे कार्रवाई

इस मामले में संयुक्त शिक्षा निदेशक राकेश कुमार का कहना है कि परीक्षा केंद्र पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए हैं। उनकी जांच रिपोर्ट के आधार पर केंद्र व्यवस्थापक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

पर्याप्त मिले थे साक्ष्य

डीआईओएस की ओर से जारी रिपोर्ट के अनुसार 29 फरवरी को परीक्षा की सीसीटीवी कैमरे की रिकार्डिंग जांच के दौरान अधिकारियों को नहीं मिली थी। वह डिलीट पाई गई। इससे स्पष्ट है कि परीक्षा की सूचिता को प्रभावित किया गया। जांच में पाया गया कि उसी दिन विज्ञान की परीक्षा में उसी स्कूल के विज्ञान और गणित विषय के ही शिक्षकों को ड्यूटी पर लगाया गया है। केंद्र व्यवस्थापक ने अधिकारियों को सत्यता से अवगत कराने के बजाय उन्हें गुमराह किया।

डिबार होगा परीक्षा केंद्र

पर्याप्त साक्ष्य होने के बाद भी अफसर केंद्र व्यवस्थापक पर सख्त कार्रवाई करने से बच रहे हैं। डीआईओएस देवकी सिंह का कहना है कि केंद्र व्यवस्थापक के विरुद्ध कोई ऐसी धारा नहीं बन रही, जिसके आधार पर आपराधिक मुकदमा दर्ज कराया जा सके। मामले में परीक्षा केंद्र को डिबार घोषित करने की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल, केंद्र व्यवस्थापक सारांश गुप्ता को हटाकर दूसरा केंद्र व्यवस्थापक नियुक्त कर दिया गया है।

श्रीराममूर्ति मेमोरियल टी-20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट आठ से

बरेली, अमृत विचार : एसआरएमएस ट्रस्ट की ओर से श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी-20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट का दूसरा सीजन आठ मार्च से शुरू होगा। इसका फाइनल मैच 18 मार्च को खेला जाएगा।

ट्रस्ट के सेक्रेटरी आदित्य मूर्ति ने बताया कि एसआरएमएस इंजीनियरिंग कॉलेज स्थित क्रिकेट स्टेडियम में होने वाले टूर्नामेंट में टीमों की संख्या बढ़कर 12 हो गई है। इस बार विजेता टीम 51 हजार, रनरअप को 31 हजार रुपये के साथ ट्राफी प्रदान की जाएगी। मैन ऑफ द सीरीज खिलाड़ी को 5100 रुपये और फाइनल मैच में मैन ऑफ द मैच को 1100 का पुरस्कार मिलेगा। टूर्नामेंट में तीन-तीन टीमों के चार ग्रुप बनाए गए हैं। सभी टीमों को 2-2 मैच खेलने होंगे। क्वार्टर फाइनल मैच 14 और 15 मार्च को होंगे। दोनों सेमी फाइनल 16 मार्च और फाइनल 18 मार्च को होगा।

हर माह 40 से 50 महिलाएं यौन रोगों से ग्रसित मिल रहीं

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- जिला महिला अस्पताल की सुरक्षा क्लिनिक में बढ़ रही मरीजों की संख्या

अमृत विचार : अनियमित खानपान सेहत पर गंभीर असर डाल रहा है। इस वजह से महिलाएं और किशोरियां यौन संबंधी रोगों की चपेट में आ रही हैं। जिला महिला अस्पताल में सुरक्षा क्लिनिक पर महिला मरीजों की संख्या बढ़ रही है। हर महीने 40 से 50 रोगी एसटीआई यानी यौन संचारित संक्रमण से ग्रसित मिल रही हैं।

सुरक्षा क्लीनिक में तैनात एसटीआई काउंसलर डॉ. विवेक उपाध्याय के अनुसार महिलाओं में सबसे अधिक लिकोरिया और कमर के नीचे दर्द और किशोरियों में कम उम्र में मासिक धर्म के आने की समस्या सामने आ रही है। ऐसे मरीजों की काउंसिलिंग के साथ इलाज दिया जा रहा है। क्लिनिक पर 11 प्रकार के यौन रोगों का इलाज मिलता है। यहां पुरुष और महिलाएं दोनों ही परामर्श ले सकते हैं।

बताया कि ग्रामीण महिलाएं आज भी अस्पतालों में नहीं आती हैं। जब तक कि उन्हें गंभीर समस्या न हो, यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य जैसे विषयों पर किशोरी और महिलाएं बात ही नहीं करती हैं।

अगर यह लक्षण हों तो तुरंत कराएं जांच

जननांग में दर्द, सूजन, खुजली, अल्सर, छाले, जलन जैसे लक्षण हों तो तुरंत अस्पताल में जांच कराएं। इसमें किसी तरह की लापरवाही न बरतें।

फाइनल में पहुंचीं यंत्रालय और लोको शेड की टीमें

बरेली, अमृत विचार : पूर्वोत्तर रेलवे क्रीड़ा संघ इज्जतनगर मंडल की ओर से रेलवे स्पोर्ट्स स्टेडियम में अंतर विभागीय खेलकूद प्रतियोगिता के चौथे दिन वालीबॉल प्रतियोगिता का सेमी फाइनल यंत्रालय और इंजीनियरिंग विभाग की टीमों के बीच खेला गया। जिसमें यंत्रालय की टीम ने जीत दर्ज कर फाइनल में प्रवेश किया। दूसरा सेमी फाइनल लेखा और लोको शेड विभाग के टीमों के बीच खेला गया, जिसमें लोको शेड की टीम ने जीत दर्ज कर फाइनल में प्रवेश किया। वहीं क्रिकेट प्रतियोगिता का पहला मुकाबला विद्युत और भण्डार विभाग के बीच खेला गया, जिसमें विद्युत ने भंडार विभाग को 138 रनों से पराजित किया। दूसरे मैच में आरपीएफ ने सिग्नल विभाग को, तीसरे मैच में कैरिज एवं वैगन ने लेखा को हराया।

शोभायात्रा में शस्त्र का न करें प्रदर्शन आहत करने वाले गाने भी न बजाएं

कलेक्ट्रेट सभागार में पीस कमेटी की बैठक करते जिलाधिकारी और एसएसपी।

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- महाशिवरात्रि को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए डीएम ने पीस कमेटी की बैठक की
- सड़क के एक किनारे से निकलेगी शोभायात्रा, मार्गों पर मीट और शराब के बिक्री पर रहेगी रोक

अमृत विचार : महाशिवरात्रि पर शोभायात्रा में शस्त्रों के प्रदर्शन पर रोक रहेगी। इसके अलावा आहत करने वाले गाने भी डीजे पर नहीं बजाए जाएंगे। यातायात बाधित न हो, इसके लिए यात्रा को सड़क के एक किनारे से ही निकाला जाएगा। ये निर्देश बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने पीस कमेटी के सदस्यों के साथ बैठक में कही।

जिलाधिकारी ने कहा कि प्रशासन पर्व को शांति और सौहार्दपूर्ण तरीके से संपन्न कराएगा। माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। शुक्रवार को जुमा है और शिवरात्रि पर शोभायात्रा भी निकलेंगी। इसलिए समन्वय बनाकर अलग-अलग समय में कराएं।उन्होंने कहा कि उन जगहों पर ज्यादा सतर्कता और चौकसी बरतें, जहां पर मस्जिद के पास से शोभायात्रा निकलती हैं। उन्होंने महाशिवरात्रि के दिन शोभायात्रा के मार्गों पर मांस-मदिरा की दुकानें बंद रखने के आदेश दिए। सेतु निगम के अफसरों से कहा कि कुतुबखाना पुल पर स्थान चिह्नित कर वहां पर काम बंद रखें। एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान ने पूछा कि शोभायात्रा के रूटों के लेकर समस्या हो तो अभी बता दें और आयोजक अपनी जिम्मेदारी को समझें। पीस कमेटी और सिविल डिफेंस के लोगों को प्रमुख चौराहों पर तैनात करने के लिए कहा।

कोई नई परंपरा न डालें। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर कोई गलत बयानबाजी करता है तो लोग सड़कों पर आने के बजाय पुलिस में शिकायत करें। चौकी इंचार्जों से कहा कि आयोजकों से बात करके डीजे की लंबाई, चौड़ाई मानक के अनुरूप रखने के लिए कहें। नगर आयुक्त निधि गुप्ता वत्स, एडीएम प्रशासन दिनेश, एडीएम सिटी सौरभ दुबे, सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट राजीव कुमार शुक्ला, एसपी देहात मुकेश चंद्र मिश्र, एसपी ट्रैफिक शिवराज सिंह, एसीएम मौजूद रहे।

अत्याधुनिक आर्थोपेडिक्स मॉडयूलर ओटी का उद्घाटन, मरीजों को मिलेगी सुविधा

कार्यालय संवाददाता,बरेली

मॉड्यूलर ओटी का उद्घाटन करते कुलाधिपति डॉ. केशव और कुलपति डॉ. लता अग्रवाल

- बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हास्पिटल के आर्थोपेडिक्स ऑपरेशन थिएटर को किया अपग्रेड

अमृत विचार : बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हास्पिटल के आर्थोपेडिक्स ऑपरेशन थिएटर को अत्याधुनिक एडवांस्ड मॉडयूलर ओटी में अपग्रेड कर दिया गया है। जिसका उद्घाटन बुधवार को बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति डॉ. केशव कुमार अग्रवाल और कुलपति डॉ. लत्ता अग्रवाल ने किया।

यह विश्व स्तरीय मॉड्यूलर ओटी है, जो कि नेशनल एक्रिडेशन बोर्ड फॉर हॉस्पिटल एंड हेल्थ केयर के अनुरूप है, यह विभिन्न प्रकार की अत्याधुनिक सेवाओं से लैस है। इसके अंतर्गत यह स्वतः ओटी के भीतर का तापमान स्वचालित रखेगी।

यह रोबोटिक सर्जरी के साथ अन्य आधुनिक सेवाओं से युक्त है। इसमें एक हेपाफिल्ट्रेशन सिस्टम लगा है, जिसका कार्य ओटी के भीतर की हवा को 99.97 प्रतिशत शुद्ध करना है। ऑपरेशन थिएटर का अपग्रेडेशन इंजीनियर राहुल गुप्ता और वरिष्ठ आर्थोपेडिक्स सर्जन डॉ. वरुण कुमार अग्रवाल के नेतृत्व में किया गया। अत्याधुनिक सुविधाओं से मरीजों को सहूलियत मिलेगी। संस्थान के प्रधानाचार्य डॉ. दिग्विजय सिंह, डिप्टी एमएस डॉ. अभिनव श्रीवास्तव, प्रशासनिक अधिकारी डॉ. फैज शम्सी, एनएस पूनम आजाद सहित ओटी स्टाफ उपस्थित रहा।

नाथ महोत्सव : शंकरा ओ शंकरा पर झूमे भक्त

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : नाथ महोत्सव के उपलक्ष्य में बुधवार को बरेली कॉलेज के मैदान पर सनातन संस्कृति के कार्यक्रम में कलाकारों के भजनों को सुनकर शिव भक्त झूमने को मजबूर हो गए।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के महानगर प्रचार प्रमुख विकास सक्सेना ने बताया कि डीजे आधारित पाश्चात्य संगीत के कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले सुपर साइकोज ने नाथ महोत्सव को लेकर कार्यक्रमों का स्वरूप बदला, जिसके बाद सनातन संस्कृति पर आधारित कार्यक्रमों किए गए। सुपर साइकोस का पहला कार्यक्रम अंत ही प्रारंभ है शीर्षक पर हुआ। कलाकारों ने शंकरा ओ शंकरा, होली खेले भजनों पर शानदार प्रस्तुत दी।

बरेली कॉलेज में नाथ महोत्सव में सुपर साइको बैंड के कलाकार। ● अमृत विचार

वहीं, हिंदू जागरण मंच के तत्वावधान में आनंद आश्रम में भजन संध्या में काजल ग्रुप के गायकों की प्रस्तुति दी। विभाग प्रचारक धर्मेंद्र भारत, सह प्रांत कार्यवाह राजपाल सिंह, महानगर प्रचारक मयंक साधु, सह महानगर कार्यवाहक आलोक प्रकाश, महापौर डॉ. उमेश गौतम, बरेली कॉलेज के प्राचार्य प्रो. ओपी राय, हिंदू जागरण मंच के प्रदेश अध्यक्ष गोपाल, सह संयोजक नितेश कपूर, महानगर अध्यक्ष दुर्गेश, नवीन अग्रवाल, सुदेश अग्रवाल, नरोत्तम दास, गोपाल शर्मा, संजय शर्मा, रंजन दीक्षित, लोकेंद्र सिंह तोमर और राकेश भारती मौजूद रहे।

महाशिवरात्रि से पहले शिवमय होगी नगरी आज हजारों भक्त बजाएंगे डमरू

बृहस्पतिवार की शाम को बरेली कॉलेज में शाम 5 :30 बजे शिव तांडव स्तोत्र पर हजारों शिव भक्त डमरू का वादन करेंगे। संघ ने इसकी तैयारी पूरी कर ली है। कार्यक्रम की शुरुआत दोपहर साढ़े तीन बजे से होगी।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पर्यटन मंत्री एवं जिले के प्रभारी जयवीर सिंह शामिल हो सकते हैं। प्रांत प्रचारक डॉ. हरीश रौतेला मुख्य अतिथि शामिल होंगे। महानगर प्रचार प्रमुख विकास सक्सेना ने अधिक से अधिक लोगों से इसमें शामिल होने के लिए कहा है।

अम्बा हैल्थ क्लीनिक



डा.आर.एस.सिंह
B.A.M.S.F.R.H.S. (आयुर्वेदाचार्य)
स्वास्थ्य एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
● रजि. भारतीय चिकित्सा परिषद, उत्तर प्रदेश द्वारा मान्यता प्राप्त
● 27 सालों से स्वास्थ्य एवं गुप्त रोगों का चिकित्सा अनुभव

पतले दुबले, गाल पिचके व कमजोर स्त्री/पुरूष तंदरूस्ती प्राप्त करें।
मोटे होने का रामवाण इलाज

विशेष चिकित्सा:- ●भूख न लगना ● कब्ज ●अपच ●गैस ● खाने के बाद शौचालय जाना ● शारीरिक अंगों का विकास रूकना ● पुलिस फोर्स एवं फिल्मों में आदि में भर्ती में नाप-तोल में कमी होना ● 3 से 4 इंच कद लम्बा करें। ● बच्चों का बिस्तर में पेशाब करना मोटे व थुल-थुले व्यक्ति वजन कम करें। ● कील, मुंहासे, झाइयां, सफेद दाग दूर करें सावलांपन हटायें और सुन्दर बनें। ●बालो का झड़ना व टूटना एवं सफेद होना व गंजापन दूर करें। ●खूनी व वादी बवासीर का रामबाण इलाज।

शराबी को बिना लाये, बिना बताये शराब व अन्य नशा छुड़ायें।

सैक्स समस्याऐं
छिपाएं नहीं बताएं या मिलें
स्वप्नदोष, शीघ्रपतन, मर्दाना कमजोरी
● शुरू से लाभ, 40 से 80 दिनों में इलाज सम्भव।
● हस्तमैथुन व धात जाने से नसों में खराबी।
● इन्द्री का ढ़ीलापन, पतलापन, छोटापन दूर करें।
● वीर्य में शुक्राणु निल होना या कम होना।
● ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसौली होना।
● योनि का ढ़ीलापन होना व सैक्स इच्छा कम होना।
● मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र पहले बन्द होना।
Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें।

गलत फिल्में देखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें।

10 से 21 वर्ष शादी से पहले जिन बच्चों की इन्द्री का छोटापन, पतलापन, मोटापन का रामबाण इलाज के लिए उन माता-पिता से निवेदन है कि अवश्य मिलें। कहीं ऐसा न हो कि शादी के बाद पछताना पड़े। (25 वर्षों का अनुभव)

विज्ञापन साथ लाने पर मेडिसिन पर 10% की विशेष छूट

मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक

दिनांक:- 10 मार्च 2024, रविवार
24 मार्च 2024, रविवार

निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली

9837069463
7599211076

आखिर कब तक शर्माते रहोगे

हर उम्र में जबरदस्त
ताकत व रुकावट प्राप्त करें
शीघ्रपतन, शुक्राणुओं की कमी
बवासीर, शुगर व निःसंतान
रोगी मिलें

मैं नीरज कुमार, आंवला निवासी हूं मैंने बचपन में अपने हाथों से अपना जीवन खराब कर लिया था काफी जगह ईलाज कराया परन्तु कोई फायदा नहीं हुआ फिर मेरे दोस्त ने डा. शेख के बारे में बताया वहां मैंने 40 दिन ईलाज कराया आज मैं पूरी तरह अपने वैवाहिक जीवन का आनंद उठा रहा हूं अगर आप भी नामर्दी, घात, स्वप्नदोष, शीघ्रपतन जैसी बिमारियों से परेशान हैं तो डाक्टर शेख से मिलकर बिमारियों से छुटकारा पायें।

मैं अकील खान, शाहजहांपुर निवासी हूं मुझे शीघ्रपतन की बिमारी थी। काफी नीम हकीमों से ईलाज कराया परन्तु कोई फायदा नहीं हुआ मैं इस बिमारी के कारण अपनी घरवाली से भी आंख नहीं मिला पाता था। क्योंकि सेक्स के समय मेरा वीर्य एक या दो मिनट में ही निकल जाता था जिस कारण घरवाली संतुष्ट नहीं हो पाती थी। फिर मैंने डा.शेख से सम्पर्क किया आज मैं पूरी तरीके से ठीक हूं मेरा टाईम तकरीबन 15 से 20 मिनट बढ गया है।

मैं सतीस, उम्र 55 साल है मैं पीलीभीत निवासी हूं मुझे डायबिटीज है। डायबिटीज के कारण मेरा सेक्स पूरी तरह से खत्म हो गया था काफी ईलाज कराया कोई फायदा नहीं हुआ फिर मैं डा. शेख से मिला। डा.शेख ने शुगर के साथ मुझे मर्दाना कमजोरी की दवा भी दी। आज मेरी शुगर भी कंट्रोल है और मर्दाना ताकत भी पुनः वापस आ गई है। आज मैं फिर से जवान हो गया हूं।

मैं समीर, उम्र 35 साल है मैं रामपुर निवासी हूं मेरी शादी को 10 साल हो गये थे। मेरे वीर्य के अंदर शुक्राणुओं की संख्या बहुत कम थी जिसके कारण मैं पिता नहीं बन पा रहा था। बडे बडे अस्पताल वाले आईवीएफ (IVF) की सलाह दे रहे थे। फिर मैंने डा.शेख से सम्पर्क किया। डा.शेख ने मुझे 3 महीने का ईलाज दिया जिससे मेरे शुक्राणु 60 प्रतिशत हो गये और 2 महीने के बाद मेरी पत्नी गर्भवती हो गई। मैं डा.शेख का धन्यवाद करता हूं और आप लोगों से अपील करता हूं कि यदि आपके वीर्य में भी शुक्राणुओं की संख्या कम है तो डा. शेख से सम्पर्क करें।

मैं पूनम कुमारी, उम्र 25 साल है मैं बरेली की निवासी हूं मुझे सफेद पानी की काफी दिनों से शिकायत थी। ल्यूकोरिया की वजह से मेरी कमर व पैरों में दर्द रहता था मेरा वजन कम हो रहा था। मेरे चेहरे से रंगत जा रही थी मैं काफी ईलाज करा कर थक चूकी थी। फिर मैंने डा.शेख द्वारा निर्मित एल-7 कैप्सूल का उपयोग किया और साथ ही वी-16 पाउडर से गुप्तांग की सफाई की। जिससे मेरा सफेद पानी आना पूरी तरह से बंद हो गया और वेजाईना टाईट हो गया।

क्या आप यौन समस्याओं से परेशान हैं और इधर उधर ईलाज कराकर थक चूके हैं और इन बिमारियों को लाईलाज समझ चूके हैं जैसे नामर्दी, धात, शीघ्रपतन, शुक्राणुओं की कमी, माहवारी का कम या ज्यादा आना, स्तनों का बैडोल होना, जोडों का दर्द, शुगर, पेट रोग, किडनी रोग, हृदय रोग, निःसंतान दम्पति डा. शेख से सम्पर्क करें। डा. शेख के नाम से हिन्दुस्तान में 50 दवाखाने चल रहे हैं डा.शेख अपने मरीजों के लिये दवायें खुद तैयार करते हैं दवायें सहार हर्बल फार्मेसी में तैयार की जाती है। दवायें देश विदेश में लाखों मरीजों पर आजमाई हुई हैं। डा.शेख को अच्छे ईलाज के लिए अनेकों अवार्ड मिल चूके है जैसे Gold Medelist, Best Sexologist in India, Pride of Country, Kohinoor A Tibb, Chikitasak Ratan, Asia's Best Sexual Health Clinic

Highest 5 Star Rating in Google
भारत प्रसिद्ध YouTube पर Search करें गोल्ड मेडेलिस्ट
डा.शेख
Best Sexologist in india
मिलें हर मंगलवार
मालियों की पुलिया बरेली
9837023223

सैक्स रोगी मिलें
सैक्स रोगों का एकमात्र स्थायी समाधान

डॉ. रफीक
समय-रोजाना प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक (रविवार अवकाश)
बड़ी बिहार, निकट डेलापीर मण्डी, बरेली। मो. 9319929913

नामर्दी Impotance, नसों की कमजोरी, संभोग से घबराहट, उत्तेजना की कमी, स्त्रियों में सैक्स की इच्छा न होना, मानसिक तनाव आदि के लिए निःसंकोच मिलें।

ताकत, जोश, रुकावट और वैवाहिक जीवन का आनन्द उठाएं।
- शीघ्र पतन (Premature Ejaculation)
- धात रोग (Spermatorrhoea)
- स्वप्न दोष (Night Fall)
- वीर्य का पतलापन बगैरा का इलाज विशेष प्रकार की भस्मों, माजून, तिलों द्वारा किया जाता है।
- निल शुक्राणु (Azoospermia)
- शुक्राणुओं की कमी (Oligospermia)
- बांझपन (Sterility)
- सफेद पानी (Leucorrhoea)
- पेट में दर्द (Pelvic Pain)
- बार-बार गर्भपात होना

35 वर्षों का अनुभवी आयुर्वेदिका, यूनानी इलाज कराएं, जीवन में खुशियां लाएं।

ALA Herbal
ताकत, जोश, रुकावट का स्थायी समाधान
कैप्सूल मैनसूल
(काम्बो पैक)

धात, शीघ्रपतन, नपुंसकता के सम्पूर्ण समाधान के लिए इस पैक में तीन प्रकार के कैप्सूल है। तीनों तरह के एक-एक कैप्सूल दूध के साथ खाने से हर प्रकार की कमजोरी ठीक हो जाती है। यह शुक्राणुओं की कमी को दूर करता है। इम्युनिटी पावर को बढ़ाता है। Streess, Depression में लाभ करता है।

यह पूर्णतयः हर्बल है, इसका कोई साइड इफैक्ट नहीं है
Flipkart, Amazon पर उपलब्ध है।
Helpline No.
8439818102
7451039913
स्टॉकिस्ट
आरोग्य सदन बरेली
9837007202

अल्पसंख्यक समाज को लोकसभा चुनाव में दी जाए पर्याप्त भागेदारी

जैन साधु-संतों का श्रद्धालुओं ने किया स्वागत। ● अमृत विचार

- जैन मुनि अजित सेन बोले-सभी धर्मस्थलों की सुरक्षा जरूरी
- कर्नाटक से पैदल उदयपुर जाते हुए बरेली में रुके कई जैन मुनि

बरेली, अमृत विचार : कर्नाटक से राजस्थान के उदयपुर के लिए पैदल जाते समय बुधवार को गांधी उद्यान के पास जैन मुनि महिमा सागर, अजित सेन, दिव्य सेन, परम सागर, आर्यिका सुग्रीव मति, सुभद्रा, क्षुल्लिका सम्मेदमति, ब्रह्मचारणी शैला दीदी का श्रद्धालुओं ने बैंडबाजे के साथ पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। जैन मुनि अजित सेन ने इस दौरान लोकसभा चुनाव में अल्पसंख्यकों को पर्याप्त भागेदारी देने की बात कही।

शोभायात्रा के रूप में रामपुर बाग स्थित जैन मंदिर पधारने पर संतों और गुरु माताओं का पाद प्रक्षलन कर उनकी आरती उतारी। इस दौरान जैन मुनि महिमा सागर ने कहा कि मनुष्य इस धरा पर कुछ वर्षों के लिए ही आता है, उसे अपने आचरण में ईर्ष्या, जातिगत भेदभाव आदि को तज कर अपने भव को उच्चता प्रदान करनी चाहिए।

संत अजीत सेन महाराज ने कहा कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया में चल रहे देश में सर्व समाज सहित वास्तविक अल्पसंख्यक जैन, पारसी, सिख आदि के धार्मिक, शैक्षिक, उनके तीर्थ स्थलों के संरक्षण के साथ-साथ राजनीतिक रूप से लोकसभा चुनाव में भी उनका स्थान सुनिश्चित करना चाहिए। तभी इस देश में वास्तविक लोकतंत्र और रामराज्य की स्थापना होगी। आहार चर्या के बाद संतों ने अहिच्छत्र रामनगर की ओर विहार किया। जैन मंदिर समिति अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार जैन, मीडिया प्रभारी सौरभ जैन, देवेंद्र जैन, सतेंद्र जैन, दिनेश जैन, साधना जैन, वैभव जैन, सुमन अरोड़ा, सुनील जैन, आर.सी. जैन, राजकुमार जैन, त्रिशला जैन, ई.अनिल जैन, डॉ. पीके जैन, राजीव जयपति आदि उपस्थित रहे।

धूमधाम से मनाया गया फार्मेसी दिवस

बरेली, अमृत विचार : बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी में बुधवार को फार्मेसी के जनक प्रो. एमएल श्रॉफ के जन्मदिन को नेशनल फार्मेसी एजुकेशन डे के रूप में मनाया गया। फार्मेसी विभाग की असिस्टेंट प्रो. वर्षा सैनी ने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से छात्र-छात्राओं को नेशनल फार्मेसी एजुकेशन डे की जानकारी दी। बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी की कुलपति डॉ. लता अग्रवाल और फार्मेसी विभाग की प्रधानाचार्य निधि गंगवार ने फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया की शिक्षा नीति की सराहना की। फार्मेसी विभाग के असिस्टेंट प्रो. जीवन चंद्र पांडे, सुगंधा सिंह. सृष्टि कटियार, ऐश्वर्या यादव, सौम्या अग्रवाल, जगमोहन गंगवार, अनिल कुमार सिंह, अमित गंगवार, भावना गुप्ता आदि मौजूद रहीं।

विद्युत परिषद इंजीनियर्स के अध्यक्ष बने आरके शर्मा

बरेली, अमृत विचार : विद्युत निरीक्षण भवन में राज्य विद्युत परिषद इंजीनियर्स संगठन के बुधवार को हुए वार्षिक चुनाव में पदाधिकारियों की सहमति से आरके शर्मा को अध्यक्ष और धर्मेन्द्र यादव को सचिव चुना गया। इसके अलावा अमित सक्सेना को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, रंजीत दास को उपाध्यक्ष, धर्मात्मा को संगठन सचिव, हरी शंकर प्रचार को सचिव, श्यामवली वर्मा को वित्त सचिव, आदर्श कुमार को लेखा निरीक्षक चुना गया। चुनाव के बाद एसडीओ अखिलेश यादव, अवर अभियंता अभय सिंह ने नई गठित टीम को बधाई दी।

समिति के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने ली शपथ

बरेली, अमृत विचार : एआईजी स्टांप तेज सिंह यादव ने कहा कि राजस्व हितों में दस्तावेज लेखकों (कातिबों) की अहम भूमिका होती है। वह बुधवार को रजिस्ट्री कार्यालय परिसर में दस्तावेज लेखक कल्याणकारी समिति के नव निर्वाचित पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने समिति के नव निर्वाचित अध्यक्ष कृष्णगोपाल मिश्रा, सचिव अतुल सक्सेना, उपाध्यक्ष श्यामलाल, सचिव अतुल सक्सेना, सह सचिव राजेश कुमार सक्सेना, कोषाध्यक्ष आशीष कुमार शर्मा को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। अध्यक्षता सभासद सतीश चंद्र ने की। उप निबंधक प्रथम रवि कुमार, उप निबंधक द्वितीय रामेंद्र श्रीवास्तव, तुलसीदास कातिब, चंद्र प्रकाश सक्सेना, हनीफ उर रहमान, शंकर लाल, महेंद्र सक्सेना, राजू सक्सेना, पवन अग्रवाल, जफर उददीन, मनविंदर सिंह, हिंमाशु सक्सेना, राहुल गुप्ता, रवि, अमन, आबिद अली, नावेद आदि मौजूद रहे।

रामपुर में छात्र की मौत मामले में कार्रवाई की मांग

बरेली, अमृत विचार : सेठ दामोदर पार्क में कई संगठनों ने अनुसूचित जाति के छात्र सोमेश कुमार की प्रशासनिक कार्रवाई में गोली लगने से मौत का विरोध करते हुए न्याय की मांग की है। छात्र के परिजनों के लिए मुआवजे की मांग करते हुए एडीएम को ज्ञापन सौंपा। आरक्षण बचाओ संघर्ष समिति के जिलाध्यक्ष रनवीर सिंह ने बताया रामपुर में दस दिन पहले हुई घटना के खिलाफ अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। मांग है कि छात्र के परिवार को एक करोड़ रुपये और प्रदर्शन में घायलों को 50-50 लाख रुपये का मुआवजा दिया जाए। दबंगों के खिलाफ हत्या की धारा में मुकदमा दर्ज किया जाए और जेसीबी मालिक, प्रशासनिक अधिकारी, पुलिस कर्मी के खिलाफ कार्रवाई की जाए। वहीं प्रबुद्ध संगठन ने भी विरोध किया। प्रदर्शन करने वालों में सुरेंद्र प्रजापति, मदन लाल, आशा, सोमपाल, सुरेंद्र सोनकर, रविंद्र कुमार, डॉ. एमपी सिंह, जगदीश कुमार आदि मौजूद रहे।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810464
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति-पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

फुट ओवरब्रिज की लिफ्ट खराब

बरेली, अमृत विचार : जिला अस्पताल के मरीजों को सड़क पार दूसरे वार्डों में शिफ्ट करने में परेशानी न हो, इसके फुटओवर ब्रिज और लिफ्ट बनाई गई है लेकिन मरीजों को जर्जर सड़क को ही पार कर ले जाया जा रहा है। पांच महीने पहले शुरू हुए फुट ओवरब्रिज की आए दिन लिफ्ट खराब हो जा रही है। फुट ओवरब्रिज का निर्माण स्मार्ट सिटी के तहत हुआ है। अस्पताल प्रबंधन ने स्मार्ट सिटी को पत्र भेजकर इसे सही करने को पत्र लिखा है।

विधायक के मुकदमे वापसी अर्जी को कोर्ट ने किया मंजूर

विधि संवाददाता, बरेली : वर्ष 2017 में विधानसभा चुनाव के दौरान अधिक खर्चा करने के चार मामलों में स्पेशल जज एमपी/एमएलए कोर्ट शाम्भवी ने अभियोजन की केस वापसी अर्जी को मंजूर कर लिया है। सरकारी वकील अचिन्त्य द्विवेदी ने बताया कि विधानसभा चुनाव के दौरान प्रो. श्याम बिहारी लाल फरीदपुर विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी थे। आरोप था कि उन्होंने चुनाव आयोग की गाइडलाइन से अधिक खर्च चुनाव में किया गया। तत्कालीन सपा सरकार के निर्देश पर एक साथ चार मुकदमे दर्ज किये गये थे। शासन ने विधायक पर दर्ज चारों मुकदमों की वापसी का निर्णय लिया था। हाईकोर्ट की मंजूरी मिलने पर अभियोजन ने कोर्ट में अभियोग वापसी की याचना की थी। जिसको कोर्ट ने मंजूरी दे दी। इस दौरान फरीदपुर विधायक अदालत में मौजूद रहे।

देवरनियां में बुजुर्ग की हत्या करने के जुर्म में दो को सात साल कैद

- कोर्ट ने दोनों पर पांच-पांच हजार का जुर्माना भी लगाया

विधि संवाददाता, बरेली : 11 साल पहले घर में घुसकर भैंसा चुराने आए चोरों का विरोध करने पर बुजुर्ग की गोली मारकर हत्या करने के आरोपी देवरनियां निवासी बेचे उर्फ रईस और हनीफ को कोर्ट ने दोषी पाया। अपर सत्र न्यायाधीश पशुपति नाथ मिश्रा ने दोनों को सात वर्ष कारावास और 5-5 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई।

सरकारी वकील आशुतोष दुबे ने बताया कि वादी हृदय नारायण ने थाना देवरनियां में तहरीर देकर बताया था कि 12 मई 2013 की रात में पिता जसपाल मकान के पास में बने घेर में सो रहे थे। वहीं पर जानवर बांधे जाते हैं। अज्ञात चोर नकब लगाकर भैंसे चोरी करने की कोशिश करने लगे। खटपट की आवाज से पिता की आंख खुल गयी। वह जैसे ही बाहर निकले तो चोरों ने गोली मार दी। गोली की आवाज पर उठकर देखा कि दो व्यक्ति दो भैंसे जंगल की ओर ले जा रहे थे। पिता की मौत हो गई थी। पिता के सीने के बगल में गोली लगी थी।

प्रेमिका ने दी जान से मारने की धमकी तो प्रेमी की मां ने कर ली आत्महत्या

दूसरे समुदाय की लड़की होने पर प्रेमी की मां ने किया था शादी से इन्कार

संवाददाता, बरेली/कैंट

अमृत विचार : कैंट थाना क्षेत्र के चौबारी में बेटे की प्रेमिका की धमकी से परेशान होकर मां ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। युवती शादी करने की जिद पर अड़ी थी लेकिन मां ने दूसरे समुदाय की होने की वजह से शादी से इन्कार कर दिया था। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

चौबारी निवासी प्रियांशु सिंह गांव की युवती से प्रेम करता है। दोनों एक दूसरे से शादी करना चाहते थे, लेकिन दूसरे समुदाय की होने की वजह से प्रियांशु की मां नीलम सिंह ने शादी कराने से इन्कार कर दिया। इस मामले में दोनों पक्षों की मंगलवार को गांव में कई घंटों तक पंचायत चली लेकिन बात नहीं बन सकी। इस पर नाराज होकर लड़की नीलम सिंह को जान से मारने की धमकी देने लगी। साथ ही पुलिस कार्रवाई का हवाला देकर धमकाना शुरू कर दिया। दहशत में आई नीलम ने देर रात जहरीला पदार्थ निगल लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान रात करीब 11:30 बजे मौत हो गई।

घर से भाग कर हिंदू रीति रिवाज से रचाई शादी

बताया जा रहा है कि दूसरे समुदाय की युवती होने की वजह से प्रेमी के परिजन शादी के खिलाफ थे। इस पर प्रेमी और प्रेमिका ने घर से भाग कर हिंदू रीति रिवाज से शादी कर ली। शादी के दौरान का एक फोटो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। दोनों की शादी करीब एक महीने पहले हुई है। मंगलवार को शादी की खबर सुनते ही प्रेमी की मां ने जहरीला पदार्थ खा लिया। जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई।

> महिला के शव का पोस्टमार्टम करा दिया गया है। मामले में अभी कोई तहरीर नहीं मिली है। यदि तहरीर मिलती है तो विधिक कार्रवाई की जाएगी।
> **-जग नारायण पांडेय**, इंस्पेक्टर कैंट

लंबे समय से ननिहाल में परिजनों के साथ रह रहा युवक

प्रियांशु का परिवार बदायूं के कछला का रहने वाला है। उसके पिता ऑटो चालक प्रवीण सिंह की चार साल पहले मौत हो गई थी। इसके बाद वह मां नीलम सिंह (45) और छोटे भाई के नानी सन्नो के घर चौबारी में ही रहते रहे। इस दौरान उसकी गांव के दूसरे समुदाय के ऑटो चालक भूरे की लड़की से प्रेम हो गया। शादी का प्रस्ताव जब मां नीलम देवी के सामने रखा गया तो उन्होंने इन्कार कर दिया। इसके बाद उसने प्रेमिका से दूरियां बढ़ा लीं। साथ ही फोन पर भी बात करना बंद कर दिया। प्रेमिका शादी की जिद पर अड़ गई और आत्महत्या की धमकी देने लगी। कभी चलती गाड़ी के आगे आ जाती थी तो कभी सामने आकर जान से मारने की धमकी देती थी। उसकी इन्हीं हरकतों से तंग आकर उसकी मां ने मंगलवार रात 8 बजे जहरीला पदार्थ निगल लिया।

संदिग्ध हालात में युवक की मौत, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

बरेली, अमृत विचार : बिथरी चैनपुर के रजऊ परसपुर स्थित फिटकरी फैक्ट्री के गार्ड की पुराना रोडवेज बस अड्डा पर तरल पदार्थ पीने से तबीयत खराब हो गई। साथी सुपरवाइजर ने निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक के बेटे ने हत्या की आशंका जताई है। हाफिजगंज के गुलड़िया महिपत निवासी तेजपाल ने बताया कि उनके पिता बदन सिंह (40) रजऊ परसपुर स्थित फिटकरी फैक्ट्री में नौकरी करते थे। मंगलवार को वह फैक्ट्री के कार्य से कोटा राजस्थान जा रहे थे। उनके साथ गांव का एक व्यक्ति और फैक्ट्री का सुपरवाइजर था। बताया कि पुराना रोडवेज बस अड्डे पर उनके पिता ने सुपरवाइजर के बैग से एक बोतल में रखा तरल पदार्थ पानी समझ कर पी लिया या उन्हें पिलाया गया, जिससे हालत खराब हो गई।

सुपरवाइजर और उनके गांव के व्यक्ति ने बदन सिंह को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार मौत जहर से हुई है। विसरा रिपोर्ट आने के बाद पता चलेगा कि क्या पिया था।

कैंट, सुभाषनगर समेत आठ थाना प्रभारियों का तबादला

- लोकसभा चुनाव से पहले एसएसपी ने 19 पुलिसकर्मियों का किया तबादला

बरेली, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बुधवार को एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान ने सुभाषनगर, आंवला, कैंट सहित आठ थाना प्रभारियों का तबादला कर दिया। इसके अलावा अन्य पुलिसकर्मियों का भी तबादला दूसरे विभागों में किया है।

एसएसपी ने कैंट इंस्पेक्टर विश्वजीत प्रताप सिंह को प्रभारी मॉनीटरिंग सेल, भमोरा थाना प्रभारी परमेश्वरी को क्योलड़िया थाना प्रभारी, पुष्पेंद्र सिंह को फतेहगंज पश्चिमी, सुभाषनगर प्रभारी निरीक्षक मदन मोहन चतुर्वेदी को फतेहगंज पूर्वी प्रभारी निरीक्षक बनाया है। आंवला प्रभारी निरीक्षक राजकुमार शर्मा को नवाबगंज प्रभारी निरीक्षक, श्रवण कुमार सिंह को क्राइम ब्रांच इन्वेस्टिंगेशन विंग, वीरेश कुमार को आंवला थाना प्रभारी, फतेहगंज पूर्वी प्रभारी निरीक्षक ओम प्रकाश गौतम को प्रभारी क्राइम ब्रांच इन्वेस्टिगेशन विंग, आईजीआरएस प्रभारी सतीश कुमार राय को सुभाषनगर प्रभारी निरीक्षक, लव सिरोही को सिरौली प्रभारी निरीक्षक, राजेश कुमार को सीसीटीएनएस प्रभारी और एंटी रोमियो सेल प्रभारी वंदना सिंह को महिला थाना का प्रभारी निरीक्षक बनाया गया है। सीमा को एंटी रोमियो सेल प्रभारी, इज्जतनगर इंस्पेक्टर क्राइम सुरेंद्र कुमार सागर को आईजीआरएस प्रभारी, प्रदीप कुमार चतुर्वेदी को किला इंस्पेक्टर क्राइम, फतेहगंज पश्चिमी इंस्पेक्टर क्राइम श्यामवीर को पुलिस लाइन, सीसीटीएनएस प्रभारी रामअवतार सिंह को पुलिस लाइन और यशपाल का ट्रांसफर किया गया है।

रंजिशन युवक पर किया फायर

बरेली, अमृत विचार : बिथरी चैनपुर के गांव पुरनापुर निवासी एक व्यक्ति ने फायरिंग करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। बलवंत सिंह ने बताया कि उनके गांव का कमल पटेल रंजिश मानता है। पांच मार्च को वह होली चौराहा पर खड़ा था, तभी कमल आ गया और गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने तमंचे से फायर कर दिया, जिससे वह बाल बाल बच गए। बिथरी चैनपुर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

VARUN ARJUN UNIVERSITY
NH-2, Banthra, Shahjahanpur
Direct Admission Open for Session-2024-25
D. Pharm | B. Pharm
DMLT | X-Ray
Special Features
100% Placement, Qualified Faculty, Wi-Fi Campus
24 Hrs. Security, Light, Water, AC & Non AC Hostels
For any query Contact : Mr. Rajendra Gupta
Contact No. : 9455113105 (Calling Time - 10 AM to 6 PM)

सीबीगंज में आईटीआई छात्र ने ट्रेन के आगे कूद कर की आत्महत्या

सीबीगंज, अमृत विचार : सीबीगंज में आईटीआई छात्र ने ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या की वजह पारिवारिक विवाद बताया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

सीबीगंज की स्लीपर रोड पुरानी स्टेट बैंक गली निवासी स्पर्श श्रीवास्तव (22) बुधवार शाम करीब पांच बजे सीबीगंज रेलवे स्टेशन पर पोल संख्या 1316 पर पहुंचा। इसी दौरान डाउन लाइन पर आ रही मालगाड़ी के आगे कूद गया। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। स्पर्श की शादी नहीं हुई थी। उसके तीन भाई हैं। उसके पिता की दो साल पहले मौत हो चुकी है। स्पर्श आईटीआई की पढ़ाई के साथ परसाखेड़ा औद्योगिक क्षेत्र स्थित एक फैक्ट्री में अप्रेंटिस कर रहा था।

नशे में मुझ पर तान रहा था तमंचा छीनाझपटी के बीच चल गई गोली

- पति की हत्या की आरोपी आंगनबाड़ी कार्यकत्री ने पूछताछ में पुलिस को दी सफाई
- गोली चलने की आवाज सुनकर जागे बेटे ने दी थी पुलिस को सूचना

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : हरूनगला में नरेंद्र की हत्या के बाद पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है। हत्या के आरोप में गिरफ्तार की गई उसकी पत्नी पूनम का कहना है कि नरेंद्र शराब के नशे में था और उस पर पैसों की चोरी का झूठा आरोप लगाते हुए खुद तमंचा निकाल लाया था। उसने बार-बार उस पर तमंचा ताना, उसने उसका हाथ मोड़ने की कोशिश की तो गोली चल गई और उसके सीने में जा लगी। उधर, नरेंद्र के पिता ने बहू के अपने बहनोई से अवैध संबंधों का आरोप लगाया है।

पुलिस की हिरासत में थाने में बैठी पूनम ने बताया कि नरेंद्र के पिता आरोप निराधार हैं। नरेंद्र शराब के नशे में था और उस पर रकम चोरी करने का झूठा आरोप लगा रहा था। इसी बात पर उनमें कहासुनी हुई तो नरेंद्र तमंचा ले आया और उस पर बार-बार तानने लगा। खुद को बचाने के लिए उसने तमंचा छीनने की कोशिश की तो नरेंद्र का हाथ मुड़ गया और गोली चल गई। सीने में गोली लगने से उसकी मौत हो गई। पूनम ने कहा कि अगर वह तमंचा छीनने की कोशिश न करती तो नरेंद्र उसे गोली मार देता।

उधर, पुलिस ने नरेंद्र के बेटे निशांत से भी पूछताछ की। निशांत ने बताया कि रात करीब दो बजे वह गोली चलने की आवाज सुनकर जागा था। उसने कमरे से निकलकर देखा तो उसके पिता का शव खून से लथपथ पड़ा था और पास में ही मां सिर पर हाथ रखकर बैठी हुई थी। इसके बाद उसने पुलिस को सूचना दी। सीओ अनीता चौहान, इंस्पेक्टर बारादरी अमित पांडेय मौके पर पहुंचे।

पिता का आरोप- बहनोई को भेजती रहती थी पैसे: नरेंद्र के पिता रामकृष्ण का आरोप है कि पूनम के अपने बहनोई से संबंध थे। तीन साल पहले उन्हें शक हो गया था लेकिन वे पौत्रों के भविष्य के कारण चुप रहे। यह अंजाम पता होता तो बेटे को पहले ही तलाक दिला देते। पोस्टमार्टम हाउस पर उन्होंने बताया कि उनके बेटे ने मेहनत की कमाई से हरूनगला में घर बनाया था। इसके बाद भी पूनम आए दिन उससे विवाद करती थी। वह अपने बहनोई ओमप्रकाश को नरेंद्र के पैसे चुराकर भेजती थी। बिना बताए पीलीभीत के ललौरीखेड़ा में ओमप्रकाश के घर चली जाती थी। मंगलवार को भी उसने ओमप्रकाश को भेजने के लिए ही नरेंद्र की जेब से 18 हजार रुपये चुराए थे। उन्होंने बताया कि नरेंद्र अपने बेटे निशांत को सेना का अधिकारी बनाना चाहता था। निशांत मंगलवार को ही देहरादून से लौटा था।

वाशिंग मशीन में भी मिले दो तमंचे

मौके पर मौजूद लोगों के मुताबिक पुलिस ने जब घर की तलाशी ली तो वाशिंग मशीन से भी दो तमंचे बरामद हुए। हालांकि पुलिस ने इसकी पुष्टि नहीं की। पुलिस पता कर रही है कि हत्या में इस्तेमाल तमंचा नरेंद्र लाया था या पूनम और तमंचा किसने दिया था। इंस्पेक्टर बारादरी अमित पांडेय ने बताया कि आरोपी महिला से पूछताछ की जा रही है।

पार्टनर के रुपये न देने पर रिपोर्ट दर्ज

बरेली, अमृत विचार : बारादरी क्षेत्र में ट्रांसपोर्टर के खिलाफ पार्टनर के साढ़े चार लाख रुपये न देने पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

रोहली टोला निवासी आशू बेग ने बताया कि वह बानखाना निवासी कासिफ के साथ काफी समय से रेता बजरी का कारोबार कर रहे थे। कासिफ कारोबार में हो रही बचत से रुपये चोरी करने लगा। जानकारी होने पर उन्होंने पार्टनरशिप खत्म करते हुए हिसाब किया। हिसाब में कासिफ के ऊपर साढ़े चार लाख रुपये बकाया निकला। कासिफ ने उन्हें दो चेक दिए जो बाउंस हो गए। रुपये मांगने पर जान से मारने की धमकी देने लगा।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
☎ 0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

आईजीआरएस पर शिकायतों के निस्तारण में बरेली जोन नंबर वन

बरेली, अमृत विचार : जनसुनवाई पोर्टल पर फरवरी में जन शिकायतों के निस्तारण में बरेली जोन एक बार फिर पहले नंबर पर रहा है। वहीं बरेली और मुरादाबाद रेंज और आठ जिलों को पहली रैंक हासिल हुई। हालांकि मुरादाबाद जिले को 31वीं रैंक मिली है।

प्रदेश स्तर पर जारी मासिक मूल्यांकन रिपोर्ट में जोन में फरवरी में 49 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें सभी का गुणवत्तापरक और समयबद्ध निस्तारण कराया गया। प्रथम स्थान प्राप्त होने पर एडीजी पीसी मीना ने आईजीआरएस प्रकोष्ठ में नियुक्त प्रभारी उप निरीक्षक सतेन्द्र कुमार, मुख्य आरक्षी नरेन्द्र प्रताप सिंह और महिला आरक्षी कली पाण्डेय को पुरस्कृत किया।

प्रापर्टी डीलर के कार्यालय का ताला तोड़कर चोरी

बरेली, अमृत विचार : बारादरी में प्रापर्टी डीलर के कार्यालय तोड़कर नकदी और दस्तावेज चोरी कर लिए गए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। गंगापुर निवासी प्रापर्टी डीलर लखनलाल ने बताया कि उनका कार्यालय अशोक विहार संजयनगर में है। 24 फरवरी को रात 1.45 बजे कार्यालय पर चार-पांच लोग आए और कार्यालय का ताला तोड़कर दो अलमारियां, 85 हजार रुपये और दस्तावेज चोरी करके फरार हो गए। आरोपी लोडर वाहन से आए थे। चोर चोरी करते हुए सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गए हैं।

बैंक की सहायक संस्था के कर्मचारी ने किया 11.81 लाख रुपये का गबन

- शिकायत पर इज्जतनगर पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : इंडसइंड बैंक की सहायक संस्था भारत फाइनेंशियल एन्क्लूजन के संगम प्रबंधक ने 11.81 लाख रुपये का गबन कर लिया। संस्था के शाखा प्रबंधक ने थाना इज्जतनगर में आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

बदायूं के उझानी थाना क्षेत्र के गांव रौली निवासी धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि वह फाइनेंशियल एन्क्लूजन की शाखा महानगर कॉलोनी में शाखा प्रबंधक हैं। उनकी संस्था ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों की महिलाओं को रोजगार देने के लिए ऋण देने का काम करती है। बताया कि संस्था के संगम प्रबंधक योगेश कुमार श्रीवास्तव निवासी ग्राम पैगानगरी उर्फ नगरिया थाना मीरगंज ने करीब 77 लोन सदस्यों और कुछ महिलाओं से अग्रिम भुगतान और बड़ा लोन दिलाने का लालच देकर उनके खाते से 11 लाख 81 हजार 336 रुपये ले लिए। आरोपी योगेश कुमार 19 नवंबर 2023 को गायब हो गया।

संस्था के अधिकारियों ने जब फोन किया तो अपने चाचा के साथ शाखा कार्यालय पर 24 नवंबर 2023 को आए और एक माह में पूरी रकम जमा करने का वादा किया, लेकिन अब आरोपी फोन नहीं उठा रहा है। शिकायत पर इज्जतनगर पुलिस ने आरोपी योगेश के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

दबंगों ने मांगी पांच लाख की रंगदारी

बरेली, अमृत विचार : इज्जतनगर थाना क्षेत्र में प्लॉट की मरम्मत कराने पहुंचे एक व्यक्ति से दबंगों ने पांच लाख रुपये की रंगदारी मांगी। आईजी के निर्देश पर इज्जतनगर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

जगतपुर निवासी धर्मपाल ने आईजी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि कूंचा सीताराम निवासी आनंद स्वरूप गुप्ता ने बिहारमान नगला में प्लॉट खरीदा था। उनकी मौत के बाद उनकी पत्नी वीना गुप्ता और बेटे अनुज गुप्ता ने वर्ष 2021 में उनको मुख्त्यारेआम बना दिया। 23 फरवरी को वह प्लॉट की चारदीवारी सही करा रहे थे, कि तभी बांके की छावनी निवासी संजय राजपूत, वीजामऊ थाना नवाबगंज निवासी इंदल सिंह, इंदल की पत्नी जयश्री, बृजलाल और आठ अज्ञात लोग प्लॉट पर तीन गाड़ियों से पहुंचे और जान से मारने की धमकी देने लगे। आरोपियों ने कहा कि वे सभी लोग लोटन सिंह के गुर्गे हैं। लोटन सिंह अभी जेल में बंद हैं। हम लोगों की मर्जी के बिना निर्माण नहीं करा सकते। आरोपी फर्जी दस्तावेज दिखाने लगे और पांच लाख रुपये मांगे।

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल- बरेली
FREE ओ. पी. डी. परामर्श
बच्चों में सभी हड्डी व रीढ की समस्याओं के निःशुल्क परामर्श के लिए मिलें
मुंबई के वरिष्ठ बाल हड्डी रोग विशेषज्ञ द्वारा निःशुल्क परामर्श
दिनांक :- 14 - 15 मार्च 2024
समय :- सुबह 9 से 4 बजे तक
स्थान :- रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, हड्डी रोग विभाग कमरा नंबर - 1084
डॉ. तुषार अग्रवाल
बाल हड्डी रोग विशेषज्ञ, मुंबई
रजिस्ट्रेशन के लिए कॉल करें - 9081800900, 8006460900
Address: Department of Orthopedic (Room No-1084)
Rohilkhand Medical College & Hospital
Pilibhit Bypass Road, Bareilly

प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना
सूचित किया जाता है कि मेरे हाई स्कूल वर्ष 2018 अनुक्रमांक 0899849 के अंक पत्र व प्रमाण पत्र वास्तव में कहीं खो गये हैं। **शिवलेश कुमार पुत्र श्री कैलाश सिंह, निवासी ग्राम कलापुर, पो. रिठौरा, तहसील सदर, जिला बरेली**

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र रिजवान को गलत चाल-चलन एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। **फैमिदा पत्नी स्व. इरफान खान निवासी मोहल्ला चौहटिया थाना तिलहर जिला शाहजहांपुर**

बिकाऊ
250 वर्गगज का बरेली में 4-बेड वाला बंगला, डी2/वी-40, दीनदयाल पुरम्, 207.756 वर्गमीटर का प्लॉट, 9 मीटर चौड़ी सड़क। अच्छी कनेक्टिविटी, कीमत-3 करोड़।
7977759352, 9920254054

बिकाऊ है
200 वर्गगज में निर्मित मकान बिकाऊ है पवन विहार कालोनी, बरेली, पीलीभीत बाईपास रोड केवल वास्तविक खरीददार ही संपर्क करें- 9457760563, 9755059287

बिकाऊ है
100 वर्गगज में बना मकान, दो मंजिला, सभी सुविधाओं सहित, गोकुल धाम कालोनी, महानगर के सामने, बरेली
सम्पर्क करें - एम.के. शर्मा
मो. 7409993500

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

एक नजर

सेमीखेड़ा मिल कर्मचारियों का धरना-प्रदर्शन आज

देवरनियां, अमृत विचार : किसान सहकारी चीनी मिल सेमीखेड़ा से जुड़े कर्मचारी महंगाई भत्ता देने समेत सात सूत्रीय मांगों को लेकर गुरुवार को मिल परिसर में धरना देंगे। शुगर मिल वर्कर्स यूनियन के सभापति चन्द्रपाल, मंत्री छेदालाल और श्रम शक्ति संघ के मंत्री विजय पाल के मुताबिक वह अपनी मांगों को लेकर काफी समय से आवाज उठा रहे हैं, मगर कोई समाधान नहीं हो रहा है। अगर समस्याओं का समाधान लोकसभा चुनाव पहले न होने पर 24 सहकारी चीनी मिलों के कर्मचारी और अधिकारियों ने परिवार सहित चुनाव में भाग नहीं लेने का निर्णय लिया है।

आग लगने से हजारों मुर्गियां जलीं

राजपुर कलां, अमृत विचार : अलीगंज के हाफिजगंज गांव में रिटायर्ड फौजी के बाग में बनाए गए मुर्गी फार्म में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लगने से पाली गई हजारों मुर्गियां जल गई। पीड़ित ने घटना की तहरीर देकर पुलिस से कार्रवाई की मांग की। हाफिजगंज गांव निवासी रिटायर्ड फौजी प्रेमपाल सिंह ने बताया कि मंगलवार की रात लगभग दस बजे उसके मुर्गी फार्म में आग लग गई। देखते ही देखते सब जलकर राख हो गई, सूचना पर पहुंची 112 डायल पुलिस ने घटनास्थल का मौका मुआयना किया। थाना अध्यक्ष अजय कुमार शुक्ला को दी तहरीर में रिटायर्ड फौजी ने कार्रवाई की गुहार लगाई है।

शादी में शामिल होने गए युवक की बाइक चोरी

शीशगढ़, अमृत विचार : शीशगढ़ के गांव मानपुर के एक बरात घर में शादी में शामिल होने आए युवक की बाइक चोरी हो गई। बाइक चोर सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। युवक की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली हैं। थाना बहेड़ी के गांव ट्यूली निवासी कोमल प्रसाद ने बताया कि सोमवार शाम को वह शादी समारोह में शामिल होने के लिए गए थे, अपनी बाइक बरात घर के बाहर खड़ी कर दी थी। जब वह लौटे तो बाइक वहां नहीं थी। जब सीसीटीवी कैमरे के फुटेज चेक की तो एक हेलमेट पहना युवक बाइक लगाकर ले जाते दिखा।

प्रधानमंत्री का वर्चुअल संबोधन सुना

बहेड़ी, अमृत विचार : नारी शक्ति वंदन अभियान के समापन समारोह में ब्लॉक सभागार और रामलीला ग्राउंड में कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं की भागीदारी रही। लोगों ने वर्चुअली प्रधानमंत्री के भाषण को सुना। कार्यक्रम में नगरपालिका के ईओ वीरेंद्र प्रताप सिंह, जेई विपिन कुमार, सफाई निरीक्षक अहमद हसन, भाजपा के सुनील रस्तोगी, राहुल गुप्ता, महिला मोर्चा की स्वाति कुमार व शकुंतला देवी आदि मौजूद रहे।

टाटा मैजिक की टक्कर से चचेरे-तहेरे भाइयों की मौत

छोटे भाई की अप्रैल में होनी थी शादी, सिर में लगी चोट बनी दोनों की मौत की वजह, घर में पसरा सन्नाटा

संवाददाता, क्योलड़िया

अमृत विचार : क्योलड़िया थाना क्षेत्र के नकटी के पुल के पास तेज रफ्तार टाटा मैजिक और बाइक में भिड़ंत हो गई। इस हादसे में चचेरे और तहेरे भाइयों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

हादसे में मारे गए दोनों भाइयों का नाम सुनील था। छोटा 19 वर्षीय गांव नौगमा भगवंतपुर के प्रेमपाल का बेटा था और दूसरा 25 वर्षीय तुलसीराम का। दोनों बैंड चलाते थे। बुधवार को दोनों क्योलड़िया से बैंड की ठेली लादकर गांव लौट रहे थे, नकटी पुल के पास मोड़ पर नारायणपुर की तरफ से आ रहे टाटा मैजिक ने बाइक को टक्कर मार दी, इससे बाइक पर बैठे दोनों युवक सड़क पर गिर गए, सिर में चोट लगने से दोनों की मौके पर ही मौत हो गई।

सूचना मिलते ही परिजन रोते-बिलखते घटना स्थल पर पहुंच गए। परिजनों ने बताया कि छोटे बेटे की शादी अप्रैल में होनी थी, उससे पहले उसकी मौत से पूरे परिवार को तोड़कर रख दिया। जानकारी होने पर थाना अध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह, उप निरीक्षक अमित कुमार, संजीव कुमार, महिपाल सिंह के साथ मौके पर पहुंच गए। दोनों युवक बरातों में बैंड बजाने का कार्य करते थे इसी के लिए आज वह क्योलड़िया से बैंड की ठेली बारात में जाने के लिए लादने के बाद वह अपने घर वापस कपड़े बदलने जा रहे थे। रास्ते में तेज रफ्तार छोटा हाथी ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी, जिसमें उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतकों के एक ही परिवार के होने की वजह से गांव में कोहराम मच गया।

शादी से पहले घर में गम: सुनील पुत्र प्रेमपाल की अप्रैल में शादी होनी थी, बुधवार को हुए हादसे में उसकी मौत से घर में खुशी से पहले मातम पसर गया। वहीं परिजन उसकी तैयारी में जुटे थे, बेटे की मौत से पूरे परिवार का रो- रोकर बुरा हाल हो गया। वहीं मृतकों के घर पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। हादसे की वजह तेज मोड़ को माना जा रहा हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यहां पर लोक निर्माण विभाग ने यदि अवरोधक बनाए होते तो इस तरह की घटना नहीं होती। यहां पर इससे पहले भी कई घटनाएं हो चुकी है, इसके बाद भी लोक निर्माण विभाग ने यहां पर अवरोधक नहीं बनाया।

चचेरे -तहेरे भाइयों की मौत के बाद घटनास्थल पर पहुंचे पुलिस अधिकारी।

हादसे का शिकार चचेरे -तहेरे भाई।

कार ने ई रिक्शा को मारी टक्कर, छह लोग घायल

दुनका अमृत विचार : तेज रफ्तार कार की टक्कर से ई -रिक्शा (टुकटुक) सवार छह लोग घायल हो गए, हादसे के बाद चालक कार छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए भेज दिया, कार को कब्जे में लेकर थाने लाकर खड़ा करा दिया। बंशीपुर के नन्हेलाल टुकटुक चलाते है। बुधवार को वह टुकटुक लेकर आनंदपुर पहुंचे, वहां से चंद्रपाल, सोमवती, हरप्यारी, सीमा और चांदनी को टुकटुक में बैठाकर दुनका जाने लगी। रास्ते में तेज रफ्तार कार ने टुकटुक में टक्कर मार दी, जिससे वह खंती में जाकर पलट गया, उसमे बैठी सवारियां घायल हो गई। राहगीरों ने उन्हें निकलकर इलाज के लिए भेज दिया। कार चालक गाड़ी छोड़कर फरार हो गया।

ट्रक की टक्कर से बाइक चालक की मौत, साथी गंभीर घायल

शाही, अमृत विचार : बाइक से रुद्रपुर जा रहे बाइक सवार को शाही -शेरगढ़ मार्ग पर एक ट्रक ने डेलपुर गांव के निकट टक्कर मार दी, जिसमें बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची निजी एंबुलेंस से दोनों घायलों को शहर के निजी अस्पताल ले जाया गया। इलाज के दौरान बाइक चालक की मौत हो गई, जबकि साथ जा रहे युवक का इलाज जारी हैं। घटना की जानकारी होने से परिवार में कोहराम मचा है। थाना शाही के गांव अमौर निवासी मनोज कुमार (25) रामकुमार उत्तराखंड के लाल कुआं में किसी कंपनी में नौकरी करता है जो अपने साथी के साथ मंगलवार को गांव आया था, जो बुधवार को वापस उत्तराखंड के लाल कुआं लौट रहा था। बाइक सवार जैसे ही थाना शेरगढ़ के गांव डेलपुर के निकट पहुंचे कि शाही की ओर से तेज गति से आ रहा ट्रक पीछे से बाइक से टकरा गया जिसमें बाइक चला रहे थाना शाही के गांव अमौर निवासी मनोज कुमार और उसका साथी पंतनगर जिला उधम सिंह नगर निवासी गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक के बड़े भाई अशोक कुमार ने बताया कि उसका छोटा भाई मनोज कुमार उत्तराखंड के लाल कुआं में एक कंपनी में नौकरी करता है जो अपने साथी के साथ मंगलवार को गांव आया था। मनोज का फरवरी 2022 में विवाह हुआ था तथा मृतक का 6 माह का बेटा मयंक है। घटना से पत्नी अनीता एवं माता-पिता समेत परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है तथा घटना से गांव में शोक का माहौल है।

पेट्रोल पंप सेल्समैन की संदिग्ध हालात में मौत

संवाददाता, फरीदपुर

- मौत का कारण जानने के लिए पुलिस ने विसरा सुरक्षित कराया

अमृत विचार : नगर के मोहल्ला शांति नगर में किराए पर रह रहे पेट्रोल पंप सेल्समैन का शव उसके कमरे से मिला। सूचना पर अधिकारियों ने घटना का निरीक्षण किया।

हापुड़ के थाना बहादुरगढ़ के गांव आलमनगर निवासी प्रदीप सिंह (35) 8 वर्षों से जय अंबे पेट्रोल पंप पर सेल्समेन की नौकरी करते थे जो नगर के मोहल्ला शांति नगर राहुल सिंह के मकान में एक साल से किराए पर रह रहा था। मकान मालिक दूसरे मकान में रहते थे, रोज की तरह ड्यूटी करके घर गया। सुबह ड्यूटी पर न आने पर उसके साथियों ने फोन किया, रिसीव न होने पर मौके पर जाकर देखा तो उसका शव कमरे में बेड पर पड़ा मिला। उसकी पत्नी बच्चों के साथ कई दिन पहले मायके गई हुए थे। पड़ोसियों ने बताया कि सेल्समेन शराब पीते थे, पुलिस ने कमरे से खुला हुआ शराब का पव्वा भी बरामद किया। कमरे में मूंगफली के छिलके पड़े हुए थे, जिससे शक की सुई किसी और के ऊपर भी जाती है। मोहल्ले वासियों की सूचना पर क्षेत्राधिकारी गौरव सिंह, प्रभारी निरीक्षक रामसेवक, अपराध निरीक्षक संतोष कुमार सिंह, कस्बा इंचार्ज मुनेंद्र पाल फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। जांच के बाद फॉरेंसिक टीम को बुलाया गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया लेकिन मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका, विसरा सुरक्षित किया गया हैं, पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद आगे की कार्रवाई होगी।

दो दशक बाद हुई पूर्ण बाजार बंदी

बहेड़ी, अमृत विचार : दो दशक बाद पहली बार ऐसा देखने को मिला कि बुधवार को बाजार पूरी तरह बंद रहा। सन् 2003 के करीब यहां तैनात रहे श्रम प्रवर्तन अधिकारी गुप्ता के वक्त बुधवार को बाजार बंद रहा करता था। जब तब छापामारी करने से व्यापारियों में चालान कट जाने का भय रहता था। गुप्ता के ट्रांसफर के बाद बुधवार को बाजार खुलने लगा। अब तक का समय देखें तो सर्राफा मार्केट को छोड़कर बुधवार को बाजार बंदी कहीं नजर ही नहीं आती थी। करीब एक पखवाड़े से नए श्रम प्रवर्तन अधिकारी ने सख्ती शुरू की। पिछले बुधवार को बाजार में दुकानदारों को दुकान खुली होने पर चालान काटने की स्पष्ट चेतावनी दी तो इसका असर यह हुआ कि इस बुधवार को बाजार पूरी तरह बंद रहा। किराना तथा मेडिकल स्टोरों को बंदी के दायरे से बाहर रखा गया था।

प्रधान के घर दावत में गए युवक का सुबह पशुशाला में मिला शव

- परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप
- छह लोगों के खिलाफ दी नामजद तहरीर

नवाबगंज, अमृत विचार : गांव शाहपुर जीसुखराय के प्रधान के यहां बेटे के जन्मदिन की पार्टी के दौरान दावत में गया गांव का युवक सुबह अपनी पशुशाला में मृत मिला। युवक के पिता ने थाने पर दी तहरीर में बेटे को शराब में जहरीला पदार्थ पिलाकर उसे मृत हालत में उसकी पशुशाला में डालने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है।

देर शाम तहरीर मिलने पर पुलिस त्वरित गांव पहुंच शव का पंचनामा करने के साथ ही जांच शुरू कर दी है। नवाबगंज के गांव शाहपुर जीसुखराय निवासी अमर सिंह ने नवाबगंज थाने पर दी तहरीर में बताया कि 5 मार्च को ग्राम प्रधान के बेटे का जन्मदिन था, जिसमें उसके बेटे की भी दावत थी। उनका बेटा दावत खाने गया था। इसी दौरान गांव के ही पांच लोगों ने उसके बेटे को शराब में जहरीला पदार्थ मिलाकर पिला दिया, रात में ही किसी समय मरणासन्न हालत में उसे उसके पशुशाला में डाल गए। बुधवार सुबह जब वह 9 बजे खेत से आए तो बेटे अजय को मृत हालत में पाया। अमर सिंह की तहरीर मिलने पर प्रभारी क्राइम विनोद यादव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे शव को पोस्टमार्टम को भेजा है। इंस्पेक्टर क्राइम विनोद यादव ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम को भेजा जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

सर्राफ की दुकान से 15 किलो चांदी और सोने के जेवर चोरी

संवाददाता, बिशारतगंज

अमृत विचार : चोरों ने सर्राफ की दुकान का शटर काटकर 15 किलो चांदी और सवा सौ ग्राम सोने के जेवर और एक लाख की नकदी चुरा ले गए। पीड़ित ने थाने पहुंचकर अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। थाना बारादरी की रोहिलखंड चौकी के हरुनगला निवासी प्रवेश कुमार वर्मा ने बुधवार को थाना बिशारतगंज पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया है कि उनकी बिशारतगंज के अखा गांव की मेन मार्केट में सर्राफा की दुकान है। मंगलवार रात चोरों ने उनकी दुकान का शटर काटकर 15 किलो चांदी, सवा सौ ग्राम सोना लगभग एक लाख की नकदी चुरा ले गए। सुबह 4:00 बजे जब उनको सूचना मिली तो वह बरेली से दुकान पर आए देखा की दुकान में चोरी हो गई है तो उनके होश उड़ गए। इसके बाद बुधवार सुबह थाने पहुंचकर चोरों के विरुद्ध शिकायती पत्र दिया है। इससे पूर्व में थाना क्षेत्र के भिंडौरा गांव में कई ट्यूबेलों से सामान चोरी हुआ है, 1 मार्च की रात 2:00 बजे थाना क्षेत्र के मलगांव गांव निवासी कुलदीप की भैंस चोरी कर रहे चोर को उन्होंने रंगे हाथों पकड़ लिया और डायल 112 पुलिस को सूचना देकर चोर को पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने अगले दिन शांति भंग में चालान कर दिया। इस मामले में हल्का इंचार्ज एसआई विपिन शुक्ला ने बताया कि दुकान में चोरी की घटना हुई है प्रार्थना पत्र मिला है पुलिस घटना की जांच कर रही है।

कटा हुआ शटर और खाली पड़ी तिजोरी।

महिला से दुष्कर्म करने वाले पर रिपोर्ट

नवाबगंज, अमृत विचार : बहेड़ी के एक गांव की महिला के फोटो इंस्टाग्राम से निकालकर नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव भंगा के व्यक्ति ने उसे एडिट कर महिला को फोटो वायरल करने की धमकी देते हुए उससे पहले रुपये ऐंठे, फिर उसे मिलने के कुंडरा कोठी बुलाया जहां से उसे मोबाइल बहन के घर पर होने की बात कहते हुए बाइक से बहन के घर ले गया और वहां उसे बंधक बनाकर दुष्कर्म किया। पीड़िता ने नवाबगंज थाने में 28 फरवरी को तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई थी। इस मामले की जांच के बाद नवाबगंज पुलिस ने गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्जकर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। पीड़िता ने बताया कि 3 मार्च को आरोपी हरपाल ने उसे फोन कर कुंडरा मिलने बुलाया। जब वह पहुंची तो आरोपी ने अपना मोबाइल बहन के घर होने की बात कहते हुए कहा कि मेरी बहन के घर चलो वहीं तुम्हारे सामने फोटो डिलीट कर दूंगा।

सार्वजनिक जगह पर कब्जे की शिकायत

बहेड़ी, अमृत विचार : गांव पचपेड़ा में कुएं की खाली पड़ी जमीन पर गांव के ही दूसरे समुदाय के कुछ लोगों ने कब्जा कर लिया। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत एसडीएम अजय कुमार उपाध्याय से। गांव निवासी रामदास, भूकन राम, मंगलसेन, धर्मवती, चंद्रपाल और फूल सिंह सहित दर्जनों ने आरोप लगाते हुए बताया कि कुछ लोग कुएं के पास गंदगी डाल देते हैं। मना करने पर विवाद करने पर आमादा हैं। शिकायत करने वालों ने प्रशासन से जमीन खाली कराए जाने की मांग की है।

प्रधान और लेखपाल ने महिला को पीटा, रिपोर्ट दर्ज

दुनका, अमृत विचार : दबंग प्रधान ने लेखपाल के साथ मिलकर एक गरीब महिला फसल को जबरदस्ती पलटने लगा. महिला के विरोध करने पर प्रधान और लेखपाल गाली देने लगे। इसी बीच प्रधान और उसके परिवार ने लेखपाल के साथ मिलकर महिला को बेरहमी से पीटी, इससे वह बेहोश हो गई. होश आने पर उसने फोन करके अपनी जेठानी को खेत पर बुलाया, जेठानी ने 112 पर इसकी सूचना पुलिस को दी. पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने प्रधान और हल्का लेखपाल खिलाफ एनसीआर दर्ज कर ली है। मामला थाना क्षेत्र के गांव लालपुर का है, यहां की निवासी गीता देवी पत्नी लक्ष्मण प्रसाद के खेत को लेकर प्रधान सोमपाल वर्मा से विवाद चल रहा है। प्रधान का आरोप है खेत ग्राम समाज की भूमि है जबकि गीता देवी का कहना है खेत हमारा है. खेत में गीता देवी ने गेहूं की फसल बो रखी है। बुधवार को प्रधान ने हल्का लेखपाल को खेत पर बुला लिया गीता देवी की बिना अनुमति के फसल को पलटने लगे। किसी ने गीता देवी को इस की जानकारी दी, वह अकेली खेत पर पहुंच गई, उसने विरोध किया तो प्रधान और लेखपाल ने उसे गाली देते हुए मारपीट करने लगे, इससे वह बेहोश हो गई। महिला की चीख सुनकर आसपास के तमाम लोग खेत की और दौड़े तब तक दबंग वहां से भाग गए। पीड़िता की जेठानी ने 112 को फोन लगा दिया पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मौका मुआयना किया। महिला का आरोप है प्रधान व उसके के परिवार ने हमें डराया धमकाया भी है, मारपीट में गम्भीर चोट आई है. पुलिस ने प्रधान और लेखपाल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली।

सार-संक्षेप

कंपोजिट विद्यालय में हर्षोल्लास से मनाया वार्षिकोत्सव

बरेली, अमृत विचार : बिथरी चैनपुर स्थित कंपोजिट विद्यालय में बुधवार को वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों ने एक से बढ़कर एक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर सभी का मनमोह लिया। मुख्य अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। उन्होंने अपने संबोधन में विद्यालय की व्यवस्थाओं की सराहना कर कहा कि पूरे जनपद के लिए यह विद्यालय प्रेरणा है। प्रधानाध्यापक नरेश गंगवार ने मुख्य अतिथि व अन्य सभी अतिथियों के स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। खंड शिक्षा अधिकारी अवनीश कुमार, केसी पटेल, योगेश गंगवार, प्रेमपाल, कुसुम लता सोनी, प्रियदर्शनी, अफरोज, नाजिया, रश्मि, मिथलेश यादव, नरेश चन्द्र, अकिंता, रीना सक्सेना, दिव्या, मनोज गंगवार, तपन सिंह मौर्य आदि लोग उपस्थित रहे।

खेल गतिविधियां कराईं, शिक्षा का स्तर भी परखा

देवरनियां, अमृत विचार : ब्लाक दमखोदा के कम्पोजिट विद्यालय भैरपुरा और प्राथमिक विद्यालय तेजनगर में हिन्दी एआरपी डॉ. देवकुमारी गंगवार ने अनुश्रवण कर शिक्षा के स्तर को जाना। इस बीच बच्चों के बीच खेल गतिविधियां भी कराई गई। अनुषवण के दौरान एआरपी ने कंपोजिट विद्यालय भैरपुरा में बच्चे स्मार्ट क्लास से शिक्षण कार्य सीख रहे थे, उन्होंने कक्षा एक से पांच तक के छात्रों का आकलन किया, बच्चों का स्तर संतोषजनक मिला। उन्होंने विज्ञान लैब को भी देखा, विज्ञान शिक्षिका ऊषा गंगवार की सरहाना की। तेजनगर में इंचार्ज वीरवती, सहायक अध्यापक हसीब अहमद, राधा, भैरपुरा मे प्रधानाध्यापिका रश्मि कंचन, सहायक ऊषा गंगवार, आशिका सचान, सुनील कुमार, फरजाना मौजूद रहे।

तेज गति से चलाने पर मिल का बॉयलर फिर खराब

देवरनियां, अमृत विचार : सहकारी चीनी मिल सेमीखेड़ा का पेराई सत्र बारह घंटे तक ठप रहा। इससे मिल यार्ड में गन्ना तौल भी ठप रही। किसान सहकारी चीनी मिल सेमीखेड़ा की मशीनरी ठीक न होने पर धीमी गति से चलाया जा रहा है। किसानों के मुताबिक मंगलवार की रात मशीनरी में तैनात कर्मचारियों ने मिल को तेज गति से चलाया। जिससे मिल के दो बॉयलर ने काम करना बंद कर दिया और रात दो बजे मिल का पेराई सत्र ठप हो गया। इससे मिल यार्ड में जमा किसानों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा। काफी मशक्कत के बाद बॉयलर को सही किया जा सका, जिससे बुधवार दोपहर दो बजे मिल चालू हो सकी। मिल के जीएम शदाब असलम खान का कहना है कि मिल चालू है, कर्मचारियों को दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

राष्ट्रीय फार्मेसी शिक्षा दिवस पर छात्रों का सम्मान

रिठौरा, अमृत विचार : राजश्री कॉलेज ऑफ फार्मेसी में फार्मेसी शिक्षा के जनक प्रोफेसर 'एमएल श्राफ' के जन्म दिन को नेशनल फार्मेसी एजुकेशन डे रूप में मनाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन केंद्रीय पक्षी अनुसंधान संस्थान के वैज्ञानिक डॉ. रोकड़े जयदीप जयवंत एवं संस्थान के चेयरमैन राजेन्द्र कुमार अग्रवाल, सचिव राकेश कुमार अग्रवाल ने जल संरक्षण का संदेश देते हुए जल भरो सेरेमनी मनाकर किया। फार्मासिस्ट एवं फार्मेसी के छात्र-छात्राओं को शपथ ग्रहण कराई। मुख्य अतिथि ने कहा बेहतर चिकित्सा और स्वास्थ्य सेवाओं के परिप्रेक्ष्य में कुशल फार्मासिस्टों का हमेशा से अहम योगदान रहा है। इस मौके पर ट्रस्टी पीयूष गुप्ता, डॉ. अनिल कुमार, डॉ. पंकज कुमार शर्मा, रजिस्ट्रार दुष्यंत माहेश्वरी, प्राचार्य डॉ. मुकेश पाल गंगवार समेत अन्य मौजूद रहे।

पुलिस ने दो तस्कर दबोचे, एक किलो अफीम बरामद

फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार : पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर राधाकृष्ण मंदिर के पास से बुधवार को दो अफीम तस्करों को पकड़ा, जिन्हें कोर्ट में पेश किया जहां से जेल भेज दिया। उनके पास से एक किलो पचास ग्राम अफीम बरामद हुई। पुलिस ने राधाकृष्ण मंदिर के पास हाईवे से बिशारतगंज के गांव रघुवीर निवासी उमेश जाटव और इसी थाने के गांव लौहारी निवासी जगन्नाथ किसान को गिरफ्तार करके थाना लाने के बाद पूछताछ की, उनके पास से बाइक की डिक्की में करीब एक किलो पचास ग्राम अफीम बरामद हुई। थाना प्रभारी धनंजय पांडेय के मुताबिक दोनों जिला रामपुर के मिलक निवासी मुल्ला सलमानी से खरीदकर ग्रामीण क्षेत्रों में फुटकर बेचने थे। पुलिस ने आरोपियों को कोर्ट में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया

लोगों ने देखा नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम का प्रसारण

रिठौरा, अमृत विचार : नारी शक्ति वंदन अभियान के अंतर्गत बुधवार को नगर पंचायत कार्यालय सभागार में मातृशक्ति वंदन कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया गया। जिसे देखने स्वयं सहायता समूह एवं एनजीओ के लोग पहुंचे। इस मौके पर जिलाध्यक्ष पवन शर्मा, जिला उपाध्यक्ष अभय चौहान, राहुल साहू, मंडल अध्यक्ष सुख्खन लाल पटेल, चैयरमैन प्रतिनिधि अमित कुमार गुप्ता, सभासद मनोज कश्यप, अब्दुल वहीद, कमलेश गंगवार, वीरपाल कश्यप, राधा, नीरज कुमारी, चंपत लाल उर्फ देवीदास आदि मौजूद रहे।

शिविर में मुआवजे के लिए पहुंचे लोग

रिठौरा, अमृत विचार : बरेली -पीलीभीत बाईपास निर्माण की प्रक्रिया लम्बे समय से चल रही है। किसानों की जमीन और बीच में आ रहे भवनों का चिन्हांकन पहले हो चुका है, लेकिन मुआवजा नहीं मिला। जिसे लेकर बुधवार को नगर पंचायत रिठौरा कार्यालय प्रांगण में शिविर लगाया गया। जिसमें चिन्हित किसानों एवं भवन स्वामियों का सत्यापन करने और जरूरी प्रपत्र प्राप्त एकत्र करने के लिए विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी अनिल कुमार कनिष्ठ सहायक, जयवीर सिंह कार्यालय सहायक लेखपाल दिनेश कुमार सिंह सहित तमाम स्टाफ मौजूद रहा। भारी संख्या में मुआवजा पाने वाले लोग कैम्प में पहुंचे और अपने प्रपत्र जमा किए।

भाजपा सांसद ने क्षेत्र में कोई विकास नहीं किया : सपा

आंवला, अमृत विचार : सपा का कार्यकर्ता सम्मेलन बुधवार को आयोजित किया गया, जिसमें लोकसभा प्रत्याशी समेत जिले के अधिकांश पदाधिकारी शामिल हुए। सपाइयों ने सत्ता पक्ष पर जमकर प्रहार किए और लोकसभा चुनाव में एकजुट होकर सपा प्रत्याशी को वोट देने की अपील की। सपा प्रत्याशी नीरज मौर्य ने कहा कि वर्तमान सांसद ने क्षेत्र में कोई विकास नहीं किया। अभी तक ऐसा कोई कार्य नहीं दिखाई दिया है, जिसमें सांसद का योगदान रहा हो। क्षेत्र की सड़कें जर्जर हैं। छुट्टा गोवंशों से किसान परेशान है। आंवला से ही पशुधन मंत्री है, उन्होंने कई बार प्रेसवार्ता करके अधिकारियों को तिथियां देकर गोवंशों को गोशालाओं में भेजने के निर्देश दिये। परंतु उनके आदेश के बावजूद भी गोवंश सड़कों ओर खेतों में हैं। जिलाध्यक्ष शिवचरण कश्यप ने कहा कि आंवला और बरेली के लिए पार्टी ने दमदार प्रत्याशी घोषित किए है। इसलिए अभी तक प्रत्याशी की घोषणा नहीं की है। इस मौके पर अगम मौर्य, वीरपाल सिंह यादव, सय्यद आबिद अली समेत अन्य लोग रहे।

एक नजर

रिटायर शिक्षक से टप्पेबाजी कर उड़ाए 50 हजार रुपये

नवाबगंज, अमृत विचार : नवाबगंज के खंजनपुर के रोशन लाल रिटायर शिक्षक हैं। बुधवार को नवाबगंज बैंक से रुपये निकालकर घर पैदल जा रहे थे। रास्ते में एक टप्पेबाज ने विधायक आवास के पास उनके पैर छूकर आशीर्वाद लिया और एक टुकटुक बुलाकर उन्हें उसमें बैठा लिया। कुछ दूर जाकर टप्पेबाज टुकटुक से उतर गया जब कुछ दूर जाकर शिक्षक रोशन लाल ने अपना थैला देखा था उसमें से 50 हजार रुपये गायब थे। शिक्षक ने नवाबगंज पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मौके पर जाकर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले तो उसमें टप्पेबाज कैद हो गया। पुलिस उसकी तलाश में जुटी हुई हैं।

नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम का हुआ आयोजन

आंवला, अमृत विचार : ब्लॉक रामनगर सभागार में नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण दिखाया गया। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख विजेता सिंह, रामनिवास मौर्य, खंड विकास अधिकारी सुखपाल सिंह, रोहित, और समूहों की महिलाएं, बैंक सखी, समेत तमाम महिलाएं और पुरुष मौजूद रहे।

चोरी की चार बैट्री के साथ गिरफ्तार

फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार : चोरी किए गए बैट्री बेचने आए दो लोगों को पुलिस ने पकड़ लिया। गुरुवार को दोनों को कोर्ट में पेश किया जाएगया, जहां से जेल भेजा जाएगा। मंगलवार शाम को पुलिस ने भिटौरा फाटक के पास से चार बैट्री लदी एक गाड़ी को पकड़ा। गाड़ी पर बरेली शहर के थाना इज्जत नगर के जगतपुर निवासी मो. फैजल मौजूद था। पूछताछ में उसने बैट्री थाना बारादरी के मुड़िया अहमद नगर निवासी आरिफ के बताए। पुलिस ने बुधवार सुबह आरिफ को भी थाना बुला लिया। दोनों पुलिस को बैट्री अपनी होने का कोई साक्ष्य नहीं दे पाए। जिस पर पुलिस ने बैट्री चोरी की मानते हुए चोरी के आरोप में रिपोर्ट लिखकर दोनों को गिरफ्तार कर लिया। गुरुवार को दोनों कोर्ट में पेश किया जाएगा।

ब्रह्मकुमारी सेंटर पर फहराया धार्मिक ध्वज

बरेली, अमृत विचार : महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में सौ फुटा रोड स्थित ब्रह्मकुमारी सेंटर पर बुधवार को सेंटर प्रभारी रजनी, राजेंद्र, सुमित, किशोर, प्रहलाद ने धार्मिक ध्वजा फहराई। सेंटर प्रभारी ने बताया कि महाशिवरात्रि के मौके पर हर वर्ष ध्वजा फहराई जाती है। महाशिवरात्रि पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। किरन, पूजा, सचिन आदि मौजूद रहे।

डॉ. निशा को मिला ग्लोबल अचीवमेंट बेस्ट टीचर अवॉर्ड

सीबीगंज, अमृत विचार : नव प्रज्ञा काव्य फाउंडेशन वाराणसी ने शिक्षा, लेखन एवं संस्कृति के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए आशीष रॉयल पार्क निवासी डॉ. निशा शर्मा को ग्लोबल अचीवमेंट बेस्ट टीचर अवॉर्ड से सम्मानित किया है। उन्होंने इस उपलब्धि का श्रेय माता-पिता, पति डॉ. अनुराग शर्मा और पुत्र सार्थक शर्मा को दिया है। उन्हें पुरस्कार मिलने पर पिता आरके शर्मा व अन्य परिजन गदगद हैं।



शार्ट सर्किट से साड़ी के शोरूम में लगी आग, लाखों का नुकसान

बरेली और उत्तराखंड से बुलानी पड़ी फायर बिग्रेड, तब जाकर आग बुझी

संवाददाता, बहेड़ी

अमृत विचार : पंजाबी कॉलोनी चौराह पर स्थित मनीष साड़ी शोरूम में शार्ट सर्किट से आग लग गई। आग से शोरूम में रखा लाखों का सामान जलकर राख हो गया। सूचना पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची, आग पर बमुश्किल काबू पाया जा सका।

सूचना मिलते ही एसडीएम, सीओ, इंस्पेक्टर और नगर पालिका के ईओ टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने भीड़ को मौके से हटाया। देर रात करीब साढे नौ बजे पंजाबी कालोनी चौराह स्थित साड़ी शोरूम में आग लग गई। दरअसल बुधवार को साप्ताहिक बंदी के चलते दुकानें बंद थी। पास की डेयरी में दूध लेने गए लोगो ने शोरूम के अंदर से आग की लपटें निकलते देखी तो शोरूम मालिक मनीष और पूर्व सभासद रोशन को सूचना दी। जब तक शोरूम स्वामी पहुंचे तब तक आग विकराल रूप ले चुकी थी। उधर सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची , फायर बिग्रेड की चार गाड़ियों ने घंटो मशक्कत की तब जाकर आग पर काबू पाया। सूचना पर एसडीएम अजय कुमार उपाध्याय,सीओ अरुण कुमार सिंह , इंस्पेक्टर प्रवीण कुमार सोलंकी के अलावा ईओ वीरेंद्र प्रताप सिंह मौके पर टीम के साथ पहुंचे। बहेड़ी के अलावा बरेली और उत्तराखंड से भी फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर आग बुझाने पहुंची। पीड़ित मनीष गेरा ने बताया कि उसका लाखों की साड़ियों, स्कूल ड्रेस का सामान जलकर राख हो गया है।

साड़ी के शोरूम में आग के बाद लगी लोगों की भीड़। ● अमृत विचार

जेल भिजवाने की धमकी के सदमे में बुजुर्ग की मौत

संवाददाता, नवाबगंज

- अधिकारियों से शिकायत के बाद भी नहीं हुई थी कार्रवाई
- दुष्कर्म की कोशिश का केस वापस लेने का बना रहे थे दबाव

अमृत विचार : नवाबगंज में दुष्कर्म की कोशिश के आरोपियों ने पीड़िता के घर में घुसकर मारपीट की और बुजुर्ग को दुष्कर्म के झूठे केस में फंसाकर जेल भिजवाने की धमकी दी। इससे बुजुर्ग सदमे में आ गए और उनकी मौत हो गई। इस मामले में नवाबगंज थाना में तहरीर दी गई है।

युवक ने नवाबगंज थाने पर तहरीर देकर बताया कि मोहल्ले के एक व्यक्ति ने उसकी भाभी से दुष्कर्म की कोशिश की थी। इस मामले में उसकी भाभी ने नवाबगंज न्यायालय में परिवाद दायर किया था। इस मामले की जानकारी जब आरोपी पक्ष को हुई तो 5 मार्च की रात पांच लोग उसके घर में घुस आए और जाति सूचक शब्दों के साथ गाली देते हुए धमकी दी कि अगर मुकदमा वापस नहीं लिया तो उसके परिवार को दुष्कर्म के आरोप में जेल भिजवा देंगे।आरोपियों की धमकी के बाद उसके पिता स्थानीय पुलिस अधिकारियों के पास शिकायत करने पहुंचे पर किसी ने भी उनकी नहीं सुनी और यह कहकर कार्रवाई से इन्कार कर दिया कि तुम लोगों के खिलाफ पहले से ही थाने में मुकदमा दर्ज है। इसके बाद सदमे में आए उनके पिता जवाहर की बुधवार सुबह मौत हो गई। उसकी शिकायत पर पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। खबर लिखे जाने तक मृतक का अंतिम संस्कार नहीं किया गया था। प्रभारी निरीक्षक से फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया पर कॉल नहीं लगी।

गेहूं बिक्री के लिए सिर्फ 4237 किसानों ने कराया पंजीकरण

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- एक मार्च से शुरू हो चुकी खरीद अभी तक नहीं पहुंचा कोई किसान

अमृत विचार : जिले में एक मार्च से गेहूं की खरीद शुरू हो चुकी है लेकिन अब तक कोई भी किसान गेहूं लेकर केंद्रों पर नहीं पहुंचा है। इसकी वजह है कि अभी तक फसल ही तैयार नहीं हुई है। अभी तक 4237 किसानों ने ही गेहूं बिक्री के लिए पंजीकरण कराया। यह संख्या काफी कम है।

पिछले साल कम खरीद होने पर सरकार ने इस साल एक मार्च से गेहूं खरीद शुरू करने के निर्देश दिए। इस बार गेहूं का रकबा भी पिछले साल से ज्यादा है बावजूद कम किसानों ने ही पंजीकरण कराया है, जबकि गेहूं बिक्री करने वाले किसानों की संख्या करीब दो लाख है। डिप्टी आरएमओ कमेलश पांडेय ने बताया कि प्रदेश सरकार ने गेहूं का दाम पिछले साल की तुलना में 150 रुपये बढ़ाकर 2275 रुपये निर्धारित किया है। इस बार बटाईदारों को भी सरकारी केंद्रों पर फसल बेचने का मौका है, बावजूद किसान इसमें रुचि नहीं ले रहे हैं।

अब तक बरेली के 1072, बहेड़ी के 847, मीरगंज के 215, आंवला के 516, नवाबगंज के 816 और फरीदपुर के 771 किसानों ने पंजीकरण कराया है। उन्होंने बताया कि किसान क्रय केंद्र के अलावा जनसेवा केंद्र या खुद के मोबाइल पर पंजीकरण कर सकते हैं। किसान 15 जून तक गेहूं बेच सकेंगे।

पति को जेल से छुड़ाने के बहाने महिला से दुष्कर्म

संवाददाता, फरीदपुर

- महिला के शोर मचाने पर 12 साल के बेटे को लिया गन प्वाइंट पर, पीड़िता ने दी तहरीर

अमृत विचार : पति को जेल से रिहा कराने के बदले में मायके में रह रही महिला से गांव के ही दबंग ने ठग लिए 70 हजार रुपये, जमानत न होने पर महिला ने उससे रुपये मांगे तो घर बुलाकर बेटे को गन पॉइंट पर लेकर मां के साथ साथियों के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। पीड़िता ने कोतवाली में आरोपियों के खिलाफ नामजद तहरीर दी।

थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने दी हुई तहरीर में बताया कि उसकी शादी पीलीभीत में हुई थी। उसके पति एक मुकदमे में जेल चले गए। तीन साल पहले महिला फरीदपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में मायके में रहने लगी। गांव के ही एक युवक ने पीड़िता से कहा कि उसकी न्यायालय में और पुलिस से अच्छी पहचान है, वह उसके पति को जल्द ही रिहा कर देगा इसके बदले में कुछ पैसे खर्च करने होंगे। महिला को युवक ने की अपनी बातों में फंसाकर तीन बार में 70 हजार ले लिए। आरोपी पीड़िता पर गंदी नजर रखने लगा, उसका काम न होने पर आरोपी के बुलाने पर उसके घर 5 मार्च को रात्रि 8:40 बजे अपने 12 वर्षीय बेटा के साथ महिला पहुंची तो वहां पहले से ही तीन अन्य अज्ञात व्यक्ति मौजूद थे। महिला ने आरोपी से कहा कि जब तुम मेरे पति को जेल से रिहा नहीं कर पा रहे तो मेरे रुपये वापस कर दो। महिला का आरोप है कि सभी ने कहा कि यह रोज-रोज पैसे मांगने आती है आज इसका लफड़ा ही खत्म कर दो। बेटे ने विरोध किया तो अज्ञात व्यक्तियों ने उसके बेटे को तमंचा दिखाकर गन पॉइंट पर ले लिया उसके बाद आरोपी और उसके उसके साथियों ने महिला से बारी-बारी से दुष्कर्म किया। शोर मचाने की कोशिश की तो अज्ञात व्यक्ति ने कहा कि शोर मचाए तो तेरे पुत्र को अभी मार देंगे। बेटे की हत्या की दहशत में शोर नहीं मचा पाई दबंगों ने धमकी दी कि अगर कहीं रिपोर्ट दर्ज करने की कोशिश की तो अंजाम बुरा होगा। मौका मिलने के बाद कोतवाली पहुंची और आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी है। प्रभारी निरीक्षक रामसेवक ने बताया कि अभी तहरीर नहीं मिली है यदि तहरीर रहती है तो जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

> ग्राम समाज जमीन को लेकर दो पक्षों में आपसी विवाद का मामला है। जिसमें एक पक्ष ने फर्जी गन पॉइंट पर दुष्कर्म करने की सूचना दिया था। पुलिस मामले की जांच कर रही है।
> – **मानुष पारीक**, एसपी देहात दक्षिणी

रंगदारी नहीं देने पर किया अपहरण

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- आईजी के निर्देश पर बारादरी पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट
- सिपाही ने आरोपियों का दिया साथ, पुलिस ने नहीं की कार्रवाई

अमृत विचार : बारादरी में एक व्यक्ति से दबंगों ने 20 लाख रुपये की रंगदारी मांगी और न देने पर उसका अपहरण कर लिया। आरोपियों ने कार लूट ली और मारपीट भी की। आईजी के निर्देश पर बारादरी पुलिस ने आठ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। व्यक्ति ने चौकी के सिपाही का भी नाम तहरीर में दिया लेकिन पुलिस ने एफआईआर में उसे नामजद नहीं किया।

प्रेमनगर के नरकुलागंज निवासी शाजेब उर्फ आशू ने आईजी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उन्होंने पहचान के एक व्यक्ति को शेरगढ़ रोड बहेड़ी में जमीन दिलाई थी। रिठौरा निवासी जितेंद्र गंगवार, सोनू यादव, केपी यादव, सीबीगंज निवासी विजित शर्मा, सुमित शर्मा, राजेन्द्र नगर निवासी प्रियांशु शर्मा, राज यादव और यशपाल ने कहा कि जमीन बिकवाओगे तो रंगदारी होनी होगी। 23 फरवरी को विजित शर्मा ने फोन करके उन्हें फनसिटी बुलाया। वहां सभी आरोपियों के अलावा कुछ अज्ञात लोग थे। सभी ने तमंचा दिखाते हुए कहा कि जमीन बिकवाई है, उसके 20 लाख रुपये तुम दो या पार्टी से दिलाओ। इसके बाद आरोपी बैरियर टू चौकी ले गए। वहां पर असलम सिपाही ने भी आरोपियों का साथ दिया। 25 फरवरी को ईंट पजाया चौराहा के पास से उन्हें कार सहित पकड़ लिया। जितेन्द्र ने पिस्तौल लगाकर पीछे डाल लिया और सोनू यादव कार चलाने लगा। जितेन्द्र और सोनू के अलावा बाकी लोग बाइक से थे। आरोपी उसे रिठौरा और वहां से अमरिया ले गए। उनके फोन पे से ही आरोपियों ने कार में पेट्रोल डलवाया और मटन के रुपये दिए। परिजनों ने थाना प्रेमनगर को सूचना दी, तब उन्होंने अमरिया पुलिस को बताया। इसके बाद आरोपी डेलापीर छोड़कर भाग गए और उनकी कार ले गए। आईजी के निर्देश पर बारादरी पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

268 करोड़ का भुगतान न करने पर चीनी मिलों को नोटिस जारी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बहेड़ी, नवाबगंज और सेमीखेड़ा की मिलों ने किसानों का नहीं किया भुगतान

अमृत विचार : बहेड़ी, नवाबगंज और सेमीखेड़ा चीनी मिलों ने इस पेराई सत्र का 268 करोड़ रुपये का किसानों का भुगतान नहीं किया है। डीसीओ ने चीनी मिलों को नोटिस जारी कर जल्द भुगतान का आदेश दिया है। भुगतान न करने पर ब्याज के साथ वसूली की जाएगी।

शासन और जिला प्रशासन के दबाव में तीनों चीनी मिलों ने पिछले सत्र का शत प्रतिशत भुगतान कर दिया था लेकिन इस सत्र का भुगतान नहीं कर रही हैं, जिससे किसान परेशान हैं। पिछले दिनों हुए किसान दिवस में भी किसानों ने भुगतान न होने पर नाराजगी जताई थी। डीसीओ के मुताबिक उत्तर प्रदेश पूर्ति एवं विनियमन अधिनियम के मुताबिक चीनी मिलों को 14 दिन के भीतर गन्ना मूल्य का भुगतान कर देना चाहिए। फरीदपुर और मीरगंज चीनी मिलें किसानों का शत प्रतिशत भुगतान कर चुकी हैं, जबकि सेमीखेड़ा पर 13.67 करोड़, नवाबगंज पर 72.55 करोड़ और बहेड़ी चीनी मिल पर 201 करोड़ रुपये का भुगतान बकाया है।

स्कूलों के 14 रजिस्टर डिजिटल करने की जिम्मेदारी का विरोध शुरू

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- शिक्षक नेता बोले-पहले से ही शिक्षकों को सौंप रखे हैं तमाम ऑनलाइन कार्य
- लगातार बढ़ाया जा रहा काम का बोझ, ऐसे में बच्चों की पढ़ाई होगी प्रभावित

अमृत विचार : बेसिक शिक्षा विभाग ने परिषदीय स्कूलों के शिक्षकों को 14 रजिस्टर डिजिटल करने की जिम्मेदारी सौंपी है। शिक्षक संगठनों के नेताओं ने इसका विरोध करना शुरू कर दिया है। उनका कहना है कि शिक्षकों पर पहले से ही काम का बोझ है, ऊपर से एक और काम सौंप दिया। इस संबंध में न तो शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है और न ही संसाधन।

शिक्षकों पर इन कार्यों की है जिम्मेदारी: बच्चों को पढ़ाने के साथ परिषदीय स्कूलों के शिक्षकों पर नवीन प्रवेश में ऑनलाइन पंजीकरण, डीबीटी, आधार वेरिफिकेशन, हाउस होल्ड सर्वे (परिवार सर्वेक्षण), दिव्यांग बच्चों की उपस्थिति, सूचनाओं के डीसीएफ, यूडायस डाटा फीडिंग, दीक्षा और प्रेरणा एप पर कार्य, ट्रेनिंग, बीएलओ एप से आयोग का कार्य, ऑनलाइन एमडीएम सूचना देने आदि कार्यों की जिम्मेदारी है। वहीं, अब स्कूल के 14 जरूरी रजिस्टरों को डिजिटल करने का भी काम सौंप दिया गया है। शिक्षक नेताओं का कहना है कि शिक्षकों को शिक्षा के अलावा कई अन्य कार्य भी सौंपे जा रहे हैं। काम के बोझ का असर बच्चों की पढ़ाई पर भी पड़ रहा है, मगर अफसर इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

> शिक्षकों को जानबूझ कर मानसिक और शारीरिक उत्पीड़न किया जा रहा है। पहले से ही शिक्षकों पर तमाम ऑनलाइन कार्यों की जिम्मेदारी है। इस संबंध में अफसरों बात की जाएगी।
> **प्रियंका शुक्ला**, जिलाध्यक्ष, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ

> शिक्षकों पर लगातार काम का बोझ बढ़ाया जा रहा है। छात्र हित में ऑनलाइन कार्यों पर रोक लगना जरूरी है। -**डॉ. विनोद कुमार शर्मा**, मंडलीय अध्यक्ष, यूपी जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ

> ऑनलाइन कार्यों के चलते शिक्षण कार्य प्रभावित होता है। साथ ही शिक्षकों के स्वास्थ्य पर भी असर पड़ रहा है। इस पर रोक के लिए जल्द प्रदेश स्तरीय आंदोलन किया जाएगा। -**नरेश गंगवार**, जिलाध्यक्ष, प्राथमिक शिक्षक संघ

एसएसपी के आदेश पर साल भर बाद दर्ज हुई लूट की रिपोर्ट

बहेड़ी, अमृत विचार : एसएसपी के आदेश पर बहेड़ी पुलिस ने मारपीट और लूटपाट के मामले में एक साल बाद रिपोर्ट दर्ज की। थाना पुलभट्टा के गांव भंगा निवासी मनोज ने बताया 26 जनवरी 2023 को इसी थाना क्षेत्र के गांव बरी में उसकी बुआ के यहां शादी थी, जिसमें उसके को जाना था, लेकिन शाम तक जब वह नहीं पहुंचे तो चिंता हुई। हर संभावित जगह पर तलाश की गई पर कुछ पता नहीं चला। अगले दिन बहेड़ी के गांव हथमना के निकट सड़क किनारे घायल अवस्था में पिता मिले तो उन्हें इलाज के लिए रूद्रपुर के अस्पताल में भर्ती कराया गया। कुछ समय बाद ठीक होने की स्थिति में पिता बाबूराम ने बताया कि कार्यक्रम में शामिल होने आने के दौरान गांव के ही बबलू, तीरथ और चूरामन ने उन्हें रोक कर मारापीटा और जेब में रखे 70 हजार रुपये, मोबाइल और बाइक लूटकर उसे मरा जानकर सड़क किनारे गड्ढे में फेंककर भाग गए। मनोज के अनुसार, उसने बहेड़ी पुलिस को जानकारी देकर कार्रवाई की मांग की, लेकिन पुलिस टरकाती रही। एसएसपी के आदेश पर बुधवार को पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली।

दाढ़ीधारी शिव और उनके परिवार की मूर्ति पर मुगलकाल का प्रभाव

प्रीति कोहली, बरेली

- शिव की दाढ़ी नुकीली घुमावदार चंदौसी से मिली थी मूर्ति

अमृत विचार : रुहेलखंड विवि के प्राचीन इतिहास एवं संस्कृत विभाग का पांचाल संग्रहालय खुद में तमाम खासियतें समेटे हुए है। यहां मिट्टी, टेराखोटा समेत कई तरह की मूर्तियों का अपना अलग-अलग इतिहास है। संग्रहालय में पं. सुरेंद्र मोहन मिश्र वीथिका में दाढ़ीधारी शिव और उनके परिवार की मूर्ति है, जो लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचती है। मूर्ति पर मुगलकाल का प्रभाव दिखता है।

पांचाल संग्रहालय के रिसर्च एसोसिएट डॉ. हेमंत मनीषी शुक्ला बताते हैं कि संभल जनपद के चंदौसी से बहुत बड़ी संख्या में प्राचीन मूर्तियां दान स्वरूप मिली थीं। जिन्हें पंडित सुरेंद्र मोहन मिश्र वीथिका में संजोकर रखा गया है। इसमें शिव और उनके परिवार की एक विलक्षण मूर्ति शामिल है। मूर्ति में दाढ़ीधारी शिव और माता पार्वती, जिनकी गोद में बाल गणेश बैठे हुए हैं। जिसे देखकर यह प्रतीत होता है कि इस मूर्ति को सांचे से ढाला गया है। रिसर्च एसोसिएट के मुताबिक किसी भी देश, काल, वातावरण और परिस्थिति का प्रभाव एक मूर्तिकला पर कैसे पड़ता है, यह उसका अद्भुत और सटीक उदाहरण है। हम जब शिव की मूर्ति या तस्वीर देखते हैं तो उसमें सामान्य दाढ़ी नजर आती है, लेकिन मुगलकाल से ही उलमा और मौलवियों की दाढ़ी नुकीली होती है, जिसमें घुमावदार नोक निकली होती है। चूंकि यह मूर्ति मुगलकाल की है, जिसमें शिव की दाढ़ी को भी वैसे ही नुकीला और घुमावदार बनाया गया है। दाढ़ीधारी शिव और उनके परिवार की मूर्ति पर मध्यकाल लिखा है, लेकिन डॉ. हेमंत का दावा है कि यह उस काल की न होकर मुगलकाल की रही होगी, क्योंकि उस समय देश और वातावरण का प्रभाव हम इस मूर्ति में देख सकते हैं।

दाढ़ीधारी शिव परिवार के साथ।

खेलकूद प्रतियोगिताओं में युवाओं ने दिखाया दम

नवाबगंज, अमृत विचार : नेहरू युवा केंद्र बरेली और विवेकानंद युवा विकास समिति के तत्वाधान में दो दिवसीय ग्राम संकुल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन नगर के रामलीला मैदान में किया गया। इस दौरान 800 और 1600 मीटर दौड़ व गोला फेंक, लंबीकूद आदि का आयोजन किया गया। 1600 मीटर दौड़ में युसूफ प्रथम, जीशान अली द्वितीय व फैजान अली तृतीय, 800 मीटर प्रतियोगिता में शोएब अब्बास प्रथम, नौरव कुमार द्वितीय, दीपक यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। एसडीएम एन राम ने हरी झंडी दिखा कर कार्यक्रम शुरू कराया। राष्ट्रीय युवा स्वयं सेवक अरुण देव ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। एसडीएम ने विजेताओं को मैडल व प्रणाम पत्र देकर सम्मानित करने के साथ ही उन्होंने खेलकूद के प्रति जागरूक व खेलों को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया। नौजवान एकेडमी प्रशिक्षक गैहर, अंपायर आकाश गंगवार, पुष्पेंद्र गंगवार, विशाल, रितिक, हरिओम ने सहयोग किया।

सार-संक्षेप

सरकार दिव्यांगों को दे रहीं सुविधाएं: विधायक

मीरगंज, अमृत विचार : भाजपा दिव्यांग प्रकोष्ठ की ओर से दिव्यांगजन सम्मेलन ब्लॉक सभागार में हुआ, जिसमें जिले भर के दिव्यांगों को उनके कर्तव्यों और अधिकारों के विषय में समझाया गया, इसके साथ ही सरकार की ओर से दिव्यांगों को दी जाने वाली सुविधाओं के विषय में विस्तार से बताया गया। बतौर मुख्य अतिथि विधायक डॉ. डीसी वर्मा ने बताया प्रदेश सरकार ने प्रत्येक स्तर पर दिव्यांगों को दी जाने वाली सुविधाओं में किसी भी तरह की कोताही बरतने पर मिली शिकायत के आधार पर जिम्मेदारों पर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। दिव्यांग अपने अधिकारों के प्रति पूरी तरह सचेत रहें।बृज क्षेत्र संयोजक दिव्यांग प्रकोष्ठ अमित शर्मा ने बताया कि भाजपा की नीतियों को समझते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वप्न को साकार करना है। कार्यक्रम का संयोजन जिला प्रकोष्ठ संयोजक राजेश गंगवार ने किया। इसके साथ ही प्रधानमंत्री का संवाद कार्यक्रम भी समूह की महिलाओं ने सुना। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख कृष्ण गोपाल गंगवार, महेंद्र गंगवार, राजेश गंगवार, रमेश कुर्मी, राजकुमारी चौहान, अनीस रज़ा, नरोत्तम शर्मा, अशोक उपाध्याय, भगवान सिंह, गीता गुप्ता, सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

कर्मचारियों को दिलाई सुरक्षा की शपथ

मीरगंज, अमृत विचार : धामपुर बायो ऑर्गेनिक्स लिमिटेड में 4 से 10 मार्च तक चलने वाले राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह मनाया जा रहा है। इस अवसर पर उपाध्यक्ष संजय कुमार श्रीवास्तव ने कर्मचारियों को जागरूक करने के लिए लगाई गई सुरक्षा उपकरण प्रदर्शनी का ध्वजारोहण कर आरंभ किया। प्रदर्शनी से सभी कर्मचारियों को सुरक्षा से संबंधित विषयों से जानकारी दी जाएगी। विभाग प्रमुख- मानव संसाधन एवं प्रशासन अरविंद गंगवार और वरिष्ठ प्रबंधक सुरक्षा शेषनाथ यादव एवं वरिष्ठ प्रबंधक मानव संसाधन नवीन कुमार श्रीवास्तव ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सुरक्षा शपथ दिलाई। इस दौरान कार्यक्रम में महाप्रबंधक तकनीकी रवि गुप्ता, महाप्रबंधक उत्पादन सुमोद सिंह, मुख महाप्रबंधक गन्ना आजाद सिंह, महाप्रबंधक लेखा जय गोपाल चावला, वरिष्ठ प्रबंधक संजय कुमार सिंह, व अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

पूनम किन्नर ने एसएसपी से लगाई न्याय की गुहार

भोजीपुरा, अमृत विचार : किन्नरों के बीच नेग मांगने को लेकर हुए विवाद में मामला तूल पकड़ता जा रहा है। क्षेत्र के किन्नरों की गुरु पूनम किन्नर ने एसएसपी से मिलकर अपने टीम के किन्नरों पर दूसरे क्षेत्र से आए किन्नरों के किए गए हमले में न्याय की गुहार लगाई है। पिछले दिनों भोजीपुरा के गांव पिपरिया में गुरु पूनम की किन्नर टीम नेग मांग रही थी, दूसरे क्षेत्र से आए किन्नरों ने हमला बोल दिया था। जिसमें सोनम, नीलम, राजेंद्री, हसीना आदि किन्नर गंभीर रूप से घायल हुए थे। भोजीपुरा पुलिस ने पीड़ितों का घायल अवस्था में सीएससी पर मेडिकल कराया था और गंभीर चोट होने पर जिला अस्पताल को रेफर किया था। हमले में घायल कुछ किन्नरों की हालत कमजोर बनी हुई है। इस मामले पूनम किन्नर ने एसएसपी को लिखित प्रार्थना पत्र देकर अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की।

आईजी -एसएसपी ने किया बूथ स्थलों का निरीक्षण



बरेली, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आईजी डॉ. राकेश सिंह और एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान ने आंवला क्षेत्र का भ्रमण किया। बाहर से आने वाले अर्द्धसैनिक और पुलिस बल के रुकने के स्थान भमोरा क्षेत्र के सिटी पब्लिक स्कूल, आदर्श इंटर कॉलेज, वर्धमान नर्सिंग कॉलेज और बाबा रामदास डिग्री कॉलेज का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। क्षेत्र के वल्नरेबल, अतिसंवेदनशील मतदान केंद्र प्राइमरी व कन्या जूनियर विद्यालय मनौना और प्राथमिक विद्यालय रामनगर का निरीक्षण किया। उधर, एसपी देहात उत्तरी मुकेश चंद्र ने एडीएम (ई), एसडीएम नवाबगंज, सीओ और प्रभारी निरीक्षक के साथ महाशिवरात्रि के चलते निकलने वाली शोभायात्राओं के मार्गों का जायजा लिया। अधीनस्थों को सुरक्षा संबंधी निर्देश दिए।

देवरनियां में पीएम के संबोधन को सुनने जुटी भीड़

देवरनियां, अमृत विचार : नगर पंचायत देवरनियां में बुधवार को नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसमें सरकार की योजनाओं से महिलाओं को रूबरू कराया गया। कार्यक्रम में भाजपा शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक डॉ. हरिशंकर गंगवार ने केंद्र और प्रदेश सरकार की महिलाओं के उत्थान के लिए चलाई जा रही योजनाओं के बारे में बताया। इस दौरान प्रधानमंत्री का संबोधन भी सुनवाया गया। इस दौरान चेयरमैन मोहम्मद कलीम अंसारी, शमशुल कमर, नगर पंचायत सदस्य रघुवीर सिंह , अमित गंगवार , सत्यपाल गंगवार, मास्टर क्षेत्र पाल गंगवार , हसनैन रजा खां समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

अंग्रेजी भाषा के सर्कुलर पढ़ने में आ रही दिक्कत

बरेली, अमृत विचार : जंक्शन पर बुधवार को हिंदी राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक हुई। इसमें रेल कर्मियों ने बताया कि मंडल और मुख्यालय से प्राप्त होने वाले अंग्रेजी भाषा के सर्कुलर को पढ़ने में दिक्कत होती है। इससे पहले हिंदी राजभाषा के संयोजक प्रांजुल उपाध्याय ने मुख्य अतिथि मंडल राजभाषा अधिकारी पुनीत सिंह का स्वागत किया। अध्यक्षता स्टेशन अधीक्षक बरेली भानु प्रताप सिंह ने की। इस मौके पर हिंदी में बेहतर कार्य करने के लिए एसएसई कार्य आकाश वर्धन, स्टेशन मास्टर ईशांत राघव, सीएलआई मो. अकरम को सम्मानित किया गया। कर्मचारियों ने मंडल राजभाषा अधिकारी को बताया कि सर्कुलर अंग्रेजी भाषा में होने के कारण पढ़ने में दिक्कत होती है। वहीं उन्होंने कंप्यूटर पर हिंदी टाइपिंग में आ रही दिक्कत के बारे में बताया। आशीष कुमार पांडेय, अंकुर शर्मा, बालक राम, सलाउद्दीन, राम सिंह यादव, हरीश कुमार, अर्जुन चंपामणी, मानसी मिश्रा मौजूद रहीं।

बर्सल रोग के टीके का हुआ हस्तांतरण

बरेली, अमृत विचार : चूजों में बर्सल रोग (आईबीडी) की रोकथाम के लिए बना टीका आईवीआरआई ने हेस्टर बायोसाईसिस कंपनी को हस्तांतरित किया। बुधवार को नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में आईवीआरआई के निदेशक डॉ. त्रिवेणी दत्त और कंपनी के वरिष्ठ अध्यक्ष डॉ. राम प्रकाश ने समझौते पर हस्ताक्षर किए। निदेशक डॉ. दत्त ने कहा कि यह वैक्सीन पोल्ट्री उद्योग के लिए एक वरदान होगी। पशु वैक्सीन पोर्टफोलियो में देश को आत्मनिर्भरता की ओर ले जाएगी। तकनीकी प्रबंधन इकाई के प्रभारी डॉ अनुज चौहान ने बताया कि इस टीके को 35 लाख रुपये लाइसेंस शुल्क और पांच प्रतिशत रॉयल्टी की शर्तों के साथ 15 साल की अवधि के लिए कंपनी को हस्तांतरित किया गया है। बर्सल संक्रमण रोग है।

महिलाएं स्वयं सहायता समूह से आत्मनिर्भर बन रहीं

बरेली, अमृत विचार : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लाइव कार्यक्रम को देखकर भाजपा के शक्ति वंदन कार्यक्रम का बुधवार को समापन किया गया। भाजपा महानगर के सभी नौ मंडलों में प्रसारण देखा गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि देश की महिलाएं स्वयं सहायता समूह से आत्मनिर्भर बन रही हैं और आप सब हमारा परिवार हो। भाजपा कार्यालय पर कालीबाड़ी मंडल के पदाधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना, महापौर डॉ. उमेश गौतम, लोकसभा संयोजक राजकुमार शर्मा, लोकसभा सह संयोजक डॉ. केएम अरोरा, अनिल कुमार एडवोकेट, सौभाग्यवती गंगवार, नीलम जेठा, डॉ. प्रमेंद्र माहेश्वरी, डॉ. तृप्ति गुप्ता, रेखा श्रीवास्तव, बंटी ठाकुर, ज्ञान प्रकाश लोधी, विक्रम सिंह, राजीव कश्यप, मनोज कपूर, नरेंद्र मौर्य, कन्हैया राजपूत, राम बहादुर मौर्य, विक्रम शर्मा आदि मौजूद रहे।

अर्थम् महान्तमासाद्य विद्यामैश्वर्यमेव वा।
विचरत्यसमुन्नद्धो यः स पंडित उच्यते ॥

जो व्यक्ति विपुल धन-संपत्ति, ज्ञान, ऐश्वर्य, श्री इत्यादि को पाकर भी अहंकार नहीं करता, वह ज्ञानी कहलाता है।

संपादकीय

बीमा योजना के तहत

प्रकृति पर निर्भरता के कारण खेती में जोखिम और अनिश्चितताएं आम हैं। सूखा, बाढ़, बेमौसम बरसात और ओलावृष्टि आदि सीधे खेती को प्रभावित करते हैं। ऐसी परिस्थितियों में फसलों का बीमा करना प्रमुख रणनीति मानी जाती है। फसल बीमा किसानों को फसल के नुकसान की स्थिति में भुगतान के माध्यम से जोखिम से निपटने में मदद करता है और कृषि क्षेत्र में आपदा भुगतान पर बोझ को कम करके सरकार की मदद करता है। किसानों की समस्याओं पर ध्यान देते हुए सरकार ने वर्ष 2016 में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) शुरू की थी। जिसका उद्देश्य कम पैदावार या पैदावार के नष्ट हो जाने की स्थिति में किसानों को मदद मुहैया कराना था। सरकार द्वारा किए गए प्रयासों के कारण, योजना के तहत कवरेज साल-दर-साल बढ़ रही है। गुरुवार को जारी आंकड़ों के अनुसार पीएमएफबीवाई के कार्यान्वयन के पिछले 8 वर्षों में 56.80 करोड़ किसानों के आवेदन पंजीकृत किए गए हैं और 23.22 करोड़ से अधिक किसान आवेदकों को दावे प्राप्त हुए हैं। इस दौरान किसानों ने प्रीमियम के अपने हिस्से के रूप में लगभग 31,139 करोड़ रुपये चुकता किए, जिसके आधार पर उन्हें 1,55,977 करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान दावे के रूप में किया गया। यह योजना खासकर उन किसानों का बोझ कम करने में मदद कर रही है, जो खेती के लिए ऋण लेते थे और खराब मौसम में फसल बर्बादी के कारण उसी ऋण को चुका पाने में असमर्थ रहते थे। इसके बावजूद देश में फसल बीमा को किसानों के बीच ज्यादा लोकप्रियता नहीं मिली है। इसका कारण यह है कि अधिकांश राज्यों द्वारा उनके प्रीमियम सब्सिडी शेयर का समय पर भुगतान नहीं कराया जाता है।

गौरतलब है कि भारतीय फसल बीमा 'क्षेत्र दृष्टिकोण' पर काम करता है। क्षेत्रीय दृष्टिकोण तभी अच्छा काम करता है जब किसानों की उपज और फसल काटने के प्रयोगों में उपज के बीच सहसंबंध अधिक हों। इस शर्त को शायद ही कभी पूरा किया जाता है जिसके परिणामस्वरूप 'बुनियादी जोखिम' होता है, यानी, किसान को फसल का नुकसान होता है लेकिन मुआवजा नहीं मिलता है। इसके अलावा, उन लोगों के लिए जिन्हें अंततः मुआवजा मिलता है, अधिकांश मामलों में भुगतान में काफी देरी होती है। कई बदलावों के बाद पीएमएफबीवाई शुरू की गई, जो पहले की समान योजनाओं का एक उन्नत संस्करण है। हालांकि कई मुद्दे और चुनौतियां हैं, अतः इस योजना के उद्देश्य की पूर्ति हेतु सरकार को योजना के समक्ष आने वाली उपरोक्त सभी चुनौतियों के संबंध में जल्द-से-जल्द समाधान का रास्ता तलाशना चाहिए।

कैंसर से जंग की नई उम्मीदें

निरंकार सिंह
वरिष्ठ पत्रकार

औषधियों के परिणाम-परीक्षण की एक सुनिश्चित वैज्ञानिक पद्धति है। औषधियां प्रायः विषों और ड्रगों से बनती है। अतएव पहला परीक्षण किया जाता है कि वे स्वास्थ्य और जीवन को खतरे में तो नहीं डाल देंगी। लेकिन डीएस रिसर्च सेन्टर ने तो मानवीय भोज्य पदार्थों में सम्मिलित पोषक ऊर्जा को प्राप्त करके औषधियां तैयार की थीं।

कैंसर के नए इलाजों में जहां इम्यूनोथेरेपी एक बड़ी उम्मीद के रूप में देखी जा रही है वहीं कुछ परंपरागत तौर तरीकों में बड़े बदलाव से भी इस जानलेवा बीमारी को काबू में करने की कोशिशें लगातार जारी हैं। इम्यूनोथेरेपी प्रतिरक्षा प्रणाली को बढ़ावा देने और शरीर को कैंसर कोशिकाओं को खोजने और नष्ट करने में मदद करने के लिए शरीर द्वारा या प्रयोगशाला में बनाए गए पदार्थों का उपयोग करती है।

पिछले 20 सालों में दुनिया भर में कैंसर के मरीजों की संख्या दोगुनी हो गई है। हर साल देश और दुनिया में कैंसर से लाखों मौत होती है। भारत में कैंसर के मामलों पर किए गए और बीएमसी कैंसर जर्नल में प्रकाशित आइसीएमआर (भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद) के 2022 के एक अध्ययन में अनुमान जाहिर किया कि 2025 तक भारत में कैंसर के 2.98 करोड़ मामले हो सकते हैं। ये नीति आयोग के अनुमान के हिसाब से इस साल भारत की 1.4 अरब आबादी की दो फीसदी होगी। आईसीएमआर का अध्ययन इनमें से 40 फीसदी मामलों की वजह इन सात में से एक कैंसर को बचाता है-फेफड़े, स्तन, भोजन नलिका, मुख, पेट, लीवर और गर्भाशय ग्रीवा।

कैंसर के नए इलाजों में जहां इम्यूनोथेरेपी एक बड़ी उम्मीद के रूप में देखी जा रही है वहीं कुछ परंपरागत तौर तरीकों में बड़े बदलाव से भी इस जानलेवा बीमारी को काबू में करने की कोशिशें लगातार जारी हैं। इम्यूनोथेरेपी प्रतिरक्षा प्रणाली को बढ़ावा देने और शरीर को कैंसर कोशिकाओं को खोजने और नष्ट करने में मदद करने के लिए शरीर द्वारा या प्रयोगशाला में बनाए गए पदार्थों का उपयोग करती है। इम्यूनोथेरेपी से कई अलग-अलग प्रकार के कैंसर का इलाज अब होने लगा है। उधर कैंसर के इलाज में भारतीय मसाले बेहद कारगर हैं। आईआईटी मद्रास के अनुसंधानकर्ताओं ने कैंसर के इलाज के लिए इनका पेटेंट करवाया है। 2028 तक बाजार में उपलब्ध होने की उम्मीद है। मुंबई स्थित देश के सबसे बड़े टाटा मेमोरियल कैंसर हास्पिटल और रिसर्च सेंटर की तरफ से अब इस जानलेवा बीमारी को लेकर एक उम्मीद जगाने वाली खबर सामने आई है। मुंबई के टाटा मेमोरियल सेंटर के एक शोध में यह दावा किया गया है कि उन्हांने कैंसर की एक बेहद किफायती संभावित दवा (टेबलेट) ढूंढ ली है, जो कैंसर सेल्स को फिर से बढ़ने से रोक सकती है और कैंसर ट्रीटमेंट थेरेपी के दुष्प्रभावों को कम करने में सहायक है।

टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल ने अपने नए शोध के जरिए एक टैबलैट विकसित की है। टैबलेट कैंसर ट्रीटमेंट थेरेपी यानि कीमोथेरेपी के दुष्प्रभावों को कम करने में असरदार होगा। यह टैबलेट कीमोथेरेपी जैसे ट्रीटमेंट के बुरे प्रभावों को 50 प्रतिशत तक कम करने में मददगार साबित हो सकती है। टाटा के डाक्टर्स इस टैबलेट पर करीब 12 साल से काम कर रहे हैं। चूहों पर प्रयोग कर इस दवा का सकारात्मक असर दिखा। इस दवा को जून-जुलाई में फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड अथारिटी ऑफ इण्डिया (एफएसएसएआई) से मंजूरी मिलने की संभावना है। कैंसर ट्रीटमेंट के दुष्परिणामों (कीमोथेरेपी और रेडियोथेरेपी) पर असर का परीक्षण चूहों और इंसानों दोनों पर किया गया। लेकिन इसकी रोकथाम का परीक्षण अभी सिर्फ चूहों पर किया गया है। इसके लिए मानव परीक्षण यानि ह्यूमन ट्रायल पूरा करने में लगभग पांच साल का समय लगेगा।

वैकल्पिक चिकित्सा के क्षेत्र में कई दशकों से काम करने वाली संस्था डीएस रिसर्च सेंटर ने पोषक ऊर्जा से कैंसर की औषधि तैयार करके यही काम किया है। वैज्ञानिक परीक्षणों में भी इस औषधि के नतीजे बेहतर पाए गए हैं। जाधवपुर विश्वविद्यालय के नैदानिक अनुसंधान केन्द्र (सीआरसी) के निदेशक डा.टी.के. चटर्जी के अनुसार- 'डीएस रिसर्च सेंटर की पोषक ऊर्जा से तैयार की गई औषधि सर्वपिष्टी के पशुओं पर किए गए परीक्षण के परिणाम उत्साहजनक पाए गए है। यदि पशुओं के शरीर पर सर्वपिष्टी का प्रयोग किए जाने के बाद सीआरसी ने उत्साहजनक परिणाम प्राप्त किए हैं तो ऐसे ही परिणाम इसे मानव शरीर पर प्रयोग करने से भी प्राप्त किए जा सकते हैं, जो कैंसर उपचार के इतिहास में युगान्तरकारी घटना होगी। सीआरसी विभिन्न रोगों के लिए दवाईयों का नैदानिक परीक्षण करता है। इसी सिलसिले में उन्होंने सर्वपिष्टी का भी नैदानिक परीक्षण किया था।

किसी दवाई की प्रभावकारिता का स्तर सुनिश्चित करने के लिए समान्यतः दो प्रकार का परीक्षण किया जाता है-पहला, औषधीय (फार्माकोलॉजिकल) परीक्षण और दूसरा, विष विद्या संबंधी (टोक्सीकोलॉजिकल) परीक्षण ये परीक्षण आयातित सफेद चूहों पर किए गए। पशु शरीर में कैंसर कोशिकाओं का प्रविष्ट कराया गया और जब ट्यूमर निर्मित हो गया तब हमने दवा देना शुरू किया। पोषक ऊर्जा के परीक्षण की स्थिति में 14 दिनों बाद जो प्रतिक्रियाएं देखी गईं उनमें कोशिकाओं की संख्या स्पष्ट रूप से कम होना शुरू हो गई थी। पशु शरीर में कोई अल्सर पैदा नहीं हुआ। ट्यूमर विकास दर 46 प्रतिशत तक कम हो गई थी ओर दवाई की विषाक्तता लगभग शून्य थी। ऐसे सकारात्मक परिणाम हाल के समय में नहीं देखे गए थे।

औषधियों के परिणाम-परीक्षण की एक सुनिश्चित वैज्ञानिक पद्धति है। औषधियां प्रायः विषों और ड्रगों से बनती है। अतएव पहला परीक्षण किया जाता है कि वे स्वास्थ्य और जीवन को खतरे में तो नहीं डाल देंगी। लेकिन डीएस रिसर्च सेन्टर ने तो मानवीय भोज्य पदार्थों में सम्मिलित पोषक ऊर्जा को प्राप्त करके औषधियां तैयार की थीं इसलिए वे औषधियां मानव स्वास्थ्य के लिए सर्वथा अनुकूल थी। यहां तक कि औषधि के सेवन का माध्यम भी दुग्ध शर्करा को बनाया गया था जो एक मानवीय भोज्य है और स्वास्थ्य पर इसका कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ता है। डीएस रिसर्च सेंटर के संस्थापक वैज्ञानिक डॉक्टर उमाशंकर तिवारी के अनुसार सर्वपिष्टी कोई औषधीय सूत्र नहीं है बल्कि पोषक ऊर्जा वर्ग की औषधीय का प्रतिनिधित्व करती है जो कल 1621 मानवीय भोज्यों के विस्तार से काट छांट कर विकसित पोषक ऊर्जा है।

सन् 1982 में सेंटर ने कैंसर की औषधि तैयार की। इस औषधि के परीक्षण के लिए प्रारंभ से ही नीति बनी कि केवल ऐसे रोगियों की तलाश की जाए। जिन्हें अस्पताली चिकित्सा के धर्मकांटे ने चिकित्सा के लिए अयोग्य मानकर अंतिम रूप से छोड़ दिया हो। खोजबीन करके इस तरह के रोगियों तक पोषक ऊर्जा की खुराकें पहुंचाई जाने लगी। उन्हें यह भी कह दिया गया कि अपने कष्टों के लिए और स्वास्थ्य के विकास के लिए जो भी औषधियां वे लेते रहे हैं उन्हें लेते रहें। परीक्षण अभियान शुरू हुआ। अन्ततः औषधि की सफलता और उसके प्रभाव परिणाम की सकारात्मकता रोगियों के अपने अनुभवों तक सीमित नहीं रही, वह जांच रिपोर्टों से भी प्रमाणित हुई और पारंपरिक चिकित्सा के वर्तमान सूत्रधारों को अक्सर विस्मित भी करती रही। पर यह औषधि बाजार में उपलब्ध नहीं है।

हमारे भोजन में प्रयोग होने वाले मसालों से तैयार नैनोमेडिसिन ने फेफड़े, स्तन सर्विकल, मुख, बृहदान्त्र व थॉयराइड सेल लाइन के खिलाफ कैंसर रोधी गतिविधि दिखाई है, लेकिन ये सामान्य कोशिकाओं के लिए सुरक्षित है। पशुओं पर यह अध्ययन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ है, अब क्लिनिकल ट्रायल की तैयारी चालू है। प्रोफेसर नागराज का नैनो-इमल्शन की स्थिरता महत्वपूर्ण विचार था। हालांकि कैंसर कोशिकाओं के साथ सक्रिय अवयवों व उनके सम्पर्क के तरीकों की पहचान करने के लिए और अधिक अध्ययन प्रयोगशालाओं में जारी रखेंगे। वास्तव में पारंपरिक कैंसर उपचार में थेरेपी की तुलना में नैनो-ऑन्कोलाजी के ढेरों फायदे तो हैं ही, इसके कोई साइड इफेक्ट्स भी नहीं हैं। अपने भोजन में इन मसालों का महत्व हमेशा से है। हमारी रसोई में हल्दी, जीरा, मेथी, इलायची, काली मिर्च, अजवाइन, तेजपत्ता व गरम मसालों की मौजूदगी बताती है। हम पुरातन वक्त से इनके महत्व को समझ रहे हैं। कैंसर जैसा खतरनाक रोग भारतीयों के लिए भीषण संकट खड़ा कर रहा है। कैंसर की दवाओं की सुरक्षा व लागत को लेकर निरंतर प्रयोग जारी हैं। इस तरह से तैयार की जाने वाली दवाएं सुरक्षित साबित हो सकती हैं। साथ ही इन मसालों के शुद्ध रूप को रोजाना के भोजन में शामिल कर हम इन रोगों से खुद को सुरक्षित रखने के प्रयास भी कर सकते हैं।

प्रसंगवश

सेमीकंडक्टर क्षेत्र में छलांग

प्रकाश श्रीवास्तव
वरिष्ठ पत्रकार

भारत का सेमीकंडक्टर मिशन बड़ी सफलताओं के साथ बहुत ही कम समय में अमरीका, ताइवान और दक्षिण कोरिया की तरह प्रमुख चिप हब बन रहा है। वह दिन अब ज्यादा दूर नहीं, जब देश में सेमीकंडक्टर पारिस्थितिकी तंत्र स्थापित हो जाएगा। इतना ही नहीं, देश में जल्द ही विश्वस्तरीय भारत सेमीकंडक्टर रिसर्च सेंटर की स्थापना होने जा रही है। यह सेंटर रिसर्च की दिशा में मील का पत्थर बनेगा। अभी हाल में केन्द्र सरकार ने तीन सेमीकंडक्टर इकाइयां लगाने को मंजूरी दी है। अगले 100 दिन के भीतर तीनों इकाइयों का निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। ये इकाइयां 20 हजार उन्नत प्रौद्योगिकी कार्यों में प्रत्यक्ष रोजगार और लगभग 60 हजार अप्रत्यक्ष रोजगारों का सृजन करेंगी।

उत्तर प्रदेश सरकार ने भी राज्य को सेमीकंडक्टर क्षेत्र में अग्रणी रखने के लिए कौशल प्रशिक्षण/अनुसंधान और विकास में कंपनियों को समर्थन देने प्रतिबद्धता पर जोर दिया है। प्रदेश सरकार ने यूपी सेमीकंडक्टर नीति-2024 के तहत राज्य में सेमीकंडक्टर इकाइयां स्थापित करने पर निवेशकों के लिए सब्सिडी और छूट देने की घोषणा की है। यह सभी छूट केंद्र द्वारा दी जाने वाली छूट के अलावा होगी। निवेश प्रोत्साहन और ब्याज सब्सिडी के अलावा भूमि लेनदेन पर स्टांप शुल्क और पंजीकरण शुल्क पूरी तरह से माफ कर दिया जाएगा। सरकार मुख्यमंत्री इंटर्नशिप योजना के तहत पांच वर्षों तक हर वर्ष 500 छात्रों को 20,000 की वार्षिक वित्तीय सहायता भी प्रदान करेगी। इसका फोकस बीटेक और एमटेक ग्रेजुएट्स पर होगा।

भारत में सेमीकंडक्टर उद्योग का परिदृश्य सार्थक रूप से नए आयाम और मायने की ओर बढ़ रहा है। इन आयामों से जहां डिजिटल प्रौद्योगिकियों और उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा, वहीं आईटी क्षेत्र में लाखों नई नौकरियां भी बढ़ेंगी। साधारण शब्दों में, सेमीकंडक्टर को आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक्स का 'मस्तिष्क' कहा जाता है। कोई शक नहीं कि भविष्य की हमारी दुनिया जिस मजबूत आधार पर टिकी हुई होगी, वह है सेमीकंडक्टर।

देश को सेमीकंडक्टक्टर उत्पादन का वैश्विक हब बनाने की सरकार की प्रतिबद्धता किसी से छिपी नहीं है। भारत ने रक्षा क्षेत्र में भी आत्मनिर्भर होने की दिशा में कदम बढ़ाए हैं। सरकार ने यह तथ्य अच्छी तरह समझा है कि युवाओं की क्षमता का इस्तेमाल देश में ही किया जाए। सरकार ने सेमीकंडक्टर क्षेत्र में स्टार्ट-अप और एसएमई (छोटे और मध्यम उद्यमों) का समर्थन करने के लिए एक पैनल भी बनाया है। प्रौद्योगिकी से जुड़े विशेषज्ञ सेमीकंडक्टर को आज के युग का 'न्यू ऑयल' कहते हैं। लगभग हर प्रमुख सेमीकंडक्टर कंपनी की भारत में मौजूदगी है। भारत के युवा दुनिया के कुछ सबसे उन्नत चिप्स डिजाइन करते हैं, प्रोडक्ट की पैकेजिंग और टेस्टिंग भी करते हैं लेकिन उन्हें बनाने के लिए अमेरिका, चीन, दक्षिण कोरिया या ताइवान भेजा जाता है। भारत के विदेशी मुद्रा भंडार के लिए ये एक बड़ा बोझ है जिसे आने वाले समय में निश्चित कम किया जा सकेगा।

भारत में 300 से ज्यादा ऐसे बड़े कॉलेजों की पहचान की गई है, जहां सेमीकंडक्टर पर कोर्स उपलब्ध होंगे। आजीविका संवर्धन के लिए स्किल्स एक्वीजीशन एंड नॉलेज अवेयरनेस फॉर लिविलीहुड प्रमोशन (संकल्प) कार्यक्रम शुरू किया गया है। इसका उद्देश्य ईएसडीएम/सेमीकंडक्टर उद्योग सहित विभिन्न क्षेत्रों में लगभग 10 मिलियन लोगों को प्रशिक्षण प्रदान करना है। सरकार ने हाल में, नेशनल क्वांटम मिशन को मंजूरी दी है। 2023-24 से 2030-31 तक के लिए 6003.65 करोड़ रुपये का बजट घोषित किया गया है।

आंकड़ों की बात की जाए तो 2014 में भारत का इलेक्ट्रानिक्स उत्पाद 30 बिलियन डॉलर से भी कम था। 2014 से पहले भारत में सिर्फ 2 मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स थीं। आज इनकी संख्या बढ़कर 200 से ज्यादा हो चुकी है। अगर ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी की बात करें तो 2014 में भारत में 6 करोड़ यूजर्स थे। आज उनकी संख्या भी लगभग बढ़कर 80 करोड़ यूजर्स से ज्यादा हो चुकी है। मौजूदा दशक में ही भारत का सेमीकंडक्टर बाजार 110 अमेरिकी डॉलर तक जा सकता है जो वैश्वक व्यवसाय का 11 फीसद है। वैश्विक कंसल्टिंग कंपनी मैकेंजी के अनुसार 2030 तक सेमीकंडक्टर उद्योग का राजस्व एक ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। इंडिया इलेक्ट्रॉनिक्स एंड सेमीकंडक्टर एसोसिएशन के अनुसार सेमीकंडक्टर का भारतीय बाजार 2028 तक 80.3 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है।

एआई: सावधान मनुष्य यदि विज्ञान है तलवार



डॉ. अवनीश यादव
प्रान्तीय शिक्षा सेवा संवर्ग, उ.प्र.

शिक्षा में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के ज़रिए ज़बरदस्त बदलाव के दावे किए जा रहे हैं। जैसे कि 'कृत्रिम बुद्धिमत्ता असिस्टेंट' की मदद से विद्यार्थी बिना शिक्षक संपर्क के भी शैक्षिक संसाधनों का पता करके उनको उपयोग में ला सकते हैं।

विज्ञान जहां दिन-प्रतिदिन हमारे जीवन को सुगम बनाता रहा, वहीं इसके दुष्प्रभाव मानवता के समक्ष संकट भी उत्पन्न करते रहे। यही कारण रहा कि समय-समय पर चिंतकों-विचारकों ने इसके प्रति 'सावधान मनुष्य यदि विज्ञान है तलवार' जैसे तमाम संकेत देकर विज्ञान के संयमित और संतुलित प्रयोग के प्रति सचेत भी किया।

शिक्षा में विज्ञान का क्रमिक प्रवेश होने से शिक्षा गुणवत्ता में उत्तरोत्तर वृद्धि हुई है। चाहे वह शिक्षण विधियों को ज्यादा विद्यार्थी अनुकूल बनाने में सूचना संचार प्रौद्योगिकी का उपयोग हो अथवा विद्यार्थियों को स्व-निर्देशात्मक सामग्री की उपलब्धता। विज्ञान ने गूढ़ व जटिल संरचनाओं को लाइव मोड में विद्यार्थियों के समक्ष प्रस्तुत किया तो उनकी जिज्ञासाओं का समाधान भी एक क्लिक में प्रस्तुत किया। वर्तमान समय 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' या 'कृत्रिम बुद्धिमत्ता' (एआई) का है। इस दिशा में निरंतर हो रहे शोध एवं नवाचारों ने इसे मानव के समक्ष एक ऐसी चुनौतीपूर्ण स्थिति में लाकर खड़ा कर दिया है कि पुनः इस बात पर ज़ोर-शोर से चर्चा होने लगी है कि इसके उपयोग की सीमाएं क्या हों। कहीं ऐसा तो नहीं कि यह 'कृत्रिम मेधा' वास्तविक मेधा के समक्ष सच में संकट खड़ा कर दे।

यहां हम 'कृत्रिम बुद्धिमत्ता' क्या है और शिक्षा में इसका क्या भविष्य है, इस बिंदु पर विचार करेंगे। कृत्रिम बुद्धिमत्ता कंप्यूटर द्वारा नियंत्रित विज्ञान का ऐसा सॉफ़्टवेयर, रोबोट अथवा अन्य कोई टूल है जो मनुष्य की तरह सोचने का तरीक़ा प्रस्तुत करता है। यहां विशेष बात यह है कि 'कृत्रिम बुद्धिमत्ता' मानव द्वारा निर्मित उपकरण अथवा मशीन की मेधा है इसलिए इसकी तुलना प्राकृतिक बुद्धिमत्ता से करना बेमानी है। हां, इतना ज़रूर है कि इसके दुरुपयोग की संभावनाएं भी इसके उपयोग जितना ही प्रबल हैं।

शिक्षा में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के ज़रिए ज़बरदस्त बदलाव के दावे किए जा रहे हैं। जैसे कि 'कृत्रिम बुद्धिमत्ता असिस्टेंट' की मदद से विद्यार्थी बिना शिक्षक संपर्क के भी शैक्षिक संसाधनों का पता करके उनको उपयोग में ला सकते हैं। इसकी मदद से विद्यार्थियों की रुचियों-रुझानों का पता लगाना आसान होगा तथा उनके अनुरूप आवश्यक संसाधन-संदर्भों की सहज उपलब्धता होगी। इससे संबंधित उपकरणों की मदद से बच्चों का सतत आकलन करते हुए त्वरित फीडबैक, सहयोग व पुनर्बलन सुगम होगा।

निस्संदेह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के आने से शिक्षा में सीखने-सिखाने की नवीन संभावनाओं के द्वार खुलेंगे पर इससे जुड़ा दूसरा पक्ष भी है। वह है इसके अनियोजित व दुराग्रही प्रयोग के दुष्परिणाम। इस क्षेत्र के विशेषज्ञों का मानना है कि किसी भी टूल में 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' केवल उतनी ही जानकारी भर है जितनी जानकारी पर इसे सेट किया गया है। इसमें भावनात्मक स्तर पर सोचने-समझने और तदनुरूप प्रतिक्रिया का अभाव होता है। इससे विभिन्न स्तरों पर पक्षपात अथवा पूर्वाग्रह पूर्ण व्यवहार की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। अधिकांशतः 'डेटा आधारित' होने के कारण इसके द्वारा प्रदत्त जानकारियां भ्रामक, त्रुटिपूर्ण या अपूर्ण हों, इस बात से भी इंकार नहीं किया जा सकता। अतः यहां से प्राप्त जानकारियों की पर्याप्त एवं वैध पुष्टि आवश्यक होगी। कृत्रिम बुद्धिमत्ता के उपयोगी पहलुओं में यह भी गिना जाता है कि यह विद्यार्थी की शिक्षक पर निर्भरता कम करते हुए उसके वैयक्तिक स्तर पर सीखने के अनुभवों में वृद्धि करेगी। पर यहां विचारणीय यह भी है कि शिक्षण अधिगम के दौरान शिक्षक की भूमिका एक सतत एवं सहयोगी निगरानी कर्ता की भी होती है। नितांत वैयक्तिकता विद्यार्थियों को सहभागिता और सामाजीकरण से दूर कर देगी। सीखना- सिखाना एक अनुकूल परिवेश में सृजित किया जाने वाला अनुभव है जो इस कृत्रिम परिस्थिति में भटकाव का कारण बन सकता है। मशीनों पर अधिक निर्भरता न केवल रोज़गार के अवसरों को कम करेगी बल्कि नैतिक मानदंडों, मान्यताओं, मानवीय मूल्यों, और सामाजिक जीवन के लिए अनिवार्य और अपरिहार्य तत्वों को भी कमज़ोर करेगी इसकी भी संभावनाएं व्यक्त की जा रही हैं शिक्षा में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के सार्थक उपयोग हेतु इसकी संभावित कमियों को ध्यान में रखते हुए बेहद सजग व संतुलित क्रियान्वयन योजना तैयार करनी आवश्यक होगी। इसको शिक्षकों का विकल्प मानने या बनाए जाने के बजाय यह ज्यादा ज़रूरी होगा कि इन दोनों के मध्य सहक्रियात्मक संबंध स्थापित किए जाएं जिनमें मशीन और भावना का समन्वित सम्मिलन हो।

सोशल फोरम

सर्वहारा की सामाजिकता

अनूप शुक्ल
कानपुर

ऐसे ही एक दिन शाम को टहलने निकले। लगा सड़क पर भीड़ बहुत बढ़ गई है। सामने से आती हुई गाड़ियां ऐसे लग रही थीं मानों उड़ती चली आ रहीं हैं। जरा दाएं-बाएं होने में देर की नहीं कि रौंद कर निकल जाएंगी। दुनिया बहुत हड़बड़ी में है।

टहलते हुए कालपी रोड पर आ गए। चार-पांच किलोमीटर की टहलाई काफी दिन बाद हुई थी। नहर के पास सड़क थोड़ा ऊंची है। सड़क किनारे बनी पुलिया के पास खड़ा एक आदम, अपनी साइकिल पकड़े, नहर के बहते पानी को देख रहा था। चुप खड़ा। पास पहुंचकर बातचीत शुरू हुई। बात करते हुए साइकिल सवार साइकिल पकड़े हुए मेरे साथ पैदल चलने लगा। बताया कि काम के सिलसिले में भौंती जाता है। करीब 28 किलोमीटर की दूरी। मतलब करीब 56 किलोमीटर की दूरी रोज साइकिल से रोजी-रोटी के सिलसिले में तय होती है।

हमने कहा- 'यह तो बहुत दूर पड़ जाता है।' 'का करें? पेट के कारण सब करना पड़ता है।'- उसने निर्लिप्त भाव से जवाब दिया।

घर, परिवार और बाल-बच्चों के बारे में बात करते हुए वह साथ चलता रहा। जिस सड़क पर हम चल रहे थे वह ऊंचाई पर थी। ढलान से नीचे उतरते हुए वह हमारे साथ पैदल चल रहा था। हमने कहा- 'अब तुम चलो। ढलान भी है। इसी के सहारे दूर तक चले जाओगे। आराम रहेगा।' इस पर वह बोला- 'हां लेकिन साथ चलते हुए थोड़ा बोल-बतिया ले रहे हैं तो रास्ता अच्छा कट गया।' फिर थोड़ी देर और साथ चलने के बाद साइकिल पर सवार होकर चला गया। साथ चलते हुए बोलते-बतियाते हुए रास्ता आसानी से कटने की बात सुनकर लगा कि दुनिया में अकेलेपन से मुक्ति की चाहना कितनी है लोगों में। लोग अकेलापन महसूस करते हैं। उससे मुक्त होना चाहते हैं। लेकिन तमाम कारणों से मौके नहीं मिलते। सोशल मीडिया पर लोगों की भयंकर भागीदारी इस अकेलेपन से मुक्ति की चाहना का ही परिणाम है। अपने को अभिव्यक्त करके सामाजिक हो जाने का एहसास लोगों को इससे जोड़ता है। अलग बात है कि लोगों की सामाजिकता की चाहना को सोशल मीडिया अपनी कमाई के लिए उपयोग करता है।

-फेसबुक वॉल से

सीता की प्रतिष्ठा में वृद्धि की जाए

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

नगरी के उत्थान पतन के इतिहास में एक अध्याय और जुड़ा है। अब एक बार फिर इसके दिन बहुरे हैं। इसे स्थायित्व देने हेतु कुछ बातें मैं जरूरी समझता हूं।

मनु के द्वारा बसाई गई विश्व प्रसिद्ध अयोध्या नगरी का इतिहास आरोहों अवरोहों से परिपूर्ण रहा है। वह कई बार बसी और उजड़ी। कहीं लिखत पढ़त में तो नहीं, किंतु एक लोक श्रुति के अनुसार इस नगरी को सीता जी का शाप है। परिस्थितियां और कारण कुछ भी रहे हों, पर उन जगज्जननी को यहां वह सम्मान और न्याय तो नहीं ही मिल सका, जिसके वे योग्य थीं। वे त्रिलोकपति श्रीराम से वैसी ही अभिन्न हैं जैसे वाणी और उसका अर्थ तथा जल और उसकी लहर। गोस्वामी तुलसीदास ने सही ही कहा है,"गिरा अरथ जल बीचि सम,कहियत भिन्न न भिन्न। बन्दौं सीता राम पद जिन्हइ परम प्रिय खिन्न"।। गोस्वामी जी ने गुणग्राम भी दोनों के साथ साथ गाए जाने के इशारे किए हैं।" सीतारामगुणग्राम पुण्यारण्य विहारिणौ। वन्दे विशुद्ध विज्ञानौ कवीश्वर कपीश्वरौ"। युद्धोपरांत लंकापुरी से वापस लाए जाने पर,राम ने उनसे कटु वचन भी कहे,जैसा कि वाल्मीकि रामायण में उल्लेख है। पश्चात् उनकी चारित्रिक शुचिता की 'अग्नि परीक्षा'ली गई थी, जिसमें वे पूर्णतया उत्तीर्ण हुईं थी। यही नहीं आदि कवि ने लिखा है कि रावण पहले उन्हें अपने महल में ही ले गया था। लंकापुरी का समस्त वैभव,अपनी पत्नियां और स्वयं को भी उनके अधीन करने का आश्वासन देता हुआ अपनी भार्या बनाने का प्रलोभन देता रहा।

यह सीता जी का ही आत्मबल था कि वे झुकीं नहीं और प्रलोभनों को तिरस्कृत करती हुईं, उसे फटकार लगाई। तब विफल खल नायक ने उन्हें अशोक वाटिका में आवासित करवा दिया। अयोध्या आकर, राजपाट सम्हालने के बाद, श्रीराम ने उनका परित्याग 'लोकापवाद'को शमित करने हेतु किया था,न कि उनके अशुचि होने के कारण। हालांकि अन्याय तो हो ही गया। ऐसे में यदि यह नगरी अभिशप्त हुई,तो बात समझ में आती है। कालिदास के 'रघुवंश'में एक वृत्तांत आया है। राम पुत्र कुश(महाराज कुशध्वज) रात अपने महल में लेटे थे।अर्द्ध रात्रि को जब वे तंद्राग्रस्त थे, तो एक विवर्ण मुख नारी सामने आ कर खड़ी हुई। महाराज चकित रह गए कि चारों ओर से सुरक्षित उनके शयन कक्ष में यह कौन नारी प्रवेश कर सकी। नारी बोली,'राजन्! मैं अयोध्या नगरी हूं। जबसे तुम्हारे पिता जी संपूर्ण नगर निवासियों सहित संतानिक लोक प्रस्थान कर गए, तब से मैं सूनी पड़ी हूं। महाराज कुश तत्काल तैयार हुए और दल बल सहित अयोध्या पहुंचकर उसे फिर से बसाया।

नगरी के उत्थान पतन के इतिहास में एक अध्याय और जुड़ा है। अब एक बार फिर इसके दिन बहुरे हैं। इसे स्थायित्व देने हेतु कुछ बातें मैं जरूरी समझता हूं। सीता जी के सम्मान में वृद्धि की जाय। निर्मित हो रहे मंदिर परिसर में किसी उचित स्थान पर सीताराम युग्म की प्रतिमा स्थापित हो, तथा उन माता के भूमि से उद्भव से लेकर पृथ्वी के गर्भ में समाने तक के चित्र या विग्रह प्रतिष्ठित किये जाएं। अयोध्या में कन्याओं को ग्रेजुएशन तक की निःशुल्क शिक्षा देने वाला महाविद्यालय सरकार खोले। सनातन धर्मावलंबी अब कभी भी अपने इस धाम का अवरोह नहीं देखना चाहेंगे।

पुलिस हिरासत में भी असुरक्षित

संजीव मेहरोत्रा
बरेली

जब विश्व श्रमिक संगठनों के वजूद और हड़ताल के विचार से दुनिया अनजान थी। तब 8 मार्च 1857 को न्यूयार्क में बेकरी की गंदी अंधेरी कोठरियों में बेहद कम मजदूरी पर 12 से 14 घंटे काम करने वाली महिलाओं ने त्रस्त हो कर काम ठप किया और सड़क पर आ गई। 8 मार्च को अंतराष्ट्रीय महिला दिवस मनाने की नींव मैडम क्लारा जेटकिन के प्रयासों से दूसरी अंतराष्ट्रीय महिला कांग्रेस में पड़ी। अभी तक महिला दिवस मार्च के किसी भी दिन मानने की प्रथा थी। किंतु प्रथम विश्व युद्ध के समय 8 मार्च को तमाम कामकाजी महिलाओं ने अपनी फैक्ट्री और उद्योगों से निकल कर एक नारा दिया हमें रोटी चाहिए। युद्ध नहीं हजारों महिला और पुरुष एक रैली के रूप में बाहर निकले। इस आंदोलन से रूसी क्रांति की नींव पड़ी। इसके बाद इसे कामकाजी महिला दिवस के रूप में मनाया और जाना गया।

देश में महिलाओं के उत्पीड़न की घटनाएं लगातर बढ़ रही हैं। यह बहुत ही दुखद है कि जब हम इस बार का महिला दिवस आयोजित कर रहे है नेशनल क्राइम रिकार्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की रिपोर्ट बहुत ही चौकाने वाली आई है। इसके अनुसार पुलिस हिरासत में भी महिलाएं असुरक्षित हैं। 2017 से 2022, के मध्य 5 वर्षो में ऐसी 270 घटनाएं हुई है, जिनमे पुलिस, जेल अधिकारियों आदि ने हिंसा की घटनाओं को अंजाम दिया। पुलिस हिरासत में रेप के मामले यूपी और एमपी में सर्वाधिक हैं। जहां क्रमशः 92, और 42, मामले दर्ज हुए एनसीआरबी के अकड़े बताते हैं कि महिलाओं पर हिंसा ब्लैक मेलिंग, दहेज उत्पीड़न बच्चियों पर रेप की घटनाएं लगातार बढ़ी है। निसंदेह भारतीय श्रमिक वर्ग को इन अपराधों को रोकने को आगे आना होगा, जिसमें महिलाओं की बड़ी भूमिका होगी।

अगर भाजपा में चला जाऊं तो ईडी के समन बंद हो जाएंगे : केजरीवाल

ईडी के आठ समनों की अवहेलना कर चुके हैं दिल्ली मुख्यमंत्री

नई दिल्ली, एजेंसी

आबकारी नीति से संबंधित मामले के सिलसिले में अब तक प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के आठ समन की अवहेलना कर चुके दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को दावा किया कि अगर वह भाजपा में शामिल हो जाएं तो उन्हें एजेंसी से नोटिस मिलने बंद हो जाएंगे।

ईडी ने आबकारी नीति कथित घोटाले से संबंधित धन शोधन मामले की जांच के सिलसिले समन जारी करने के बावजूद पेश न होने पर केजरीवाल खिलाफ मुकदमा चलाने की मांग करते हुए दिल्ली की एक अदालत में नयी याचिका दायर की है, जिसके बाद केजरीवाल की यह प्रतिक्रिया आई है।

दिल्ली के मुख्यमंत्री ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि ईडी का उपयोग कर विपक्षी नेताओं को परेशान करके भाजपा में शामिल होने के लिए मजबूर किया जा रहा है। केजरीवाल ने कहा, ईडी का छापा डलवा कर के पूछा जाता है - कहां जाओगे- भाजपा या जेल? जो भाजपा में जाने से मना कर देते हैं, उन्हें जेल भेज देते हैं। आज अगर सत्येंद्र जैन, मनीष सिसोदिया और संजय सिंह भाजपा में शामिल हो जायें तो कल ही उन्हें जमानत मिल जाएगी...। अगर मैं आज भाजपा में चला जाऊं तो मुझे भी ईडी के समन आने बंद हो जाएंगे। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक ने कहा कि समय बड़ा बलवान है और हर समय एक जैसा नहीं रहता।

प्रवर्तन निदेशालय ने समन का पालन नहीं करने पर केजरीवाल के खिलाफ दर्ज कराई नई शिकायत

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धन शोधन जांच में समन का पालन नहीं करने के लिए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ मुकदमा चलाने का अनुरोध करते हुए एक अदालत में नयी शिकायत दर्ज कराई है। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नयी शिकायत धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की धारा 50 के तहत संघीय जांच एजेंसी द्वारा आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल को भेजे गए समन संख्या 4 से 8 का पालन नहीं करने से संबंधित है। अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट (एसीएमएम) दिव्या मल्होत्रा की अदालत ने मामले की सुनवाई बृहस्पतिवार को तय की है।

ईडी ने पूर्व में एक स्थानीय अदालत में याचिका दायर कर दिल्ली आबकारी नीति से जुड़ी धन शोधन जांच में केजरीवाल को जारी किए गए पहले तीन समन पर पेश नहीं होने के लिए उनके खिलाफ मुकदमा चलाने की मांग की थी। एसीएमएम मल्होत्रा की अदालत ने इस मामले (समन संख्या 1 से 3 के संबंध में) को 16 मार्च को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया है।

शादी के झांसे में दुष्कर्म का आरोपी बरी, सुप्रीम कोर्ट ने कहा- अपने कार्यों के प्रति महिला समझदार

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ **उच्चतम न्यायालय ने कहा- प्राथमिकी कानून की प्रक्रिया का दुरुपयोग**

उच्चतम न्यायालय ने शादी का वादा कर एक विवाहित महिला से दुष्कर्म करने के आरोपी को बुधवार को यह कहते हुए बरी कर दिया कि महिला अपने कार्यों के परिणामों को समझने के लिए काफी परिपक्व है।

न्यायमूर्ति सी.टी. रविकुमार और न्यायमूर्ति राजेश बिंदल की पीठ ने यह भी कहा कि आपराधिक प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 164 के तहत दर्ज प्राथमिकी और शिकायतकर्ता के बयान में विसंगतियां थीं। आरोपी विनोद गुप्ता की ओर से पेश वकील अश्विनी कुमार दुबे ने कहा कि प्राथमिकी कुछ और नहीं बल्कि कानून की प्रक्रिया का दुरुपयोग है क्योंकि दोनों के बीच शारीरिक संबंध सहमति से बने थे।

शिकायतकर्ता एक विवाहित महिला है जिसकी 15 साल की बेटी है और वह अपने माता-पिता के साथ रहती है। उन्होंने कहा, अपीलकर्ता द्वारा उससे किए गए शादी के वादे का कोई सवाल ही नहीं उठता। शीर्ष अदालत ने प्राथमिकी को रद्द करते हुए कहा महिला इतनी परिपक्व और समझदार थी कि उन नैतिक और अनैतिक कृत्यों के परिणामों को समझ सकती थी, जिनके लिए उसने अपनी पिछली शादी के दौरान सहमति दी थी। वास्तव में यह उसके पति को धोखा देने का मामला था। प्राथमिकी के मुताबिक महिला ने बताया कि वह अपनी कपड़े की दुकान संभालती थी। विवाद के बाद वह और उसका पति अलग-अलग रहने लगे। 10 दिसंबर 2018 को महिला को अपने पति से तलाक मिल गया।

वर्ष 2017 में गुप्ता ने महिला से उसके घर की पहली मंजिल किराए पर लेने के लिए संपर्क किया और दोनों के बीच धीरे-धीरे शारीरिक संबंध बन गए। प्राथमिकी में कहा गया है कि चूंकि महिला अपने पति के साथ नहीं रह रही थी, इसलिए गुप्ता ने तलाक मिलने पर उससे शादी करने का प्रस्ताव रखा। जब महिला ने तलाक के बाद शादी करने की बात कही तो गुप्ता ने बताया कि उसका परिवार सहमत नहीं है और 11 दिसंबर, 2020 को शादी से इनकार कर दिया।

ब्राउन शुगर के दो व्यापारियों को 10-10 वर्षों का कारावास

पटना। बिहार में पटना की एक विशेष अदालत ने मादक औषधि एवं मनोत्तेजक पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम के तहत दोषी करार देने के बाद आज दो व्यक्तियों को 10-10 वर्षों के सश्रम कारावास की सजा के साथ दो-दो लाख रुपये का जुर्माना भी किया। विशेष अदालत संख्या 2 ने मामले में सुनवाई के बाद वैशाली जिले के चंद्रपुर गांव निवासी करण सिंह और पटना के जक्कनपुर क्षेत्र निवासी रिंकेश कुमार को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई।

पब्लिक नोटिस

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि महेश पुत्र श्री जगदीश, निवासी 81 अंजनी सिरौली बरेली ने एक किता मकान रकबई 40.96 वर्गमी. बाकै सिठौरा खसरा नं. 588 में से पर. तह. व जिला बरेली को पीरामल कैपिटल हाउसिंग फाईनेन्स लि. में बंधक कर ऋण प्राप्त करने हेतु आवेदन किया है। उक्त सम्पत्ति के बावत एक किता रजिस्टर्ड पिछला मूल बैनामा जिसकी रजिस्ट्री दिनांक 28.08.1989 वही सं. -1 जिल्द सं.-3021 पृष्ठ संख्या-11 से 13 क्रमांक 10204 स.र. बरेली कहीं खो गया है। जिसकी सूचना दिनांक 17.02.2024 को पुलिस को दी जा चुकी है। उक्त मूल बैनामे की अनुउपलब्धता के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति, संस्था आदि को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह इस प्रकाशन 15 दिन के भीतर अपनी आपत्ति व्यक्तिगत रूप से समस्त दस्तावेजों/साक्ष्यों सहित मेरे कार्यालय में सामान्य कार्य दिवस की सामान्य कार्य अवधि में प्रस्तुत कर सकता है। उक्त अवधि में आपत्ति प्राप्त न होने पर यह मानते हुये कि इस विषय में किसी को कोई आपत्ति नहीं है उपरोक्त लोन जारी कर दिया जायेगा।

अमिताभ भंज, एडवोकेट
कार्यालय चम्बर नं. 11 बड़ा वकालतखाना,
सिविल कोर्ट, बरेली
सूची बद्ध अधिवक्ता

PUBLIC NOTICE

This is to notify all concerned that, on behalf of my client, Primal Capital Housing Finance Ltd. Civil Lines, Bareilly I hereby give notice that one customer, Mahes S/o Jagdeesh R/o Anjani Siroli Bareilly has applied for a loan in Primal Capital Housing Finance Ltd. against a house loan area 40.96 Sq. Mt. situated at Sithora Pargna & Tehsil Bareilly District Bareilly. Now said customer has declared that the previous/old original registered sale deed dated 28.08.1989 registered in Book No. 1, Vol. No. 3021, Pages 11 to 13 at Sl. No. 10204 at Sub Registrar Office Bareilly is not available/missing FIR of the same has been lodged on Dated 17.02.2024.

If any concern, Bank, Financial instituion or person having any claim, objection related to the above transaction and mortgage of said property with Primal Capital Housing Finance Ltd., he/she may kindly contact me within 15 days (in normal working period) from the date of publication of this advertisement in the below mentioned address failing which no claim will be entertained later and Primal Capital Housing Finance Ltd. will disburse the loan to proposed customer.

Amitabh Bhanj
Advocate
Chamber No. 11, Bara Waqalat Khana
Civil Court Bareilly (U.P.)-243001

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल हिन्दुजा हाउसिंग फाईनेंस लि. शाखा बरेली से अजय रस्तोगी पुत्र जुगल किशोर रस्तोगी नि. 189 छोटी बमनपुरी बरेली एक किता मकान तादादी 50.16 वर्ग मी. जो मकान नं. एक का पार्ट वाकै मो. बमनपुरी बरेली जिसकी चौहददी पूरब में मकान माधवी रस्तोगी पश्चिम में रास्ता 12.5 फिट चौड़ा, उत्तर में मकान राजीव व शशी रस्तोगी व दक्षिण में मकान पंकज व राजाराम रस्तोगी आदि है को सुरेश चन्द्र रस्तोगी पुत्र रामऔतार रस्तोगी से क्रय करने हेतु मेरे मुवक्किल से लोन ले रहे हैं। उक्त सम्पत्ति को सुरेश चन्द्र रस्तोगी ने द्वारा बैनामा जिसकी रजिस्ट्री दिनांक 24.01.2018 को बही सं. 1 क्रमांक 9868 पृष्ठ 125-152 में नं. 889 पर स. र. बरेली में हुई है। इकरारी अनिल कुमार मिश्रा से खरीद किया था। अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यदि किसी अन्य व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सामान्य कार्य दिवस के 05 दिन के अन्दर मेरे मुवक्किल हिन्दुजा फाइनेंस लि. शाखा बरेली पर या मेरे कार्यालय पर व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर दर्ज करा सकता है उक्त समयावधि बीत जाने के उपरान्त मेरे मुवक्किल द्वारा अजय रस्तोगी के पक्ष में ऋण जारी कर दिया जायेगा।

मुनीश कुमार सक्सेना
चैबर नं. 7 न्यू बिल्डिंग बंगलिया
सिविल कोर्ट, बरेली
सूचीबद्ध अधिवक्ता
हिन्दुजा हाउसिंग फाइनेंस लि., बरेली
मो. 9997389012

कार्यालय प्रबंध समिति उच्च प्रा. वि. पृथ्वीपुर नवदिया, वि.क्षे. नवाबगंज (बरेली)

नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उच्च प्रा.वि. पृथ्वीपुर नवदिया में यूकेलिप्टस के 25 खड़े पेड़ों की नीलामी दिनांक 09.03.2024 को विद्यालय प्रांगण में प्रातः 11:00 बजे की जायेगी।

नीलामी की शर्तें :-

1. जिला अधिकारी द्वारा निर्गत चरित्र प्रामाण पत्र, हैसियत प्रमाण पत्र 200000/- रु. नीलामी तिथि तक वैध हो। प्रस्तुत करना होगा।
2. बोलीदाता को 10000/- रु. का डिमाण्ड ड्राफ्ट वि.प्र.स. यू.पी.एस. पृथ्वीपुर नवदिया के नाम से जमा करना होगा।
3. नीलामी की धनराशि को वि.प्र.समिति के खाते में पेड़ों की कटान से पहले जमा करना होगा, एवं जड़ खुदान का कार्य, राजकीय सम्पत्ति को क्षति न होते हुए कटान का कार्य कराना होगा।

अध्यक्ष **सचिव**

कार्यालय ग्राम पंचायत सिसरका वि.खं. आसफपुर बिसौली (बदायूँ)

अति अल्पकालीन निविदा सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत सिसरका वि.खं. आसफपुर जनपद बदायूँ में मनरेगा योजना अन्तर्गत निम्न कार्य होना है। जो सामग्री आपूर्ति हेतु टेंडर/कोटेशन आमंत्रित किये जा रहे हैं। इच्छुक टेंडर दाता निविदा प्रकाशन के तीन दिवस में ग्राम पंचायत पर कार्यालय में संपर्क करें।

क्र.सं.	कार्य का नाम	अनु. माप	अनुमानित लागत	योजना
1.	केसर पाल के घर से जगदीश के घर व डा. की दुकान तक खडन्जा व सुरक्षा दीवार निर्माण कार्य	120मी.x 4मी.	360193.00	मनरेगा
2.	मुरारी के घर से बरी वाले तालाब तक खडण्जा निर्माण कार्य	250मी.x 4मी.	425352.00	मनरेगा

आरती सिंह प्रधान **पारूल देवी सचिव**

कार्यालय ग्राम पंचायत इटौआ, खुटार, शाहजहाँपुर

निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2022-23 में स्वीकृत मनरेगा योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत में निम्न कार्यो के लिए शासकीय विभाग में पंजीकृत सामग्री आपूर्ति दाताओं फर्मो से निविदायें आमंत्रित की जाती है।

क्र.सं.	कार्य का नाम	माप	अनुमानित लागत
1.	सियाराम के मकान से परपु के मकान तक इंटरलॉक कार्य	85x3मी.	2.60 लाख
2.	रामभरोसे के मकान से राजीव के खेत तक इंटरलॉक	120x3मी.	3.99 लाख

इच्छुक पंजीकृत सप्लायर/फर्म/निविदा प्रदत्त कार्य दिवस में ग्राम पंचायत सचिव से प्राप्त कर सकते हैं। पंजीकृत सप्लायर फर्म मोहरबन्द लिफाफे में प्राप्त निविदाएं दिनांक 07.03.2024 शाम को 4 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी। प्राप्त निविदादाताओं की समीक्षा उपरान्त निविदा कम दरों के अन्तर्गत आने वाली निविदा की स्वीकृति प्रदान की जायेगी।

कन्हैया लाल-प्रधान **मधुसूदन वर्मा-सचिव**

कार्यालय ग्राम पंचायत सहतेपुर वि.ख. निगोही जनपद शाहजहाँपुर

अति अल्पकालीन निविदा सूचना

समस्त अधिकृत फर्मो/विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि विकास खण्ड निगोही, शाहजहाँपुर वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत सहतेपुर में निम्न कार्यो को कराए जाने हेतु कार्यस्थल पर निम्न सामग्री सीमेन्ट, महीन रेता, मौरंग, बजरी, ईट की रोड़ी, ईट, अव्वल ईट, खडंजा, सरिया आदि की आवश्यकता है।

सामग्री की कार्यस्थल पर आपूर्ति हेतु सम्बन्धित ग्राम पंचायत के कार्यालय पर निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा की विस्तृत जानकारी किसी भी कार्य दिवस पर ग्राम पंचायत कार्यालय पर प्राप्त की जा सकती है। मोहरबन्द निविदायें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर रखे टेन्डर बॉक्स में इस निविदा के प्रकाशन के बाद दिनांक 09.03.2024 तक डाली जा सकती है जो उसी दिन 3:00 बजे सम्बन्धित प्रधान/सचिव द्वारा अधिकृत फर्मो/ विक्रेताओं के प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी।

कार्य का नाम	सामग्री की अनु. लागत (लाख में)
1. ग्रा.पं. सहतेपुर में लज्जाराम की जगह से पंचायत घर तक मिट्टी व खडंजा कार्य।	2.86 लाख
2. ग्रा. पं. सहतेपुर के ग्रा. रोहिला में डामर रोड से अंकुश के घर तक दोनों ओर नाली निर्माण।	3.43 लाख

पवन कुमार ग्राम प्रधान **संजीव सिन्हा सचिव**

एक नजर

तीन विभूतियां संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार से सम्मानित

भोपाल। राष्ट्रपति मती द्रौपदी मुर्मु ने विज्ञान भवन में आयोजित एक अलंकरण समारोह में प्रदेश की तीन विभूतियों को वर्ष 2023 के संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया। यहाँ प्राप्त आधिकारिक जानकारी के अनुसार राष्ट्रपति मती मुर्मु ने रंगमंच के क्षेत्र में राजीव वर्मा और अनूप जोशी तथा संगीत के क्षेत्र में सु कलापिनी कोमकली को ताम्रपत्र देकर सम्मानित किया। पुरस्कृत विजेताओं को अंगवस्त्रम और एक लाख रुपए की नगद धनराशि भी प्रदान की गई। राजीव वर्मा को रंगमंच अभिनय में, अनूप जोशी को संबद्ध नाट्यकला- प्रकाश विन्यास में तथा सु कलापिनी कोमकली को हिंदुस्तानी गायन संगीत में विशिष्ट योगदान के लिए अकादमी पुरस्कार प्राप्त हुआ है। कार्यक्रम में वर्ष 2022 और 2023 के लिए कुल 94 विभूतियों को अकादमी पुरस्कार और 7 कलाकारों को अकादमी फेलोशिप प्रदान किए गये।

मणिपुर में एनआरसी लागू करने की सिफारिश करेंगे: मुख्यमंत्री

इंफाल। मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने बुधवार को कहा कि वह राज्य में राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) लागू करने के लिए केंद्र को सिफारिश भेजेंगे क्योंकि उनकी सरकार इसे अकेले नहीं कर सकती। सिंह के इस बयान के कुछ दिन पहले विधानसभा ने एक प्रस्ताव पारित किया था, जिसमें केंद्र सरकार से विशेष रूप से राज्य और राष्ट्र के हित में राज्य में एनआरसी लागू करने का आग्रह किया गया। पिछले साल मई से जातीय संघर्ष से प्रभावित राज्य के मुख्यमंत्री ने यह भी दावा किया कि उन्होंने और सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कोई गलती नहीं की है। उन्होंने यह भी दावा किया कि राज्य में हिंसा के पीछे मेइती, कुकी और नगा समुदाय नहीं हैं। उन्होंने उन लोगों को दोषी ठहराया जो मणिपुर को तोड़ना चाहते हैं।

कर्मचारियों को प्रधानमंत्री रैली में जाने के लिए मजबूर की रही सरकार: उमर

श्रीनगर। नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने बुधवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर सरकार ने प्रधानमंत्री को श्रीनगर में जनसभा के लिए भीड़ देने के लिए सभी प्रयास किए हैं, क्योंकि भाजपा जम्मू-कश्मीर में बिना कुछ भी व्यवस्था नहीं कर सकती है। प्रधानमंत्री गुरुवार को बख्शी स्टेडियम में कश्मीर से विशेष दर्जा खत्म होने के बाद अपनी पहली रैली को संबोधित कर रहे हैं। भाजपा के जम्मू-कश्मीर प्रमुख रविंदर रैना ने हाल ही में कहा था कि कश्मीर में मोदी की रैली में दो लाख की भीड़ शामिल होगी। हालांकि, पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा कि पुरुष और महिला कर्मचारियों को जमा देने वाले तापमान में इकट्ठा होने के लिए कहा जा रहा है ताकि वे उस स्थान पर जा सकें जहां प्रधानमंत्री रैली को संबोधित करेंगे। उमर ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, आज श्रीनगर में प्रधानमंत्री मोदी को सुनने के लिए इकट्ठा हुई ऐतिहासिक भीड़ के बारे में बात करेंगी।

वैश्विक स्तर पर समृद्धि, नवाचार का प्रतीक बन सकता है भारतः बिरला



नई दिल्ली, एजेंसी

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बुधवार को यहां राष्ट्रीय युवा संसद महोत्सव के समापन समारोह को संबोधित किया और भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने में युवाओं की भूमिका पर जोर दिया।

बिरला ने क्षेत्रीय और राज्य स्तर पर कड़ी प्रतिस्पर्धा के बाद अंतिम दौर में पहुंचे प्रतिभागियों और विजेताओं को बधाई देते हुए युवाओं के उत्साह की सराहना की। बिरला ने कहा, युवाओं की ऊर्जा, उत्साह और दृढ़ संकल्प के साथ, भारत भविष्य में विश्व मंच पर समृद्धि, नवाचार और सामाजिक सद्भाव का प्रतीक बन सकता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने की छात्रों की क्षमता पर विश्वास जताते हुये बिरला ने उनसे देश को वैश्विक विकास में अग्रणी बनाने के लिए अपने कौशल का इस्तेमाल करने का आग्रह किया।

मणिपुरः अधिकारियों के लिए 'काम नहीं तो वेतन नहीं' नियम पेश किया

इंफाल। मणिपुर सरकार ने बुधवार को अपने उन कर्मियों के लिए 'काम नहीं, तो वेतन नहीं' व्यवस्था शुरू की जो 'बिना वैध एवं स्वीकृत कारणों' के कार्यालयों से अनुपस्थित रहे हैं। कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग द्वारा जारी कार्यालय परिपत्र में कहा गया, जो अधिकारी राज्य में वर्तमान कानून व्यवस्था की स्थिति के चलते तैनाती के स्थान पर कार्यालय जाने में असमर्थ हैं, उन्हें उपायुक्त/ लाइन विभाग/ क्षेत्र स्तरीय कार्यालय से संबद्ध किया गया था ताकि वे वहां से काम कर सकें या उन्हें संबंधित उपायुक्त अथवा इस संबंध में अधिकृत ऐसे अधिकारियों द्वारा जो जिम्मेदारियां सौंपी जाए उनका निर्वहन कर पाएं।

परिपत्र में कहा गया है कि ऐसी खबरें हैं कि संबद्ध किये गये ऐसे कई अधिकारी उन कार्यालयों में नहीं जा रहे हैं जहां उन्हें संबद्ध किया गया है या वे ड्यूटी पर रिपोर्ट नहीं कर रहे हैं। उपायुक्तों एवं विभागों के प्रमुखों को ऐसे 'संबद्ध अधिकारियों' की उपस्थिति दर्ज करने के लिए पंजिका बनाकर रखने को कहा है। इस रिकार्ड को अनुचित आचरण, यदि कोई है तो, की रिपोर्ट' के साथ उन अधिकारियों के साथ साझा होगा जिनपर वेतन वितरण की जिम्मेदारी है।

संविधान में संसद को खनिज विकास का समस्त अधिकार नहीं : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी



▸▸ **प्रधान न्यायाधीश बोले- खनिजों पर कर लगाने की संसद की शक्ति राज्यों के अधिकार का कर सकती है सफाया**

उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को कहा कि संविधान संसद को खनिज विकास का समस्त अधिकार नहीं देता है तथा राज्यों के पास भी खानों और खनिजों के विनियमन व विकास की शक्तियां हैं।

प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली शीर्ष अदालत की नौ-न्यायाधीशों की संविधान पीठ वरिष्ठ अधिवक्ता हरीश साल्वे की इस दलील का जवाब देते हुए कहा कि खनिजों पर कर लगाने की संसद की शक्ति राज्यों के अधिकार का सफाया कर सकती है। साल्वे कई खनन कंपनियों की तरफ से पेश हुए। पीठ ने कहा, संविधान की सूची 1 की प्रविष्टि 54 संसद को उस विषय का संपूर्ण अधिकार नहीं देती क्योंकि यह जिस सीमा तक के तहत है। नौ-न्यायाधीशों की संविधान पीठ इस जटिल प्रश्न पर विचार कर रही है कि क्या खनन पट्टों पर केंद्र द्वारा एकत्र की गई रॉयल्टी को कर के रूप में माना जा सकता है, जैसा कि 1989 में सात-न्यायाधीशों की पीठ ने माना था। पीठ में न्यायमूर्ति हृषिकेश रॉय, न्यायमूर्ति अभय एस. ओका, न्यायमूर्ति बी.वी. नागरत्ना, न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला, न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा, न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां, न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह भी शामिल हैं। सुनवाई अब 12 मार्च को होगी जब केंद्र की ओर से सॉलिसिटर दलीलें रखेंगे।

अयोध्या ले जाने वाली बस को खट्टर ने दिखाई हरी झंडी

चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने बुधवार को 'मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन' योजना के तहत श्रद्धालुओं को करनाल से अयोध्या ले जाने वाली एक बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बस में 52 श्रद्धालु सवार थे।

खट्टर ने इस अवसर पर कहा कि राज्य सरकार ने एक योजना शुरू की है जिसके तहत श्रद्धालुओं को अयोध्या, अमृतसर (स्वर्ण मंदिर), वाराणसी (काशी विश्वनाथ मंदिर) और अन्य तीर्थ स्थलों पर भेजेगा। सरकार ने एक पोर्टल की शुरुआत की है और इसके जरिए पंजीकृत तीर्थयात्रियों को मुफ्त यात्रा प्रदान की जाएगी।

चिकित्सा का चमत्कार | दिल्ली के एक अस्पताल में दुर्लभ सर्जरी, ट्रेन दुर्घटना के शिकार व्यक्ति को लगाए दो नए हाथ

हाथ मिले तो लौट आई राजकुमार की मुस्कान

नई दिल्ली, एजेंसी

ट्रेन दुर्घटना के शिकार 45 वर्षीय व्यक्ति की दिल्ली के एक निजी अस्पताल में दुर्लभ सर्जरी करके नए हाथ लगाए गए हैं। लगभग छह सप्ताह अस्पताल में बिताने के बाद मरीज को बृहस्पतिवार को सर गंगा राम अस्पताल से छुट्टी मिल जाएगी।

अस्पताल के चिकित्सकों के अनुसार, नांगलोई के निवासी रंग-रोगन का काम करने वाले राजकुमार अपनी साइकिल पर घर के पास रेल पटरी पार कर रहे थे, तभी नियंत्रण खोने की वजह से पटरी पर गिर गए और ट्रेन के नीचे आ गए। अस्पताल में प्लास्टिक और कॉस्मेटिक सर्जरी विभाग के अध्यक्ष डॉ. महेश मंगल ने कहा कि दुर्घटना में अपने दोनों हाथ खोने के बाद कुमार अपनी रोजमर्रा की गतिविधियों के लिए दूसरों पर निर्भर हो गए। कुमार के पास या तो 'प्रोस्थेटिक्स' का उपयोग या फिर हस्त प्रतिरोपण का विकल्प था। उन्होंने 'प्रोस्थेटिक्स' का उपयोग करना शुरू कर दिया, लेकिन उनका प्रोस्थेटिक परीक्षण असफल रहा और अब उनकी एकमात्र उम्मीद हस्त प्रतिरोपण थी।

वरिष्ठ चिकित्सक ने कहा कि फरवरी 2023 में, सर गंगा राम अस्पताल हस्त प्रतिरोपण करने की अनुमति प्राप्त करने वाला उत्तर भारत का पहला अस्पताल बना। चिकित्सक ने कहा, जब हम हस्त प्रतिरोपण के लिए संभावित उम्मीदवारों की तलाश कर रहे थे, तब कुमार हमारी प्रतीक्षा सूची में थे।

डॉक्टर मंगल ने कहा कि राज कुमार के शरीर में हाथ प्रतिरोपित करने के लिए सटीकता और विशेषज्ञता महत्वपूर्ण थी। राजकुमार ने कभी हस्त प्रतिरोपण के बारे में नहीं सुना था। लेकिन अब वह दिल्ली में हस्त प्रतिरोपण कराने वाले पहले व्यक्ति बन गए हैं। सर्जरी से पहले कुमार को बताया गया कि दिल्ली में पहली बार यह सर्जरी की जा रही है। उन्हें इसमें शामिल जोखिमों के बारे में भी बताया गया।

कुमार ने फोन पर बताया, मैं किसी पर निर्भर नहीं रहना चाहता था। मुझे पता था कि यह एक बड़ा जोखिम होगा, लेकिन मैं फिर से सामान्य जीवन जीना चाहता था। कुमार जैसे-जैसे वह ठीक होने की ओर बढ़ रहे हैं - उनके नाखून बढ़ने लगे हैं। उन्होंने अपनी कोहनी हिलानी शुरू कर दी है, उन्हें संवेदना महसूस करने या अपनी कलाइयों को हिलाने में अभी भी कुछ महीने लगें। कुमार ने कहा कि सर गंगा राम अस्पताल के चिकित्सक उनके लिए भगवान से कम नहीं हैं। कुमार ने कहा, "मैंने केवल सुना था कि चिकित्सक भगवान का दूसरा रूप होते हैं, लेकिन अब मैंने वास्तव में इसका अनुभव किया है। 2020 में हुई दुर्घटना में अपने हाथ खोने के बाद आज फिर से मेरे चेहरे पर मुस्कान लौठ आई है।

कार्यालय ग्राम पंचायत खेमूनगला, वि.खं. फरीदपुर (बरेली)

निविदा सूचना

समस्त अधिकृत फर्मो व विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत खेमूनगला के मजरा तुमड़िया में मनरेगा योजना से निम्न कार्य हेतु स्थल पर सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मों से ईंट, रोड़ा, सीमेन्ट, बजरफुट, रेता महीन, बजरी व अन्य सामग्री जो प्राक्कलन में लिखित है।

क्र.सं.	निर्माण कार्य का नाम जिसकी निविदा जारी की जाती है	अनुमानित लागत
1.	राकेश के घर से महेश की जगह तक सी.सी. रोड और नाली निर्माण कार्य	3.99 लाख

उक्त कार्य हेतु सीलबंद निविदायें प्रकाशन के तीसरे दिन दोपहर 02 बजे निविदादाताओं या उनके प्रतिनिधि के समक्ष खोली जायेंगी। कार्य हेतु सामग्री आपूर्ति आदि की सूचना ग्राम पंचायत पर उपलब्ध हैं जो किसी भी कार्यालय दिवस में देखी जा सकती है।

ग्राम प्रधान **ग्रा.वि. अधिकारी**

कार्यालय ग्राम पंचायत गहवरा, वि.खं. मीरगंज (बरेली)

निविदा आमंत्रण सूचना

सभी पंजीकृत फर्मों एवं आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पं. गहवरा में वार्षिक कार्य योजना के अनुसार वर्ष 2023-24 में मनरेगा व ग्राम निधि के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से स्वीकृत कार्यो के लिए सामग्री जिसमें ईंट, सोमेंट, मौरंग, बजरी, रेता, इंटरलॉक ईंट, सरिया, रोड़ा, टाइल्स, पाईप, सोलर स्ट्रीट लाइट, स्ट्रीट लाईट, प्रचार-प्रसार सामग्री, ग्रिल, एंगल, टीन, तार, आदि की आपूर्ति हेतु आमंत्रित की जाती हैं। सीलबंद निविदाएं ग्राम पं. कार्यालय पर दिनांक 07.03.24 से 09.03.2024 अपरान्ह 2:00 बजे तक जमा की जा सकती हैं। प्राप्त सीलबंद निविदाएं उसी दिन दिनांक 09.03.2024 को सायं 4:00 बजे ग्राम पं. कार्यालय पर खोली जाएंगी। प्राप्त निविदाओं को स्वीकृत अथवा निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पं. को होगा।

क्र.सं.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत
1.	ग्राम पंचायत गहवरा में समुदाय के लिए पशु शेड निर्माण कार्य	14.99 लाख

ग्राम प्रधान **सचिव**

कार्यालय ग्राम पंचायत गोपालपुर नगरिया अनूप वि.ख. बिथरीचैनपुर, बरेली

पत्रांक : 010/निविदा/2023-24 दिनांक : 06 मार्च 2024

अति अल्पकालीन निविदा सूचना

समस्त अधिकृत फर्मो एवं विक्रेताओं को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत गोपालपुर नगरिया अनूप विकास खण्ड बिथरी चैनपुर जनपद बरेली में वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा योजना के अन्तर्गत स्वीकृत निम्न निर्माण कार्य पर निर्माण सामग्री जैसे-ईट, सीमेन्ट, बजरफुट, सरिया, लोहा आदि जिसका विवरण व मात्रा ग्राम पंचायत पर उपलब्ध है। गुणवत्तानुसार उच्च कोटि की सामग्री निर्माण स्थल पर आपूर्ति करने हेतु मोहरबन्द निविदाएं दिनांक 11.03.2024 तक आमंत्रित की जाती है। निविदा ग्राम पंचायत मुख्यालय पर दिनांक 11.03.2024 दोपहर 01:00 बजे तक डाली जा सकती है। मोहरबन्द निविदाएं उसी कार्यदिवस में सायं काल 04:00 बजे निविदादाता व निर्धारित कमेटी के समक्ष ग्राम पंचायत में खोली जायेंगी। निविदा प्रपत्र, निविदा खोले जाने से पूर्व कार्यदिवस में निर्धारित शुल्क जमा कर ग्राम पंचायत से प्राप्त किये जा सकते हैं।

क्र.सं.	कार्य का नाम	अनु. सामग्री लागत
1.	रमेश के घर से धनीराम के घर तक सी.सी.व नाली निर्माण कार्य।	3.52 लाख
2.	टाह ताजपुर में वडे के घर से सत्यपाल के घर तक सी.सी. व नाली निर्माण	3.48 लाख

किसी भी/समस्त निविदाओं को स्वीकार करने एवं निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को निहित होगा। निविदा से सम्बन्धित कोई भी विवाद मा. न्यायालय जनपद बरेली में ही मान्य होगा।

(युधिष्ठिर सिंह) सचिव **(अनिल कुमार सिंह) ग्राम प्रधान**

कार्यालय ग्राम पंचायत बसंन्त नगर जागीर, विकास खण्ड दमखोदा बरेली

निविदा आमंत्रण सूचना

सभी पंजीकृत फर्मों एवं आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया किया जाता है कि ग्राम पंचायत बंसन्त नगर जागीर की अनुपूरक स्वीकृत कार्य योजना वित्तीय वर्ष 2023-24 के अनुसार पन्द्रहवां वित्त/पंचम राज्य वित्त/मनरेगा/आ.सी.डी.एस. योजना के अंतर्गत प्राप्त धनराशि से निम्न निर्माण कार्य कराये जाने हैं :-

क्र.सं.	कार्य का नाम	माप	अनुमानित धनराशि लाख रु.
1.	ग्राम पंचायत बसन्त नगर जागीर में आंगनबाड़ी केन्द्र का निर्माण कार्य		12.00989
2.	ग्राम पंचायत में पंचायत घर के लिन्टर का अतिरिक्त भुगतान		1.15
3.	मिहि लाल के घर से मेवा राम के घर तक सी.सी. व नाली निर्माण कार्य	60/ 4.50 मी.	4.75

उक्त वर्णित कार्यो के लिए सामग्री क्रय हेतु जिसमें ईंट, रोड़ा सीमेन्ट, मोरंग, सरिया, बजरी आदि सामग्री वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सीलबंद निविदायें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर दिनांक 11/03/2024 तक अपरान्ह 11:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जिसे दिनांक 11/03/2024 को अपरान्ह 2:00 बजे ग्राम पंचायत के कार्यालय पर खोली जायेंगी। बिना किसी अग्रिम सूचना के टेंडर को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा।

झम्मन लाल ग्राम प्रधान **रोहिताश कुमार सचिव**

प्रदेश में प्रधानमंत्री मोदी से 16 गुना ज्यादा सभाएं करेंगे योगी

भाजपा का रैली से लेकर हाईटेक चुनाव प्रबंधन पर ज्यादा फोकस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक में एआई तकनीक के प्रयोग पर भी हुआ निर्णय

अमृत विचार : प्रदेश की 80 में से 51 लोकसभा सीटों के प्रत्याशी घोषित करने और मंत्रिमंडल विस्तार के बाद भाजपा ने रैली, सभाएं, रोड-शो समेत हाइटेक चुनाव प्रबंधन में इसबार एआई तकनीक भी आजमाएगी।

चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक में यह भी सामने आया कि प्रदेश में प्रधानमंत्री की रैली और रोड शो की तुलना में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को 16 गुना मेहनत करनी है। साथ ही गैर प्रदेशों में भी उनके 100 से अधिक कार्यक्रम तय होगें। राज्य भाजपा चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक में बुधवार को सभी 80 सीटें जीतने के लिए नामांकन से लेकर बूथ प्रबंधन तक की रणनीति तय की गई। टॉप टेन शीर्ष नेताओं में शामिल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आदि के अलावा अन्य सत्ता व संगठन के नेताओं व गैर प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों को उन इलाकों में उतारने की रणनीति बनाई गई है, जहां वोटरों से लगाव व जातीय सरोकार सधता दिखे। बैठक में मौजूद प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, मंत्री जेपीएस राठौड़, स्वतंत्र देव सिंह सिंह समेत नेताओं ने अबतक की तैयारियों पर चर्चा की। तय हुआ कि हाइटेक तरीके से बड़े नेता और स्थानीय जनप्रतिनिधियों का कार्यकर्ताओं से संवाद बनाने में एआई तकनीक का भी प्रयोग भी हो। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रदेश में 10 रैली होगी । भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा प्रदेश में 15 से ज्यादा रैलियां करेंगे। जबकि गृहमंत्री अमित शाह की 12 एक रैली करेंगे। वहीं, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हर लोकसभा में रैली करेंगे, इसके लिए एक दिन में दो से तीन लोकसभा सीटों पर उनकी सभाएं होगीं। यानि पीएम के मुकाबले उनकी सभाएं प्रदेश में 16 गुनीं ज्यादा होगी।

अदालत पहुंचीं पूर्व सांसद जयाप्रदा ने दर्ज कराए बयान

रामपुर। आचार संहिता उल्लंघन के मामले में बुधवार को पूर्व सांसद जयाप्रदा एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट ट्रायल कोर्ट में पेश हुईं। उन्होंने स्वार के मामले में धारा 313 सीआरपीसी के तहत बयान दर्ज कराए। अब इस मामले में 22 मार्च को सुनवाई होगी। पूर्व सांसद के खिलाफ वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में स्वार और केमरी थानों में आचार संहिता उल्लंघन के मामले दर्ज कराए गए थे। ये दोनों मामले कोर्ट में विचाराधीन हैं। पिछली कई तारीखों पर जयाप्रदा कोर्ट में पेश नहीं हुईं थीं। कोर्ट ने उनके खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किए थे हालांकि चार मार्च को जयाप्रदा सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता नचिकेता वाजपेयी और प्रवीण आर्य के साथ कोर्ट में पेश हुई थीं। कोर्ट ने उनके वांरट और धारा 82 की कार्रवाई को निरस्त कर दिया था। बुधवार को जयाप्रदा अपने अधिवक्ता के साथ कोर्ट पहुंचीं।

मंत्रिमंडल में कई मंत्रियों का कामकाज होगा कम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : प्रदेश मंत्रिमंडल में शामिल पुराने मंत्रियों का बोझ कम करते हुए चार नए मंत्रियों को विभाग आवंटित किए जाने की तैयारी है। नए बने मंत्रियों को जहां जल्द ही विभाग आवंटित किए जाएंगे वहीं, कई मंत्रियों के विभाग में भी फेरबदल संभव है।

जिन चार नेताओं को मंगलवार को मंत्रीपद सौंपा गया है उनमें ओपी राजभर, दारा सिंह चौहान, अनिल कुमार और सुनील कुमार शर्मा शामिल हैं। इनमें से राजभर और दारा पिछली योगी सरकार में भी मंत्री रह चुके हैं। दरअसल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली पहली भाजपा सरकार में ओम प्रकाश राजभर 9 मार्च 2017 को कैबिनेट मंत्री बने जिन्हें पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग सौंपा गया था। हालांकि, 20 मई 2019 को राजभर को गठबंधन विरोधी गतिविधियों के कारण मंत्रिमंडल से बर्खास्त कर दिया गया था। फिलहाल ये विभाग नरेंद्र कश्यप के पास हैं जो कि इस मौजूदा कैबिनेट में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हैं। वहीं, दारा सिंह चौहान के पास वन विभाग था। वर्तमान में इस विभाग का जिम्मा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), डॉ. अरुण कुमार सक्सेना के पास है। बहरहाल, वर्तमान में चार से पांच विभाग रखने वाले कुछ मंत्रियों की बात की जाए तो इनमें धर्मपाल सिंह के पास पशुधन एवं दुग्ध विकास, राजनैतिक पेंशन, अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज और नागरिक सुरक्षा विभाग हैं। वहीं, योगेन्द्र उपाध्याय के पास उच्च शिक्षा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, इलेक्ट्रानिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग हैं। जबकि, राकेश सचान के पास सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, खादी एवं ग्रामोद्योग आदि विभाग हैं।

सार-संक्षेप

चेक बाउंस होने की शिकायत का संज्ञान ले सकती है अदालतः इलाहाबाद हाईकोर्ट

प्रयागराज, एजेंसी : इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने कहा है कि चेक बाउंस होने के मामले में यदि एक महीने में शिकायत दर्ज कराई जाती है तो अदालत इसका संज्ञान ले सकती है। अदालत ने परक्राम्य लिखत अधिनियम (निगोशिएबल इंस्ट्रुमेंट्स एक्ट) 1881 की धारा 138 के तहत दर्ज शिकायत पर गौर करने के बाद यह टिप्पणी की। शिकायत में कहा गया था कि खाते में अपर्याप्त राशि होने की वजह से बैंक ने बिना भुगतान के याचिकाकर्ता को चेक वापस लौटा दिया। सुदेश कुमार नामक व्यक्ति की यह याचिका खारिज करते हुए न्यायमूर्ति डॉक्टर योगेश कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि अधिनियम के प्रावधानों के मुताबिक धारा 138 के तहत एक महीने में शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। अदालत ने कहा कि यदि चेक जारी करने वाला व्यक्ति उचित अवधि में भुगतान करने में विफल रहता है तो उसे इस संबंध में धारा 138 के प्रावधान के तहत 15 दिन के अंदर नोटिस भेजना आवश्यक है। मौजूदा मामले में अदालत ने पाया कि याचिकाकर्ता के पास नोटिस प्राप्त करने की तिथि से राशि भुगतान करने के लिए 15 दिन का समय था, लेकिन वह ऐसा करने में विफल रहा, इसलिए शिकायती कार्रवाई की गई और निर्धारित एक महीने में अदालत के समक्ष इस संबंध में शिकायत की गई।

अखिलेश को अतीक से जोड़कर ट्वीट करने पर रिपोर्ट दर्ज

प्रयागराज, एजेंसी : समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव और उनकी पत्नी डिंपल यादव की कथित रूप से माफिया अतीक अहमद की कब्र पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए एक फोटो लगाकर ट्वीट करने वाले व्यक्ति के खिलाफ बुधवार को प्राथमिकी दर्ज की गई। कर्नलगंज के एसीपी राजीव यादव ने बताया कि सपा नेता संदीप यादव की तहरीर पर थाना जार्जटाउन में बुधवार को मनोज श्रीवास्तव नामक व्यक्ति के खिलाफ आईपीसी की धारा 504 (शांति भंग करने के इरादे से जानबूझकर अपमान करना) और आईटी कानून की धारा 67 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। उन्होंने बताया कि तहरीर में आरोप है कि श्रीवास्तव ने अपने ट्विटर एकाउंट पर अखिलेश यादव और उनकी पत्नी डिंपल यादव को माफिया अतीक अहमद और मुठभेड़ में मारे गए उसके बेटे की कब्र पर श्रद्धांजलि देते हुए दिखाया है। अखिलेश और डिंपल की यह फोटो उस वक्त की है जब अखिलेश यादव अपने पिता मुलायम सिंह यादव की समाधि पर श्रद्धांजलि दे रहे थे।

हादसे में बदायूं के कांवड़िए की मौत, दूसरा घायल

मुरादाबाद, अमृत विचार : कांवड़ लेने बाइक से हरिद्वार जा रहे दो चचेरे भाइयों के साथ आधी रात में हादसा हो गया। घटना मंगलवार रात करीब डेढ़-दो बजे की बताई जा रही है। हरिद्वार स्टेट हाईवे पर किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। घायल भाइयों के साथ ही गांव से कांवड़ ले जा रहे लोग दोनों को इलाज के लिए मुरादाबाद में जिला अस्पताल लाए थे। इसमें एक को तो डॉक्टरों ने देखते ही मृत घोषित कर दिया, जबकि दूसरे घायल को परिवार वाले निजी अस्पताल ले गए हैं। हादसे में मारे गए बोना (35) पुत्र करूं हैं। वह बदायूं जिले के इस्लामनगर थाना क्षेत्र के गांव कोहरा के निवासी थे। बोना अपने चचेरे भाई पूरन (32) पुत्र महावीर के साथ बाइक से कांवड़ लेने हरिद्वार जा रहा था। बाइक बोना ही चल रहा था। रास्ते में हरिद्वार स्टेट हाईवे पर बिजनौर जिले के स्योहारा थाना क्षेत्र के सहजपुर गांव के पास किसी अज्ञात वाहन की टक्कर से दोनों भाई गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

अस्पताल में कंडम खड़ीं छह एंबुलेंस में लगी आग

बदायूं, अमृत विचार : जिला अस्पताल में कई सालों से खड़ीं निष्प्रयोज्य एंबुलेंस में आग लग गयी। आधा दर्जन एम्बुलेंस जल कर राख हो गयी। इस दौरान अफरा-तफरी मची रही। मरीज व उनके तीमारदार भी इधर-उधर भागते हुए दिखाई दिए। सूचना मिलने के आधे घंटे बाद पहुंची दमकल की गाड़ियों ने काफी मशक्कत कर आग पर काबू पाया। पुलिस व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंच गए। आग लगने के कारणों का पता लगाया जा रहा है। जिला अस्पताल में छह निष्प्रयोज्य एम्बुलेंस कई सालों से खड़े हैं। इसमें 108 की दो और 102 की चार एम्बुलेंस हैं, जो पूरी तरह कबाड़ थीं। इन्ही एम्बुलेंस के पास कुछ अन्य सामान भी वहीं पर पड़ा था। बुधवार शाम करीब 6.30 बजे संदिग्ध परिस्थितियों में घास जलने लगी। घास जलने के साथ ही एंबुलेंस को भी आग की लपटों ने अपनी चपेट में ले लिया।

भाजपा एससी मोर्चा का राष्ट्रीय अधिवेशन आज

आगरा, अमृत विचार : भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित मोर्चा के 7 मार्च को होने वाले राष्ट्रीय अधिवेशन में कोठी मीना बाजार में उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, दिल्ली और उत्तराखंड सहित कई राज्यों के दलित प्रतिनिधि सहभागिता करेंगे। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, मध्य प्रदेश और राजस्थान के डिप्टी सीएम, चार केंद्रीय मंत्री, उत्तर प्रदेश के आठ दलित मंत्री, 50 से ज्यादा विधायक और जनप्रतिनिधि आगरा पहुंचेंगे। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री अनुसूचित मोर्चा के प्रभारी तरुण चुघ ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार में दलितों के मान सम्मान और स्वाभिमान का ध्यान रखते हुए ऐसी दर्जनों योजनाएं चलाई जा रही हैं जिससे दलित समाज का उत्थान हो रहा है।

इंडिया गठबंधन कांग्रेस का गोदी गैंग : नकवी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा कि मुल्क विरोधी दुष्प्रचार, मोदी विरोधी प्रहार गाली के मवालियों के कुंठित कुनबे का कॉमन कार्यक्रम बन गया है। उन्होंने इंडिया गठबंधन को कांग्रेस का गोदी गैंग बताया।

कहा कि हार की हताशा में गाली का तमाशा करते-करते, इनका हर साथी गाली का गुरु घंटाल बनने की होड़ में जुटे रहे। जिला पंचायत प्रशासन के तत्वावधान में पूर्व केंद्रीय मंत्री ने बुधवार दोपहर तीन बजे रठौंडा के ऐतिहासिक शिवमंदिर प्रांगण में किसान मेले का आगाज किया। इसके बाद पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस के बिना रिमोट और कुनबे के सपोर्ट वाली पहली गैर कांग्रेस सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सुशासन और स्थायित्व के कीर्तिमान के साथ अपने दो सफल कार्यकाल पूरे कर तीसरे की तरफ बढ़ चुकी है। कांग्रेस का गोदी गैंग हमेशा परिवार, प्रतिनियुक्ति या फिर रिमोट की रोबोट वाली सत्ता की सामंती सोच में चकनाचूर रहा है।

ब्रेकर पर उछली बाइक से गिरकर महिला की मौत

एटा, अमृत विचार : बागवाला थाना क्षेत्र में बाइक से गिरकर एक महिला की मौत हो गई। शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। घटनाक्रम के अनुसार जैथरा थाना क्षेत्र के ग्राम लालपुर निवासी मंजूदेवी (32) पत्नी दुर्वेश कुमार मंगलवार की रात 9 बजे भांजे की शादी में कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के गांव नगला जसराम जा रही थी। बागवाला थाना क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम कीलरमऊ के सामने ब्रेकर पर बाइक से नीचे गिर गई। पुत्र सचिन द्वारा उसको मेडिकल कालेज में दाखिल कराया। जहां डाक्टर ने मंजू को मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया।

दो टुकड़ों में बंटी कार, मां व दो बेटियों की मौत

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार : स्टेयरिंग के अचानक बहक जाने से बेकाबू हुई आल्टो कार पेड़ से टकरा कर दो टुकड़ों में बंट गई, बुधवार की शाम टड़ियावां थाने के हरिहरपुर पेट्रोल पंप के पास हुए इस हादसे में मां और उसकी दो बेटियों की मौत हो गई। इसके साथ ही चार लोगों के ज़ख्मी होने की खबर है। पुलिस सारे मामले की जांच कर रही है।

बताया गया है कि बुधवार को टड़ियावां थाने के तौकलपुर निवासी 46 वर्षीय यासीन अली पुत्र आशिक अली अपने रिश्तेदार उसी थाने के जयराज पुर निवासी 35 वर्षीय टूनी पुत्र नादिर अली, टूनी की 30 वर्षीय पत्नी रोज़ी और उसकी बेटियों 7 वर्षीय अलीना, 5 वर्षीय सेलिना, 3 वर्षीय हिना और 2 वर्षीय गुलनाज़ के साथ अपनी आल्टो कार नंबर यूपी-32/एएक्स/3432 से जा रहा था। उसी बीच रास्ते में हरिहरपुर पेट्रोल पंप के पास पहुंचते ही कार का स्टेयरिंग बहक गया और कार सड़क किनारे पेड़ से टकरा कर दो टुकड़ों में बंट गई। इस हादसे में रोज़ी और उसकी सबसे छोटी बेटी गुलनाज़ की वहीं पर मौत हो गई। जबकि बड़ी बेटी अलीना ने मेडिकल कालेज पहुंचते ही दम तोड़ दिया। हादसे का पता होते ही एसएचओ अशोक कुमार सिंह अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और ज़ख्मी हुए यासीन अली, टूनी, सेलिना व हिना को मेडिकल कालेज पहुंचवाया। हादसे की जांच की जा रही है।

- मां और उसकी एक बेटी ने वहीं जबकि दूसरी ने बाद में तोड़ा दम

कार काट कर निकाले गए शव

हरदोई। हरिहरपुर पेट्रोल पंप के पास हुए हादसे का शिकार हुए लोग उसमे बुरी तरह फंस गए। ज़ख्मी लोगों को तो किसी तरह निकाल लिया गया, लेकिन उसमें फंसे हुए शवों को निकालने के लिए कार को काटना पड़ा। जैसा कि बताया गया है कि यासीन और टूनी आपस में रिश्तेदार है। दोनों खुशी-खुशी किसी शादी समारोह में शामिल हो कर लौट रहे थे। लेकिन रास्ते मे पलक झपकते हुए हादसे ने सारी की सारी खुशियां छीन कर मौत का मातम बरपा कर दिया।

7 किलो अफीम सहित 8 तस्कर गिरफ्तार

शाहजहांपुर, अमृत विचार: एसपी के निर्देश पर तिलहर, रामचंद्र मिशन, बंडा, कोतवाली और रोजा पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ अभियान चलाया। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने आठ मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। तस्करों के कब्जे से सात किलो अफीम, बाइक व नगदी बरामद की है। बरामद अफीम की कीमत अंतर्राष्ट्रीय बाजार में सात करोड़ बताई जा रही है। तस्कर झारखंड से अफीम लाकर विभिन्न जिलों में सप्लाई करते थे।

आयुष के जरिए हेल्थ टूरिज्म सेक्टर में असीम संभावनाएं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : उप्र. में आयुष पद्धति के जरिए हेल्थ टूरिज्म के सेक्टर में सबसे अधिक संभावनाएं हैं। आयुष से जुड़ी सभी पद्धतियों को प्रोफेशनल तरीके से लागू कर दें तो पूरी दुनिया हमारे पारंपरिक चिकित्सा पद्धति का अनुसरण करेगी। इससे न केवल संपूर्ण आरोग्यता के लक्ष्य को प्राप्त करने में, बल्कि बड़े स्तर पर नौकरी ओर रोजगार के अवसरों के सृजन में भी मदद मिलेगी। इतना ही नहीं आयुष चिकित्सा पद्धति के जरिए अन्नदाताओं की आमदनी को भी कई गुना तक बढ़ाया जा सकेगा। ये बातें मुख्यमंत्री ने बुधवार को लोकभवन सभागार में आयोजित आयुष विभाग के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही।

इस मौके पर उन्होंने 238 करोड़ रु. से बस्ती, बलिया, जालौन और रायबरेली में 50 शैय्या वाले एकीकृत आयुष चिकित्सालय, 226 आयुष्मान आरोग्य मंदिर, प्रयागराज और झांसी में छात्राओं को छात्रावासों का निर्माण, पांच ई-लाइब्रेरी, प्रदेश के अलग-अलग 19 होम्योपैथिक एवं 14 आयुर्वेदिक विभागों में हुए निर्माण कार्य सहित 271 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण भी किया। इस मौके पर आयुष विभाग के राज्यमंत्री डॉ. दयाशंकर मिश्र दयालु, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र आदि मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री बुधवार को आयुष विभाग के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए। ● अमृत विचार

आयुष निदेशालय बनेगा महानिदेशक होंगे तैनात

मुख्यमंत्री ने बताया कि आयुष विभाग की ओर से नई पहल की जा रही है। विभाग जल्द एक निदेशालय के गठन की कार्रवाई को मूर्तरूप देने जा रहा है। इसके तहत आयुष की सभी विधाओं के लिए अबतक अलग अलग निदेशक होते थे, अब इन सब के बीच परस्पर समन्वय बनाने के लिए महानिदेशक भी होंगे।

उत्तराखंड

दुनिया में प्रधानमंत्री मोदी की सर्वाधिक रेटिंग : धामी

रुद्रपुर, अमृत विचार : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मजबूत इच्छाशक्ति वाले व्यक्ति हैं, वह 18 घंटे तक लगातार काम करने के बाद भी रुकते नहीं हैं। देवभूमि उत्तराखंड की संस्कृति से भी प्रधानमंत्री का अटूट प्रेम है। उत्तराखंड का विकास उनकी प्राथमिकता में हैं। हर गरीब का अपना मकान होगा यह उनकी ही सोच है। यह बात मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को रुद्रपुर में नजूल भूमि के निशुल्क पट्टा वितरण एवं किफायती आवास आवंटन के दौरान कही। सीएम धामी ने बुधवार को गांधी पार्क में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी देश हित में सोचते हैं। इस वजह से आज देश तरक्की कर रहा है, दुनिया में हमारे देश ने एक अलग पहचान बनाई है।

बॉक्सिंग कोच को पांच साल का कठोर कारावास, जुर्माना भी लगाया

संवाददाता, रुद्रपुर

- नाबालिग छात्रा खिलाड़ी से की थी अश्लील हरकत

अमृत विचार: वर्ष 2019 में एक नाबालिग छात्रा खिलाड़ी से अश्लील हरकत करने के दोषी को पॉक्सो न्यायाधीश की अदालत ने पांच साल का कठोर कारावास और बीस हजार रुपये का अर्थदंड सुनाया है। इस दौरान डीजीसी ने दस गवाह पेश किए। दोनों पक्षों को सुनने के बाद अदालत ने अपना निर्णय दिया।

विशेष अभियोजक फौजदारी विकास गुप्ता ने बताया कि काशीपुर स्थित स्टेडियम में डे बोर्डिंग की एक नाबालिग छात्रा बॉक्सिंग सीखने आती थी। आरोप था कि वहां तैनात बॉक्सिंग कोच हरजिंदर सिंह संधू नाबालिग छात्रा खिलाड़ी से अश्लील हरकतें करता रहता था। आरोप था कि जब नाबालिग विरोध करती, तो आरोपी उसे भयभीत करता था। बार-बार अश्लील हरकतों से परेशान नाबालिग ने 17 जुलाई 2019 को घर जाकर माता-पिता को आपबीती बताई। अभिभावकों ने मामले की शिकायत भारतीय खेल प्राधिकरण ट्रेनिंग सेंटर काशीपुर की प्रभारी ज्योति साह से की। मामले की विभागीय जांच कमेटी बनाकर जांच करवाई गई तो नाबालिग के आरोप सही पाए गए और पुलिस ने प्राधिकरण की काशीपुर प्रभारी की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली। पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के तहत चार्जशीट कोर्ट में पेश की। मामले की सुनवाई विशेष पॉक्सो न्यायाधीश अश्विनी गौड़ की अदालत में हुई। जहां विशेष लोक अभियोजक विकास गुप्ता ने अदालत के सामने दस गवाह पेश किए। दोनों पक्षों को सुनने के बाद अदालत ने दोषी बॉक्सिंग कोच हरजिंदर सिंह संधू को पांच साल कठोर कारावास और बीस हजार रुपये का अर्थदंड सुनाया। साथ ही प्रदेश सरकार को आदेशित किया कि पीड़िता को एक लाख रुपये की क्षतिपूर्ति भी दी जाए।

आम चुनाव के बाद आयोजित होगा उत्तराखंड ओलंपिक

हल्द्वानी, अमृत विचार : कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने बुधवार को गौलापार स्थित अंतर्राष्ट्रीय स्पोर्ट्स कांपलेक्स और बद्रीपुरा स्थित मिनी स्टेडियम को निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के बाद उत्तराखंड ओलंपिक का आयोजन किया जाएगा।

कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि अभी लोकसभा चुनाव प्रस्तावित हैं। जल्द ही आचार संहिता लागू होने वाली है। चुनाव बाद जैसे ही आचार संहिता हटेगी, उत्तराखंड ओलंपिक का आयोजन किया जाएगा। बेहतरीन खिलाड़ियों को राष्ट्रीय खेलों में शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हर कोच को निर्देश दिए गए हैं कि 50 में से पांच ऐसे खिलाड़ी तैयार करें जो मेडल लेकर आएं।

बनभूलपुरा हिंसा के दो और आरोपी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : बनभूलपुरा हिंसा के मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी जारी है। पुलिस ने दो और आरोपियों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचा दिया है। जेल जाने वालों की संख्या अब 94 हो चुकी है।

बता दें कि बीती 8 फरवरी को बनभूलपुरा के मलिक के बगीचा से हिंसा फैली थी और उपद्रवियों ने बनभूलपुरा थाना फूंक दिया था। इस मामले में मास्टर माइंड बताए जा रहे अब्दुल मलिक और उसके वांटेड बेटे अब्दुल मोईद को पुलिस पहले ही जेल भेज चुकी है। जिसके बाद भी उपद्रवियों का चिह्निकरण जारी है। मंगलवार को पुलिस ने हिंसा से जुड़े फैजान पुत्र जाविर निवासी वार्ड 24 बनभूलपुरा और शाहनवाज उर्फ सानू पुत्र वशीफ अहमद निवासी वार्ड 29 शनि बाजार गेट के पास बनभूलपुरा को गिरफ्तार किया है। इस मामले में पुलिस पांच महिला उपद्रवियों को भी गिरफ्तार कर चुकी है।

पुलिस की गिरफ्त में हिंसा के आरोपी।

- दो गिरफ्तारियों के बाद जेल जाने वालों की संख्या 94 पहुंची

टाइगर सफारी पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले से मचा हड़कंप

रामनगर, अमृत विचार : कॉर्बेट पार्क में टाइगर सफारी पर रोक के सुप्रीम कोर्ट के फैसले के आते ही पर्यटन कारोबारियों में सारे दिन हड़कंप मचा रहा। सोशल मीडिया में दिनभर पर्यटन कारोबारी परेशान दिखाई दिए अलबत्ता शाम होते-होते हुए जब स्थिति साफ हुई तो कारोबारियों ने राहत की सांस ली। टाइगर सफारी का फिलहाल यहां पर्यटन गतिविधियों पर कोई असर नहीं पड़ेगा, क्योंकि कोर्ट का आदेश पाखरो जोन में प्रस्तावित टाइगर सफारी को लेकर है। सीटीआर निदेशक ने भी कहा है कि टाइगर सफारी अभी शुरू ही नहीं की गई है। बता दें कि, बुधवार को सुप्रीम कोर्ट ने कार्बेट पार्क में टाइगर सफारी बंद करने के आदेश दिए हैं।

पिछले वर्ष आई आपदा से 79 पुल असुरक्षित

ब्यूरो, देहरादून

- मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने पुलों की सुरक्षा को लेकर की समीक्षा बैठक

अमृत विचार : उत्तराखंड में पिछले वर्ष आई आपदा के बाद अभी भी 79 पुल असुरक्षित हैं। शासन ने इन पुलों की सुरक्षा के लिए लोक निर्माण विभाग को खनन, वन एवं सिंचाई विभाग के लिए स्पष्ट एसओपी व गाइड लाइन बनाने और लागू करने के निर्देश दिए हैं।

मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने बुधवार को राज्य की सुरक्षा के लिए समीक्षा बैठक की। उन्होंने पुलों के निर्माण एवं मेंटनेस में सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन तथा निर्माण की लगातार निगरानी के निर्देश दिए हैं। साथ ही सभी संबंधित विभागों व जिलाधिकारियों को पुलों के निर्माण एवं देखरेख को लगातार पर्यवेक्षण और प्रतिबंधित क्षेत्रों में खनन रोकने को सीसीटीवी लगाने के निर्देश दिए हैं। प्रतिबंधित क्षेत्रों में खनन गतिविधियों की शिकायत जनता की ओर से की जा सके इसलिए हेल्प लाइन का मैकेनिज्म मजबूत किया जाए।

भीमताल के जंगल में बीमार मिले कालिज पक्षी

राकेश सनवाल, भीमताल

अमृत विचार : जौंस स्टेट में पिछले दो सालों से विलुप्त हुआ कालिज पक्षी का एक जोड़ा दिखाई दिया है पर जोड़े के दोनों ही पक्षी बीमारी की अवस्था में हैं।

बटरफ्लाई शोध संस्थान के निदेशक पीटर स्मैटाचैक ने बताया कि उनके शोध संस्थान के सामने मैदान में एक कालिज पक्षी बैठा था जिसका उन्होंने वीडियो और फोटो भी खींचे पर वह उड़ नहीं पा रहा था। काफी समय तक वहीं बैठा रहा। उन्होंने इसको सामान्य सी प्रक्रिया समझी तभी जब वह गेट के आगे गए तो वहां भी अलग से एक कालिज पक्षी बैठा देखा। वह भी नहीं उड़ पा रहा था। उन्होंने उसका भी वीडियो बनाया। संभवतः हो सकता है कि जंगली मुर्गियों में अवीयन फ्लू बीमारी फैल रही हो। उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों से जंगलात में जाकर जंगली मुर्गियों में फैली इस बीमारी का पता करने और रोकथाम करने की बात कही है। अंदेशा जताया कि संभवतः जंगल में मुर्गियों में बर्ड फ्लू फैला हो।

जौंस स्टेट में दिखा कालिज पक्षी। ● अमृत विचार

हनीमून पर शराब के नशे में पति ने की मारपीट

हल्द्वानी, अमृत विचार : हनीमून पर गई नवविवाहिता के साथ पति ने शराब के नशे में मारपीट की। लौटने पर वादा किया कि वह फिर ऐसा नहीं करेगा, लेकिन मलेशिया ले जाने के बाद उसने पत्नी को बंधक बनाकर फिर से प्रताड़ित किया। इस मामले में पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने पति व उसके परिजनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पीड़िता ने कहा, उसकी शादी वर्ष 2022 दिसंबर में गाजियाबाद निवासी युवक के साथ हुई थी। शादी के 2-3 दिन सब सही रहा।

देहरादून से अयोध्या के लिए विमान सेवाएं शुरू, 71 यात्री पहुंचे अयोध्या

अयोध्या/ देहरादून

अमृत विचार : अयोध्या से उत्तराखंड के देहरादून के लिए फ्लाइट का संचालन बुधवार से शुरू हो गया। देहरादून एयरपोर्ट से सुबह मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अयोध्या के महर्षि वाल्मीकि अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के लिए विमान को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। विमान सुबह साढ़े नौ बजे टेकऑफ हुआ और दोपहर करीब 12 बजे अयोध्या पहुंचा।

अयोध्या एयरपोर्ट निदेशक विनोद कुमार के मुताबिक देहरादून से 71 यात्री अयोध्या पहुंचे। इसके बाद विमान दोपहर में दो बजे के करीब यहां से 13 यात्रियों को लेकर टेकऑफ हो गया। उन्होंने बताया कि अयोध्या के लिए हवाई सेवा सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को संचालित होगी। यह हवाई सेवा देहरादून से सुबह 9.40 बजे अयोध्या के लिए रवाना होगी और 11.30 बजे अयोध्या पहुंचेगी। अयोध्या से 12.15 बजे वापसी करेगी और 1.55 बजे देहरादून पहुंचेगी। इसके साथ ही अयोध्या से उड़ानों की संख्या 22 हो जाएगी। उधर, उत्तराखंड सरकार की ओर से देहरादून से अयोध्या के बीच विमान सेवा के लिए विशेष छूट प्रदान की गई है।

प्रधानमंत्री ने कोलकाता से वर्चुअली दिखाई हरी झंडी, योगी ने बच्चों के साथ किया सफर

आगरा मेट्रो की शुरूआत, बना अनोखा रिकार्ड

राज्य ब्यूरो, आगरा/लखनऊ

अमृत विचार : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बुधवार को कोलकाता से आगरा मेट्रो ट्रेन को वर्चुअली हरी झंडी दिखाते ही एक अनोखा रिकॉर्ड दर्ज हो गया। यह देश की पहली मेट्रो बन गई है, जो तय समय से नौ महीने पहले ही ट्रैक पर दौड़ने लगी। मेट्रो ट्रेन में पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय एक के चुने गए 32 बच्चों संग मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी सफर किया। गुरुवार 7 मार्च से पहले चरण के छह स्टेशनों के बीच आम जनता के लिए यात्री सेवा आरंभ हो जाएगी।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि शिवाजी महाराज के गौरव से जुड़े आगरा शहर को होली से पहले मेट्रो ट्रेन की सौगात मिली है। आधुनिक सुविधाओं का केंद्र यह शहर बने इसके लिए मेट्रो आवश्यक थी। पीएम का आभार जताते हुए कहा कि मेट्रो के साथ आगरा में अन्य सुविधाएं जैसे आगरा के पास अपना एयरपोर्ट हो, उसके सिविल टर्मिनल का कार्य भी तेजी के साथ आगे बढ़ाने का कार्य हो रहा है। यहां पर जायका प्रोजेक्ट के अंतर्गत गंगाजल की उपलब्धता पेयजल के लिए उपलब्ध हो। आईटी सेक्टर के रूप में भी इस सिटी को डेवलप करने के लिए तेजी के साथ उन कार्यक्रमों को आगे बढ़ाने का कार्य भी सरकार प्राथमिकता के आधार पर कर रही है।

जनप्रतिनिधियों के साथ मेट्रो में सफर करते मुख्यमंत्री योगी। ● अमृत विचार

● शिवाजी महाराज के गौरव से जुड़े शहर को होली से पहले मेट्रो ट्रेन की मिली सौगात- योगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हरी झंडी दिखाने के बाद ताजमहल स्टेशन से ताज पूर्वी स्टेशन तक मेट्रो ट्रेन में सफर किया। उनके साथ जनप्रतिनिधि भी शामिल रहे। उन्होंने विजिटर बुक में अपने अनुभव सांझा करते हुए लिखा कि आगरा मेट्रो का प्रधानमंत्री ने वर्चुअली शुभांरभ किया। प्रोजेक्ट की क्वालिटी के साथ ही समयबद्धता महत्व रखती है। आगरा मेट्रो ने इस मानक को बनाये रखा है।इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर, केंद्रीय राज्य मंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल,प्रदेश सरकार के मंत्री योगेंद्र उपाध्याय, बेबी रानी मौर्य, धर्मवीर प्रजापति, सांसद राजकुमार चाहर, राज्यसभा सदस्य नवीन जैन सहित कई जनप्रतिनिधि और उप्र मेट्रो रेल कारपोरेशन के प्रबंध निदेशक सुशील कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

दारुल उलूम जा रहे यति नरसिंहानंद को हिरासत में लिया

मेरठ, एजेंसी : परतापुर थाना पुलिस ने महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी को बुधवार को हिरासत में लिया है। महामंडलेश्वर सहारनपुर के देवबंद में दारुल उलूम के मौलाना से चर्चा करने के लिए जा रहे थे। महामंडलेश्वर ने बताया कि गजवा-ए- हिंद को लेकर दारुल उलूम के मौलाना से चर्चा करनी थी। इसी मुद्दे को लेकर वो देवबंद जा रहे थे। उन्होंने बताया कि मेरी लड़ाई गजवा-ए-हिंद पर है। मैं मौलानाओं से गजवा-ए-हिंद के बारे में पूछना चाहता हूं। जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी ने कहा कि मौलानाओं ने जो इस्लामिक दृष्टि से गजवा-ए-हिंद को सही बताया है वो हमें भी इसका मतलब समझा दें, ताकि हम हिंदू भी इसे समझ जाएं।

पहले सैफई-इटावा के नाम से डरते थे लोग: मुख्यमंत्री

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि पहले लोग इटावा व सैफई के नाम से डरते थे लेकिन अब परिस्थितियां बदल गई हैं। प्रधानमंत्री मोदी के विजन, सबका साथ सबका विकास के बाद अब यूपी में तेरा-मेरा नहीं चलता है। यूपी सरकार भी स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने में लगी है। सैफई में आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय बड़ी उपलिब्ध है।

ग्रामीण क्षेत्र में विश्वविद्यालय की स्थापना करने के लिए वह सपा संस्थापक दिवंगत मुलायम सिंह यादव को आभार और श्रद्धांजलि देते हैं। मुख्यमंत्री सैफई विवि में 490 करोड़ की लागत से बने 500 बेड के सुपर स्पेशियलिटी हास्पिटल का लोकार्पण करने के बाद विचार व्यक्त कर रहे थे। उन्होंने 14 गैर शैक्षणिक स्टाफ को नियुक्ति पत्र दिए। इस दौरान उनके साथ उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक मौजूद थे।

मुख्यमंत्री ने सुनाया 28 वर्ष पुराना किस्सा

मुख्यमंत्री ने इटावा, सैफई के नाम से लोगों में व्याप्त दहशत को एक किस्से के रूप में सुनाया। बताया कि वह तीन संतों के साथ 1996 में जयपुर से कानपुर जा रहे थे। आगरा पहुंचने में रात हो गई थी। तब उनको पुलिस ने रोक लिया और आगे न जाने की सलाह दी। पूछने पर बताया कि आगे जाओगे तो कुछ भी घटना हो सकती है।

चोरी करने आए युवकों की कार पलटी, एक की मौत

सहारनपुर, एजेंसी : जिले के रामपुर मनिहारान में बीती रात चोरों ने एक जिम का ताला तोड़कर चोरी का प्रयास किया।लोगों के शोर मचाने पर चोर भाग खड़े हुए। बताया जा रहा है कि चोर कार में सवार होकर चोरी करने आए थे। भागते समय उनकी कार अनियंत्रित होकर पलट गई. जिसमें एक चोर की मौत हो गई. जबकि दो घायलों का अस्पताल में उपचार चल रहा है। घटना मंगलवार देर रात की है। कस्बे के मोहल्ला महल निवासी शौकीन का इस्लामनगर रोड पर आर्नोल्ड नाम से एक जिम है. जिम के पीछे ही शौकीन का मकान है। बीती रात करीब तीन बजे शौकीन टॉयलेट जाने के लिए उठा तो जिम की लाइट जली हुई थी। शक होने पर शौकिन ने शोर मचाया तो आसपास के लोग बाहर निकल आए। लोगों को आता देख चोर भाग खड़े हुए। बाद में गश्त कर रही पुलिस उधर से गुजरी तो लोगों ने पुलिस को चोरों के इस्लामनगर रोड की ओर भागने की सूचना दी। कॉम्बिग के दौरान पुलिस को एक ट्रैक्टर ट्रॉली चालक ने कार के दुर्घटनाग्रस्त होने की खबर दी।

प्रदेश में 61 हजार से अधिक विद्यार्थी बने कौशल में प्रवीण

कौशल विकास मिशन के प्रोजेक्ट प्रवीण का दिखा असर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : छात्र- छात्राओं को पढ़ाई के दौरान ही कौशल विकास से जोड़ने के लिए राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना प्रोजेक्ट प्रवीण का असर दिखने लगा है। कक्षी 9वीं से 12वीं तक के 61 हजार से ज्यादा विद्यार्थियों निःशुल्क स्किल ट्रेनिंग और नए जमाने के कोर्स के माध्यम से रोजगार प्राप्त करने के लिए तैयार किया गया है।

व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि प्रोजेक्ट प्रवीण'' माध्यमिक शिक्षा और उप्र कौशल विकास मिशन के बीच हुए एक एमओयू के तहत संचालित किया जा रहा है। इस प्रोजेक्ट का मुख्य उद्देश्य राज्य के एजुकेशन सिस्टम और करिकुलम को नया रूप देना है। प्रोजेक्ट प्रवीण की शुरुआत वर्ष 2022-23 में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू की गई है। इस दौरान प्रदेश के 150 राजकीय माध्यमिक बालक एवं बालिका विद्यालयों में 20,582 छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय भी इस योजना से जोड़े गए हैं, जिनमें 3,450 छात्राओं ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। इसी तरह, वर्ष 2023-24 में प्रोजेक्ट प्रवीण के अंतर्गत कुल 315 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों को शामिल किया गया है। इन संस्थानों के जरिए अब तक 61,400 विद्यार्थियों को उनकी रुचि के अनुसार चुने हुए ट्रेड्स में जैसे आईटी सेक्टर, इलेक्ट्रॉनिक्स, ब्यूटीशियन, हेल्थकेयर, अपैरल, अकाउंटिंग आदि में निःशुल्क प्रशिक्षण दिया गया।

माध्यमिक स्कूल का विद्यार्थी होना अनिवार्य

प्रोजेक्ट प्रवीण के तहत ट्रेनिंग करने वाले विद्यार्थियों को प्राइवेट ट्रेनिंग सेंटर द्वारा स्कूल में ही ट्रेनिंग दी जाती है। अगर किसी कारणवश स्टूडेंट्स 10वीं या 12वीं के बाद अपनी पढ़ाई को बीच में छोड़ते हैं तो वह प्रोजेक्ट प्रवीण के प्रशिक्षण से जुड़े सर्टिफिकेट के द्वारा नौकरी या रोजगार प्राप्त कर सकते हैं। इसके माध्यम से आवेदन करने वालों को सरकारी माध्यमिक स्कूल का विद्यार्थी होना अनिवार्य है। साथ ही छात्र का 10वीं एवं 12वीं कक्षा में अध्यनरत होना आवश्यक है, तभी योजना के अंतर्गत पात्र हो सकते हैं।

क्वांटम ग्रुप के चेयरमैन के ठिकानों पर आयकर छापा

लखनऊ, अमृत विचार : आयकर विभाग के अधिकारियों ने बस्ती के क्वांटम ग्रुप के अध्यक्ष राकेश श्रीवास्तव के ठिकानों छापेमारी की है। लखनऊ और गोरखपुर की टीम ने मंगलवार की सुबह बैरीहवा मोहल्ले में उनके आवास पर छापा मारा। यह कार्रवाई बुधवार तक चलती रही। राकेश पर आरोप है कि, कंपनी के लेनदेन में टैक्स की चोरी की है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, क्वांटम ग्रुप के अध्यक्ष राकेश श्रीवास्तव के संबध को कानपुर के तंबाकू व्यापारी केके मिश्रा से जोड़कर देखा जा रहा है। हाल ही में कानपुर के तंबाकू व्यापारी केके मिश्रा के आवास पर आयकर की रेड पड़ी थी। बस्ती के रहने वाले राकेश श्रीवास्तव ना सिर्फ व्यवसाई हैं, बल्कि राजनीतिक रसूख के लिए भी जाने जाते हैं। उन्होंने बस्ती नगर पालिका का चुनाव भी लड़ा है। इन दिनों चर्चा रही कि वह बसपा से लोकसभा चुनाव भी लड़ सकते हैं। राकेश क्वांटम ग्रुप ऑफ कंपनीज के अध्यक्ष हैं, जिसका दफ्तर लखनऊ, नोएडा सहित कई जिलों में है।

झगड़े के बाद मां ने तीन बच्चों के साथ खाया जहर, मौत

संवाददाता, सीतापुर

● सीतापुर के मानपुर थाना इलाके का मामला, पति हिरासत में

अमृत विचार : मानपुर थाना इलाके में एक मां ने अपने तीन बच्चों के साथ खेतों में जहर खाकर आत्महत्या कर ली। पत्नी ने पति से झगड़े के बाद यह कदम उठाया। जिला अस्पताल में उपचार के दौरान मां और तीन बच्चों ने दम तोड़ दिया। पति पुलिस की हिरासत में है।

क्षेत्र के ग्राम अहमदपुर निवासिनी राजकुमारी (35) पत्नी सजीवन ने आज सुबह खेतों में जाकर अपने तीन बच्चों संध्या (8) वर्ष, नेहा (5) वर्ष और बेटे सुमित (3) वर्ष के साथ खेतों में जाकर जहर खा लिया। स्थानीय ग्रामीणों ने खेतों में चारों को बेहोश देखकर मामले की जानकारी पुलिस और महिला के पति को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से सभी को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने उपचार के दौरान मां सहित तीनों बच्चों को मृत घोषित कर दिया। महिला के पति का कहना है कि कल रात शादी से आने के बाद घर में पति-पत्नी के झगड़ा हुआ था लेकिन सब कुछ शांत हो गया। सुबह पत्नी ने बच्चों के साथ खेतों में जहर खा लिया, यह हमने नहीं सोचा था। पुलिस ने चारों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आरोपी पति को हिरासत में ले लिया हैं। प्रभारी निरीक्षक दिलीप चौबे का कहना है कि आपसी विवाद के चलते महिला ने यह कदम उठाया है। पति को हिरासत में लेकर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

सांसद आदर्श ग्राम के लौटाएंगे ब्याज समेत रुपये

लखनऊ, अमृत विचार : प्रदेश में सांसद आदर्श ग्राम योजना के तहत गांवों का चयन तो हर वर्ष हुआ लेकिन, जिलों पर गतिविधियों के लिए दी गई प्रशासनिक मद खर्च नहीं की गई। जो ग्रामीण विकास मंत्रालय ने ब्याज समेत वापस मांगी है। प्रशासनिक मद में चयनित ग्राम को 50 हजार रुपये मिलते हैं। जो आदर्श ग्राम बनाने जैसे कार्यक्रम, बैठक आदि पर खर्च किए जाते हैं। लेकिन, कई जिलों में यह कवायद नहीं हुई। इसलिए यह धनराशि हरहाल में केंद्र को वित्तीय वर्ष समाप्ति से पहले वापस करना पड़ेगा। केंद्र ने वर्ष 2020 से 23 तक कुल 1.38 करोड़ रुपये दिए हैं। वहीं, जिन जिलों में धनराशि खर्च की उसका हिसाब नहीं दिया है। इसका भी उपभोग प्रमाण पत्र मांगा है।

प्रियंका रायबरेली और राहुल अमेठी से लड़ सकते हैं चुनाव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : कांग्रेस की उत्तर प्रदेश में दो महत्वपूर्ण सीटों अमेठी और रायबरेली पर गांधी परिवार के ही चुनावी मैदान में उतरने का फैसला संभव है। सूत्रों के मुताबिक, प्रियंका गांधी रायबरेली से चुनाव लड़ेंगी जबकि राहुल गांधी अपनी पुरानी सीट अमेठी से चुनाव लड़ेंगे। हालांकि इसका आधिकारिक फैसला गुरुवार को होने वाली कांग्रेस की चुनाव समिति की बैठक में होगा।

दरअसल, दोनों महत्वपूर्ण सीटों पर गांधी परिवार से चुनाव लड़ने को लेकर उप्र. में कांग्रेस के कार्यकर्ता निरंतर मांग कर रहे हैं। पार्टी से जुड़े नेता मानते हैं कि अगर राहुल और प्रियंका अमेठी और रायबरेली से लड़ते हैं, तो इसका राजनीतिक फायदा पार्टी को अन्य सीटों पर भी होगा। माना जा रहा है कि, सोनिया गांधी के चुनाव न लड़ने से खाली हुई रायबरेली की सीट पर प्रियंका गांधी के चुनाव लड़ने की बात तय हुई है। सूत्रों के मुताबिक सोनिया गांधी ने रायबरेली के लोगों को जो चिट्ठी लिखी थी, उसमें इशारों में जिसका जिक्र किया था, वो प्रियंका गांधी ही थीं।

कांग्रेस पार्टी के बड़े नेताओं के साथ प्रियंका गांधी की हुई व्यक्तिगत बैठकों में उनको रायबरेली से प्रत्याशी बनाने की बात कही जा चुकी है। हालांकि आधिकारिक तौर पर अभी इसका कोई एलान नहीं किया गया है। रायबरेली ही नहीं बल्कि पिछले चुनाव में हारी हुई अमेठी सीट पर भी गांधी परिवार से चुनाव लड़ने की योजना है।

● आधिकारिक फैसला गुरुवार को होने वाली कांग्रेस की चुनाव समिति की बैठक में होगा

52 जिलों के किसानों को जारी हुए 83 करोड़

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : राज्य सरकार ने पिछले दो वर्षों में प्राकृतिक आपदा से क्षतिग्रस्त फसलों के नुकसान के मुआवजे से छूटे किसानों को बड़ी राहत दी है। ऐसे 52 जिलों के किसानों को 83 करोड़ से ज्यादा की मुआवजा राशि जारी की गई है। ये वो किसान हैं जो तकनीकी कारणों से मुआवजा प्राप्त करने से चूक गए थे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ऐसे किसानों को तत्काल मुआवजा प्रदान करने के निर्देश दिए थे, जिस पर प्राथमिकता के आधार पर कार्यवाही सुनिश्चित की गई। बाढ़, ओलावृष्टि, अत्यधिक वर्षा के कारण 33 फीसदी से अधिक फसल की क्षति पर राज्य सरकार, भारत सरकार की गाइडलाइंस के आधार पर किसानों को क्षतिपूर्ति प्रदान करती है। ऑनलाइन प्रक्रिया के दौरान कुछ जिलों में किसानों का डाटा फेल होने के कारण कई किसान लाभ से वंचित रह गए थे। इन्हें अब मुआवजा देने की प्रक्रिया शुरू हुई है। राजस्व व राहत विभाग के प्रमुख सचिव पी गुरु प्रसाद ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर मुआवजे से छूटे किसानों को सहायता धनराशि देने के लिए प्रदेश के सभी जिलों में दोबारा सर्वे कराया गया। सर्वे के आधार पर वित्तीय वर्ष 2021-22 और वर्ष 2022-23 में आपदाओं से क्षतिग्रस्त फसलों के मुआवजे से छूटे किसानों को अब तक कुल 83,13,46,875 रुपये जारी किए गए हैं।

ओलावृष्टि प्रभावित छह जिलों को 38 करोड़ रुपये से ज्यादा की धनराशि जारी

राहत विभाग ने इस साल जनवरी और फरवरी के दौरान ओलावृष्टि से क्षतिग्रस्त फसलों के लिए 6 जिलों के किसानों हेतु 38 करोड़ से ज्यादा की मुआवजा राशि बुधवार को जी कर दी है। इन 6 जिलों में हमीरपुर, सहारनपुर, कानपुर देहात, बांदा, चंदौली और प्रयागराज शामिल हैं। राहत आयुक्त ने निर्देश दिए हैं कि एग्रीकल्चर, हार्टिकल्चर और रेवेन्यू की एक टीम बनाकर पुन: सर्वे कराया जाए, ताकि कहीं कोई कमी न रह जाए।

● तकनीकी कारणों से दो साल से छूट गए किसानों को मुआवजा

जिला स्तर पर दो साल से बरती गई लापरवाही : राहत आयुक्त जीएस नवीन ने बताया कि आपदाओं से क्षतिग्रस्त फसलों से प्रभावित बड़ी तादाद में किसानों के डाटा फीडिंग के दौरान आधार, खाता संख्या में गलती और डुप्लीकेसी के कारण मुआवजे का भुगतान नहीं हो पाता है। ऐसे में दोबारा सत्यापन कराया जाता है, लेकिन जिलास्तर पर पिछले दो वर्षों में इसमें लापरवाही की गई, जिससे किसानों को मुआवजा जारी नहीं किया जा सका। अब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर दोबारा सर्वे कराकर मुआवजे से वंचित किसानों को धनराशि हस्तातंरित की जा रही है।

वर्ग पहेली-2

बाएं से दाएं

1.1. बादशाह, महाराज, राजा 2. पाकिस्तान सीमा से सटे क्षेत्र तथा पंजाब के मुसलमानों की एक सम्मानजनक उपाधि, मुसलमानों की एक जाति 3. पंजाब में रहने वाले हिंदुओं की एक जाति 4. एक कुलनाम या सरनेम।

2.1. उजाड़ने वाला 2. बर्बाद करने वाला।

4.1. बचाव 2. बख़्तर 3. ढाल 4. रथ का घेरा 5. समूह 6. फ़ौज, सेना।

5.1. कार्तिक मास की अमावस्या को मनाया जाने वाला दीपों का त्योहार, दीवाली 2. दीपों की पंक्ति, श्रेणी।

6. मुख, मुंह, मुखड़ा, चेहरा, सूरत, शक्ल।

8. बल्ला, क्रिकेट का बल्ला।

9. सितार की तरह का एक प्रकार का वाद्ययंत्र।

ऊपर से नीचे

1.1. छोटा मठ 2. एक प्रकार की चूड़ी।

2. किसी काम को जल्द करने की हड़बड़ी, बेचैनी, अधीरता, जल्दबाज़ी।

3.1. कुआं, कूप 2. पशुओं के जल पीने के लिए कुएं के समीप निर्मित हौज 3. जल एकत्र करने के निमित्त निर्मित गड्ढा 4. दूध दुहने का बरतन 5. आश्रय स्थल 6. इस प्रकार पीना कि कुछ शेष न रहे, नि:शेष (अशेष)।

5.1. जिसे धर्म पर विश्वास हो, धार्मिक, धर्माचारी 2. जिसमें विनम्रता हो 3. नमाज़गुज़ार।

7.1. दो वस्तुओं का आपस में मिलना, पास आना 2. चिपकना, छूना 3. साथ होना 4. जुड़ना, भिड़ना 5. मारपीट होना।



वर्ग पहेली - 1 का हल

1 प	प	री	■	2 झु	■	■
■	■	■	3 वि	रा	ग	■
■	4 तु	न	क	ना	■	■
■	■	■	ल	■	■	5 अ
■	6 ह	रि	ता	7 भ	■	व
■	रा	■	■	रै	■	ले
8 सा	ठा	■	9 मा	या	मो	ह

सुडोकू-81

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

			8			4		5
		8		7			6	
	1		2			3		
3	9		1			6		
		1						8
		6			5		2	
	8				4		5	
	5			6		7		
7		9			3			

सुडोकू - 80 का हल

6	8	1	4	9	2	5	7	3
9	4	5	7	3	6	8	1	2
7	3	2	5	1	8	9	6	4
5	7	9	2	4	3	1	8	6
8	2	6	9	5	1	4	3	7
3	1	4	8	6	7	2	5	9
1	5	3	6	2	9	7	4	8
4	9	7	3	8	5	6	2	1
2	6	8	1	7	4	3	9	5

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 7 मार्च, गुरुवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-द्वादशी 01.19 तक तत्पश्चात त्रयोदशी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-वसंत।
चन्द्रबल-मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन।
ताराबल-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-उत्तराषाढ़ा 13.03 तक तत्पश्चात श्रवण।

मेष — आज व्यवसाय में उन्नति काफी अच्छी रहेगी। काफी मजबूती के साथ निर्णय लेंगे। वैवाहिक जीवन मे परेशानियां बढ़ सकती है। गूढ़ विषयों के अध्ययन के प्रति रुचि जागृत होगी। धन से जुड़ी समस्याओं का निवारण होगा।

वृष — आज अविवाहित लोगों के विवाह की चर्चा हो सकती है। भाग्य पूरी तरह से आपका साथ देगा। किसी मित्र के साथ आप कहीं घूमने जा सकते हैं। पिता की सलाह से लाभ मिल सकता है। दूसरों के सामने अपने मन की बातें शेयर न करें।

मिथुन — आज आप अपनी कार्यशैली से संतुष्ट नहीं रहेंगे। कार्यक्षेत्र में अधिकारियों का व्यवहार भी थोड़ा अपमानजनक हो सकता है। आज लोग आपके विरुद्ध कड़वी बात बोल सकते हैं। अनैतिक माध्यम से धन अर्जित करने से बचें।

कर्क — आज व्यापार में बड़ा आर्थिक लाभ हो सकता है। प्रेम संबंधों को लेकर बेहद सन्जीदा रहेंगे। अपने कार्यों को लेकर काफी आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। पुराने गिले-शिकवे भूलने की कोशिश करेंगे। नया काम करने में आपको लाभ होगा।

सिंह — आज आपका मनोबल मजबूत रहेगा। धन लाभ होने के योग बन रहे हैं। घर का माहौल थोड़ा अशान्त हो सकता है। भागदौड़ ज्यादा करनी पड़ेगी। स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का निदान ढूंढने का प्रयास करेंगे। जीवनसाथी को उपहार दे सकते हैं।

कन्या — आज प्रिय मित्रों से फोन पर बात होगी। बौद्धिक कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेंगे। आर्थिक लाभ होने के योग बन रहे हैं। दांपत्य जीवन की समस्याओं का निदान होगा। प्रेम सम्बन्धों में मधुरता बढ़ेगी। संतान की उन्नति से उत्साहित रहेंगे।

तुला — आज परिवार के लोगों का खास ख्याल करना पड़ेगा। कफ संबंधी परेशानियों के कारण स्वास्थ्य कमजोर होगा। मौसम में बदलाव के कारण शरीर में थकान की अनुभूति होगी। गुस्से पर नियंत्रण रखें। सम्पति से जुड़े मामलों में जल्दबाजी करने से बचें।

वृश्चिक — आज धर्म-कर्म में अच्छी ख़ासी रुचि लेंगे। लोग आपसे काफी प्रसन्न रहेंगे। आत्मविश्वास और पराक्रम मे वृद्धि होगी। जॉब मे आपका सम्मान बढ़ेगा। स्वास्थ्य काफी अच्छा रहने वाला है। सोशल मीडिया में आपकी लोकप्रियता बढ़ेगी।

धनु — आज आप किसी से वायदा करने से बचें। नौकरी पेशा लोगों को अपमानजनक स्थितियों का सामना करना पड़ सकता है। महिलाओं से अच्छी तरह से बात करें। धन के कारण परिवार में कलह हो सकती है। उच्च शिक्षा ले रहे विद्यार्थियों के लिए दिन बहुत अच्छा है।

मकर — आज आर्थिक रूप से काफी मजबूत रहेंगे। नौकरीपेशा लोगों के वेतन में बढ़ोत्तरी होगी। कार्यक्षेत्र में काम की अधिकता रहने वाली है। इसके बावजूद आप बहुत अच्छा प्रदर्शन करेंगे। मनोरञ्जन के कार्यों में रुचि लेंगे। जीवनसाथी का व्यवहार काफी अच्छा रहेगा।

कुंभ — आज वैवाहिक संबंधों में परस्पर विश्वास की कमी रहेगी। अनजाने में की हुई पुरानी गलती भारी पड़ सकती है। अनुभवी लोगों से सलाह लेकर कोई फैसले लें। कार्यक्षेत्र में आपको अचानक निर्णय लेने से बचना चाहिए। उधार धन के लेन-देन में सावधानी रखें।

मीन — आज सरकारी कार्यों में आपको अच्छी सफलता मिलेगी। भोग-विलास में वृद्धि होगी। धन के लेन-देन में सावधानी रखें। आध्यात्मिक गतिविधियों जैसे योग और ध्यान आदि में रुचि लेंगे। धैर्य और मेहनत दोनों का अच्छा संयोजन रहेगा।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
कर्मा — सुबह : 09.00
रूप की रानी चोरों का राजा — शाम : 06.00

SONY MAX
अफवाह — सुबह : 11.24
यारियां 2 — शाम : 06.59

SONY PIX
अल्फा — सुबह : 11.00
जर्नी 2 — शाम : 05.02

ZEE CINEMA
गुंजन सक्सेना — सुबह : 08.30
बाजीगर — दोपहर : 03.35

colors CINEPLEX
गब्बर इज बैक — सुबह : 09.26
बुड्ढा होगा तेरा बाप — शाम : 06.58

आज की सुपरहिट फिल्म

सोनी मैक्स पर शाम 06.59 बजे

जोक्स ऑफ द डे

पत्नी (पति से)- कुछ साल पहले मेरा फिगर पेप्सी की बोतल की तरह था।
पति- वो तो तुम्हारा अब भी है
पत्नी- सच में!
पति- हां पहले बोतल 300ml की थी अब 2 लीटर की है।

पत्नी ने पति से पूछा पत्नी- अच्छा यह बताओ कि तुम मूर्ख हो या मैं?
पति- (शान्त मन से) प्रिये ये बात तो सब लोग जानते हैं कि तुम अत्यन्त तीव्र बुद्धि की स्वामिनी हो इसलिए यह कभी हो ही नहीं सकता कि तुम किसी मूर्ख व्यक्ति से शादी करो पति का नाम राष्ट्रपति पुरस्कार के लिए भेजा गया है।

बाजार	सेंसेक्स ↑	निफ्टी ↑
बंद हुआ	74,085.99	22,474.05
बढ़त	408.86	117.75
प्रतिशत में	0.55	0.53

अमृत विचार
www.amritvichar.com
बरेली, गुरुवार, 7 मार्च 2024

मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 1010 फ्लैग 1110 डीएमओ 885 बोल्ड 1150, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1010 फ्लैग 1120 बोल्ड 1145 डीएमओ 900।

बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन-तुलसी 1850, राज श्री 1360, फ़ॉर्चून कि. 1750, रविन्द्रा 1805, फॉर्चुन ली0 1610, जय जवान 1435, सचिन 1495, सूरज 1460, अवसर 1580, राग गोल्ड 1590, गृहणी 1490, क्लासिक (किलो) 1685, मोर 1580, चक्र टिन 1665, ब्लू 1600, आशीर्वाद मस्टर्ड 1685, स्वास्तिक 1820, **किराना (प्रति कु.)**-हल्दी निजामाबाद 14700, जीरा 41000, लाल मिर्च 20000-24000, धनिया 9000-10000, अजवायान 16000-24000, मेथी 8600, सौंफ 15000-20000, सोंठ 41500, (प्रति कि.) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-950, **चावल (प्रति कु.)**-डबल चाबी सेला 10200, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4300, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7350, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4250, खजाना 4250, **दाल दलहन**-मूंग दाल इंदौर 10800, मूंग धोवा काला क्राउन 11100, राजमा चित्रा 13200-14100, राजमा भूटान नया 11500, मलका काली 6750-7100 मलका दाल 6850-7700, मलका छाँटी 7200, दाल उड़द बिलासपुर 10000-10800, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल उड़द दिल्ली 12000, उड़द साबुत दिल्ली 11800, उड़द धोवा इंदौर 13500, उड़द धोवा 11500-12100, दाल चना 7250, लाल हिंदुस्तान 7350, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 8100, चना अकोला 8200, डबरा 9700-11500, सच्चा हीरा 11700, मोटा हीरा 12700, अरहर गोला मोटा 12600, अरहर पटका मोटा 13000, अरहर कोरा मोटा 13300, अरहर पटका छोटा 14200-14600, अरहर कोरी छोटी 15200, **चीनी**- डालमियां 4000, पीलीभीत 3980, नवाबगंज (नई) 3970, बहेड़ी (नई) 3980 रुपये।

6.8% की दर से बढ़ेगी भारत की जीडीपी

अगले वर्ष के लिए रेटिंग एजेंसी ने जताया अनुमान, 2031 तक उच्च-मध्यम आय वाला बनेगा देश

नई दिल्ली, एजेंसी

रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने अगले वित्त वर्ष में भारत की जीडीपी वृद्धि दर 6.8 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाते हुए बुधवार को कहा कि यह 2031 तक उच्च-मध्यम आय वाला देश बन जाएगा और अर्थव्यवस्था भी दोगुनी होकर सात लाख करोड़ डॉलर हो जाएगी। क्रिसिल रेटिंग्स ने इंडिया आउटलुक रिपोर्ट में कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था को घरेलू संरचनात्मक सुधारों और चक्रीय स्थितियों से समर्थन मिलेगा और यह वर्ष 2031 तक तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के लिए अपनी वृद्धि संभावनाओं को बरकरार रखने के साथ उसमें सुधार भी कर सकती है।

इस रिपोर्ट के मुताबिक, चालू वित्त वर्ष में उम्मीद से बेहतर 7.6 प्रतिशत

वृद्धि रहने के बाद भारत की वास्तविक जीडीपी वृद्धि वित्त वर्ष 2024-25 में थोड़ा मध्यम होकर 6.8 प्रतिशत रहने का अनुमान है। रिपोर्ट कहती है कि अगले सात वित्त वर्षों (2024-25 से 2030-31) में भारतीय अर्थव्यवस्था पांच लाख करोड़ डॉलर का आंकड़ा पार कर सात लाख करोड़ डॉलर के करीब पहुंच जाएगी। क्रिसिल ने कहा-इस अवधि में 6.7 प्रतिशत की अनुमानित औसत वृद्धि भारत को दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बना देगी और 2030-31 तक इसकी प्रति व्यक्ति आय भी उच्च-मध्यम आय समूह तक पहुंच जाएगी। भारत फिलहाल 3.6 लाख करोड़ डॉलर के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के साथ दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था है। इसके आगे अमेरिका, चीन, जापान और जर्मनी हैं। क्रिसिल को उम्मीद है कि वित्त वर्ष 2030-31 तक भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार 6.7 लाख करोड़ डॉलर तक पहुंच जाएगा। उस समय तक देश की प्रति व्यक्ति आय बढ़ेगी और भारत उच्च-मध्यम आय वाले देशों के समूह में शामिल हो जाएगा।

घरेलू हवाई यात्रियों के आंकड़ों में होगी बढ़ोत्तरी

मुंबई। क्रेडिट रेटिंग एजेंसी इक्रा ने बुधवार को कहा कि घरेलू हवाई यात्री यातायात के चालू वित्त वर्ष में आठ-13 प्रतिशत बढ़कर कोविड-पूर्व स्तर से आगे 15-15.5 करोड़ तक पहुंचने की उम्मीद है। महामारी से पहले घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या 14.12 करोड़ थी। रेटिंग एजेंसी ने अगले दो वित्त वर्षों में विमानन उद्योग के शुद्ध घाटे में खासी गिरावट का अनुमान जताने के साथ ही कहा है कि आपूर्ति श्रृंखला से जुड़ी चुनौतियां और इंजन से जुड़े मसले निकट अवधि में प्रतिकूल साबित हो सकते हैं। घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय हवाई यात्री यातायात में निरंतर सुधार और अपेक्षाकृत स्थिर लागत वातावरण के बीच इक्रा ने घरेलू विमानन उद्योग को लेकर 'स्थिर' दृष्टिकोण कायम रखा है। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि भारतीय एयरलाइंस के लिए अंतरराष्ट्रीय यात्री यातायात वित्त वर्ष 2022-23 में कोविड-पूर्व स्तर को पार कर गया था लेकिन यह वर्ष 2018-19 में दर्ज 2.59 करोड़ के उच्चतम स्तर से पीछे था। चालू वित्त वर्ष में अंतर्राष्ट्रीय यात्रियों की संख्या 2.5-2.7 करोड़ रहने की उम्मीद है।

प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना: शाह

मुंबई, एजेंसी

- सहकारिता मंत्री ने मुंबई में एक सम्मेलन को संबोधित किया

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत पांच 'नाजुक अर्थव्यवस्थाओं की श्रेणी से दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। शाह ने यहां 'इंडिया ग्लोबल फोरम' के वार्षिक निवेश शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि 2014 से पहले भारतीय अर्थव्यवस्था की हालत नाजुक थी, मुद्रास्फीति ऊंचे स्तर पर थी और राजकोषीय घाटा भी नियंत्रण से बाहर था। उन्होंने कहा कि आज भारत एक नीति-संचालित देश के रूप में उभरा है।

उन्होंने उम्मीद जताई कि इस साल के अंत तक भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार चार लाख करोड़ डॉलर तक पहुंच जाएगा।

शाह ने कहा-हमने 2025 तक अंतरिक्ष में स्टेशन स्थापित करने का लक्ष्य रखा है। इसके अलावा 2036 ओलंपिक खेलों की मेजबानी और 2040 तक एक व्यक्ति को चंद्रमा पर भेजने की योजना भी है। उन्होंने आगामी लोकसभा चुनाव के संदर्भ में कहा-हम अपनी सरकार के पिछले 10 वर्षों के प्रदर्शन और अगले 25 साल की रूपरेखा के साथ चुनाव में उतर रहे हैं। शाह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 'दूरदर्शी प्रधानमंत्री' बताते हुए कहा कि वर्ष 2047 में आजादी के सौ साल पूरा होने तक भारत पूरी तरह से विकसित व आत्मनिर्भर होगा।

भारत आत्मविश्वास से भरा और आत्मनिर्भर देश

गृह मंत्री ने कहा कि भारत आत्मविश्वास से भरा और आत्मनिर्भर देश है। इसने खुद को एक निष्क्रिय सरकार से एक गतिशील सरकार में, प्रतिगामी से प्रगतिशील विकास में और एक नाजुक अर्थव्यवस्था से शीर्ष अर्थव्यवस्था में बदल दिया है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में हुई प्रगति की तुलना संप्रग सरकार के शासनकाल से की जानी चाहिए।

सर्राफा

कानपुर	
चॉदी 999 (प्रति किलो)	74,200
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	82,500
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	87,500
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	66,000
गिन्नी (प्रति नग)	49,150-49,350
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	65,150
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	65,000
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	74,000
चांदी तैयार	74,100
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	64,600
सोना जेवरात गिन्नी	63,600
चांदी पक्की	728 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	64,750
चांदी आभूषण	73,000।

मशहूर हस्तियों को सट्टेबाजी, जुए के विज्ञापनों के प्रति किया गया आगाह

नई दिल्ली। सट्टेबाजी और जुए से संबंधित विज्ञापनों के बढ़ते मामलों से चिंतित केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने बुधवार को परामर्श जारी कर मशहूर हस्तियों और प्रभावशाली लोगों (सेलिब्रिटीज) को इस तरह कर प्रचार गतिविधियों से दूर रहने की चेतावनी दी। केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण ने चेतावनी दी कि सट्टेबाजी और जुए सहित अवैध गतिविधियों के समर्थन के लिए कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इन अवैध गतिविधियों को बढ़ावा देने वाले विज्ञापनों की बढ़ते मामलों को देखते हुए सीसीपीए ने सलाह जारी की है।

सोना 150 रुपये चढ़कर 65,150 रुपये के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा

नई दिल्ली, एजेंसी

- चांदी की कीमत में 400 रुपये की आई गिरावट

मजबूत वैश्विक संकेतों के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बुधवार को सोने का भाव 150 रुपये की बढ़त के साथ 65,150 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी।

लगातार दूसरे दिन बढ़त हासिल करते हुए सोना 65,150 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए उच्चस्तर पर पहुंच गया। पिछले कारोबार में सोने की कीमत 65,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। हालांकि, चांदी की कीमत 400 रुपये की गिरावट के साथ 74,500 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई। बीते कारोबारी सत्र में यह 74,900 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ जिंस विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा, ''दिल्ली के बाजार में सोना (24 कैरेट) 65,150 रुपये प्रति 10 ग्राम के हाजिर भाव पर कारोबार कर रहा था जो पिछले बंद भाव से 150 रुपये की तेजी को दर्शाता है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कॉमेक्स (जिंस बाजार) में सोना हाजिर मजबूती के साथ 2,122 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था।

फसल बीमा योजना में 23 करोड़ किसानों के दावों का हुआ भुगतान

नई दिल्ली। पिछले आठ वर्षों में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में 56 करोड 80 लाख किसानों के आवेदन पंजीकृत किए गए और 23 करोड़ 22 लाख से अधिक किसानों को उनके दावों का भुगतान किया गया। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने बताया कि इस दौरान किसानों ने प्रीमियम के अपने हिस्से के रूप में लगभग 31 हजार 139 करोड़ रुपये चुकता किए, जिसके आधार पर उन्हें 1,55,977 करोड़ से अधिक का भुगतान किया गया। इस प्रकार, किसानों द्वारा भुगतान किए गए प्रत्येक 100 रुपये के प्रीमियम के लिए उन्हें लगभग 500 रुपये दावे के रूप में दिए गए।

पेटीएम वॉलेट उपयोग करने वालों को नहीं होगी कोई समस्या: दास

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने बुधवार को कहा कि पेटीएम वॉलेट का उपयोग करने वाले 80-85 प्रतिशत उपयोगकर्ताओं को नियामकीय कार्रवाई के कारण किसी भी बाधा का सामना नहीं करना पड़ेगा।

वहीं शेष उपयोगकर्ताओं को अपने ऐप को अन्य बैंकों से जोड़ने की सलाह दी गई है। रिजर्व बैंक ने 31 जनवरी को पेटीएम पेमेंट्स बैंक लि. (पीपीबीएल) को किसी भी ग्राहक खाते में जमा या 'टॉप-अप' स्वीकार करने से रोक दिया। दास ने

कहा कि पेटीएम पेमेंट्स बैंक से जुड़े वॉलेट को अन्य बैंकों के साथ जोड़ने की समयसीमा 15 मार्च तय की गई है। उन्होंने समयसीमा आगे बढ़ाये जाने की संभावना से इनकार किया। उन्होंने कहा कि 15 मार्च तक का दिया गया समय पर्याप्त है और इसे आगे बढ़ाने की कोई जरूरत नहीं है।

राष्ट्रीय

लालू और उनका परिवार सबसे बड़ा गुनहगार

प्रधानमंत्री ने बिहार में राजद-कांग्रेस गठबंधन पर जंगल राज कायम करने का लगाया आरोप

बेतिया (बिहार), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा कि राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद और उनका परिवार बिहार का सबसे बड़ा गुनहगार है और उन पर एक दशक से अधिक के कार्यकाल के दौरान राज्य में जंगल राज कायम करने का आरोप लगाया। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने बिहार के पश्चिम चंपारण जिला मुख्यालय बेतिया में 12,800 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का अनावरण किया।

पश्चिम चंपारण जिले के बेतिया में एक रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने आरोप लगाया कि राजद-कांग्रेस गठबंधन के कुशासन के परिणामस्वरूप बिहार के युवा बड़ी संख्या में पलायन करने के लिए

मजबूर हुए और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के सत्ता संभालने के बाद ही राज्य में चीजें बेहतर दिखने लगीं। उन्होंने कहा-जंगल राज के लिए जिम्मेदार परिवार...वे बिहार के सबसे बड़े गुनहगार हैं। उनके कुशासन ने एक पूरी पीढ़ी के भविष्य को खतरे में डाल दिया। युवाओं को देश के अन्य हिस्सों में पलायन करने के लिए मजबूर होना पड़ा, जबकि केवल एक परिवार समृद्ध हुआ।

मोदी ने प्रसाद के उनका ''कोई परिवार नहीं होने'' के कटाक्ष पर पलटवार करते हुए कहा-जयप्रकाश नारायण, राम मनोहर लोहिया, बाबासाहेब आंबेडकर और कर्पूरी ठाकुर जैसे लोग जीवित होते तो ये लोग अपने स्वयं के परिवारों को बढ़ावा न देने के लिए उन पर भी हमला करते। उन्होंने कहा-मुझसे उनकी शिकायत यह है कि मेरा कोई परिवार नहीं है। मेरे लिए पूरा देश मेरा परिवार है और आज पूरा देश कह रहा है कि वह खुद को मोदी के परिवार के रूप में देखता है।

प्रधानमंत्री मोदी आज करेंगे श्रीनगर का दौरा शहर को अस्थायी रेड जोन घोषित किया गया

नई दिल्ली। जम्मू-कश्मीर को विशेष अधिकार देने वाले संविधान के अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों को खत्म किए जाने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बृहस्पतिवार को अपनी पहली कश्मीर यात्रा के दौरान श्रीनगर में कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे तथा एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। नरेंद्र मोदी की यात्रा से पहले श्रीनगर शहर को ड्रोन और क्वाडकॉप्टर के संचालन के लिए "अस्थायी रेड जोन" घोषित किया गया है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी श्रीनगर के बख्शी स्टेडियम में 'विकसित भारत, विकसित जम्मू कश्मीर' कार्यक्रम में शामिल होंगे और केंद्र शासित प्रदेश में कृषि अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए लगभग 5,000 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे।

पूर्व केंद्रीय मंत्री श्रीकांत जेना की कांग्रेस में वापसी

नई दिल्ली। पूर्व केंद्रीय मंत्री श्रीकांत जेना बुधवार को कांग्रेस में शामिल हो गए। यह जेना की पार्टी में वापसी है। उन्हें 2019 में पार्टी विरोधी गतिविधियों के आरोप में कांग्रेस से निष्कासित कर दिया गया था। कांग्रेस के ओडिशा प्रभारी अजय कुमार ने पार्टी मुख्यालय में 73 वर्षीय जेना का पार्टी में स्वागत किया। जेना ने कहा-मैं शुरू से ही कांग्रेसी हूं। कुछ गलतफहमियां थीं, वो दूर हो गईं। मैंने कांग्रेस नेतृत्व के साथ बातचीत की और अब वापसी कर रहा हूं। उन्होंने बीजू जनता दल और भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा-ओडिशा में एक चुनौती है। बीजू जनता दल (बीजद) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अब खुलकर साथ आ गए हैं। मुझे भरोसा है कि कांग्रेस और 'इंडिया' गठबंधन बीजद-भाजपा का सामना करेगा तथा उन्हें पराजित करेगा।

भाजपा मुख्यालय में रात तक जारी रहा चुनावी मंथन

नई दिल्ली, ब्यूरो

- उत्तर प्रदेश की मेरठ, बरेली व पीलीभीत सहित 29 सीटों पर हुई चर्चा

अमृत विचार: भारतीय जनता पार्टी मुख्यालय में बुधवार को बिहार एवं उत्तर प्रदेश के टिकट दावेदारों की सर्वाधिक चहलकदमी रही। राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने अलग-अलग कई बैठकों में दावेदारों के साथ चुनावी मंथन किया। बैठकों का सिलसिला देर रात तक जारी रहा।

सर्वाधिक चर्चा बिहार, उत्तर प्रदेश की शेष 29 सीटों को लेकर हुई। बिहार में सीटों के बंटवारे को लेकर बीजेपी नेताओं के साथ जनता दल यूनाइटेड, लोक जनशक्ति, राष्ट्रीय लोक मोर्चा एवं हिंदुस्तानी आवामी मोर्चा के नेताओं में गतिरोध जारी है। बुधवार को भाजपा मुख्यालय में बिहार के टिकट दावेदारों का जमावड़ा लगा रहा। बीजेपी ने अपने कोटे की 17 सीटों के नाम लगभग तय कर दिए हैं। सूत्रों के मुताबिक बिहार से लौटने के बाद देर रात तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इन नाम का अवलोकन करेंगे और गुरुवार को बिहार से भाजपा उम्मीदवारों की सूची जारी हो सकती है। लोक जनशक्ति पार्टी को लेकर बीजेपी में चर्चा हुई है जिसमें चिराग पासवान और उनके चाचा के बीच तनाव की बात सामने आई है। बीजेपी ने दोनों गुटों को 6 सीटें देना तय किया है। केंद्रीय मंत्री पशुपतिनाथ एवं चिराग पासवान के बीच 6 सीटों में बंटवारा होना है। जनता दल यूनाइटेड ने 17 सीटों पर दावा किया है। राष्ट्रीय लोक मोर्चा के उपेंद्र कुशवाहा एवं हिंदुस्तानी आवामी मोर्चा के जीतन राम मांझी ने भी एक-एक सीट पर दावा किया है। बिहार में इस समय बीजेपी के 17, जनता दल यूनाइटेड के 16 एवं लोक जनशक्ति पार्टी के 6 सांसद हैं।

उत्तर प्रदेश की भी कुछ सीटों के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा से कई नेताओं की मुलाकात हुई है। अभी तक मेरठ, बरेली, पीलीभीत, कानपुर, सुल्तानपुर व गोंडा आदि की सीटों पर फैसला नहीं हुआ है। वहीं अकबरपुर संसदीय क्षेत्र से वर्तमान सांसद देवेंद्र सिंह भोले का टिकट फाइनल होने के बाद कानपुर संसदीय क्षेत्र से उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना की दावेदारी कमजोर हो गई है। भाजपा हाई कमान कानपुर से किसी ब्राह्मण उम्मीदवार की खोज में है। कानपुर के सांसद सत्यदेव पचौरी अपनी बेटी के लिए टिकट मांग रहे हैं। गोंडा से सांसद बृजभूषण शरण सिंह का भी टिकट विवादों में है। सुल्तानपुर से मेनका गांधी की जगह किसी नए चेहरे पर विचार किया जा रहा है जिसमें प्रवर्तन निदेशालय के पूर्व संयुक्त निदेशक एवं लखनऊ के विधायक राजेश्वर सिंह के नाम पर भी चर्चा हुई है। उत्तर प्रदेश में 29 उम्मीदवारों की सूची जारी होना है।

एक नजर

दिल्ली विधानसभा से सात भाजपा विधायकों का निलंबन रद

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने विधानसभा में बजट सत्र के प्रारंभ में उपराज्यपाल वी के सक्सेना के अभिभाषण में व्यवधान डालने को लेकर सदन से निलंबित कर दिए भाजपा के सात विधायकों के निलंबन को रद कर दिया। सात भाजपा विधायकों- मोहन सिंह बिष्ट, अजय महावर, ओ पी शर्मा, अभय वर्मा, अनिल बाजपेयी, जितेंद्र महाजन और विजेंद्र गुप्ता ने अपने निलंबन को चुनौती देते हुए पिछले महीने उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था।

वित्त आयोग ने आर्थिक सलाहकार पद के लिए आवेदन मांगे

नई दिल्ली। सोलहवें वित्त आयोग ने बुधवार को आर्थिक सलाहकार पद के लिए आवेदन आमंत्रित किए। पद के लिए वेतन संयुक्त सचिव स्तर का है। आर्थिक सलाहकार, आयोग को विभिन्न राष्ट्रीय और वैश्विक आर्थिक विकास पर रणनीतिक जानकारी प्रदान करने के लिए जिम्मेदार होगा। वह आयोग के लिए निर्धारित नियम एवं शर्तों के संबंध में प्रमुख मुद्दों पर शोध सामग्री, दस्तावेज और विश्लेषण तैयार करने में योगदान देगा।

स्पेनिश महिला से सामूहिक दुष्कर्म मामले में फरार अन्य पांच आरोपी गिरफ्तार

दुमका। झारखंड में दुमका जिले के हंसडीहा थाना क्षेत्र में बीते दिन स्पेन की रहने वाली महिला की लज्जा भंग करने के मामले में पुलिस ने मंगलवार को पांच अन्य फरार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। दुमका के पुलिस अधीक्षक पीताम्बर सिंह खैरवार ने मंगलवार देर शाम को संवाददाताओं को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस शर्मसार कर देने वाली इस घटना पर त्वरित कार्रवाई कर पुलिस ने संलिप्त सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पुलिस मामले की गंभीररता को देखते हुए गहन छानबीन कर रही है।

शरद पवार ने सीबीआई जांच संबंधी याचिका को दी चुनौती

मुंबई, एजेंसी

निर्माण करने की अवैध अनुमति देने का मामला

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के संस्थापक शरद पवार ने पुणे के लवासा में एक निजी हिल स्टेशन का निर्माण करने की कथित अवैध अनुमति देने के लिए उनके, उनकी बेटी सुप्रिया सुले और महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजित पवार के खिलाफ सीबीआई जांच की मांग वाली जनहित याचिका को बंबई उच्च न्यायालय में चुनौती दी है।

राकांपा (शरदचंद्र पवार) अध्यक्ष ने अधिवक्ता जोएल कार्लोस के माध्यम से दायर आवेदन में एक वकील की जनहित याचिका में प्रतिवादी बनाये जाने की मांग की है ताकि वह याचिका के खिलाफ अपनी दलील पेश कर सकें। अधिवक्ता नानासाहेब जाधव ने पिछले साल पीआईएल दायर कर अनुरोध किया था कि केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को कथित अनियमितताओं के मामले में तीनों के खिलाफ और राज्य सरकार के कुछ अधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज करने का निर्देश दिया जाए।

मुख्य संदिग्ध के बारे में जानकारी देने पर 10 लाख रुपये का मिलेगा इनाम

नई दिल्ली, एजेंसी

- एनआईए ने कैफे विस्फोट के मामले में की घोषणा

राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने बेंगलुरु के रामेश्वरम कैफे में एक मार्च को हुए विस्फोट के मामले में संदिग्ध बम हमलावर की जानकारी देने पर 10 लाख रुपये के नकद इनाम की बुधवार को घोषणा की। एनआईए ने 'एक्स' पर संदिग्ध बम हमलावर की तस्वीर पोस्ट की जिसमें वह टोपी, मास्क और चश्मा लगाकर कैफे के अंदर दाखिल होते हुए दिख रहा है।

एनआईए ने फोन नंबर और ईमेल आईडी साझा करते हुए कहा है कि इनके माध्यम से लोग इस अज्ञात व्यक्ति के बारे में सूचना भेज सकते हैं। यह अज्ञात व्यक्ति को हमले को अंजाम देने वाला माना जा रहा है। एनआईए ने आश्वासन दिया है कि सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान गोपनीय रखी जाएगी। कैफे में विस्फोट की जांच इस सप्ताह के प्रारंभ में एनआईए को सौंपी गयी थी। एक मार्च को पूर्वी बेंगलुरु के ब्रुकफील्ड में रामेश्वरम कैफे के अंदर विस्फोट होने से कम से कम दस लोग घायल हो गये थे। संदेह है कि आईईडी के माध्यम से यह विस्फोट किया गया। धमाके के

शीघ्र बाद कर्नाटक पुलिस ने कठोर गैर कानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम और विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया था।

गृह मंत्री परमेश्वर बोले-पुलिस को महत्वपूर्ण सुराग मिले : कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने बुधवार को कहा कि एक मार्च को रामेश्वरम कैफे में हुए विस्फोट मामले में पुलिस को महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं और वह गुत्थी सुलझाने के करीब पहुंच रही है। उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा कि पुलिस को पिछले दो दिन में कुछ महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं। परमेश्वर ने कहा कि हमारे अधिकारी (मामले को सुलझाने के लिए) करीब पहुंच रहे हैं। कल और परसों कुछ महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई, जिसे हमने बहुत गंभीरता से लिया है।

कांग्रेस सत्ता में आई तो जाति आधारित जनगणना कराएगी

बदनावर (मप्र), एजेंसी

भारत जोड़ो न्याय यात्रा

- मध्य प्रदेश में राहुल गांधी बोले हमारी प्राथमिकता एमएसपी पर कानून बनाना होगा

राहुल गांधी ने बुधवार को कहा कि अगर कांग्रेस सत्ता में आई तो उसकी प्राथमिकता जाति आधारित जनगणना कराने और फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को कानूनी गारंटी बनाने की होगी।

भारत जोड़ो न्याय यात्रा के तहत आदिवासी बहुल धार जिले के बदनावर शहर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए गांधी ने कहा कि जाति जनगणना ''हरित क्रांति और श्वेत क्रांति जितना बड़ा'' एक क्रांतिकारी कदम होगा। गांधी ने मप्र में अपनी यात्रा के अंतिम दिन कहा-जाति आधारित जनगणना एक क्रांतिकारी कदम है। जैसे ही हम केंद्र में सत्ता में आएंगे, हम यह काम

करेंगे। दूसरी चीज जो हम करेंगे वह किसानों को एमएसपी प्रदान करने के लिए कानूनी गारंटी प्रदान करना है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि जाति आधारित जनगणना से देश में अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और पिछड़े वर्ग के लोगों की सही संख्या का आकलन होगा। उन्होंने कहा-जनगणना से इन वर्गों की वित्तीय स्थिति और विभिन्न संस्थानों में उनके प्रतिनिधित्व का पता चलेगा। इससे सब कुछ पता चल जाएगा।

आदिवासियों को वनवासी कहना उनका सबसे बड़ा अपमान

कांग्रेस के कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने आज आदिवासियों के बीच बिना किसी का नाम लिए कहा कि भारतीय जनता पार्टी के लोगों ने आदिवासियों को वनवासी कहना शुरु कर दिया है और ये आदिवासियों का सबसे बड़ा अपमान है। गांधी ने 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के तहत मध्यप्रदेश के धार जिले के बदनावर में आमसभा को संबोधित किया। इस दौरान पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार भी उपस्थित रहे। सभा में बड़ी संख्या में मौजूद आदिवासियों को संबोधित करते हुए श्री गांधी ने अपने संबोधन की शुरुआत राज्य के सीधी कांड का संदर्भ देते हुए की। उन्होंने कहा कि भाजपा की विचारधारा ऐसी ही है। भाजपा सिर्फ आदिवासियों के साथ नहीं, दलितों और गरीब पिछड़ों के साथ भी ऐसा ही व्यवहार करती है। भाजपा के लोग सभी जगह कमजोरों का अपमान करते है। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोगों ने अब आदिवासियों को वनवासी कहना शुरु कर दिया है। इसके साथ ही उन्होंने दोनों शब्दों का अर्थ समझाते हुए कहा कि आदिवासी का मतलब वो व्यक्ति, जो जमीन का सबसे पहला मालिक था।

स्टालिन, शेखर बाबू और ए राजा के खिलाफ याचिकाएं खारिज

चेन्नई। मद्रास उच्च न्यायालय ने तमिलनाडु के मंत्रियों- उदयनिधि स्टालिन और पी के शेखर बाबू एवं सांसद ए राजा के खिलाफ एक हिंदू राष्ट्रवादी संगठन के सदस्यों की ओर दायर की गईं याचिकाओं पर 'अधिकार पृच्छा' रिट जारी करने से इनकार कर दिया। एक हिंदू राष्ट्रवादी संगठन के सदस्यों ने इन नेताओं द्वारा सनातन धर्म के विरुद्ध कथित रूप से टिप्पणी करने के बाद पद पर बने रहने पर सवाल उठाए थे। याचिकाओं में सवाल किया गया था कि किस अधिकार से वे सरकारी पदों पर बने हुए हैं। न्यायमूर्ति अनीता सुमंत ने हिंदू मुन्नानी के दो पदाधिकारियों तथा एक अन्य व्यक्ति की ओर से दायर याचिकाओं का निस्तारण कर दिया।

मूनी और लॉरा के अर्धशतक, गुजरात ने आरसीबी को 19 रन से हराया

दोनों बल्लेबाजों ने की 140 रन की साझेदारी, जाइंट्स ने बेंगलुरु को दिया 200 रन का लक्ष्य

नई दिल्ली, एजेंसी

कप्तान बेथ मूनी और लॉरा वोलवार्ट के अर्धशतक और दोनों के बीच शतकीय साझेदारी से गुजरात जाइंट्स ने महिला प्रीमियर लीग में बुधवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को 19 रन से हराकर पहली जीत दर्ज की। गुजरात ने मूनी के 51 गेंद में 12 चौके और 1 छक्के की मदद से नाबाद 85 रन और लॉरा वोलवार्ट (45 गेंद में 76 रन, 13 चौके) के साथ पहले विकेट की उनकी 140 रन की साझेदारी से 5 विकेट पर 199 रन बनाए। जवाब में आरसीबी 8 विकेट पर 180 रन ही बना सकी। आरसीबी की जॉर्जिया वेयरहम ने 22 गेंद में 48 रन 6 चौके और 2 छक्के से बनाए। रिचा घोष (30), स्मृति मंधाना (24), एलिस पैरी (24) और सोफी डिवाइन (23) अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में नहीं बदल सकीं। गुजरात की एशलेग गार्डनर ने 2 विकेट लिए। कप्तान स्मृति मंधाना

ने तीसरे ओवर में बाएं हाथ की स्पिनर तनुजा कंवर की गेंदों पर दो छक्के और एक चौका मारा लेकिन ऐशलेग गार्डनर ने उन्हें पगबाधा कर दिया। टीम ने पावर प्ले में 1 विकेट पर 39 रन बनाए। एस मेघना (13 गेंद में 4 रन)रन आउट हुईं। डिवाइन ने आठवें ओवर में मन्नत कश्यप पर छक्के के साथ टीम का अर्धशतक पूरा किया। तनुजा ने डिवाइन को बोल्ड किया। रिचा घोष ने मेघना सिंह पर छक्का जड़ा लेकिन कैथरिन ब्राइस ने पैरी (24) को विकेटकीपर मूनी के हाथों कैच कराया। रिचा ने शबनम पर 2 चौके मारे जबकि जॉर्जिया ने भी इस तेज गेंदबाज पर चौका जड़ा। आरसीबी को अंतिम 5 ओवर में 81 रन की दरकार थी। एशलेग ने रिचा को मेघना के हाथों कैच कराके टीम को बड़ा झटका दिया। रिचा ने 30 रन बनाए। जॉर्जिया ने बाएं हाथ की स्पिनर तनुजा की गेंदों पर छक्का और चौका मारा। टीम को अंतिम दो ओवर में 49 रन की जरूरत थी और जॉर्जिया रन आउट हो गई। इससे पहले आरसीबी की गेंदबाजों को विकेटों के लिए जूझना पड़ा। सोफी मोलिन्यु (32 रन पर 1 विकेट) और जॉर्जिया (36 रन पर 1 विकेट) के अलावा किसी गेंदबाज को विकेट नहीं मिले। गुजरात की 3 बल्लेबाज रन आउट हुईं। मूनी ने टॉस

बेथ मूनी

85* रन **1** छक्का
51 गेंद **12** चौके

जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया और लॉरा के साथ शानदार शुरुआत की। दोनों ने पावर प्ले में बिना विकेट खोए 59 रन बनाए। वोलवार्ट ने सोफी के पहले ओवर में दो चौकों से शुरुआत की और फिर मोलिन्यु को दो चौके मारे। मूनी ने भी रेणुका सिंह पर दो चौके जड़े। मूनी ने एकता बिष्ट का स्वागत दो चौकों से किया। लॉरा ने 32 गेंद में अर्धशतक बनाया। गुजरात ने लीग में पहली शतकीय साझेदारी है। लॉरा ने बिष्ट पर गईं। मूनी ने और रन के लिए से पहले बिष्ट के भी दो चौके मारे लेकिन रन आउट हो मोलिन्यु की गेंद बैकवर्ड प्वाइंट पर खेला दौड़ीं। लॉरा के बल्लेबाजी छोर पर पहुंचने थ्रो पर रिचा घोष ने उन्हें रन आउट कर दिया।

विमेंस प्रीमियर लीग

टीम	मैच	जीते	हारे	अंक	नेट रन रेट
दिल्ली	5	4	1	8	1.301
बेंगलुरु	6	3	3	6	0.038
मुंबई	5	3	2	6	0.018
यूपी	5	2	3	4	-0.073
गुजरात	5	1	4	2	-1.278

संक्षिप्त स्कोर बोर्ड

गुजरात जायंट्स : 199/5, बेथ मूनी 85*, लॉरा वुलफार्ट 76, फीबी लिचफील्ड 18। **विकेट :** सोफी मोलिन्यू 1, जॉर्जिया वेयरहम 1।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु : 180/8, जॉर्जिया वेयरहम 48, ऋचा घोष 30, स्मृति मंधाना 24, एलिस पेरी 24, सोफी डिवाइन 23। **विकेट :** एश्ली गार्डनर 2, कैथरीन ब्राइस 1, तनुजा कंवर 1।

खेल डायरी

विदर्भ रणजी फाइनल में, अब मुकाबला मुंबई से

नागपुर, एजेंसी। तेज गेंदबाज आदित्य ठाकरे और यश ठाकुर की गेंदबाजी से विदर्भ ने बुधवार को मध्य प्रदेश को 62 रन से हराकर रणजी के फाइनल में जगह बनाई जहां उसका सामना 41 बार के चैंपियन मुंबई से होगा। मध्य प्रदेश ने मैच के पांचवें और अंतिम दिन सुबह अपनी दूसरी पारी 6 विकेट पर 228 रन से आगे बढ़ाई। तब वह लक्ष्य से 93 रन पीछे था लेकिन ठाकरे और ठाकुर (दोनों दो-दो विकेट) की तेज गेंदबाजी के सामने उसके बल्लेबाज नहीं चल पाए और टीम 258 रन पर आउट हो गई। यह तीसरा अवसर है जबकि विदर्भ ने रणजी फाइनल में प्रवेश किया। इससे पहले दोनों अवसरों पर वह चैंपियन बना था। उसने 2017-18 में दिल्ली और 2018-19 में सौराष्ट्र को हराया था। मध्य प्रदेश 2021-22 का रणजी चैंपियन है। उसके सामने 321 रन का लक्ष्य था तथा 6 विकेट गंवाने के बावजूद उसके पास जीतने का मौका था लेकिन उसके निचले क्रम के बल्लेबाज नहीं चल सके। ठाकरे ने कल के अविजित बल्लेबाज कुमार कार्तिकेय को बोल्ड करके उन्हें खाता भी नहीं खोलना दिया। ठाकरे ने अनुभव अग्रवाल (0) को भी बोल्ड करके मध्य प्रदेश का स्कोर 8 विकेट पर 234 रन कर दिया। सारांश जैन (25) ने कुछ देर तक संघर्ष किया। ठाकुर ने उनको बोल्ड करके विदर्भ की जीत तय की।

इंडियन वेल्स मास्टर्स टूर्नामेंट

अंतिम क्वालीफाइंग राउंड में हारे नागल

इंडियन वेल्स (अमेरिका), एजेंसी। भारतीय टेनिस स्टार सुमित नागल इंडियन वेल्स मास्टर्स टूर्नामेंट के अंतिम क्वालीफाइंग दौर में द. कोरिया के सियोंग चान होंग से हार गए। मंगलवार को खेले गए इस मैच में नागल को 6-2, 2-6, 6-7 (4-7) से हार का सामना करना पड़ा। नागल ने क्वालीफाइंग के पहले दौर में वाइल्ड कार्ड से प्रवेश पाने वाले अमेरिका के खिलाड़ी स्टीफन डोस्टानिक को सीधे सेटों में हराया था। क्वालीफाइंग के दूसरे दौर में हारने के बावजूद नागल को 10 रैंकिंग अंक और 14400 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि मिली। नागल इस साल के शुरू में ऑस्ट्रेलियाई ओपन के दूसरे दौर में पहुंचे थे।

'वास्तविक' पहलवानों को ही ट्रायल्स में भाग लेने देगा संघ

नई दिल्ली, एजेंसी। कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) ने स्पष्ट किया है कि वह 10 मार्च से शुरू होने वाले दो दिवसीय चयन ट्रायल्स में केवल उन्हीं पहलवानों को भाग लेने की अनुमति देगा जो अपने मूल राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। डब्ल्यूएफआई ने पहलवानों को एक से अधिक वजन वर्गों में प्रतिस्पर्धा की अनुमति का भी फैसला किया है। डब्ल्यूएफआई ने लिखा कि जयपुर में आयोजित सीनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप में भाग लेने वाले पहलवान अपने राज्य की वास्तविकता की पुष्टि करने के लिए डब्ल्यूएफआई की लाइसेंस बुक, जन्म प्रमाण पत्र और आधार कार्ड लेकर आएंगे। हरियाणा के कई पहलवानों ने जयपुर में तदर्थ समिति द्वारा कराई राष्ट्रीय चैंपियनशिप में अरुणाचल और सिक्किम का प्रतिनिधित्व किया था।

मैच को यादगार बनाने उतरेगा भारत जीत संग स्वदेश जाना चाहेगा इंग्लैंड

भारतीय ऑफ स्पिनर अश्विन और इंग्लैंड के बेयरस्टो खेलेंगे अपना 100वां टेस्ट मैच

धर्मशाला, एजेंसी

तीन मैच में जीत से श्रृंखला में अजेय बढ़त हासिल करने वाली भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ गुरुवार से शुरू होने वाले टेस्ट मैच को अपने स्टार ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन के लिए यादगार बनाने की कोशिश करेगी जिनका यह 100वां मैच होगा। इंग्लैंड के विकेटकीपर बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो का भी यह 100वां मैच होगा और उनकी टीम भी जीत के साथ अभियान का समापन करने को प्रतिबद्ध है।

भारत ने रांची में चौथा टेस्ट जीत कर घरेलू धरती पर शानदार रिकार्ड बरकरार रखा। अब भारत की निगाह श्रृंख़ला 4-1 से जीत कर विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में शीर्ष पर पहुंचने की है। वहीं, यहां की पिच और मौसम को देखकर इंग्लैंड को घरेलू धरती पर होने का अहसास हो रहा है। मैच के पहले दो दिन तापमान 10 डिग्री तक रहने की संभावना है। मैच की पूर्व संध्या पर पिच सपाट नजर आ रही है लेकिन नमी से शुरू में तेज गेंदबाजों को मदद मिलने की उम्मीद है, लेकिन स्पिनरों की भूमिका को कम नहीं आंका जा सकता है।

हाल में यहां खेले गए रणजी मैचों में टीमों ने कई बार 300 रन से अधिक का स्कोर बनाया। बड़ौदा ने एक मैच में 482 रन बनाए जो वर्तमान सत्र में इस मैदान पर सबसे बड़ा स्कोर है। हालांकि भारत के दो तेज गेंदबाजों और तीन स्पिनरों के साथ उतरने की संभावना है। जसप्रीत बुमराह की वापसी

से भारतीय आक्रमण मजबूत हुआ है। मोहम्मद सिराज तेज गेंदबाजी और अश्विन, जडेजा और कुलदीप के कंधों पर स्पिन की जिम्मेदारी होगी। कुलदीप ने 2017 में इसी मैदान पर टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया था। केएल राहुल ने अभी तक पूर्ण फिटनेस हासिल नहीं की है और ऐसे में रजत पाटीदार को एक और मौका मिल सकता है। टीम में जगह बनाए रखने के लिए यह उनके पास आखिरी मौका हो सकता है।

भारतीय टीम प्रबंधन के पास मध्यक्रम में देवदत्त पडिक्कल के रूप में एक अन्य विकल्प है। सरफराज खान ने राजकोट में पहले मैच में शानदार बल्लेबाजी की थी लेकिन रांची में उनका बल्ला नहीं चला था और वह उसकी भरपाई यहां करना चाहेंगे। यशस्वी जायसवाल एक और बड़ी पारी खेल कर किसी एक श्रृंखला में 700 से अधिक रन बनाने वाले दूसरे भारतीय बनने की कोशिश करेंगे। केवल सुनील गावस्कर के नाम यह उपलब्धि हैं।

मैच : सुबह 9.30 बजे से

भारत : रोहित शर्मा (कप्तान), जसप्रीत बुमराह (उप कप्तान), यशस्वी जयसवाल, शुभमन गिल, रजत पाटीदार, सरफराज खान, ध्रुव जुरेल, केएस भरत, देवदत्त पडिक्कल, आर अश्विन, रविंद्र जड़ेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, मो. सिराज, मुकेश कुमार, आकाश दीप।

इंग्लैंड : बेन स्टोक्स (कप्तान), जैक क्रॉली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, जॉनी बेयरस्टो, बेन फॉक्स, टॉम हार्टले, मार्क वुड, जेम्स एंडरसन, शोएब बशीर।

धर्मशाला की पिच बल्लेबाजी के लिए अनुकूल: स्टोक्स

धर्मशाला, एजेंसी

इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने धर्मशाला की पिच को पूरी तरह से बल्लेबाजी के अनुकूल बताया और यही मुख्य कारण है कि उन्होंने भारत के खिलाफ शुरू होने वाले टेस्ट के लिए एक अतिरिक्त तेज गेंदबाज को टीम में नहीं चुना।

धर्मशाला में सामान्य से अधिक ठंड होने से गेंदबाजों की दिलचस्पी बनी रहती है लेकिन पिच पर कोई घास नहीं छोड़े जाने से इंग्लैंड के बल्लेबाजों को बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है। इंग्लैंड ने अंतिम एकादश में ओली रोबिन्सन की जगह मार्क वुड को लिया है। स्टोक्स ने कहा कि यहां पहुंचने से पहले हम सोच रहे थे कि आक्रमण में 3 तेज गेंदबाज और 1 स्पिनर शामिल होगा लेकिन फिर जब हमने विकेट देखा और आज इसे फिर से देखा तो मुझे लगता है कि दो तेज गेंदबाजों और दो स्पिनरों के साथ जाना शायद सही होगा।

उन्होंने कहा कि हमें लगा कि हम जहां हैं, उसके कारण शायद विकेट पर थोड़ी घास होगी लेकिन विकेट बल्लेबाजी के अनुकूल दिखता है इसलिए दो तेज गेंदबाजों को खेलना और फिर भी बैश (शोएब बशीर) तथा टॉम (हार्टले) के होने से हमें एक अच्छा मिश्रण मिलता है। मैं इस बारे में थोड़ा अनिश्चित हूं कि जैसे-जैसे टेस्ट आगे बढ़ेगा तो क्या होगा। इंग्लैंड ने स्टोक्स और कोच ब्रेंडन मैकुलम के नेतृत्व में शुरू हुए 'बैजबॉल' युग में पहली बार टेस्ट श्रृंखला गंवाई है।

इंग्लैंड ने तेज गेंदबाजों और स्पिनरों पर लगाया दांव

धर्मशाला। इंग्लैंड ने भारत के खिलाफ पांचवें टेस्ट के लिए तेज गेंदबाजी के साथ स्पिनरों को टीम में तरजीह दी है। इंग्लैंड की टीम और प्रबंधन ने बुधवार को पिच का निरीक्षण किया गया। जिसके बाद उन्होंने टीम में एक बदलाव करते हुए तेज गेंदबाजों को कल होने वाले मैच में खिलाने के लिए ओली रॉबिन्सन की जगह मार्क वुड प्लेइंग इलेवन में शामिल किया है। इंग्लैंड ने कल के टेस्ट के लिए स्पिनर टॉम हार्टले और शोएब बशीर को टीम में बरकरार रखने का फैसला किया। हालांकि चौथे टेस्ट में 70 ओवर के दौरान बशीर की उंगली में चोटिल हो गई थी।

फिट और उपलब्ध होने पर घरेलू क्रिकेट खेलना अहम: रोहित

बोर्ड के निर्देशों की अनदेखी पर इशान और श्रेयस को केंद्रीय अनुबंध से किया गया था बाहर

धर्मशाला, एजेंसी

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा चाहते हैं कि राष्ट्रीय टीम में जगह नहीं बनाने वाले खिलाड़ी खुद को घरेलू क्रिकेट के लिए उपलब्ध रखें, बशर्ते बीसीसीआई की मेडिकल टीम ने उन्हें 'अनफिट' घोषित न किया हो।

बीसीसीआई ने अनुबंधित क्रिकेटरों को घरेलू क्रिकेट को प्राथमिकता देने की सलाह दी थी और रणजी खेलने के बोर्ड के निर्देशों की अनदेखी पर इशान किशन और श्रेयस अय्यर को केंद्रीय अनुबंधित पूल से बाहर कर दिया था। इंग्लैंड के खिलाफ अंतिम टेस्ट से पूर्व रोहित ने स्पष्ट किया कि यह कदम सभी पर लागू होता है। रोहित ने कहा कि खिलाड़ियों को खुद को घरेलू क्रिकेट के लिए उपलब्ध कराना होगा जब तक कि उन्हें चिकित्सा समूह से प्रमाण पत्र नहीं मिल जाए उन्हें आराम की जरूरत है। अगर आप उपलब्ध हैं, आप फिट हैं, अगर आप ठीक हैं, तो यह अहम है कि हम जाएं और खेलें। रोहित धर्मशाला टेस्ट की तैयारी में व्यस्त हैं लेकिन फिर भी उन्हें रणजी के सेमीफाइनल को देखने का समय मिला है, जिसमें उनकी अपनी घरेलू टीम मुंबई ने भाग लिया था।

अश्विन की जितनी भी प्रशंसा की जाए कम

धर्मशाला। कप्तान रोहित शर्मा ने 100वां टेस्ट मैच खेलने की तैयारी में लगे रविचंद्रन अश्विन को दुर्लभ प्रतिभा का खिलाड़ी करार देते हुए कहा कि इस ऑफ स्पिनर की जितनी भी प्रशंसा की जाए कम होगी। भारत 5 मैच की श्रृंखला में पहले ही 3-1 से अजेय बढ़त हासिल कर चुका है तथा इंग्लैंड के खिलाफ गुरुवार से शुरू होने वाले टेस्ट मैच के परिणाम का श्रृंखला के नतीजे पर कोई असर नहीं पड़ेगा, लेकिन यह मैच अश्विन और इंग्लैंड के बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो का 100वां टेस्ट होगा। रोहित ने कहा कि किसी भी खिलाड़ी के लिए 100 टेस्ट खेलना बड़ी उपलब्धि होती है। वह हमारे लिए मैच विजेता खिलाड़ी रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले 5-7 वर्षों में उसके प्रदर्शन को देखिए। प्रत्येक श्रृंखला में उसने योगदान दिया है। उस जैसे खिलाड़ी दुर्लभ होते हैं। अश्विन के नाम पर टेस्ट में 507 विकेट दर्ज हैं।

शबनीम ने महिला क्रिकेट में फेंकी सबसे तेज गेंद

नई दिल्ली, एजेंसी

द. अफ्रीका की तेज गेंदबाज शबनीम इस्माइल ने महिला क्रिकेट में अब तक की सबसे तेज गेंद फेंककर नया इतिहास रचा। गेंद की रफ्तार नापने वाली मशीन 'स्पीड गन' आने के बाद यह पहला अवसर है जबकि महिला क्रिकेट में किसी गेंदबाज ने 130 किमी से अधिक की रफ्तार से गेंद की।

डब्ल्यूपीएल में मुंबई इंडियंस से खेलते हुए इस्माइल ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच के दौरान 132.1 किमी (80.08 मील) प्रति घंटे की रफ्तार से गेंद करके नया रिकॉर्ड बनाया। महिला क्रिकेट की यह सबसे तेज गेंद ऑस्ट्रेलिया की पूर्व कप्तान मेग लैनिंग के पैड से टकराई। यह तीसरे ओवर की दूसरी गेंद थी। मुंबई के खिलाड़ियों ने पगबाधा की अपील की लेकिन अंपायर ने ठुकरा दिया। द. अफ्रीका से महिला टी-20 विश्व कप में भाग लेने वाली इस्माइल ने पिछले साल घरेलू धरती पर खेली गई इस प्रतियोगिता के बाद अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। उन्होंने 2016 में वेस्टइंडीज के खिलाफ 128 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंद की थी। इस्माइल ने 2022 में महिला विश्व कप के दौरान दो बार 127 किमी की रफ्तार से गेंद की थी। इस्माइल ने कहा कि जब मैं गेंदबाजी करती हूं तो वास्तव में बड़ी स्क्रीन की तरफ नहीं देखती हूं। इस्माइल इस मैच में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई तथा उन्होंने 4 ओवर में 46 रन देकर 1 विकेट लिया।

बॉलीवुड हलचल

अजय देवगन की फिल्म मैदान का पोस्टर जारी



मुंबई, एजेंसी। अभिनेता अजय देवगन की आने वाली फिल्म मैदान का पोस्टर रिलीज हो गया है। फिल्म मैदान फुटबॉल कोच सैय्यद अब्दुल रहमान के जीवन पर आधारित है। अमित शर्मा द्वारा निर्देशित इस फिल्म में अजय देवगन ने 1952 से 1962 तक रहे भारतीय फुटबॉल कोच सैयद अब्दुल रहीम की भूमिका निभाई है। उन्हें आधुनिक भारतीय फुटबॉल का वास्तुकार भी कहा जाता है। अजय देवगन ने सोशल मीडिया पर मैदान का पोस्टर शेयर किया, जिसमें उन्हें युवाओं को गले लगाते हुए देखा जा सकता है। पोस्टर में टैगलाइन है 'एक आदमी, एक विश्वास, एक भावना और एक राष्ट्र'। अजय देवगन ने पोस्टर के कैप्शन में लिखा, एक व्यक्ति, एक टीम, एक राष्ट्र और उस अटूट विश्वास का गवाह बनें, जिसने फुटबॉल के इतिहास पर एक अविश्वसनीय छाप छोड़ी। फिल्म में प्रियामणि, रुद्रनील घोष और गजराज राव भी हैं। बोनी कपूर, आकाश चावला, अरुणव जॉय सेनगुप्ता और जी स्टूडियो द्वारा निर्मित यह फिल्म ईद पर रिलीज होने वाली है।

योद्धा के लिए सिद्धार्थ ने की कड़ी मेहनत

मुंबई, एजेंसी। अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा ने फिल्म योद्धा के लिए कड़ी मेहनत की है। सागर आम्ब्रे और पुष्कर ओझा के निर्देशन में बनी योद्धा का निर्माण करण जौहर ने किया है। फिल्म में सिद्धार्थ मल्होत्रा, दिशा पाटनी और राशी खन्ना की अहम भूमिका है। योद्धा में सिद्धार्थ आर्मी जवान हैं। फिल्म में कई एक्शन दृश्य हैं। कोरियोग्राफर क्रेग मैक्रे ने चाकू की तकनीक और हाथ से हाथ का मुकाबला डिजाइन किया है। सिद्धार्थ की छह महीने की तैयारी में फिटनेस आहार भी शामिल था। पुष्कर ओझा ने कहा कि हमने बेहतरीन विवरण के साथ स्टोरीबोर्ड किया। फिर, फाइट कोरियोग्राफर हमारे साथ बैठा और इसमें जोड़ा। जब सिद्धार्थ ने दृश्य में प्रवेश किया, तो उन्होंने सबसे पहले मॉक सेट पर एक्शन किया। निर्देशक सागर आम्ब्रे का कहना है कि उन्होंने सिद्धार्थ के किरदार अरुण को पारिवारिक व्यक्ति के रूप में गढ़ा है। अरुण सच्चे सैनिक हैं।

देवरा-भाग 1 में जाह्नवी कपूर का नया लुक

मुंबई, एजेंसी। अभिनेत्री जाह्नवी कपूर के जन्मदिन पर उनकी आने वाली फिल्म 'देवरा' से उनका लुक रिलीज कर दिया गया है। 'देवरा : भाग 1' में मैन ऑफ मास एनटीआर जूनियर मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म की मुख्य कलाकार जाह्नवी कपूर आज अपना जन्मदिन मना रही हैं और उन्हें विश्व स्तर पर शुभचिंतकों और नेटिज़न्स से प्यार मिल रहा है। आज विशेष अवसर को चिह्नित करते हुए, 'देवरा : पार्ट 1' के निर्माताओं ने जाह्नवी कपूर को शुभकामनाएं देने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया और एक नए पोस्टर का अनावरण किया, जिसमें जाह्नवी 'थंगम' के किरदार में नजर आ रही हैं। निर्माताओं ने लिखा, हमारी प्यारी थंगम, जाह्नवी कपूर को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं! जाह्नवी ने इसे अपने सोशल मीडिया हैंडल पर साझा किया और लिखा, सेट पर वापस आने का इंतजार नहीं कर सकती, कोराटाला शिवा द्वारा निर्देशित, देवरा का निर्माण युवासुधा आर्ट्स और एनटीआर आर्ट्स द्वारा किया गया है, जिसे नंदमुरी कल्याण राम द्वारा प्रस्तुत किया गया है। देवरा का पहला भाग 10 अक्टूबर 2024 को देश भर में सिनेमाघरों में रिलीज होगा।

रामचरण संग आरसी 16 में होंगी जाह्नवी

मुंबई, एजेंसी। अभिनेत्री जाह्नवी कपूर दक्षिण भारतीय फिल्मों के स्टार रामचरण के साथ फिल्म आरसी 16 में नजर आएगी। जाह्नवी कपूर का आज जन्मदिन है। इस खास दिन पर जाह्नवी कपूर की एक फिल्म की अनाउंसमेंट भी हुई है, जिसमें वह राम चरण के साथ नजर आएंगी। वृद्धि सिनेमा प्रोडक्शन कंपनी और मैत्री मूवी मेकर्स ने जाह्नवी की एंट्री आरसी 16 में कन्फर्म की है। यह फिल्म पैन इंडिया लेवल पर रिलीज होगी। इस फिल्म को सुकुमार ने लिखा है और एआर रहमान ने संगीत तैयार किया है।

जीनत बोलीं- मेरे बिना मेरी बायोपिक बनाना मूर्खता

मुंबई, एजेंसी। अभिनेत्री जीनत अमान ने अपनी बायोपिक की ख्वाहिश जाहिर की है जीनत सोशल मीडिया पर लगातार फैंस को अपना अपडेट देती रही हैं। जीनत ने इंस्टाग्राम पर अपनी पुरानी फोटो शेयर की और इसी के साथ मैसेज भी लिखा। इसमें उन्होंने अपनी बायोपिक की ख्वाहिश जाहिर की है। जीनत ने कैप्शन में लिखा, हो सकता है कि आप इसे एक बूढ़ी औरत की शिकायत कहकर खारिज कर दें, लेकिन मेरी राय में, मुझे शामिल किए बिना मेरे बारे में बायोपिक बनाना मूर्खता होगी। बिल्कुल स्पष्ट रूप से, कोई भी मुझे उस तरह नहीं जानता जैसे मैं जानती हूं। इसलिए इस संबंध में कोई भी शोध मेरे इनपुट के बिना अधूरी, यहां तक कि त्रुटिपूर्ण भी होगा। मैं शर्त लगाती हूं कि मेरे बारे में सार्वजनिक डोमेन में उपलब्ध हर तथ्य के लिए सैकड़ों और तथ्य हैं जो केवल मुझे पता हैं। यहां बहुत सारे मील के पत्थर, उपाख्यान और व्यक्तिगत रहस्योद्घाटन हैं जो मेरी यात्रा को समझने के लिए अभिन्न अंग हैं। यह वास्तव में एक दिलचस्प जीवन रहा है। जीनत ने लिखा, संभावित बायोपिक को लेकर मेरी बात हुई है और मैं खुद धीरे-धीरे इस विचार पर विचार कर रही हूं। क्या ऐसा होगा? कौन जानता है? मेरी बायोपिक के लिए संवेदनशील निर्देशक, बहादुर लेखक, बेदाग कलाकार की जरूरत होगी...!

बिग गर्ल्स डोंट क्राई का ट्रेलर रिलीज

मुंबई, एजेंसी। ओटीटी प्लेटफार्म अमेजन प्राइम वीडियो की नई सीरीज 'बिग गर्ल्स डोंट क्राई' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। 'बिग गर्ल्स डोंट क्राई' एक गर्ल्स बोर्डिंग स्कूल की कहानी है और इसमें सारे मुख्य किरदार यंग लड़कियां हैं। यह सीरीज नित्या मेहरा द्वारा बनाई गई है और इसका निर्देशन सुधांशु सरिया, करण कपाड़िया और कोपल नैथानी के साथ नित्या ने किया है। बिग गर्ल्स डोंट क्राई ट्रेलर' का ट्रेलर 'वंदना वैली' स्कूल में बोर्डिंग लाइफ की झलक दिखाता है, जहां 7 लड़कियों का एक ग्रुप स्कूल पर शासन करने के इरादे से अपने आखिरी साल की तैयारी कर रहा है। एक लड़की, काव्या यादव दोस्त बनाने और जीवन जीने की उम्मीद में स्कूल में आती है, लेकिन जल्द ही उसे पता चल जाता है कि यहां के माहौल में ढलने के लिए उसे कई चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। 'बिग गर्ल्स डोंट क्राई' 14 मार्च से अमेजन प्राइम पर स्ट्रीम होगी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने,बरेली,पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

एक नजर

भारतीय नौसेना के बेड़े में शामिल एमएच 60आर सीहॉक हेलीकॉप्टर

नई दिल्ली। भारतीय नौसेना ने बुधवार को 'एमएच 60आर सीहॉक' बहु-उद्देशीय हेलीकॉप्टरों को अपने बेड़े में शामिल कर लिया। यह ब्लैकहॉक हेलीकॉप्टर का एक समुद्री संस्करण है। इसे भारत के रक्षा क्षेत्र के आधुनिकीकरण की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है। आईएनएएस 334 'सीहॉक' नौसेना वायु स्क्वाड्रन को नौसेना प्रमुख आर हरि कुमार की उपस्थिति में कोच्चि में आईएनएस गरुड़ में एक समारोह में शामिल किया गया।

रूस-चीन चंद्रमा पर परमाणु ऊर्जा संयंत्र लगाने की बना रहे योजना

मॉस्को। रूस और चीन अगले दशक में चंद्रमा पर परमाणु रिएक्टर स्थापित करने की परियोजना पर विचार कर रहे हैं। अंतरिक्ष उड़ानों और अनुसंधान के लिए जिम्मेदार रोस्कोस्मोस के सीईओ यूरी बोरिसोव ने कहा कि इस तरह के मिशन को स्वचालित रूप से अंजाम दिया जाएगा। इसके लिए आवश्यक तकनीकी समाधान लगभग तैयार हैं। बोरिसोव ने कहा कि हम 2033 और 2035 के बीच अपने चीनी भागीदार के साथ संयुक्त रूप से चंद्रमा तक पहुंचने और वहां एक परमाणु ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने की परियोजना पर गंभीरता से विचार कर रहे हैं।

फांसी से पहले पूर्व पीएम जुल्फिकार अली भुट्टो का ट्रायल निष्पक्ष नहीं

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को फैसला सुनाया कि पूर्व प्रधानमंत्री जुल्फिकार अली भुट्टो, जिन्हें 44 साल पहले हत्या का दोषी ठहराए जाने के बाद फांसी दी गई थी, को निष्पक्ष सुनवाई नहीं मिली। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के संस्थापक भुट्टो, जो अब उनके पोते और पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी द्वारा संचालित हैं, को 1979 में दिवंगत जनरल जिया-उल-हक के सैन्य शासन के तहत एक मुकदमे के बाद फांसी दे दी गई थी। मुख्य न्यायाधीश काजी फैज ईसा ने फैसले का सीधा प्रसारण करते हुए कहा, हमने नहीं पाया कि निष्पक्ष सुनवाई और उचित प्रक्रिया की आवश्यकताएं पूरी की गईं। उन्होंने कहा उनकी अध्यक्षता वाली पीठ का सर्वसम्मत निर्णय था।

नेपाल: प्रचंड ने नए मंत्रिमंडल में शामिल किए 16 नए मंत्री

काठमांडू : नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड ने बुधवार को अपने मंत्रिमंडल में 16 नए मंत्रियों को शामिल किया। पूर्व गुरिल्ला नेता प्रचंड ने नेपाली कांग्रेस का साथ छोड़कर नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी के साथ सोमवार को नया गठबंधन बनाया, जिसके बाद तीन मंत्रियों ने पद की शपथ ली थी। प्रचंड ने एक दिन पहले नेकपा से चार, नेकपा (एकीकृत माओवादी लेनिनवादी) से सात, राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) से तीन और नेकपा (एकीकृत सोशलिस्ट) से दो को मंत्री बनाया। राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने नवनियुक्त मंत्रियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

सेमीकंडक्टर जैसे क्षेत्रों में द. कोरिया के साथ भारत में हो विस्तार: एस जयशंकर

सियोल, एजेंसी

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत दक्षिण कोरिया के साथ महत्वपूर्ण और उभरती प्रौद्योगिकियों, सेमीकंडक्टर और हरित हाइड्रोजन जैसे नए क्षेत्रों में अपनी रणनीतिक साझेदारी का विस्तार करना चाहता है ताकि द्विपक्षीय संबंधों को और समकालीन बनाया जा सके।

जयशंकर ने अपने समकक्ष चो ताइ युल के साथ 10वीं भारत-दक्षिण कोरिया संयुक्त आयोग बैठक (जेसीएम) की सह अध्यक्षता करने के दौरान यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 2015 में दक्षिण कोरिया यात्रा के दौरान द्विपक्षीय संबंधों को विशेष रणनीतिक साझेदारी तक बढ़ाया गया। बता दें, जयशंकर दक्षिण कोरिया और जापान की अपनी चार दिवसीय यात्रा के पहले चरण में सोल में हैं। मंत्री ने कहा, 'यह महत्वपूर्ण है कि हम उस पर खरा उतरें। हम बीते वर्षों में मजबूती से आगे बढ़े हैं। हम एक दूसरे के लिए वास्तव में महत्वपूर्ण भागीदार बन गए हैं। हमारे द्विपक्षीय आदान-प्रदान, व्यापार, निवेश, रक्षा और विज्ञान और प्रौद्योगिकी सहयोग सभी ने सहयोग के पारंपरिक क्षेत्रों में गति बनाए रखते हुए एक स्थिर विकास देखा है।

दक्षिण कोरिया के सियोल में राष्ट्रीय संग्रहालय में भारत की बौद्ध कला प्रदर्शनी को देखते जयशंकर।

हमारे बीच काफी अच्छे रिश्ते

जयशंकर ने कहा, मैंने बहुत उम्मीदों के साथ संयुक्त आयोग से संपर्क किया था। मैं जानता हूं कि हमारे बीच काफी अच्छे रिश्ते हैं। हमारी चुनौती इसे व्यावहारिक परिणामों में बदलना है। उन्होंने कहा, हमारे नेताओं ने पिछले साल हिरोशिमा और नई दिल्ली में दो बार मुलाकात की। मुझे लगता है कि उनकी चर्चा ने हमें आगे बढ़ने के लिए मार्गदर्शन दिया है।

राष्ट्रपति चुनाव: ट्रंप और बाइडन की भिड़ंत तय, निक्की हेली दौड़ से बाहर

वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में एक बार फिर से डोनाल्ड ट्रंप और जो बाइडन के बीच सीधा मुकाबला होगा। बता दें कि पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप ने रिपब्लिकन प्रतिद्वंद्वी 52 वर्षीय निक्की हेली को चुनावी दौड़ से बाहर कर दिया है, लेकिन वह किसी भी अन्य रिपब्लिकन प्रतिद्वंद्वी की तुलना में लंबे समय तक 77 वर्षीय ट्रंप के सामने टिकी रहीं।

रिपब्लिकन पार्टी के समर्थक एकजुट: ट्रंप

डोनाल्ड ट्रम्प ने मंगलवार रात को घोषणा की कि रिपब्लिकन के समर्थक उनके पीछे एकजुट है, लेकिन कुछ ही समय बाद एक बयान में हेली के प्रवक्ता ओलिविया पेरेज-क्यूबास ने कहा, केवल यह दावा करने से एकता हासिल नहीं होती है, हम एकजुट हैं। सुपर ट्यूजडे के चुनाव बाद ट्रंप के पास 893 डेलीगेट हो गए हैं, जबकि हेली को 66 डेलीगेट का समर्थन है। पार्टी उम्मीदवारी के लिए कम से कम 1215 डेलीगेट की जरूरत होती है। परेज क्यूबास ने कहा कि आज एक के बाद एक राज्य में रिपब्लिकन प्राथमिक मतदाताओं का एक बड़ा समूह बना हुआ है, जो डोनाल्ड ट्रंप के बारे में गहरी चिंता व्यक्त कर रहे हैं।

डेमोक्रेट प्राइमरी चुनावों में राष्ट्रपति बाइडन की बल्ले-बल्ले

जो बाइडन को प्राइमरी चुनाव में किसी भी चुनौती का सामना नहीं करना पड़ा और उन्होंने अभी तक सभी डेमोक्रेट प्राइमरी चुनावों में कामयाबी हासिल की। जिसका मतलब साफ है कि डेमोक्रेटिक नामांकन के लिए बाइडन के सामने अन्य नेता मैदान में नहीं है। ऐसे में नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में बाइडन के सामने ट्रंप एक बार फिर से देखे जा सकेंगे।

किसने कितना फंड जुटाया

राष्ट्रपति बाइडन ने प्रचार फंड में सितंबर तक 590 करोड़ रुपये जुटाए हैं। उनका औसतन दान 40 डॉलर (3324 रुपये) का था और 97% दानदाताओं ने 200 डॉलर (16621 रुपये) से कम पैसे दिए थे। वहीं, ट्रंप ने पिछले 9 महीनों में 598 करोड़ रुपये जुटाए हैं। दूसरी तरफ निक्की हेली का फंड 340 करोड़ रुपये पर ही सिमट गया।

हेली राष्ट्रपति उम्मीदवार बनने की रेस से पीछे हटीं

हेली के करीबी ने बताया है कि, उन्होंने फैसले की पुष्टि की कि राष्ट्रपति पद के लिए अपना नाम वापस ले रहीं है। हेली उदारवादी रिपब्लिकन और स्वतंत्र मतदाताओं के गठबंधन का समर्थन अर्जित करने के लिए प्रोत्साहित करेंगी। बता दें फरवरी 2023 में रिपब्लिकन पार्टी से राष्ट्रपति बनने की रेस में ट्रंप के खिलाफ वह सामने आई थी। गौरतलब है कि निक्की हेली के पीछे हटने की चर्चाओं के बाद ट्रंप का रिपब्लिकन से राष्ट्रपति उम्मीदवार बनने का रास्ता साफ हो गया है।

भारत के साथ हाइड्रोग्राफिक सर्वे नवीनीकरण नहीं करेगा मालदीव

मुइज्जू बोले-जलीय सीमा में खुद ही सर्वेक्षण करेंगे, इसके लिए सरकार बना रही योजना

माले, एजेंसी

भारत और मालदीव के बीच राजनयिक तनाव बना हुआ है। ऐसे में माले ने नई दिल्ली को एक और झटका देते हुए मालदीव हाइड्रोग्राफिक सर्वे को समाप्त करने का मन बनाया है। राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने कहा कि मालदीव हाइड्रोग्राफिक सर्वेक्षण समझौते को रिन्यू नहीं किया जाएगा।

राष्ट्रपति मुइज्जू ने एलान किया कि भारत के साथ मालदीव हाइड्रोग्राफिक सर्वेक्षण समझौते को रिन्यू नहीं किया जाएगा और इस अभ्यास के लिए आवश्यक सुविधाओं और मशीनों को हासिल करने की योजना नहीं बना रहा है। उन्होंने कहा, पिछले साल चीन समर्थक मोहम्मद मुइज्जू के सत्ता संभालने के बाद से भारत-मालदीव संबंधों को झटका लगा है। नवंबर 2023 में शपथ लेने के कुछ घंटों बाद ही मुइज्जू ने मालदीव की संप्रभुता सुनिश्चित करने की कसम खाई और पहला कदम उठाते हुए भारत से अपने सभी सैनिकों को वापस लेने की मांग करने लगा। मुइज्जू ने यह एलान एक चीनी रिसर्च जहाज 'जियांग यांग होंग 03' माले के आसपास तकरीबन एक सप्ताह का वक्त गुजारने के कुछ दिनों बाद किया। मुइज्जू ने सोमवार को जिन द्वीपों का दौरा किया था उनमें से एक पर एक समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि मालदीव का रक्षा मंत्रालय स्वयं ही हाइड्रोग्राफिक सर्वेक्षण करने के लिए जरूरी सुविधाएं हासिल करने की कोशिशों में जुटा हुआ है। गौरतलब है कि मुइज्जू की हालिया घोषणा को चीनी अनुसंधान पोत की गतिविधि से भी जोड़ा जा रहा है। ऐसा इसलिए क्योंकि हाइड्रोग्राफिक सर्वेक्षण मामले में मुइज्जू का बयान चीनी पोत के माले के आसपास लगभग एक सप्ताह और मालदीव के विशेष आर्थिक क्षेत्र (ईईजेड) के ठीक बाहर एक महीने से अधिक समय बिताने के कुछ दिनों बाद आई है।

पूर्ववर्ती सोलिह सरकार ने किया था भारत से समझौता

तत्कालीन राष्ट्रपति इब्राहिम मोहम्मद सोलिह के नेतृत्व में प्रशासन ने मालदीव के पानी के नीचे की विशेषताओं का हाइड्रोग्राफिक सर्वेक्षण कराने के लिए भारत सरकार के साथ एक समझौत पर दस्तखत किए थे, लेकिन मौजूदा राष्ट्रपति ने इस समझौते को रिन्यू करने से इनकार करते हुए कहा कि हम अपने पानी के भीतर की विशेषताओं के बारे में खुद ही सभी जानकारियां हासिल करेंगे और चार्ट तैयार करेंगे।

जरूरी मशीन अपने स्तर से हासिल कर रही मालदीव सरकार

खबरों के मुताबिक मालदीव का रक्षा मंत्रालय हाइड्रोग्राफिक सर्वेक्षण करने के लिए जरूरी मशीन और सुविधाएं अपने स्तर पर हासिल करने के प्रयास कर रहा है। मालदीव की मीडिया ने राष्ट्रपति के हवाले से बयान जारी किया गया। इसके मुताबिक राष्ट्रपति मुइज्जू ने कहा कि मालदीव को अपनी जलीय सीमा के भीतर खुद ही सर्वेक्षण की अनुमति मिल जाएगी। इसके बाद सरकार समुद्र के भीतर की विशेषताओं के बारे में सभी जानकारियां हासिल कर सकेगी। जानकारी जुटाने के बाद चार्ट तैयार किया जाएगा।

बैंक धोखाधड़ी मामला

अमेरिका से भारत लाया गया जालसाज

नई दिल्ली। बैंक धोखाधड़ी मामले से जुड़े एक आरोपी के खिलाफ जारी इंटरपोल रेड नोटिस होने के बाद उस अमेरिका में पकड़ा गया, जिसे भारत वापस लाया गया। अधिकारियों ने इस मामले की जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि 25 साल पुराने धोखाधड़ी मामले में आरोपी राजीव मेहता ने बैंक ड्रॉफ्ट को रोक लिया था, जिसके बाद आरोपी ने पैसा निकाल लिया था। गौरतलब है कि वर्ष 2000 से आरोपी मामले में फरार चल रहा था। अधिकारियों ने कहा कि ग्लोबल ऑपरेशंस सेंटर ने इंटरपोल चैनलों का इस्तेमाल करके नेशनल सेंट्रल ब्यूरो वाशिंगटन ने उसे अपने अधिकार क्षेत्र में ढूंढ लिया। सीबीआई प्रवक्ता ने कहा कि इंटरपोल ने सीबीआई के अपील पर 16 जून 2000 को मेहता के खिलाफ रेड नोटिस जारी किया था। प्रवक्ता ने कहा कि आरोपियों की लोकेशन और गिरफ्तारी के लिए सभी इंटरपोल सदस्य देशों को रेड नोटिस भेजा गया था। गौरतलब है कि सेंट्रल बैंक ऑप इंडिया में फर्जी बैंक खाते खोलने से जुड़े धोखाधड़ी, चोरी और आपराधिक साजिश के संबंध में मुकदमा चलाने के लिए 1998 में दर्ज एक आपराधिक मामले में सीबीआई को इस व्यक्ति की तलाश थी।

सिंगापुर शीर्ष कोर्ट की जज संविधान पीठ में हुई शामिल

नई दिल्ली, एजेंसी

- बतौर मेहमान जूडिथ प्रकाश खनिज-खनन पर रॉयल्टी टैक्स को लेकर करेंगी सुनवाई

सिंगापुर सुप्रीम कोर्ट की न्यायाधीश जूडिथ प्रकाश को बुधवार को भारतीय सुप्रीम कोर्ट की नौ जजों की संविधान पीठ में शामिल किया गया। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता में नौ जजों की ये पीठ इस मामले पर सुनवाई कर रही है कि क्या केंद्र सरकार द्वारा खनिज-खनन पर ली जाने वाली रॉयल्टी को टैक्स माना जा सकता है या नहीं।

जस्टिस जूडिथ प्रकाश संविधान पीठ में बतौर मेहमान जज शामिल की गई हैं। जूडिथ प्रकाश दिल्ली आर्बिट्रेशन वीकेंड में शामिल होने के लिए भारत आई हुई हैं। बुधवार को जस्टिस जूडिथ प्रकाश का स्वागत करते हुए मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने कहा कि कुछ महीने पहले सिंगापुर के मुख्य न्यायाधीश सुंदरेश मेनन हमारे साथ थे और जस्टिस जूडिथ प्रकाश हमारे बीच हैं। वे दिल्ली आर्बिट्रेशन वीक में शामिल होने आई हैं, जहां वे संबोधन देंगी। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता और खनिज-खनन पर रॉयल्टी मामले में दलीलें रख रहे वरिष्ठ वकील हरीश साल्वे ने भी जस्टिस जूडिथ प्रकाश का स्वागत किया।

महिलाओं को बड़े पदों पर बढ़ावा देना अहम कदम

महिलाओं से जुड़े एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सुप्रीम कोर्ट की न्यायाधीश हिमा कोहली ने कहा कि महिलाओं को बड़े पदों पर बढ़ावा देना और सम्मेलनों में मुख्य वक्ताओं के रूप में उनकी भागीदारी को प्रोत्साहित करना, पैनलों में उनका प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करना अचेतन पूर्वाग्रह पर काबू पाने की दिशा में अहम कदम है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को बढ़ावा देने से वास्तविक मूल्य को पहचान मिलेगी। न्यायाधीश हिमा कोहली ने कहा कि युवा महिला वकीलों को इंटर्नशिप देने, कानूनी विभागों और सरकारी क्षेत्रों में व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करने के दरवाजे खोलने से कानून फर्मों, न्यायाधीशों और न्यायाधिकरणों और आयोगों के सदस्यों के रूप में उनके भविष्य में शामिल होने का मार्ग प्रशस्त हो सकता है। कोहली ने कहा कि निष्पक्षता को बढ़ावा देने के लिए मध्यस्थों के बीच लिंग आधारित विविधता अनिवार्य है।

पीएम के स्वागत के लिए तैयार घाटी...

श्रीनगर : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज घाटी दौरे पर हैं। जम्मू-कश्मीर में असाधारण सुरक्षा व्यवस्था की गई है। पीएम के दौरे से एक दिन पहले झेलम नदी पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते मरीन कमांडो। सुरक्षा बल किसी भी प्रकार की कोताही नहीं छोड़ना चाहते हैं, इसलिए अलर्ट मोड पर हैं। ड्रोन के जरिए भी निगरानी की गई है। अचूक सुरक्षा में घाटी प्रधानमंत्री के स्वागत के लिए तैयार है। ● एजेंसी

रूस-यूक्रेन जंग में एक भारतीय की मौत : भारतीय दूतावास

मॉस्को, एजेंसी

- पार्थिव देह स्वदेश लाने के प्रयास जारी, विदेश मंत्रालय बोला- रूसी अधिकारियों के संपर्क में है भारत

रूस-यूक्रेन जंग में अब तक 4.44 लाख से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। रूस अब बाहर के युवाओं को मोटी रकम देकर सेना में भर्ती कर रहा है। इस कड़ी में भारतीय युवा भी शामिल है। भारतीय विदेश मंत्रालय पिछले माह ही युद्ध से दूर रहने की हिदायत दे चुका है।

इस बीच भारतीय दूतावास ने जानकारी दी है रूसी सेना में भर्ती हैदराबाद का भारतीय नागरिक मोहम्मद असफान यूक्रेन के खिलाफ रूस के युद्ध में अपनी जान गंवा बैठा। भारतीय दूतावास से बुधवार को जारी बयान में कहा गया कि विदेश मंत्रालय मृतक के परिवार और रूसी अधिकारियों के संपर्क में है। उनके पार्थिव शरीर को भारत भेजने का प्रयास किया जा रहा है। दूतावास ने बताया कि मृतक की पहचान मोहम्मद असफान के रूप में हुई है। इनकी मौत रूस और यूक्रेन के बीच डेढ़ लगभग दो साल से जारी हिंसक संघर्ष के बीच हुई। बता दें, विदेश मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने नागरिकों से सतर्क रहने की अपील की थी। यूक्रेन में संघर्ष से दूर रहने का आह्वान करते हुए विदेश मंत्रालय ने कहा, खबरें सामने आई हैं कि भारतीय नागरिकों ने रूसी सेना में सहायक बनने की पहल की है।

छत्तीसगढ़: नक्सलियों ने एक और भाजपा नेता को मारी गोली, मौत

बीजापुर। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में संदिग्ध नक्सलियों ने भाजपा नेता की गोली मारकर हत्या कर दी। बता दें, पिछले एक साल से प्रभावित इलाकों में भाजपा नेता की यह आठवीं हत्या है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के जांगला थाना क्षेत्र के अंतर्गत भुर्रीपानी गांव के निकट संदिग्ध नक्सलियों ने कैलाश नाग (40) की हत्या कर दी है। पुलिस ने बताया कि घटना को अंजाम देने के बाद हमलावर वहां से फरार हो गए। जानकारी मिलने पर पुलिस के दल को घटनास्थल के लिए रवाना किया गया। नाग भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ के मंडल उपाध्यक्ष थे। पुलिस ने कहां आगे की जांच की जा रही है।

अदन की खाड़ी में पोत पर हमला, दो की मौत

दुबई, एजेंसी

- हूती विद्रोहियों ने बारबाडोस के ध्वज वाले जहाज को बनाया निशाना, समुद्री मार्ग पर संघर्ष बढ़ा

अदन की खाड़ी में अंतर्राष्ट्रीय शिपिंग से गुजरने वाले व्यापारिक जहाजों पर लगभग दो दर्जन हमले हो चुके हैं। यमन के हूती विद्रोही जहाजों को निशाना बना रहे हैं। बुधवार को भी मालवाहक जहाज पर मिसाइल से हमला किया, जिसमें चालक दल के दो सदस्यों की मौत हो गई।

बता दें, हूती विद्रोहियों का पहला हमला है जिसमें लोगों की जान गई है। बारबाडोस के ध्वज वाले जहाज ट्रू कॉन्फिडेंस को निशाना बनाया गया। हमले के बाद एशिया और मध्य पूर्व को यूरोप से जोड़ने वाले समुद्री मार्ग पर संघर्ष बढ़ गया है, जिससे जहाजों की वैश्विक आवाजाही बाधित हो गई है। ईरान समर्थित हूतियों ने नवंबर में हमले शुरू किए थे और अमेरिका ने जनवरी में हवाई हमलों का अभियान शुरू किया था। हालांकि अमेरिका अब तक विद्रोहियों के हमलों को रोक नहीं सका है। इस बीच, ईरान ने बुधवार को घोषणा की कि वह अमेरिकी ऊर्जा कंपनी शेवरॉन कॉर्प को भेजे जा रहे पांच करोड़ डॉलर मूल्य के कुवैती कच्चे तेल को जब्त कर लेगा। यह कच्चा तेल उस टैंकर में है जिसे उसने करीब एक साल पहले जब्त किया था। अधिकारियों ने कहा कि अदन की खाड़ी में बुधवार को हुए हमले में ट्रू कॉन्फिडेंस मालवाहक पोत को निशाना बनाया गया।

भारतीय नौसेना ने 13 भारतीय समेत 23 को सुरक्षित बचाया

अदन की खाड़ी में ड्रोन हमले की चपेट में आने के बाद लाइबेरिया के ध्वज वाले व्यापारिक जहाज की सहायता करने के दो दिन बाद भारतीय नौसेना ने बुधवार को कहा कि 13 भारतीय नागरिकों सहित मालवाहक जहाज का 23 सदस्यीय चालक दल सुरक्षित है। व्यापारिक पोत एमएससी स्काई-2 पर चार मार्च को हमला किया गया था। भारतीय नौसेना ने कहा कि हमले के बाद जहाज पर धुआं उठने और आग लगने की सूचना दी गई थी। आईएनएस कोलकाता को तुरंत आवश्यक सहायता प्रदान करने के लिए घटनास्थल पर पहुंचा। नौसेना ने कहा कि 13 भारतीय नागरिकों सहित 23 कर्मियों का दल सुरक्षित है और जहाज अपने अगले गंतव्य की ओर बढ़ रहा है।

गुजरात दंगों के 22 साल बाद गुलबर्ग सोसाइटी में लौटी रौनक

अहमदाबाद। गुजरात में गोधरा कांड के बाद फैले दंगे के दौरान अहमदाबाद की गुलबर्ग सोसाइटी में हिंसा भड़क गई थी। दंगों में 69 लोगों की मौत हुई थी। हिंसा के बाद अधिकतर लोग गुलबर्ग सोसाइटी छोड़कर चले गए थे और यह इलाका वीरान सा हो गया था। अब गुजरात दंगों के 22 साल बाद गुलबर्ग सोसाइटी में पहली बार जश्न मना।

दरअसल यहां एक परिवार में शादी हुई, जिसका हल्दी का कार्यक्रम गुलबर्ग सोसाइटी में आयोजित किया गया। गुलबर्ग सोसाइटी के रहने वाले रफीक मंसूरी की 19 साल की बेटी मिसबाह की बुधवार को शादी है। शादी से पहले रफीक मंसूरी, उनके दोस्त और परिवार के अन्य लोग गुलबर्ग सोसाइटी में इकट्ठा हुए और मिसबाह की हल्दी सेरेमनी कार्यक्रम में शामिल हुए।

विज्ञान जीवन की तलाश की राह महासागरीय बर्फीले ग्रहों की ओर बढ़ी, दशकों से खोज में जुटे हैं वैज्ञानिक

शनि व बृहस्पति के उपग्रहों पर मिल सकता है जीवन

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचार : ऐसा कैसे संभव है कि ब्रह्मांड में इकलौता जीवन पृथ्वी पर ही मौजूद है। खगोल वैज्ञानिक ऐसा सोचते हैं। जिस कारण पिछले कई दशकों से ब्रह्मांड में जीवन की तलाश में वैज्ञानिकों का बड़ा समूह जुटा हुआ है।

तलाश की यह राह अब महासागरीय बर्फीले उपग्रहों की ओर बढ़ चली है। शनि का उपग्रह एन्सेलेडस , बृहस्पति का यूरोपा और गेनीमेड पर वैज्ञानिको को यकीन है कि यह तीन उपग्रह बर्फ से ढके हुए हैं और इनकी सतह में महासागर समाए हुए हैं। इन महासागरों में जीवित जीवों के उद्भव की अनुकूल परिस्थितियाँ हो सकती हैं। इन चंद्रमाओं पर जीवन के संकेत मिले है। जिस कारण खगोलविद इन ग्रहों पर खुदाई कर जीवन तलाशने की योजना बना रहे हैं।

पृथ्वी से करोड़ों किलोमीटर दूर इन ग्रहों पर खुदाई का काम बेहद जटिल तकनीकी चुनौती है। इस खोज का आधार अंटार्कटिका की संरचना को बनाया गया है। अमेरिका के कॉर्नेल विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने हालही में कई किमी में फैली अंटार्कटिका की विशाल बर्फ की सिल्लियों का अध्ययन किया है।

जिससे पता चला कि हमारी पृथ्वी पर मौजूद अंटार्कटिका की बर्फ की संरचना शनि व बृहस्पति के उपग्रहों से कई मायनों में समान हैं। जिस कारण इन ग्रहों पर जीवन की संभावना प्रबल नजर आती है और इस दिशा में कड़ी मेहनत के जरिए सफलता हासिल की जा सकती है। वैज्ञानिक इस खोज में लगें हुए है।



बर्फ से ढके बृहस्पति के उपग्रह यूरोपा की तस्वीर।

आधुनिक तकनीक के जरिए संभव है जीवन की खोज

खगोलविदों का मानना है कि पिछले पांच दशकों में दिनपरदिन तकनीक में सुधार आते रहे हैं। जिसके चलते ब्रह्मांड में खोज की दिशा में अद्वितीय सफलता हासिल कर चुके हैं। बृहस्पति व शनिग्रह हमसे बहुत दूर नही हैं। इन ग्रहों तक हमारी पहुच है और आधुनिक तकनीक के जरिए मंजिल तक पहुच सकते हैं और एक मुकाम हासिल कर सकते हैं।

प्राकृतिक कारणों से हुई थी एलेक्सी नवलनी की मौत

मॉस्को। रूस की विदेशी खुफिया सेवा के प्रमुख ने मंगलवार को कहा कि नेता एलेक्सी नवलनी की मौत प्राकृतिक कारणों से हुई। उनका यह बयान राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के धुर विरोधी की मौत पर उपजे अंतर्राष्ट्रीय आक्रोश को शांत करने के क्रेमलिन के प्रयासों को दर्शाता है।

विदेशी खुफिया सेवा के निदेशक सर्गेई नारीश्किन ने एक साक्षात्कार में यह बयान दिया। उन्होंने जेल में नवलनी की मौत का कारण नहीं बताया। लेकिन उन्होंने कहा कि देर-सबेर जीवन समाप्त हो जाता है और लोग मर जाते हैं। उसी तरह नवलनी की मृत्यु भी प्राकृतिक कारणों से हुई है। उन्होंने कहा, नवलनी की 16 फरवरी को मास्को से लगभग 1,900 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में स्थित एक जेल में मौत हो गई थी। वह चरमपंथ के आरोप में 19 साल की सजा काट रहे थे।

कम बीमार पड़ रहे लॉकडाउन में जन्में बच्चे, शोध में हुई पुष्टि

डबलिन, एजेंसी

- आयरलैंड विवि के शोधकर्ताओं ने किया अध्ययन, बच्चों के पेट में अलग तरह के जीवाणु मिले

लॉकडाउन में पैदा हुए बच्चों का इम्यून सिस्टम पहले पैदा हुए बच्चों से बेहतर है। आयरलैंड की यूनिवर्सिटी कॉलेज कॉर्क के शोधकर्ताओं द्वारा किए अध्ययन में पाया गया कि जो बच्चे लॉकडाउन में पैदा हुए थे, उनके पेट के माइक्रोबायोम दूसरों से अलग हैं। इससे कोविड में जन्में बच्चों में पहले के बच्चों की तुलना में एलर्जी में कमी आई।

अध्ययन में पाया गया कि कोविड में पैदा हुए बच्चों में सिर्फ 5 फीसदी बच्चों को ही एलर्जी हुई, जबकि पहले ये दर लगभग चार गुना यानी 22.8 फीसदी थी। वहीं सिर्फ 17 फीसदी बच्चों को एक साल के अंदर किसी एंटीबायोटिक्स की जरूरत पड़ी। इससे पहले 1 साल तक 80 फीसदी बच्चों ने एंटीबायोटिक्स ली थी। मां के साथ पर्यावरण ने भी दिए एंटीबायोटिक गुणः गर्भवस्था में माताओं ने बच्चों को एंटीबायोटिक गुण दिए। बच्चों के जन्म के बाद उन्हें वातावरण से अतिरिक्त गुण मिले। लॉकडाउन के दौरान पर्यावरण में प्रदूषण कम होने से बच्चों में संक्रमण कम था क्योंकि वे कीटाणुओं-बैक्टीरिया के संपर्क में नहीं थे।